सूर्योदय 7:20 सूर्यास्त 5:43

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 9 न्यू | 18.0 अधि |
| धर्मशाला | 10 न्यू | 21.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 83,570.35 |
| निफ्टी | 25,694.35 |

सोना 1,41,717 चांदी 2,82,720

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शनिवार, 17 जनवरी 2026 | 4 माघ, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 3, अंक 21, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### भाजपा को 20 जनवरी को मिलेगा नया अध्यक्ष

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भाजपा को 20 जनवरी को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल जाएगा। पार्टी ने इसके लिए शुक्रवार को नोटिफिकेशन जारी किया। इसके मुताबिक 19 जनवरी को नामांकन भरा जाएगा। 20 जनवरी को नए पार्टी अध्यक्ष का ऐलान होगा। अभी नितिन नबीन पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हैं। पार्टी उन्हें ही निर्विरोध अध्यक्ष चुन सकती है। भाजपा ने साल 2020 में जेपी नड्डा को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया था। 2024 में उनका कार्यकाल खत्म हुआ था, तब से वह एक्सटेंशन पर थे। (अनंत ज्ञान)

### जस्टिस वर्मा को सुप्रीम झटका, अर्जी खारिज

**एजेंसी, नई दिल्ली।** जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ चल रहे कैश कांड पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। दिल्ली कैश कांड में फंसे जस्टिस यशवंत वर्मा को उच्चतम न्यायालय से बड़ा झटका लगा है। उच्चतम न्यायालय ने जस्टिस वर्मा द्वारा दायर उस रिट याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने उनके विरुद्ध लाए गए महाभियोग प्रस्ताव के तहत न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 के अनुसार जांच समिति के गठन के लिए लोकसभा अध्यक्ष के निर्णय को चुनौती दी थी। (अनंत ज्ञान)

### वेनेजुएलाई नेता ने ट्रंप को दिया अपना नोबेल



**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को आखिरकार वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरीना माचाडो से नोबेल शांति पुरस्कार का मेडल मिल गया। व्हाइट हाउस में हुई मुलाकात के दौरान माचाडो ने यह मेडल ट्रंप को सौंपा। व्हाइट हाउस में मुलाकात के बाद ट्रंप ने माचाडो की जमकर तारीफ की। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा, 'उन्होंने मुझे अपने नोबेल शांति पुरस्कार का मेडल दिया, यह मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। (अनंत ज्ञान)

### अमेरिका के ओरेगॉन में लगे भूकंप के झटके

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिका के ओरेगॉन इलाके के तटीय क्षेत्र में गुरुवार को भूकंप के झटके लगे। रिक्टर स्केल पर भूकंप के इन झटकों की तीव्रता 6.2 रही। हालांकि इसमें अभी किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं हैं। जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंस ने बताया कि भूकंप का केंद्र जमीन के 10 किलोमीटर अंदर था। नेशनल सुनामी वार्निंग सेंटर द्वारा अभी तक सुनामी को लेकर कोई अलर्ट जारी नहीं किया गया है। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- सेवानिवृत्ति के बाद मुफ्त पढ़ाया, देह भी की दान -पेज 2
- गुम्मा व रोहड़ू में स्प्रे ऑयल के संकट से बागवानों में बढ़ा रोष -पेज 3
- ऋण-जमा अनुपात बढ़ाने के लिए योजना तैयार करें बैंक: विनय -पेज 4
- काम रुकने से खंडहर बना संधोल का बहुद्देशीय सैनिक भवन -पेज 9
- कांग्रेस कल्चर केवल 'बंदरबांट' तक सीमित: जयराम ठाकुर -पेज 11


# भारत स्टार्टअप का किंग : पीएम

## कहा- 10 साल पहले केवल 500 स्टार्टअप थे, आज 2 लाख के पार

**एजेंसी, नई दिल्ली**



पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज भारत दुनिया में स्टार्टअप किंग बनकर उभरा है। भारत विश्व में तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इको सिस्टम है। 10 साल पहले देश में 500 से भी कम स्टार्टअप थे, जिसकी संख्या आज 2 लाख से ज्यादा है। शुक्रवार को नेशनल स्टार्टअप डे के मौके पर पीएम ने कहा कि भारत के युवाओं का फोकस रियल प्रॉब्लम सॉल्व करने पर है। हमारे यंग इनोवेटर्स, जिन्होंने नए सपने देखने का साहस दिखाया, मैं उन सभी की बहुत-बहुत सराहना करता हूं।

◆ बोले-जो देश एआई में जितना आगे बढ़ेगा, उतना ही विकास करेगा

पीएम ने ये बातें नई दिल्ली के भारत मंडपम में स्टार्टअप इंडिया कैंपेन के 10 साल पूरे होने पर कहीं। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि आने वाले 10 सालों में भारत नए स्टार्टअप और टेक्नोलॉजी में दुनिया का नेतृत्व करे।

गौर रहे कि प्रधानमंत्री ने स्टार्टअप इंडिया कैंपेन को 16 जनवरी, 2016 को लॉन्च किया था, जिसका मकसद इनोवेशन, एंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देना और इन्वेस्टमेंट से होने वाली ग्रोथ को सक्षम बनाना है। पिछले एक दशक में देश भर में 2 लाख से ज्यादा स्टार्टअप्स को मान्यता मिली है। (अनंत ज्ञान)

### बोले-देश में आज 125 से ज्यादा यूनिकॉर्न कंपनियां

**प्रधानमंत्री** मोदी ने कहा कि भारत में अब 125 से अधिक सक्रिय 'यूनिकॉर्न' स्टार्टअप हैं। यूनिकॉर्न वे स्टार्टअप होते हैं जिनका मूल्यांकन एक अरब डॉलर या उससे अधिक होता है। उन्होंने बताया कि कई यूनिकॉर्न कंपनियां अब शेयर बाजार में उतर रही हैं और आईपीओ (आरंभिक सार्वजनिक निर्गम) ला रही हैं। इससे न सिर्फ निवेश बढ़ रहा है, बल्कि देश में बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी पैदा हो रहे हैं।

### सोच में बदलाव, जोखिम लेना आज सामान्य बात

**प्रधानमंत्री** मोदी ने कहा कि पहले जोखिम लेने की प्रवृत्ति को समाज में हतोत्साहित किया जाता था। जो विचार पहले जोखिम भरे और अव्यावहारिक माने जाते थे, आज वही विचार सफल स्टार्टअप का आधार बन रहे हैं। अब हालात बदल गए हैं। आज जोखिम लेना सामान्य बात हो गई है और युवा अपने विचारों पर भरोसा कर आगे बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री ने भारतीय स्टार्टअप संस्थापकों के आत्मविश्वास और बड़ी सोच की जमकर तारीफ की।

### स्टार्टअप इंडिया ने नए कल्चर को दिया जन्म

**पीएम** ने कहा कि 10 साल पहले स्टार्टअप की गुंजाइश ही नहीं थी। हमने नौजवानों को खुला आसमान दिया और आज स्थिति हमारे सामने है। मुझे बहुत खुशी है कि स्टार्टअप इंडिया ने देश में एक नए कल्चर को जन्म दिया है। पहले नया बिजनेस और नया वेंचर केवल बड़े-बड़े घरानों के बच्चे ही लाते थे, क्योंकि उन्हें ही आसानी से फंडिंग और सपोर्ट मिलता था। मिडिल क्लास और गरीब बच्चे सिर्फ नौकरी के ही सपने देख पाते थे, लेकिन स्टार्टअप इंडिया ने उन हालात को बदला। जो देश एआई में जितना आगे होगा, उतना ही आगे जाएगा। हमें नए प्रोडक्ट्स बनाने होंगे। टेक्नोलॉजी में भी नए काम कर बढ़त लेनी होगी। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं आपके साथ सरकार खड़ी है। आपके करेज, कॉन्फिडेंस और इनोवेशन से भारत का भविष्य शेप ले रहा है। पिछले 10 सालों में देश ने क्षमताओं को साबित किया है। हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि आने वाले 10 साल में भारत नए स्टार्टअप और टेक्नोलॉजी में दुनिया का नेतृत्व करे। आज 45 प्रतिशत से ज्यादा मान्यता प्राप्त स्टार्टअप में कोई महिला डायरेक्टर या पार्टनर है। महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप की फंडिंग के मामले में भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा इकोसिस्टम बन गया है।

### 10 साल में स्टार्टअप्स से 21 लाख नौकरियां : पीयूष

**केंद्रीय** मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि एक दशक पहले प्रधानमंत्री ने देश के समक्ष एक नई सोच रखी थी। हम सबको गर्व है कि आपके नेतृत्व में देश भर में बदलाव दिख रहा है, 2016 में जब स्टार्टअप इंडिया लॉन्च हुआ तो मात्र 400 के करीब स्टार्टअप हुआ करते थे। आज इस मुहिम ने एक विशाल रूप ले लिया है और 2 लाख से अधिक स्टार्टअप है। अनुमान है कि इन स्टार्टअप के माध्यम से प्रत्यक्ष रूप से 21 लाख से अधिक नौकरियां अभी तक प्रदान कर दी गई है।

# पीएम ई-बस योजना में पहाड़ी राज्यों को दें विशेष छूट : सीएम

## केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री खट्टर से किया आग्रह

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सक्खू ने शुक्रवार को नई दिल्ली में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर से भेंट की। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से पीएम ई-बस सेवा योजना के तहत पहाड़ी राज्यों को विशेष छूट देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि योजना के तहत पहाड़ी राज्यों को अब तक किसी प्रकार की छूट नहीं दी गई है। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के परिणामस्वरूप ई-बसों के संचालन में अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। योजना के वर्तमान प्रावधानों के कारण हिमाचल प्रदेश इस योजना के तहत लाभ नहीं उठा पा रहा है, जबकि हिमाचल में राज्य सरकार ने ग्रीन मोबिलिटी के तहत अनेक कदम उठाए हैं। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को यह भी बताया कि पीएम ई-बस सेवा योजना के तहत राज्य के केवल एक शहर, शिमला को शामिल किया गया है क्योंकि यह योजना दस लाख जनसंख्या वाले शहरों में ही लागू होती है।



उन्होंने कहा कि धर्मशाला, मंडी, सोलन, पालमपुर, हमीरपुर, ऊना और बद्दी जैसे शहरी स्थानीय निकाय तेजी से आर्थिक और मानव संसाधन विकास के केंद्र बन रहे हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए हिमाचल प्रदेश को योजना के लाभ लेने के लिए मौजूदा मानदंडों में ढील दी जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार चरणबद्ध तरीके से डीजल बसों को इलेक्ट्रिक बसों से बदल रही है। सरकार ने 1500 डीज़ल बसों को चरणबद्ध तरीके से इलेक्ट्रिक बसों से बदलने का निर्णय लिया है। इस पहल के तहत राज्य सरकार अपने संसाधनों से कैपिटल ऐक्सपेंडिचर मॉडल की 297 इलेक्ट्रिक बसों की खरीद कर रही है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया कि हिमाचल प्रदेश में ओपरेशनल एक्सपेंडिचर मॉडल के तहत माइलेज को कम कर 150 किलोमीटर तक सीमित किया जाए, जो हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्य के लिए एक व्यावहारिक लक्ष्य होगा। उन्होंने वर्तमान संचालन सहायता को 22 रुपए से 52 रुपए प्रति किलोमीटर करने का भी आग्रह किया, ताकि बिना किसी नुकसान के इलेक्ट्रिक बसों का संचालन सुनिश्चित कर सके।

### प्रदेश सरकार में मंत्रियों और अधिकारियों में कोई टकराव नहीं

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार में मंत्रियों और अधिकारियों के बीच किसी तरह का कोई टकराव नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासनिक कामकाज के दौरान कभी-कभी मतभेद या विचारों में अंतर सामने आ सकता है, लेकिन इसे विवाद का रूप देना ठीक नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पूरे मुद्दे को बेवजह तूल दिया जा रहा है, जबकि हकीकत में ऐसा कोई गंभीर मामला नहीं है।

# यूपीए सरकार के 2 और कानूनों में होगा बदलाव

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्र की मोदी सरकार मनरेगा के बाद यूपीए सरकार के समय बने दो बड़े कानूनों- शिक्षा का अधिकार और खाद्य सुरक्षा कानून में सुधार करने की तैयारी कर रही है। सरकार चाहती है कि इन योजनाओं का लाभ हर सही व्यक्ति तक पहुंचे और सभी लाभार्थियों का रजिस्ट्रेशन हो। सरकार पहले नियमों और आदेशों से सुधार करने की कोशिश करेगी। अगर इससे बात नहीं बनी, तो संसद में नए कानून (बिल) भी लाए जा सकते हैं।

◆ मनरेगा के बाद शिक्षा और खाद्य सुरक्षा अधिकार कानून में सुधार की तैयारी

इसके अलावा सरकार यह भी सोच रही है कि लोगों को घर पाने के अधिकार को कानूनी अधिकार बनाया जाए। परामर्श प्रक्रिया से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि मनमोहन सिंह सरकार के समय जो विकास से जुड़े अधिकार बनाए गए थे, उनमें 3 बड़ी कमियां थीं। उन कानूनों से न तो हर बच्चे को सही शिक्षा मिल पाई और न ही हर परिवार तक खाद्य सुरक्षा पहुंची।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का निर्देश है कि सभी लाभार्थियों का पूरा (100%) रजिस्ट्रेशन हो। योजनाओं का लाभ सही लोगों तक समय पर और सही तरीके से पहुंचना चाहिए।

गौर रहे कि केंद्र सरकार ने पिछले साल संसद के शीतकालीन सत्र में मनरेगा में सुधार करने के लिए इसकी जगह विकसित भारत जी-राम-जी बिल पेश किया था। संसद के दोनों सदनों से पारित होने और राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद यह अब कानून बन गया है। (अनंत ज्ञान)

## ठेकेदार को 89 लाख रुपए जुर्माना जमा करवाने के दिए आदेश

# हाईकोर्ट ने भानुपल्ली-बिलासपुर बैरी रेल प्रोजेक्ट पर लगाई रोक

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश की महत्वाकांक्षी 63 किलोमीटर भानुपल्ली-बिलासपुर-बैरी रेललाइन परियोजना अब सिर्फ विकास का प्रतीक नहीं, बल्कि कानूनी और पर्यावरणीय चुनौती बन चुकी है।

हाल ही में हिमाचल हाईकोर्ट ने ठेकेदार मैसेर्ज दिलीप बिल्डिंकॉन लिमिटेड को लगभग 89 लाख रुपए का पर्यावरण जुर्माना जमा करने तक निर्माण रोकने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि बिना जुर्माने की शेष राशि जमा किए कोई निर्माण कार्य आगे नहीं बढ़ सकता। यह जुर्माना राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा परियोजना में पर्यावरण नियमों के उल्लंघन के कारण लगाया गया था। ठेकेदार ने पहले कुछ रकम



जमा कर दी थी, लेकिन शेष राशि अभी भी बाकी है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस आदेश से परियोजना की समयसीमा प्रभावित हो सकती है और कुल लागत बढ़ने की संभावना है।

परियोजना का महत्व केवल ट्रैक और इंफ्रास्ट्रक्चर तक सीमित नहीं है। यह बिलासपुर और आसपास के क्षेत्रों में यातायात सुविधा सुधारने, कृषि और व्यापार के लिए लॉजिस्टिक सपोर्ट बढ़ाने, और स्थानीय रोजगार सृजन में मील का पत्थर साबित हो सकती है। स्थानीय व्यापारियों और युवा वर्ग के लिए यह प्रोजेक्ट नई उम्मीदें लेकर आया था। हालांकि, परियोजना की गति में अब तक कई अड़चनें रही हैं। भूमि अधिग्रहण में विलंब, राज्य की वित्तीय हिस्सेदारी का समय पर न मिलना और अब कोर्ट द्वारा पर्यावरण नियम उल्लंघन के कारण लगाई गई रोक, इस परियोजना को जटिल बना चुकी हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि यह परियोजना अब हिमाचल प्रदेश के लिए विकास और कानून के बीच संतुलन की परीक्षा बन गई है। यदि राज्य सरकार और ठेकेदार अदालत के आदेशों का पालन करते हुए कार्य आगे बढ़ाते हैं, तो यह परियोजना फिर से गति पकड़ सकती है, लेकिन देरी और बढ़ी लागत को लेकर सभी की निगाहें अब केंद्र और राज्य सरकार की अगली वित्तीय पहल पर टिकी हैं।

# निशानदेही करने गए पटवारी कानूनगो पर जानलेवा हमला

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिले की उझी घाटी में निशानदेही करने गए पटवारी व कानूनगो पर जानलेवा हमला हुआ है। मामला जिला के काईस क्षेत्र की राउगी पंचायत में पेश आया है। इस मामले में पटवारी भोप सिंह गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पटवारी को उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में भर्ती किया गया है, जहां पर डॉक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही है। डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचकर घायल का हाल जाना और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

◆ बीडीसी चेयरमैन पर मारपीट करने के आरोप पुलिस में मामला दर्ज

मारपीट की सूचना मिलते ही कुल्लू पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची और घायल पटवारी और कानूनगो के बयान दर्ज कर दोषियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

पटवारी भोप सिंह ने बताया कि राउगी पंचायत के एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि बीडीसी नग्गर के चेयरमैन खेख राम ठाकुर ने सरकारी भूमि पर अतिक्रमण किया है। शिकायत के बाद नायब तहसीलदार ने उन्हें सरकारी भूमि की निशानदेही के आदेश दिए थे। भोप सिंह ने बताया कि शुक्रवार को जैसे ही जमीन की निशानदेही का काम शुरू किया तो खेखराम व उसके परिवार ने कानूनगो के साथ मारपीट शुरू कर दी। जब वह बीच बचाव करने के लिए गए तो खेखराम ने उन पर भी हमला किया। जब पुलिस कर्मी उन्हें बचाने के लिए आगे आया तो उसे भी उन्होंने घायल कर दिया। किसी तरह से जान बचाकर वह और अन्य लोग मौके से भागे, लेकिन खेखराम ने उन्हें गंभीर रूप से भी घायल कर दिया था।

# प्रदेश की ऊंची चोटियों पर बिछी चांदी

अनंत ज्ञान

**केलांग।** हिमाचल प्रदेश के कई भागों में मौसम ने करवट बदली है। रोहतांग, शिंकुला, बारालाचा व कुंजम दर्रे सहित लाहौल की ऊंची चोटियों पर शुक्रवार शाम को हल्की बर्फबारी शुरू हुई। हालांकि अभी दो इंच बर्फबारी ही हुई है, लेकिन मौसम ऐसा ही रहा तो सब जगह बर्फ की सफेद परत बिछ जाएगी। शुक्रवार को कुल्लू जिला के सभी क्षेत्रों सहित मनाली में भी पूरा दिन आसमान ओर बादल छाए रहे। साथ ही ठंडी हवाओं का दौर भी लगातार जारी रहा। वहीं, बर्फबारी होने के चलते तापमान में भी भारी गिरावट दर्ज की जा रही है। उधर, लाहौल की उदयपुर घाटी बर्फ से सफेद हो गई है। वहीं शिमला व आसपास भागों में बादल छाए हुए हैं।

### 19 से 22 तक बारिश होने की उम्मीद

**मौसम** विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार, 19 और 21 जनवरी को मध्य और ऊंचे पहाड़ी इलाकों में कुछ जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश-बर्फबारी होने की संभावना है, जबकि 20 व 22 जनवरी को राज्य में कुछ जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश-बर्फबारी होने के आसार हैं। 19 जनवरी को राज्य में एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इसके प्रभाव से 20 व 22 जनवरी को मैदानी भागों में अच्छी बारिश, जबकि मध्य व उच्च पर्वतीय जिलों में बारिश-बर्फबारी का पूर्वानुमान है।

## महाराष्ट्र नगर निगम चुनाव में भाजपा गठबंधन 23 निगमों में आगे

**एजेंसी, मुंबई।** महाराष्ट्र के नगर निगम चुनाव में भाजपा गठबंधन एकतरफा जीत की ओर है। रुझानों में 29 नगर निगमों में से 23 में भाजपा गठबंधन को बढ़त है। मुंबई के बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) में भाजपा+शिवसेना (शिंदे) अलायंस कुल 227 सीटों में से 115 सीटों पर आगे चल रहा है। इसके अलावा नागपुर, पुणे, ठाणे, नवी मुंबई, पिंपरी चिंचवाड और नासिक में भी भाजपा गठबंधन को बढ़त है। लातूर में कांग्रेस ने जीत हासिल की है। 70 में से 43 सीटें जीतीं। शिवसेना (बीटी) नेता संजय राउत ने कहा- मुंबई में जिस तरह गिनती जारी है, उसे देखते हुए फाइनल नतीजे आधी रात तक नहीं आएंगे। जारी आंकड़े गलत हैं। करीब 100 वार्डों में अभी तक गिनती शुरू भी नहीं हुई। शुक्रवार को नगर निगम चुनाव की सुबह 10 से ही काउंटिंग शुरू हो गई थी। (अनंत ज्ञान)

# ग्रीनलैंड पहुंचे 6 नाटो देशों के सैनिक

## स्वीडन, नॉर्वे, जर्मनी, फ्रांस, नीदरलैंड्स और कनाडा ने भेजे अपने फौजी

**एजेंसी, नुक**

ग्रीनलैंड को लेकर अंतरराष्ट्रीय राजनीति में हलचल तेज हो गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की इसे कब्जाने की धमकी के बाद यह बर्फीला द्वीप वैश्विक रणनीति का केंद्र बन गया है। डेनमार्क के स्वायत्त क्षेत्र ग्रीनलैंड की सुरक्षा को लेकर नाटो देशों ने सक्रियता बढ़ा दी है। डेनमार्क की अपील पर अब तक छह नाटो देशों ने वहां अपने सैनिक या सैन्य कर्मी भेजने का फैसला किया है। स्वीडन, नॉर्वे, जर्मनी, फ्रांस, नीदरलैंड्स और कनाडा की इस पहल को ग्रीनलैंड के आसपास बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव से जोड़कर देखा जा रहा है। असल में, ग्रीनलैंड की अहमियत सिर्फ उसकी भौगोलिक स्थिति तक सीमित नहीं है। आर्कटिक क्षेत्र में मौजूदगी, दुर्लभ खनिज संसाधन और उत्तरी समुद्री मार्गों पर नियंत्रण ये सभी वजहें इसे वैश्विक शक्तियों के लिए रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण बनाती हैं। यही कारण है कि हाल के वर्षों में रूस और चीन की बढ़ती दिलचस्पी के बीच पश्चिमी देशों की चिंता भी बढ़ी है। (अनंत ज्ञान)

◆ ट्रंप की धमकी को देखते हुए डेनमार्क की अपील पर उठाया यह कदम

# अमेजन समेत 8 ई-कॉमर्स कंपनियों पर 44 लाख जुर्माना

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सेंट्रल कंज्यूमर प्रोटेक्शन अथॉरिटी (सीसीपीए) ने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर गैरकानूनी वॉकी-टॉकी बेचने पर अमेजन, फ्लिपकार्ट, मीशो और मेटा समेत आठ कंपनियों पर कुल 44 लाख रुपए की पेनल्टी लगाई है। इन प्लेटफॉर्म्स पर ऐसे वॉकी-टॉकी बेचे जा रहे थे, जिनके पास जरूरी लाइसेंस या तकनीकी मंजूरी नहीं थी। कंज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट 2019 और टेलीकॉम कानूनों के उल्लंघन के लिए की गई है। अथॉरिटी ने जांच में पाया कि इन वेबसाइट्स पर 16,970 से ज्यादा ऐसे प्रोडक्ट लिस्टेड थे, जो सुरक्षा मानकों पर खरे नहीं उतरते। (अनंत ज्ञान)

◆ अवैध वॉकी-टॉकी बेचने पर सीसीपीए की कार्रवाई

### 4 बड़ी कंपनियों पर 10-10 लाख रुपए की पेनल्टी

**उपभोक्ता** मामलों की सचिव निधि खरे ने बताया कि मीशो, मेटा, फ्लिपकार्ट और अमेजन पर 10-10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा चिमिया, जियोमार्ट, टॉक प्रो और मास्कमैन टॉयज पर 1-1 लाख रुपए का जुर्माना लगा है। अधिकारी के मुताबिक, मीशो, मेटा, चिमिया, जियोमार्ट और टॉक प्रो ने जुर्माने की राशि जमा कर दी है, जबकि बाकी कंपनियों के भुगतान का इंतजार है। यह मामला तब सामने आया जब जांच में पता चला कि ये प्लेटफॉर्म पर्सनल मोबाइल रेडियो को बिना किसी लाइसेंस जानकारी के बेच रहे थे।

## द. कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति को 5 साल जेल की सजा

**एजेंसी, सियोल।** दक्षिण कोरिया की एक अदालत ने पूर्व राष्ट्रपति यून सुक जेओल को पांच साल जेओल की सजा सुनाई है। उन्होंने दिसंबर 2024 में पद पर रहते हुए देशभर में मार्शल लॉ लगाने की कोशिश की थी। अदालत ने इसे सत्ता का गलत इस्तेमाल माना। जज ने शुक्रवार को फैसला सुनाते हुए कहा कि यून ने देश को राजनीतिक संकट में डाल दिया था। बीबीसी के मुताबिक, यून के लगभग 100 समर्थक शुक्रवार को अदालत के बाहर बड़ी स्क्रीन पर कार्यवाही का लाइव टेलिकास्ट देखने के लिए जमा हुए थे। उनमें से कुछ ने लाल बैनर पकड़े हुए थे जिन पर लिखा था 'यून, फिर से! कोरिया को फिर से महान बनाओ।' (अनंत ज्ञान)



## सियासत — सुजानपुर में कार्यक्रम में धूमल और अनुराग के बिना भाजपा में दिखा अलग माहौल

# क्या हमीरपुर भाजपा में सचमुच बदल रहा नेतृत्व?

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** सेना दिवस पर सुजानपुर के चौगान में सर्व कल्याणकारी ट्रस्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम ने हमीरपुर जिला की भाजपा राजनीति में अब नया माहौल तैयार कर दिया है। इस कार्यक्रम के बाद सियासी गलियारों में यह चर्चा होना शुरू हो गया है कि क्या सचमुच में धूमल और अनुराग के बगैर जिला भाजपा का 'कारवां' आगे बढ़ेगा?

हमीरपुर जिले में ऐसे बड़े आयोजन में भी यदि पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल और सांसद अनुराग ठाकुर की गैर मौजूदगी रहे, तो यह जिले की राजनीति में नई 'आहट' की ओर इशारा कर रहा है।

◆ भविष्य की राजनीति को लेकर जिला भाजपा में आर-पार की लड़ाई शुरू

अनंत ज्ञान स्पेशल

चौगान मैदान में 15 जनवरी को हुए कार्यक्रम में इन नेताओं का नाम तक नहीं लिया गया। हालांकि कार्यक्रम में एक पूर्व सैनिक अफसर ने कहानी सुनाई, तो तीन-चार मर्तबा धूमल का नाम जरूर लिया, लेकिन उनके अलावा किसी ने नहीं।

भाजपा का यह नया अंदाज किसे पसंद आया और किसे नहीं, यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा, लेकिन एक बात निश्चित रूप में कही जा सकती है कि पिछले साल हुए राज्यसभा सांसद के चुनाव के वक्त जो चुनाव ऑपरेशन लोटस हुआ, उसके नवरत्नों का जलवा अभी भी बरकरार है।

### पिछले साल हुए कार्यक्रम में पहुंचे थे अनुराग ठाकुर

**ट्रस्ट** ने पिछली साल हुए कार्यक्रम में अनुराग ठाकुर को भी बुलाया था, लेकिन वह भाषण के तुरंत बाद चले गए थे। इस बार पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल को भी उनके घर ट्रस्ट के अध्यक्ष अभिषेक राणा पहुंचे थे और मीडिया में इसकी तस्वीरें भी भेजी गई थी। उधर, असल में पिछले उपचुनाव में जो उलट फेर हुआ है, वही इस गुटबाजी का आधार बना है। सुजानपुर के विधायक कैप्टन रंजीत राणा पिछले विधानसभा में राजेंद्र राणा से हार गए थे, लेकिन उपचुनाव में वह कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़े और जीत गए। वहीं से हालात बिगड़े और अब लगातार समीरपुर और सुजानपुर के बीच में खेमेबाजी की जो खाई पैदा हो चुकी है, वह किसी से छिपी नहीं है। अब देखना यही है कि आने वाले दिनों में यह खेमेबाजी जिले में भाजपा को मजबूत करेगी या फिर कमजोर।

### अपनी डफली अपना राग

**पार्टी** के जिला स्तरीय संगठन पर हालांकि धूमल समर्थकों का ही कब्जा है, लेकिन मंडल स्तर पर अपने-अपने हिसाब की राजनीति चल रही है। नेता 'अपनी डफली अपना राग' अलापने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। अपने-अपने ढंग से एक-दूसरे को राजनीति के इस 'भंवर' में धकेलने के लिए अंदरुनी तौर पर वह सब कुछ करने का ताना-बाना बुन चुके हैं, जो राजनीति में अक्सर होता है। मसला सुजानपुर के कार्यक्रम तक ही सीमित नहीं रहा है। यह तो होना ही था, लेकिन अब भविष्य की राजनीति को लेकर जिले में आर-पार की लड़ाई शुरू हो चुकी है। नेता अपना अंदाज दोनों ही तरफ छोड़ने को तैयार नहीं है। अब इसका अंजाम कार्यकर्ताओं को भुगतना पड़ रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### रोशन लाल बने राज्य सहकारी बैंक के निदेशक

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज उपमंडल के जाहू कस्बे से संबंध रखने वाले रोशन लाल शर्मा को कांगड़ा को-ऑपरेटिव प्राइमरी एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट बैंक लिमिटेड (केपीएआरडी बैंक) का प्रतिनिधि नियुक्त करते हुए हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी कृषि व ग्रामीण विकास बैंक लिमिटेड (एचपीएसएआरडी बैंक), शिमला के निदेशक मंडल में नामित किया गया है। यह निर्णय केपीएआरडी बैंक की प्रबंध समिति की बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। रोशन लाल शर्मा के नामांकन से भोरंज क्षेत्र में खुशी की लहर है। स्थानीय लोगों ने इसे क्षेत्र के लिए गर्व की बात बताते हुए कहा कि इससे भोरंज की आवाज अब राज्य स्तर पर और मजबूती से उठेगी। क्षेत्र के किसानों, बागवानों और ग्रामीणों को सहकारिता एवं ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं का अधिक लाभ मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। नियुक्ति पर रोशन लाल शर्मा ने मुख्यमंत्री सुक्खू, विधायक सुरेश कुमार, चेयरमैन रामचंद्र पठानिया तथा कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार का आभार व्यक्त किया।

### प्रेक्षा ने परिवीक्षा अधिकारी की परीक्षा की पास

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** जिला हमीरपुर की विधानसभा नादौन के गांव नुखेल में प्रेक्षा शर्मा ने परिवीक्षा अधिकारी की परीक्षा पास कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस होनहार बेटी के पिता बिझड़ी खंड विकास अधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। प्रेक्षा की माता एक अध्यापिका है तथा गवर्नमेंट स्कूल उटप में टीजीटी आर्ट अपनी सेवाएं दे रही हैं। प्रेक्षा की बड़ी बहन स्वाति शर्मा एमडी है। आजकल भारत की फिल्मी नगरी मुंबई में किंग एडमिन मेडिकल कॉलेज में अपनी सेवाएं दे रही हैं। प्रेक्षा का एक छोटा भाई जो डीएवी स्कूल कांगू में सेवंथ क्लास में पढ़ाई कर रहा है। प्रेक्षा की इस उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री ने उन्हें बधाई दी है।

### बजवाल में डिजिटल सेवाओं पर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** ग्राम पंचायत टिक्कर बुहला के बजवाल गांव में शुक्रवार को कांगड़ा सहकारी बैंक शाखा टिक्कर खतरियां द्वारा नाबार्ड प्रायोजित जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शाखा प्रबंधक मोहिंद्र चौहान ने ग्रामीणों को बैंक की विभिन्न जमा एवं ऋण योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने प्रधानमंत्री जन सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना तथा किसान क्रेडिट कार्ड (फसल व पशुपालन) के लाभों से अवगत कराया। इसके अलावा साइबर ठगी से बचाव को लेकर सावधानियां बताई गईं। ग्रामीणों को बताया गया कि कांगड़ा बैंक के मिस्ड कॉल नंबर 9580079717 पर कॉल कर खाते का बैलेंस जांचा जा सकता है तथा यूपीआई सुविधा का सुरक्षित उपयोग किया जा सकता है। किसी भी साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तुरंत संपर्क करने की सलाह दी गई। इस मौके पर बैंक अधिकारी दिनेश कुमार, सुरेंद्र कुमार सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

### छात्राओं के सर्वांगीण विकास पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान, नादौन।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कन्या नादौन में परीक्षा पे चर्चा (पीपीसी)-2026 के अंतर्गत विद्यार्थियों को केंद्र में रखकर विविध गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। विद्यालय के संस्कृत अध्यापक आचार्य नरेश मलोटिया ने बताया कि कार्यक्रम के तहत स्वदेशी संकल्प दौड़/पैदल यात्रा का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य आत्मनिर्भरता, अनुशासन और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना रहा। छात्राओं ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके अलावा क्विज प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण, निबंध व भाषण प्रतियोगिता, समूह चर्चा, ध्यान व योग अभ्यास तथा खेलकूद गतिविधियां भी आयोजित की जा रही हैं। विद्यालय की प्रिंसिपल राजकुमारी कौशल ने परीक्षा पे चर्चा-2026 को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए एक सराहनीय पहल बताया। इस अवसर पर प्रवक्ता राकेश कुमार शर्मा सहित समस्त अध्यापक उपस्थित रहे।

### विजेताओं को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धनेटा में प्रधानाचार्य राज कुमार सिंह की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन और सड़क सुरक्षा विषय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में आपदा से निपटने की क्षमता और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। विद्यार्थियों ने स्लोगन, पेंटिंग, भाषण (डिक्लेमेशन), क्विज और निबंध प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्लोगन प्रतियोगिता में कीर्ति ठाकुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि दिशांत शर्मा द्वितीय और सृष्टि शर्मा तृतीय स्थान पर रही। पेंटिंग में धनिष्ठा एवं अदिति ठाकुर प्रथम, सृष्टि शर्मा द्वितीय और कशिश तृतीय स्थान पर रहीं। भाषण प्रतियोगिता में वर्षा शर्मा और सिया शर्मा ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। क्विज और निबंध प्रतियोगिताओं में भी छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य ने सभी विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

### यूपीआई, एटीएम उपयोग से संबंधित जानकारियां दीं

**अनंत ज्ञान, बड़ा।** उपमंडल नदौन की ग्राम पंचायत फस्टे में कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड शाखा बड़ा द्वारा वित्तीय एवं डिजिटल जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पंचायत के लगभग 100 से अधिक पंचायत वासियों ने भाग लिया। इस अवसर पर कांगड़ा बैंक के शाखा प्रबंधक लवकेश वर्मा एवं बैंक के अन्य कर्मचारी सुरेश कुमार और कुलदीप कुमार ने उपस्थित ग्रामीणों को डिजिटल बैंकिंग, साइबर सुरक्षा, ऑनलाइन लेन-देन, यूपीआई, एटीएम उपयोग तथा वित्तीय साक्षरता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्होंने लोगों को साइबर ठगी से सतर्क रहने, सुरक्षित डिजिटल लेन-देन अपनाने तथा बैंकिंग सुविधाओं का सही उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। ग्रामीणों ने भी बैंक के इस प्रयास की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने करने के लिए आग्रह किया।

### देश में रोजगार को खत्म कर रही भाजपा : सुमन

**एसके ठाकुर, बड़सर।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमन भारती ने बड़सर में मनरेगा में अनियमितताओं को लेकर केंद्र सरकार को घेरा। केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मनरेगा को बचाने के लिए सभी को एकजुट होना चाहिए। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मनरेगा के माध्यम से लोगों के अधिकारों का हनन किया जा रहा है और पंचायत स्तर पर लोगों को इसके बारे में जागरूक करना आवश्यक है। कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित इस बैठक में मनरेगा के तहत 100 दिनों के रोजगार की गारंटी की बात कही गई, लेकिन उपस्थिति बहुत कम थी। लोगों को अभी भी 100 दिनों के बजाय केवल 48 दिनों का रोजगार मिल रहा है। पहले पूरे साल काम मिलता था, लेकिन अब भाजपा सरकार ने 8 महीने के काम की बात कही है, जिससे पहाड़ी इलाकों में 6 महीने काम नहीं मिलेगा। उन्होंने सवाल किया कि 125 दिनों का काम कैसे मिलेगा।

### रेस्टोरेंट मालिक पर लगाया 20 हजार का जुर्माना

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** झनियारी बाजार में गत दिनों कुछ युवकों द्वारा बस के शीशे तोड़ने के मामले में दोषी पांच युवकों को जेल भेज दिया है, लेकिन पुलिस ने इस मामले एक रेस्टोरेंट पर भी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक बलवीर सिंह ने बताया कि जिला पुलिस द्वारा पर्यटन विभाग के साथ मिलकर झनियारी में स्टे हाई रेस्टोरेंट के पंजीकरण सत्यापन के दौरान प्रभावी कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि जांच में पाया गया कि संबंधित संचालक बिना पंजीकरण रेस्टोरेंट चला रहा था तथा पर्यटकों के ठहराव हेतु 3 अनधिकृत कमरे भी संचालित कर रहा था। संचालक द्वारा अपराध स्वीकार करने पर नियमानुसार 20,000 रुपए का जुर्माना किया है। उसे पर्यटन विभाग में पंजीकरण होने तक इकाई संचालन न करने के निर्देश दिए गए हैं।

### हमीरपुर के कई क्षेत्रों में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बिजली उपकेंद्र अणु में 18 जनवरी को सुबह 11 से शाम 4 बजे तक उपकरणों की आवश्यक मरम्मत के चलते खग्गल, हमीरपुर, हीरानगर, कृष्णानगर, गांधी चैक, फारेस्ट कॉलोनी, नाल्टी, कुठेड़ा, एनआईटी तथा इनके साथ लगते क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई पूर्ण रूप से बाधित रहेगी। सहायक अभियंता सुरेश कुमार ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### गणित विभाग व छात्रों के प्रयासों की सराहना की

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल, विकास नगर में शुक्रवार को गणित प्रदर्शनी का सफल आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 3 से 8 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्यातिथि प्रधानाचार्य इंजीनियर नैना लखनपाल रहीं। विद्यार्थियों ने पाइथागोरस प्रमेय, वर्गमूल, त्रि-आयामी आकृतियां, कोण, एलसीएम व एचसीएफ जैसे विषयों पर आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किए। गणित विभाग के शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** 77वां गणतंत्र दिवस भोरंज में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। एसडीएम शशिपाल शर्मा ने मिनी सचिवालय में बैठक कर उपमंडल स्तरीय समारोह की तैयारियों की समीक्षा की। यह समारोह राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोरंज में सुबह 11 बजे ध्वजारोहण के साथ शुरू होगा। कार्यक्रम में परेड, मार्च पास्ट और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। उत्कृष्ट सेवाओं के लिए कर्मचारियों व विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। विभिन्न विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

# सेवानिवृत्ति के बाद मुफ्त पढ़ाया, देह भी की दान

## पथल्यार के रमेश चंद शर्मा ने पेश की मानवता की मिसाल, स्कूल के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए करते रहे मदद

अनंत ज्ञान स्पैशल

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** तीन वर्ष पहले सेवानिवृत्ति के बाद भी जिस शिक्षक को फ्री में स्टूडेंट को पढ़ने का जज्बा रहा हो और मृत्यु से तकरीबन दो महीने पहले अपनी देह को मेडिकल कॉलेज में परीक्षण के लिए दान करने का संकल्प ले लिया हो, ऐसा व्यक्ति सामान्य नहीं हो सकता। पत्थलयार गांव के रमेश चंद शर्मा ने ऐसा करके दिखाया और बीते रोज जब उनकी मृत्यु हुई, तो उनके पुत्र रमाकांत ने अपने पिता के मृत शरीर को मेडिकल कॉलेज हमीरपुर के सपोर्ट कर दिया।



वे अपने साथ केवल पिता की देह से नाखून और दांत ले गए हैं, जिन्हें हिंदू रीति रिवाज के साथ अब हरिद्वार में गंगा नदी में प्रवाहित किया जाना है, क्योंकि देहदान के नियमों के तहत शरीर अब उन्हें मेडिकल कॉलेज द्वारा लौटाया नहीं जाएगा। रमेश चंद शर्मा 3 साल पहले राजकीय उच्च विद्यालय पत्थलयार से सेवानिवत्त हुए थे। शास्त्री के शिक्षक रहे। रमेश चंद ने सेवानिवृत्ति के कुछ समय बाद ही जब देखा कि स्कूल में शास्त्री का शिक्षक नहीं है और स्टूडेंट को पढ़ने में दिक्कत हो रही है, तो उन्होंने बगैर किसी पारिश्रमिक लिए स्कूल में फिर से निशुल्क सेवाएं देने का मन बनाया और पिछले काफी समय से वहां स्टूडेंट्स को पढ़ा रहे थे। छठी कक्षा से लेकर 10वीं तक पढ़ाते रहे। यही नहीं स्कूल के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए भी वे समय-समय पर मदद करते रहे। 15 जनवरी रात्रि को उच्च रक्तचाप और फूड पाइप में दिक्कत से उनकी मृत्यु हुई। उन्होंने अपनी देह दान कर दी थी। इसके लिए तकरीबन 2 महीने पहले ही वह हमीरपुर के मेडिकल कॉलेज पहुंचे थे और देहदान करने को लेकर कागजात तैयार करवाए थे, उसमें परिवार को इसका पता नहीं था, लेकिन मेडिकल कॉलेज से जब घर उनके बेटे रमाकांत को फोन पर इसकी जानकारी दी गई, तो उन्होंने कहा कि पिताजी हमेशा ठीक बोलते हैं, यदि उन्होंने ऐसा सोचा है तो परिवार का इसमें कोई विरोध नहीं है। शुक्रवार को रमाकांत जब हमीरपुर मेडिकल कॉलेज अपने पिता की देह लेकर पहुंचे, उस मौके पर उन्होंने बताया कि उनके पिता हमेशा सीधे और स्पष्ट व्यक्ति थे। वह जो कहते थे, परिवार उसे मानता था। अब उनका जो फैसला था देहदान करने का, अंतिम था और इसीलिए मृत्यु के बाद उनकी देह को मेडिकल कॉलेज के सुपुर्द कर दिया गया है।



मृतक का बेटा गांव वासियों के साथ। अनंत ज्ञान

### डेड बॉडी को लंबे समय तक इसी तरह रखा जा सकता है



**उधर,** मेडिकल कॉलेज में संबंधित विभाग की डॉक्टर कविता नंदा बताती हैं कि पिछले तकरीबन 2 सालों में चार से पांच लोगों ने दे दान करने के लिए संबंधित प्रक्रिया मुकम्मल की हुई है। इनमें आज जो डेड बॉडी रमेश चंद की आई है, वह घटना दूसरी है। अब संबंधित डॉक्टर या प्रशिक्षु इस डेड बॉडी के आधार पर अपनी स्टडी के मुताबिक अध्ययन करेंगे मानव शरीर को जानने के लिए उनके पास खुला विकल्प होगा इस तरह का परीक्षण काफी महत्वपूर्ण रहता है। इस डेड बॉडी को लंबे समय तक इसी तरह रखा जा सकता है। इसके लिए विशेष तरह का बॉडी के अंदर एक केमिकल इंजेक्ट किया जाता है। और यह बॉडी खराब नहीं होती। इसे फिर से संबंधित परिजनों को वापस नहीं किया जाता। परिजनों को नाखून और दांत हिंदू रीति रिवाज के मुताबिक हरिद्वार में विसर्जन के लिए चाहिए थे। वह उन्हें मुहैया करवा दिए हैं। मेडिकल कॉलेज में 3 से 4 लोगों ने अभी तक इस तरह देह को दान करने के लिए फॉर्म भरे हुए हैं। इस तरह की देह को केमिकल इंजेक्ट देकर 10 साल तक भी सुरक्षित रखा जा सकता है।

### मामले में संबंधित परिजनों को उक्त राशि दी जाएगी



**उधर,** मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. रमेश भारती का कहना है कि अब मेडिकल कॉलेज तक किसी भी मृत की देह जो डोनेट कर दी गई हो, उसे सौंपने के लिए वहां से लाने का सारा खर्चा संबंधित परिवार को मेडिकल कॉलेज की तरफ से दिया जाएगा। इसके लिए नई नोटिफिकेशन आ गई है। इस मामले में भी संबंधित परिजनों को उक्त राशि दी जाएगी।

### ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाने के लिए राणा ने जताया आभार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सर्व कल्याणकारी ट्रस्ट के संस्थापक एवं पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने सुजानपुर में आयोजित सेना दिवस समारोह और ट्रस्ट की सिल्वर जुबली को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने के लिए प्रदेश के पूर्व सैनिकों, महिलाओं, पुरुषों, युवाओं तथा सभी विशिष्ट अतिथियों का हृदय से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने ट्रस्ट के तमाम पदाधिकारियों और स्वयंसेवकों का भी खास तौर पर आभार जताया है जो पिछले 20 दिन से इस कार्यक्रम की तैयारी को लेकर दिन रात जुटे थे। कार्यक्रम में जिस भारी संख्या में लोगों ने भाग लेकर सैनिकों के सम्मान को नई ऊंचाइयां दीं, वह अपने आप में अद्भुत और प्रेरणादायक है। विशेष रूप से प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, महाराणा प्रताप के वंशज डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़, पूर्व लेफ्टिनेंट जनरल बी.एस. जसवाल सहित सभी गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति ने इस आयोजन की शोभा को कई गुना बढ़ा दिया। राजेंद्र राणा ने कहा कि पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों का सम्मान करना ट्रस्ट का हमेशा से प्रमुख उद्देश्य रहा है और इस बार जिस उत्साह के साथ हजारों लोगों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया, उसने इसे सचमुच यादगार बना दिया। उन्होंने कार्यक्रम में पहुंचे सभी पूर्व सैन्य अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और आम जनता का धन्यवाद करते हुए कहा कि सबके सहयोग और स्नेह से ही यह आयोजन संभव हो पाया। राणा ने भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी सर्व कल्याणकारी ट्रस्ट इसी तरह समाज सेवा और सैनिक सम्मान के लिए समर्पित होकर कार्य करता रहेगा।

## वैश्विक मंच पर वैश्विक नेटवर्क को सुदृढ़ करने में भारत की अहम भूमिका : अनुराग

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** नई दिल्ली में आयोजित कॉमनवेल्थ के स्पीकर और पीठासीन अधिकारियों के 28वें सम्मेलन ( कॉमनवेल्थ प्रिसाइडिंग ऑफिसर्स कॉन्फ्रेंस 2026) के अवसर पर एक प्रतिष्ठित आधिकारिक लंच का आयोजन किया गया।



इसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर के सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने भारत के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन सहित प्रतिनिधिमंडलों एवं गणमान्य अतिथियों के साथ भाग लिया। यह सम्मेलन 14 से 16 जनवरी तक संसद भवन परिसर के संविधान सदन में आयोजित किया जा रहा है, और यह अब तक के कार्यक्रमों में सबसे अधिक वैश्विक सहभागिता वाला संस्करण है, जिसमें 42 से अधिक राष्ट्रों तथा 60 से अधिक स्पीकर्स और पीठासीन अधिकारियों ने भाग लिया है। इस अवसर पर डॉ. तुलिया एक्सन, प्रेसिडेंट, इंटर-पार्लियामेंट्री यूनियन (आईपीयू) ने उद्घाटन संदेश दिया। कार्यक्रम में राज्यसभा के उपसभापति, हरिवंश नारायण सिंह तथा हिमाचल विधानसभा के स्पीकर, कुलदीप सिंह पठानिया भी उपस्थित रहे।

कॉमनवेल्थ प्रिसाइडिंग ऑफिसर्स कॉन्फ्रेंस सम्मेलन दो-वार्षिक आधार पर आयोजित होता है और इसका उद्देश्य संसदीय लोकतंत्र के विविध रूपों को समझने, मजबूत करने और नवीनतम चुनौतियों से निपटने के लिए मंच प्रदान करना है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि इस वैश्विक मंच के माध्यम से भारत ने न केवल लोकतांत्रिक संस्थानों के संरक्षण और संवद्र्धन को उजागर किया है, बल्कि संसदीय सहयोग के वैश्विक नेटवर्क को सुदृढ़ करने में अपनी भूमिका को भी पुनरू प्रतिष्ठित किया है। यह सम्मेलन राष्ट्रमंडल देशों के बीच लोकतांत्रिक आदान-प्रदान तथा साझा सीख को आगे बढ़ाने का एक अभूतपूर्व अवसर साबित हो रहा है।

## सरेड़ी पंचायत के पूर्व प्रधान की स्लेटपोश पशुशाला में लगी आग, ढाई लाख का नुकसान

अनंत ज्ञान

**गलोड़।** गलोड़ तहसील के अंतर्गत शुक्रवार को 11 बजे के करीब सरेडी पंचायत के पूर्व प्रधान विद्या प्रकाश पुत्र कुब्बू राम गांव अमरोह की स्लेटपोश पशुशाला में अचानक आग लग गई। इस आग की घटना में पशुशाला में रखी गई सूखी घास और इमारती लकड़ी सब कुछ जल कर राख हो गया। आग कैसे लगी इस की जानकारी किसी को नहीं है आगजनी पर हर कोई हैरान है।

पूर्व प्रधान के बड़े भाई की पिछले हफ्ते ही मृत्यु हुई है और सारा परिवार घर पर ही था घर से पशुशाला कुछ दूरी पर बनाई गई है। उसके बाहर दो भेंसे भी बांधी हुई थी। गनीमत रही कि इन दोनों पशुओं को समय रहते वहां से हटा दिया गया। जैसे ही पशुशाला से आग की सूचना गांव वालों को मिली गांववासी दौड़े और जल शक्ति विभाग के टैंक से पानी की सप्लाई चालु कारवाई गई। मगर तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया था और लगभग पशुशाला पूरी तरह जल चुकी थी। इस घटना में लगभग ढाई लाख के करीब का नुकसान हुआ है। पंचायत प्रधान राजेश कुमार शर्मा और सचिव उदय सिंह और पटवारी सुरेश कुमार ने बताया कि परिवार को काफी नुकसान हुआ है। इस मामले पर तहसीलदार गलोड़ केशव कुमार ने बताया कि पटवारी को मौके पर जाकर रिपोर्ट देने को कहा गया है पीड़ित परिवार को नियम अनुसार राहत राशि दी जाएगी।



## पहचान स्पेशल स्कूल के बच्चों ने डीसी से की शिष्टाचार भेंट

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पहचान स्पेशल स्कूल के विशेष बच्चों ने उपायुक्त गंधर्वा राठौर से शिष्टाचार भेंट की। यह मुलाकात अत्यंत आत्मीय व भावनात्मक रही। डीसी ने विशेष बच्चों से बहुत स्नेहपूर्वक बातचीत की, उनके कार्यों, रुचियों व उपलब्धियों के बारे में जानकारी ली तथा उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। डीसी ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि विशेष बच्चे समाज की मुख्यधारा का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और उन्हें समान अवसर व सहयोग मिलना चाहिए। उन्होंने बच्चों का मनोबल बढ़ाया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। संस्थापिका चेतना शर्मा ने बताया कि उपायुक्त से मिलकर बच्चे बेहद खुश और उत्साहित नजर आए। उपायुक्त के स्नेहपूर्ण व्यवहार और अपनत्व भरे शब्दों से बच्चों के चेहरे पर मुस्कान दिखाई दी।

## राज्यपाल ने 'एस्ट्रोलॉजी एक विज्ञान' का तीसरा संस्करण रिलीज किया

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने सुजानपुर में हिमाचल साहित्य अकादमी व राज्य राजभाषा सम्मान से पुरस्कृत प्रसिद्ध साहित्यकार गुरमीत बेदी द्वारा ज्योतिष पर लिखी गई शोध पुस्तक 'एस्ट्रोलॉजी एक विज्ञान' का तीसरा संस्करण रिलीज किया।



इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि ज्योतिष एक प्राचीन विज्ञान है, जिसमें ग्रहों, नक्षत्रों व खगोलीय पिंडों की सटीक गणनाओं के माध्यम से प्रामाणिक जानकारियां दी जाती है। वेदों में ज्योतिष को छठी आंख कहा गया है और भारतीय मनीषियों ने इस विधा को महत्वपूर्ण ग्रंथों के माध्यम से समृद्ध किया है। राज्यपाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि गुरमीत बेदी ने साढ़े तीन दशकों के गहन शोध के बाद इस पुस्तक में ज्योतिष से जुड़ी भ्रांतियों का समाधान प्रस्तुत किया है और इसे विज्ञान के रूप में स्थापित करने का सार्थक प्रयास किया है। उन्होंने इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए लेखक को बधाई दी। प्रदेश सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से सेवानिवृत्त उपनिदेशक गुरमीत बेदी साहित्य की विभिन्न विधाओं में 12 पुस्तकें और तीन उपन्यास लिख चुके हैं। उन्हें हिमाचल अकादमी सहित अनेक राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। वे ज्योतिष पर शोध पुस्तक लिखने वाले पहले हिमाचली लेखक हैं।

## बैंक की योजनाओं की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राष्ट्रीय कृषि व ग्रामीण बैंक के सहयोग से कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड शाखा दोसड़का द्वारा गांव मौहीं में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शाखा प्रबंधक सुमन ठाकुर ने बताया कि शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बैंकिंग सुविधा बारे जागरूक करना था। उन्होंने लोगों को बचत की आदत, ऋण सुविधाओं, बीमा योजनाओं, डिजिटल बैंकिंग, साइबर सुरक्षा तथा सरकारी वित्तीय योजनाओं की जानकारी दी। इसके अतिरिक्त उन्होंने पीएमजेडीवाई, पीएमजेजेवाई, पीएमजेएसवाई, एपीवाई तथा डिजीटल लेन-देन के सुरक्षित तरीकों के बारे में विस्तार से बताया। शिविर के अंत में उपस्थित ग्रामीणों ने इस प्रकार के जनहितकारी कार्यक्रम के आयोजन के लिए कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड एवं नाबार्ड का आभार व्यक्त किया।

## कल्याणकारी योजनाओं का हो व्यापक प्रचार-प्रसार : सुरेश

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** विधायक सुरेश कुमार ने कहा कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग समाज के सबसे जरुरतमंद लोगों के लिए काम करता है, इसलिए इसकी सभी योजनाओं का आम जनता के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार होना चाहिए, ताकि सभी पात्र लोग इनका लाभ उठा सकें।

शुक्रवार को जिला कल्याण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए सुरेश कुमार ने बताया कि पिछले वित्त वर्ष के दौरान जिला में विभाग की सामाजिक सुरक्षा पेंशन और अन्य योजनाओं के माध्यम से कुल 96.06 करोड़ रुपए खर्च किए गए तथा चालू वित्त वर्ष की तीन तिमाही में 68.62 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि जिला में लगभग 52,322 लोगों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन दी जा रही है। इसी वित्त वर्ष में पेंशन के 1795 नए मामले स्वीकृत किए गए हैं। अंतरजातीय विवाह पुरस्कार योजना के तहत इसी वित्त वर्ष में 62 दंपत्तियों को 30.75 लाख रुपए, दिव्यांग विवाह अनुदान योजना के तहत 7 दंपत्तियों को दो लाख रुपए और 70 दिव्यांग विद्यार्थियों को 6.39 लाख रुपए की छात्रवृत्ति दी जा चुकी है।



जिला कल्याण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते विधायक। अनंत ज्ञान

राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के तहत 50 परिवारों को कुल दस लाख रुपए की सहायता दी गई है। सुरेश कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री ने विधवा और एकल नारियों को मकान निर्माण के लिए विशेष रूप से तीन लाख रुपए का अनुदान प्रदान करने का निर्णय लिया है। जिला हमीरपुर में 102 महिलाओं ने इसके लिए आवेदन किया है। ये सभी मामले मुख्यमंत्री कार्यालय को भेज दिए गए हैं। बैठक में महर्षि वाल्मीकि कामगार आवास योजना और अन्य योजनाओं की समीक्षा भी की गई। इस अवसर पर उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने समिति के अध्यक्ष को आश्वस्त किया कि बैठक में दिए गए सभी दिशा-निर्देशों की अक्षरशः अनुपालना की जाएगी तथा जिन योजनाओं के लिए बजट की आवश्यकता है, उनकी डिमांड भी तुरंत भेजी जाएगी। समिति के सचिव एवं जिला कल्याण अधिकारी चमन लाल शर्मा ने सभी योजनाओं का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया।

**निशानदेही** कुठेड़ा में बाबा सिद्ध चानो मंदिर जाने में श्रद्धालुओं को करना पड़ रहा था असुविधा का सामना

# डेढ़ सौ मीटर सड़क ही होगी सीमेंट व बजरी से पक्की

अनंत ज्ञान

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** शहर से तीन किलोमीटर की दूरी पर कुठेड़ा में स्थित बाबा सिद्ध चानो मंदिर जाने के लिए 20 वर्ष पहले गांव के लोगों ने सड़क बनाने के लिए लोक निर्माण विभाग के नाम जमीन दान दी थी। मंदिर के लिए सड़क निकाली गई, लेकिन उसे किसी भी हेड में नहीं डाला गया और जब पक्की करने की प्रक्रिया शुरू की तो जमीनी विवाद हो गया।



सड़क पर पड़े गड्ढों से दो किलोमीटर का सफर करना मुश्किलों भरा। अनंत ज्ञान

जमीनी विवाद को सुलझाने के लिए कई बार निशानदेही की गई, लेकिन नववर्ष 2 जनवरी को फिर से निशानदेही लोक निर्माण विभाग द्वारा करवाई गई। इसमें जमीनी विवाद को सुलझा लिया गया है, अब इस दो किलोमीटर सड़क को पक्की करने का कार्य भी दो तीन दिन में शुरू हो जाएगा। लोक निर्माण विभाग ने विधायक द्वारा दी गई 7 लाख रुपए की राशि से कितना कार्य हो पाएगा इसका निरीक्षण किया गया। निरीक्षण करने के बाद विभाग ने निर्णय लिया कि जहां पर चढ़ाई है और जहां पर बारिश के कारण चलना और वाहन ले जाना मुश्किल हो जाता है उसे सीमेंट और बजरी डालकर पक्का किया जाएगा। गौर रहे कि लोगों ने सड़क की समस्या सुजानपुर के विधायक रणजीत सिंह राणा के समक्ष रखी उन्होंने इस सड़क के लिए पहले 20 लाख रूपए का प्रावधान किया जिससे सड़क के किनारे डंगे लगाने का कार्य किया गया। अब सड़क को पक्की करने के लिए विधायक ने फिर से 7 लाख रूपए जारी किए हैं। इस सड़क को पक्की करने का टेंडर भी अवार्ड कर दिया गया है उसके बाद इस सड़क को पक्का करने का कार्य शुरू कर दिया है। सिद्ध चानों मंदिर में लोगों की आस्था के चलते इस सड़क पर सबसे अधिक श्रद्धालुओं का आना जाना होता है। कच्ची सड़क पर जगह जगह पड़े गडढों से उन्हें कई प्रकार की दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। बारिश होने पर कच्ची सड़क दलदल बन जाती थी जिससे वाहन ले जाना तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता था, लेकिन अब विधायक द्वारा सड़क को पक्का करने के लिए जारी की गई 7 लाख रूपए की राशि से सडक का कुछ हिस्सा पक्का किया जा रहा है जिसपर गांव के लोगों ने खुशी जाहिर की है।

अनंत ज्ञान मुद्दा

इस बारे में लोक निर्माण विभाग की कनिष्ठ अभियंता नेहा शर्मा ने बताया कि कुठेड़ा से बाहल सड़क पर जहां पर चढ़ाई पर सबसे अधिक परेशानी लोगों को होती थी वहां पर सीमेंट और बजरी डालने का कार्य शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि अभी 1.50 मीटर सड़क को ही इस राशि से पक्का किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जो कच्ची सड़क रह जाएगी उसे अगले वितीय वर्ष में पक्का किया जाएगा।

## एपीएमसी की बैठक में 4 करोड़ 74 लाख 35 हजार रुपए का बजट पारित : अजय

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** कृषि उपज मंडी समिति (एपीएमसी) हमीरपुर की त्रैमासिक बैठक अध्यक्ष अजय शर्मा की अध्यक्षता में हुई।

इसमें एपीएमसी हमीरपुर द्वारा माह अगस्त, 2025 से दिसंबर, 2025 तक पांच माह में प्राप्त आय 90,01,965 रूपए तथा व्यय 58,36,144 रुपए का अनुमोदन किया गया। बैठक में वर्ष 2025-26 का पुनर्विनियोजित बजट व वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तावित आय 2,37,39,000 और व्यय 2,36,96,000 रूपए का बजट पारित किया गया। सदन ने मंडी समिति द्वारा माह अगस्त, 2025 से लेकर माह दिसम्बर, 2025 तक हिमाचल प्रदेष कृषि एवं औद्यानिकीय उपज विपणन (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 2005 के अनुसार करियाना, दूध व इमारती लकड़ी इत्यादि का अवैध रूप से व्यापार करने वाले लगभग 19 व्यापारियों का पंजीकरण किया गया था का अनुमोदन किया अधिनियम, 2005 के अंतर्गत अब इन पंजीकृत व्यापारियों को अपने व्यापार का 1 प्रतिशत की दर से मण्डी शुल्क का मण्डी समिति को भुगतान करना होगा जिससे मंडी समिति की आय में वृद्धि होगी तथा जिला हमीरपुर में अवैध रूप से व्यापार करने वाले व्यापारियों पर नकेल कसने के लिए अधिक से अधिक व्यापारियों का पंजीकरण का निर्णय लिया गया।

इसके साथ मंडी समिति द्वारा दोषी लाईसेन्सधारियों के व्यापार का निर्धारण किया गया था जिसमें वसूल की गई राशि 3,92,622 रूपए का अनुमोदन किया गया तथा सदन ने सभी व्यापारियों के व्यापार का निर्धारण करने का भी सर्वसम्मति से निर्णय लिया ताकि दोषी व्यापारियों का पता चल सके। बैठक में वर्ष 2026-27 में कृषि उपज मंडी समिति हमीरपुर के अंतर्गत मंडियों में किसानो व बागवानों की सुविधा के लिए 45,50,000 रुपए के निर्माण, विकासात्मक कार्य प्रस्तावित किये गये। विकासात्मक कार्यों में सब्जी मण्डी हमीरपुर में किसान भवन, पुराने भवन की मरम्मत एवं रखरखाव, बूथों का निर्माण आदि शामिल है।

# विरासत' कार्यक्रम में जीवंत हुई हिमाचली संस्कृति



विरासत सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान आरएस बाली। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** नारकंडा-शिलारू छात्र कल्याण संघ द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम 'विरासत' सादगी और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष रघुवीर सिंह बाली मुख्यातिथि रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, युवाओं और स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

इस अवसर पर क्षेत्र के विद्यार्थियों और युवाओं ने हिमाचली लोक संस्कृति, परंपरा और विरासत पर आधारित रंगारंग प्रस्तुतियां दी। लोक नृत्य और गीतों के माध्यम से कलाकारों ने पहाड़ी संस्कृति की समृद्ध धरोहर को मंच पर जीवंत किया, जिसे दर्शकों ने सराहा। अपने संबोधन में बाली ने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को अपनी जड़ों से जोड़ते हैं और सांस्कृतिक संरक्षण में अहम भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के समापन पर उन्होंने अपनी ऐच्छिक निधि से छात्र कल्याण संघ को एक लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की।

इस अवसर पर बीडीसी अध्यक्ष जीवन पाल, अतिरिक्त महाधिवक्ता वाई. एस. धौलटा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव राजेश शेबटू, संघ के अध्यक्ष कृष केंथला व चेयरमैन पियुष भारद्वाज सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। '

# गुम्मा व रोहड़ू में स्प्रे ऑयल के संकट से बागवानों में बढ़ा रोष

## कतारों में खड़े बागवान, सवालों के घेरे में व्यवस्था

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** जिला शिमला के गुम्मा व रोहड़ू में बागवानी का मौसम उम्मीदों के बजाय इम्तिहान बनता जा रहा है। सेब बागानों की हिफाजत के लिए जरूरी ट्री स्प्रे ऑयल पाने को बागवान सुबह-सवेरे राज्य बागवानी उत्पाद विपणन एवं प्रसंस्करण निगम केंद्रों के बाहर लंबी कतारों में खड़े दिखाई दे रहे हैं, मगर सीमित सप्लाई की वजह से ज्यादातर लोगों को मायूस होकर खाली हाथ लौटना पड़ रहा है।

खेत-बागान का काम छोड़कर लाइन में लगना और फिर भी जरूरत का सामान न मिलना, बागवानों के सब्र की कड़ी परीक्षा ले रहा है। गुम्मा एचपीएमसी केंद्र का हवाला देते हुए भाजपा नेता चेतन बरागटा ने कहा कि इलाके में करीब 12 हजार पंजीकृत बागवान हैं, जबकि हालिया सप्लाई में महज़ 500 कैनी स्प्रे ऑयल पहुंचा। यह पूरी खेप कुछ ही घंटों में खत्म हो गई। घंटों इंतजार के बाद जब बारी आती है, तब तक स्टॉक खत्म हो चुका होता है। नतीजतन चेहरे पर शिकन, दिल में बेबसी और घर वापसी मजबूरी बन जाती है। यह सूरत-ए-हाल बताती है कि मांग और आपूर्ति के बीच फासला कितना गहरा हो चुका है।



चेतन बरागटा ने पूर्व भाजपा सरकार के दौर की व्यवस्था याद दिलाते हुए कहा कि उस समय स्प्रे ऑयल के साथ खाद, चपाटिया पेस्ट, ब्लाइटॉक्स, कीटनाशक, बोर्डो मिक्सचर और स्प्रे मशीनें तक एचपीएमसी केंद्रों पर मयस्सर रहती थीं। आज व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर हालात उलट हैं। उनका कहना है कि बागवानों को राहत देने के बजाय उन्हें दौड़ाया जा रहा है, जबकि मौसम की मार और लागत पहले ही बढ़ चुकी है।

### ◆ बागवानी पर भारी पड़ती बदइंतजामी, बरागटा ने दी आंदोलन की चेतावनी

बरागटा ने तंज कसते हुए कहा कि इस संगीन मसले पर शिक्षा मंत्री की खामोशी खटकती है और बागवानों की सुध अक्सर चुनावी मौसम तक सिमट जाती है। आखिर में उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री से फौरी दखल की मांग की, ताकि स्प्रे ऑयल समेत तमाम जरूरी कृषि इनपुट्स की नियमित और पर्याप्त सप्लाई यकीनी बनाई जा सके।

# अफसरों पर टिप्पणी के मामले में शिक्षा मंत्री और कांग्रेस विधायक आमने-सामने

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह की बाहरी आईएएस और आईपीएस अधिकारियों को लेकर की गई टिप्पणी के बाद हिमाचल की राजनीति में जारी हलचल थमने का नाम नहीं ले रही है। इस पूरे विवाद पर अब शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का बयान सामने आया है।

शिमला में मीडिया से बातचीत के दौरान रोहित ठाकुर ने कहा कि प्रदेश के विकास में न केवल हिमाचल के अपने अधिकारियों बल्कि राज्य के बाहर से आए आईएएस और आईपीएस अधिकारियों का भी अहम और बहुमूल्य योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि किसी एक बयान को आधार बनाकर पूरे प्रशासनिक ढांचे को सामान्यीकृत नहीं किया जा सकता।

उन्होंने कहा कि नकारात्मक सोच केवल ऑल इंडिया सर्विस तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह किसी भी वर्ग या क्षेत्र में पाई जा सकती है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रदेश के अधिकारियों का नैतिक दायित्व बनता है कि वे पूरी निष्ठा से काम करें। साथ ही उन्होंने कहा कि लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह एक सक्षम और प्रभावी मंत्री हैं और यदि उनके मन में कुछ शंकाएं हैं, तो मुख्यमंत्री को चाहिए कि उन्हें दूर कर स्थिति स्पष्ट करें, ताकि प्रशासन और सरकार के बीच किसी तरह का भ्रम न रहे।

### ◆ विक्रमादित्य सिंह को बताया सक्षम मंत्री

इस विवाद पर कांग्रेस विधायक सुरेश कुमार का भी तीखा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि यदि मंत्री स्वयं अपनी भूमिका सही ढंग से निभाएं तो अधिकारी अपने आप ठीक से काम करते हैं। सुरेश कुमार ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अधिकारियों को नियंत्रित करना मंत्री की जिम्मेदारी होती है और यदि कोई मंत्री इसमें असफल रहता है तो उसे दूसरों पर दोष मढ़ने के बजाय आत्ममंथन करना चाहिए। उनके अनुसार नेतृत्व शीर्ष पर होता है और वही प्रशासनिक कार्यों को दिशा देता है।

# न्यूज ब्रीफ

## जुब्बल में गणतंत्र दिवस की तैयारियां शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** गणतंत्र दिवस 2026 के आयोजन को लेकर उपमंडल जुब्बल में उपमंडलाधिकारी गुरमीत नेगी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह जुब्बल के ऐतिहासिक स्टेडियम में भव्य और गरिमामय ढंग से मनाया जाएगा। समारोह के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ परेड का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न विद्यालयों, शिक्षण संस्थानों, महिला मंडलों और स्थानीय लोगों की सक्रिय भागीदारी रहेगी। उपमंडलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्वच्छता, बिजली, पानी, चिकित्सा और सुरक्षा जैसी व्यवस्थाओं को समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्रवासियों से समारोह में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय गौरव का पर्व है, जिसे सामूहिक सहभागिता से और अधिक यादगार बनाया जाएगा।

## मल्लिकार्जुन खड़गे से मिले मुख्यमंत्री सुक्खू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू इन दिनों दिल्ली दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात की। बैठक में राज्य सरकार के कार्यों और संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। दोनों नेताओं ने आने वाले समय की रणनीति और संगठन को मजबूत करने से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की।

## देवरी-खनेटी रिहाली मेला बना जिला स्तरीय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** रिहाली मेला देवरी-खनेटी को जिला स्तरीय मेला घोषित किए जाने पर मां देवी नन्दन मंदिर कमेटी 700 देवरी-खनेटी, ग्राम पंचायत देवरी-खनेटी शिली तथा पराली-बदरूनी और स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं के प्रतिनिधिमंडल ने आज सचिवालय में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल ने इस अवसर पर क्षेत्र की स्थानीय मांगों और आवश्यकताओं से शिक्षा मंत्री को अवगत करवाया, जिस पर उन्होंने सभी जायज मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर देवरी-खनेटी मंदिर कमेटी और पराली-बदरूनी पंचायत के लोग भी उपस्थित रहे।

## जिलेभर में विशेष एंटी-चिट्टा ग्राम सभाएं 21 से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार हिमाचल प्रदेश सहित जिला शिमला की सभी ग्राम पंचायतों में 21 और 22 जनवरी 2026 को विशेष एंटी-चिट्टा ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा, जिनका उद्देश्य नशे विशेषकर चिट्टा/हेरोइन के दुष्प्रभावों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना और नशामुक्त समाज का निर्माण करना है। इन ग्राम सभाओं में नशे के दुष्परिणामों, नशा तस्करों की सूचना देने पर राज्य सरकार द्वारा नकद इनाम की व्यवस्था, नशे के आदी व्यक्तियों के पुनर्वास के लिए सरकार की पहलों तथा ग्राम पंचायत को नशा व चिट्टा मुक्त बनाने के लिए प्रधान द्वारा शपथ ग्रहण जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी, जबकि अभियान को प्रभावी बनाने के लिए संबंधित खंड विकास अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है और अधिकतम जनभागीदारी सुनिश्चित करने के लिए ग्रामसभा के सभी वयस्क सदस्य, पंचायत प्रतिनिधि, स्वयं सहायता समूह, युवक व महिला मंडल, विभिन्न विभागों के अधिकारी, आंगनवाड़ी व आशा कार्यकर्ता, स्कूल प्रबंधन समितियां, नशा निवारण समितियों के सदस्य तथा अन्य स्थानीय हितधारक शामिल होंगे।

## जनजातीय खेल प्रतिभाओं के चयन की तैयारी शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भारत सरकार द्वारा आयोजित खेलो इंडिया जनजातीय खेल-2026 के लिए अनुसूचित जनजाति वर्ग के खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय (फेज-1) चयन प्रशिक्षण 19 जनवरी 2026 को लुहणू मैदान, बिलासपुर में आयोजित किया जाएगा। जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी शिमला राकेश धौता ने बताया कि चयन प्रशिक्षण एथलेटिक्स, तैराकी, भारोत्तोलन, कुश्ती, हॉकी और फुटबॉल खेलों में पुरुष व महिला ओपन वर्ग के लिए होगा। इसमें वही खिलाड़ी भाग ले सकेंगे जिनके पास वैध अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र और हिमाचल प्रदेश अधिवास प्रमाण पत्र होगा। चयन प्रशिक्षण में किसी प्रकार का यात्रा या दैनिक भत्ता देय नहीं होगा।

# आईआईसीडीईएम-2026 : भारत मंडपम में लोकतंत्र पर वैश्विक मंथन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश की मुख्य निर्वाचन अधिकारी नंदिता गुप्ता नई दिल्ली के प्रतिष्ठित भारत मंडपम में आयोजित इंडिया इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट (आईआईसीडीईएम)-2026 में 'मतदाता की पहचान की सुगमता' विषय पर प्रस्तुति देंगी। इस सत्र में जर्मनी के संघीय गणराज्य के साझेदार देश के प्रतिनिधि भी उनके साथ मंच साझा करेंगे।

यह सम्मेलन भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट के माध्यम से 21 से 23 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है। नंदिता गुप्ता ने कहा कि यह दायित्व भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों, संस्थागत मज़बूती और निष्पक्ष निर्वाचन प्रक्रिया में वैश्विक भरोसे का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि यह सम्मेलन लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन के क्षेत्र में भारत द्वारा आयोजित अब तक का सबसे बड़ा वैश्विक आयोजन है, जिसमें दुनिया भर के निर्वाचन प्रबंधन निकायों का प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग 100 अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि भाग लेंगे। इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय संगठनों, विदेशी मिशनों और अग्रणी शैक्षणिक एवं पेशेवर संस्थानों के प्रतिभागी भी इसमें शामिल होंगे।

उन्होंने बताया कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में विभिन्न देशों के निर्वाचन निकायों के प्रमुखों और प्रतिनिधियों के साथ 40 से अधिक द्विपक्षीय बैठकों के माध्यम से वैश्विक लोकतांत्रिक सहयोग को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा। सम्मेलन में देश के अग्रणी शैक्षणिक संस्थानों की भी सक्रिय भागीदारी रहेगी, जिनमें भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भारतीय प्रबंधन संस्थान, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय और भारतीय जन संचार संस्थान शामिल हैं।

# हाईकोर्ट ने दीपक प्रोजेक्ट के मजदूरों को सर्दियों की सामग्री देने के दिए आदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने केंद्रीय रक्षा मंत्रालय को आदेश दिए हैं कि पोवारी से समदो के बीच दीपक प्रोजेक्ट, सीमा सड़क संगठन के तहत कार्यरत कैजुअल पेड लेबरर को सर्दियों से जुड़ी आवश्यक सामग्री तुरंत उपलब्ध करवाई जाए। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि ठंड का मौसम समाप्त होने के बाद सर्दियों की सुविधाएं देने का कोई औचित्य नहीं रह जाता, इसलिए इस संबंध में की गई मांग को बिना देरी के पूरा किया जाना चाहिए।

न्यायाधीश राकेश कैंथला ने निर्देश दिए कि 17 दिसंबर 2025 को सिविल कमांडर, दीपक प्रोजेक्ट द्वारा मुख्यालय से की गई मांग पर 23 फरवरी 2026 तक या उससे पहले उचित कार्रवाई की जाए। कोर्ट ने चेतावनी दी कि यदि ऐसा नहीं हुआ तो महानिदेशक, सीमा सड़क संगठन को स्वयं अदालत में उपस्थित होकर स्थिति स्पष्ट करनी होगी।

# अधिकारी जनहित को सर्वोपरि रख करें कार्य : राज्यपाल शुक्ल

अनंत ज्ञान



परिविक्षाधीन अधिकारियों के साथ राज्यपाल। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज लोक भवन में भारतीय लेखा एवं लेखा परीक्षा सेवा के 2025 बैच के परिविक्षाधीन अधिकारियों से संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने लोक सेवा की गरिमा, जवाबदेही और शासन में सत्यनिष्ठा के महत्व पर अपने विचार साझा किए।

संवाद के दौरान राज्यपाल ने युवा अधिकारियों को कर्तव्यों के निर्वहन में दक्षता, पारदर्शिता और नैतिक आचरण को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं को सशक्त बनाने तथा सार्वजनिक संसाधनों के विवेकपूर्ण और पारदर्शी उपयोग को सुनिश्चित करने में भारतीय लेखा एवं लेखा परीक्षा सेवा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

राज्यपाल ने अधिकारियों से अपेक्षा जताई कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ करेंगे तथा जनहित को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करेंगे। इस अवसर पर परिविक्षाधीन अधिकारियों ने भी राज्यपाल के साथ अपने प्रशिक्षण और अनुभव साझा किए तथा उनके मार्गदर्शन को प्रेरणास्रोत बताया।

इससे पूर्व परिविक्षाधीन अधिकारियों ने लोक भवन का भ्रमण कर इसके ऐतिहासिक महत्व, वास्तुकला धरोहर और कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम में लेडी गवर्नर जानकी शुक्ला भी उपस्थित रहीं। इससे पहले राष्ट्रीय लेखा परीक्षा एवं लेखा अकादमी के महानिदेशक एस. आलोक ने राज्यपाल को सम्मानित किया।

# पहली बार विधानसभा पहुंचे विशेष आवश्यकता वाले बच्चे



हिमाचल विधानसभा परिसर में विशेष आवश्यकता वाले बच्चे सदन की कार्यवाही को नजदीक से देखते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए आज का दिन यादगार बन गया। बच्चों ने पहली बार विधानसभा का भ्रमण कर सदन की कार्यप्रणाली नजदीक से देखी और विधायक की भूमिका का अनुभव किया।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने बच्चों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि ये बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं।

### ◆ लोकतंत्र की कार्यप्रणाली से बच्चों को परिचित कराया

उन्होंने बच्चों की सोच को व्यापक बनाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में सरकार की प्रतिबद्धता जताई। मंत्री ने बताया कि स्कूलों में स्पेशल एजुकेटर्स की नियुक्ति की जा रही है और नई तकनीकों के माध्यम से शिक्षण को और प्रभावी बनाया जा रहा है। सभा में उप सचिव जितेंद्र सिंह कंवर ने बच्चों को विधानसभा की कार्यप्रणाली, इतिहास और विधायकों के अधिकारों की जानकारी दी। इस भ्रमण में 156 सदस्यों का दल शामिल था, जिसमें 96 विशेष आवश्यकता वाले बच्चे, स्पेशल एजुकेटर्स और समावेशी शिक्षा अधिकारी थे।

समग्र शिक्षा निदेशक राजेश शर्मा ने बताया कि एक्सपोजर विजिट में बच्चों को चंडीगढ़, अमृतसर, वाघा बॉर्डर और स्वर्ण मंदिर जैसी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक जगहों का भ्रमण करने का अवसर मिलेगा।

# लैब असिस्टेंट परीक्षा में धोखाधड़ी के आरोपी को नहीं मिली अग्रिम जमानत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने लैब असिस्टेंट परीक्षा में धोखाधड़ी के एक आरोपी को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि मामले में जांच अभी जारी है और इस स्तर पर अग्रिम जमानत देने से निष्पक्ष जांच प्रभावित हो सकती है, इसलिए याचिका स्वीकार नहीं की जा सकती।

न्यायाधीश राकेश कैंथला ने स्पष्ट किया कि याचिकाकर्ता के खिलाफ 18 मई 2025 को न्यू शिमला पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहिता 2023 की धाराओं 318(4) और 319 (2) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामला डीएवी पब्लिक स्कूल, सेक्टर-4, न्यू शिमला में आयोजित लैब असिस्टेंट परीक्षा से जुड़ा है, जहां आधार कार्ड और एडमिट कार्ड पर लगी तस्वीरें और हस्ताक्षर मेल नहीं खा रहे थे। जांच में सामने आया कि याचिकाकर्ता की जगह एक अन्य व्यक्ति परीक्षा देने पहुंचा था, जिसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। सीसीटीवी फुटेज की जांच में भी इसी बात की पुष्टि हुई।

# पठानिया ने लोकतंत्र और मीडिया की भूमिका पर रखा सशक्त पक्ष

अनंत ज्ञान



कुलदीप पठानिया के साथ अनुराग। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भारतीय संसद के तत्वावधान में 14 से 16 जनवरी तक आयोजित 28वें राष्ट्रमंडल देशों के स्पीकर और पीठासीन अधिकारियों के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां ने सक्रिय सहभागिता निभाई। इस सम्मेलन में राष्ट्रमंडल के दर्जनों देशों के राष्ट्रीय स्पीकर और पीठासीन अधिकारी शामिल हुए, साथ ही भारत के 28 राज्यों के विधानमंडलों के अध्यक्ष उपस्थित रहे। उद्घाटन सत्र का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संविधान सदन के केंद्रीय हॉल में किया और लोकतांत्रिक मूल्यों पर संबोधन दिया।

सम्मेलन के विभिन्न सत्रों में संसदीय कूटनीति, लोकतंत्र की मजबूती, वैश्विक शांति और बेरोजगारी, आतंकवाद, अलगाववाद व सीमा विवाद जैसे ज्वलंत मुद्दों पर विचार साझा किए गए। कुलदीप पठानियां ने लोकतांत्रिक संस्थाओं की भूमिका पर बल देते हुए कहा कि भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था विविधताओं के बावजूद मजबूत और प्रेरणादायक उदाहरण है।

पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने सोशल मीडिया, डिजिटल माध्यम और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बढ़ती भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि संसद और विधानसभाओं की चर्चाओं को आम जनता तक सही और तथ्यपरक रूप में पहुंचाना आवश्यक है, ताकि निर्वाचित प्रतिनिधियों और नागरिकों के बीच भरोसेमंद संवाद कायम रहे। सम्मेलन के एक चरण के बाद इसे अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया।

**बैठक** यूनेस्को-एचपी फ्यूचर्स परियोजना में खेल और ग्रीनिंग शिक्षा पर विशेष जोर

# शिक्षा मंत्री ने शिमला में शिक्षा सुधारों की दिशा की तय

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शिमला में यूनेस्को-एचपी फ्यूचर्स परियोजना की दूसरी स्टियरिंग कमेटी बैठक की अध्यक्षता की। समग्र शिक्षा द्वारा आयोजित इस बैठक में परियोजना के तहत अब तक की प्रगति की समीक्षा की गई और राज्य में शिक्षा सुधारों को और प्रभावी बनाने के लिए आगामी चरण की प्राथमिकताओं पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक का उद्देश्य फील्ड कंसल्टेशन से मिले अनुभवों को साझा करना और कार्यान्वयन की दिशा को स्पष्ट करना रहा।

शिक्षा मंत्री ने बताया कि एचपी फ्यूचर्स परियोजना वर्ष 2025 में यूनेस्को और राज्य सरकार के बीच हुए समझौते के बाद शुरू की गई थी। यह परियोजना राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 और राष्ट्रीय पाठ्यक्रम रूपरेखा-2023 के अनुरूप है, जिसका लक्ष्य राज्य में शिक्षा की गुणवत्ता, प्रासंगिकता और समानता को सुदृढ़ करना है। इसके माध्यम से नीति निर्माण और कक्षा स्तर की शिक्षा के बीच बेहतर तालमेल स्थापित किया जा रहा है।



बैठक के दौरान शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर व उपस्थित अधिकारी। अनंत ज्ञान

### ◆ स्टियरिंग कमेटी की दूसरी बैठक में प्रगति की समीक्षा, अगले चरण की रणनीति तय

रोहित ठाकुर ने कहा कि यह परियोजना तीन प्रमुख स्तंभों कॉम्पिटेंसी-बेस्ड एजुकेशन, खेल के माध्यम से शिक्षा और ग्रीनिंग एजुकेशन पर आधारित है। इन पहलों से छात्रों में रचनात्मक सोच, समस्या समाधान, अनुशासन, टीमवर्क, नेतृत्व और पर्यावरणीय जागरूकता जैसे गुण विकसित हो रहे हैं। अब तक राज्य भर में लगभग 200 शिक्षकों को खेल आधारित मूल्य शिक्षा का प्रशिक्षण दिया जा चुका है और भविष्य में अधिक स्कूलों को इस पहल से जोड़ा जाएगा।

### सरकार के प्रयासों से हिमाचल पूर्ण साक्षर राज्य घोषित

**शिक्षा** मंत्री ने कहा कि एचपी फ्यूचर्स का पूरा स्कूल और पूरा समुदाय दृष्टिकोण हिमाचल की शिक्षा व्यवस्था को भविष्य के लिए तैयार करने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार के निरंतर प्रयासों से राज्य को हाल ही में पूर्ण साक्षर राज्य घोषित किया गया है और असर, परख तथा एनएएस जैसे राष्ट्रीय आकलनों में राज्य ने अग्रणी स्थान हासिल किया है। बैठक में उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. अमरजीत के शर्मा, स्कूल शिक्षा निदेशक आशीष कोहली, परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा राजेश शर्मा, यूनेस्को के प्रतिनिधि तथा शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# महाराष्ट्र शहरी निकाय चुनावों में मोदी के नेतृत्व पर जनता की मुहर : राजीव बिंदल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने महाराष्ट्र के शहरी निकाय चुनावों के नतीजों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह परिणाम एक बार फिर साबित करते हैं कि नरेंद्र मोदी देश के सर्वश्रेष्ठ और सबसे भरोसेमंद नेता हैं। उनकी नीतियों, कार्यशैली और निर्णायक नेतृत्व पर जनता का विश्वास अडिग है, और यही विश्वास शहरी मतदाताओं के फैसले में स्पष्ट रूप से झलका है।

डॉ. बिंदल ने कहा कि देश की सबसे बड़ी महानगरपालिका मुंबई में भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन ने 130 सीटें जीतकर पूर्ण बहुमत हासिल किया, जबकि कांग्रेस 230 में से मात्र 14 सीटों पर सिमट गई। यह नतीजा कांग्रेस के लगातार कमजोर होते जनाधार का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि केवल मुंबई ही नहीं, बल्कि महाराष्ट्र के कुल 29 नगर निगमों में से 23 में भाजपा-महायुति को स्पष्ट बहुमत मिलना इस बात का संकेत है कि शहरी भारत विकास और स्थिर नेतृत्व के पक्ष में खड़ा है।



महाराष्ट्र शहरी निकाय चुनावों में जीत का जश्न मनाते भाजपाई। अनंत ज्ञान

उन्होंने आगे कहा कि बिहार के बाद महाराष्ट्र से आया यह संदेश राष्ट्रीय राजनीति की दिशा को और स्पष्ट करता है। कांग्रेस की नीतियां और नेतृत्व जनता की अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर पाए हैं, जबकि एनडीए का विकास मॉडल भरोसे का पर्याय बना है। यह चुनाव स्थानीय निकायों तक सीमित नहीं, बल्कि कांग्रेस के विरुद्ध जनमत और भाजपा के पक्ष में मजबूत जनादेश है, जिसे पार्टी विनम्रता के साथ स्वीकार कर देश और राज्यों के विकास के लिए और अधिक प्रतिबद्धता से कार्य करेगी।

शहरी निकाय चुनावों में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर शिमला स्थित भाजपा मुख्यालय में उत्सव का माहौल रहा। कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटीं और अभी तो महाराष्ट्र झांकी है, बंगाल और हिमाचल की अब बारी है, जैसे गगनभेदी नारों से परिसर को गुंजायमान कर दिया।

# ड्राई स्पेल से कांगड़ा व चंबा जिले की 30 फीसदी पेयजल योजनाएं प्रभावित

## समस्या से निपटने को कंटीजेंसी प्लान बनाने में जुटा जल शक्ति विभाग

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** करीब तीन माह से लगातार जारी ड्राई स्पेल के चलते जिला कांगड़ा और चंबा की 25 से 30 फीसदी पेयजल योजनाएं प्रभावित हो चुकी हैं। ऐसे में जल शक्ति विभाग ने भी ड्राई स्पेल से निपटने के लिए कंटीजेंसी प्लान बनाने की कवायद शुरू कर दी है। इस संबंध में विभाग को ईएनसी कार्यालय से दिशानिर्देश प्राप्त हुए हैं, जिसके तहत विभाग द्वारा पेयजल योजनाओं का हर शनिवार को रिव्यू किया जाएगा।

गौरतलब है किजिला कांगड़ा और चंबा में 1550 पेयजल योजनाएं हैं। जिनमें कांगड़ा में 750 और चंबा में 800 योजनाएं हैं। ड्राई स्पेल के कारण 25 से 30 फीसदी योजनाएं प्रभावित हो चुकी हैं। दिसंबर व जनवरी में सर्दियों की बारिश नहीं हो पाई हैं। ऐसी योजनाएं ज्यादा प्रभावित हुई हैं, जो झरनों व छोटे नालों पर आधारित हैं। इन योजनाओं के आधार पर कंटीजेंसी प्लान तैयार किया जा रहा है। इस संदर्भ में ईएनसी कार्यालय से भी निर्देश आए हैं तथा एक्सईएन डिजाइन जोनल कार्यालय को नोडल ऑफिसर नियुक्त किया गया है।

हर शनिवार को जिला कांगड़ा और चंबा की योजनाओं का रिव्यू किया जाएगा। जहां योजनाएं प्रभावित होने की समस्या है, उसे कैसे दूर किया जाए, इस पर कार्य किया जा रहा है।

इसी कड़ी में प्रयास रहेगा कि जहां पेयजल योजनाएं ज्यादा प्रभावित हैं, वहां वोरवेल हैं या फिर नए वोरवेल लगाकर योजनाओं को जोड़ा जाएगा। ब्यास और न्यूगल पर आधारित योजनाओं पर अभी ज्यादा प्रभाव देखने को नहीं मिला है। अभी पेयजल सप्लाई रूटीन की तरह दी जा रही है, हो सकता है कहीं 5 से 10 मिनट की कटौती हो।

### पेयजल वितरण अवधि में हो सकती है कटौती

**जल** शक्ति विभाग धर्मशाला जोन के चीफ इंजीनियर दीपक गर्ग बताया कि यदि ड्राईस्पेल आगामी 15 से 20 दिनों तक जारी रहता है तो पेयजल वितरण अवधि को कम करना पड़ सकता है, ज्यादा प्रभावित योजना वाले क्षेत्रों में एक दिन छोड़कर भी पानी देना पड़ सकता है। ड्राईस्पेल की समस्या से निपटने के लिए विभाग तैयार है।

### फसलें भी रही ड्राई स्पेल से प्रभावित

**बकौल** चीफ इंजीनियर कई जगहों पर सिंचाई सुविधा नहीं है, जो कि बारिश पर निर्भर हैं। ऐसे में ड्राईस्पेल के कारण फसलें भी प्रभावित हो रही हैं। विभाग की प्राथमिकता पेयजल है, जबकि सिंचाई के लिए भी कभी एक एरिया तो कभी दूसरे एरिया को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध करवाने हेतू कंटीजेंसी प्लान भी तैयार किया जा रहा है।

### जल्द बर्फ न पड़ी तो विकराल हो सकती समस्या

**चीफ** इंजीनियर ने बताया कि धर्मशाला, पालमपुर, चंबा व डलहौजी एरिया की नदियां बर्फ पर आधारित हैं। दिसंबर, जनवरी या फरवरी तक पहाड़ियों पर होने वाली बर्फबारी ही इन नदियों को गर्मियों व बरसात तक रिचार्ज रखती है। अभी तक बर्फबारी का एक ही स्पेल हुआ है। अगर जनवरी और फरवरी में बर्फबारी नहीं होती है तो, मार्च, अप्रैल और मई माह का समय पेयजल की दृष्टि से विकराल हो जाएगा। यदि ड्राईस्पेल फरवरी तक जारी रहा तो विभाग को हर योजना को ध्यान में रखकर अलग से कंटीजेंसी प्लान बनाना पड़ेगा।

### प्रयास रहता है कि टैंकर से सप्लाई की न हो जरूरत : गर्ग



**दीपक** गर्ग ने कहा कि विभाग का प्रयास रहता है कि गर्मियों में टैंकर से पेयजल सप्लाई की जरूरत न पड़े, लेकिन कुछ एरिया चिन्हित किए गए हैं, जहां ऐसी जरूरत पड़ सकती है, लेकिन जिस तरह से मौसम विभाग ने आगामी दिनों में बारिश की संभावना जताई है, उससे नहीं लगता कि टैंकर की जरूरत पड़ेगा।

## 'डिप्टी सीएम की धमकी व विक्रमादित्य के क्षेत्रवाद ने देवभूमि की छवि बिगाड़ी'

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भारतीय जनता प्रदेश के वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश इस समय संवैधानिक संकट और प्रशासनिक विफलता के दौर से गुजर रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का अपने मंत्रिमंडल पर से इकबाल खत्म हो चुका है, जिसके कारण मंत्री बेलगाम होकर न केवल अधिकारियों को धमका रहे हैं, बल्कि दूसरे राज्यों के विरुद्ध जहर उगलकर देश की एकता को भी चुनौती दे रहे हैं। त्रिलोक कपूर ने कहा कि यह बेहद चिंताजनक है कि उपमुख्यमंत्री सरेआम अधिकारियों को रात के अंधेरे में निपटाने की धमकी देते हैं। वहीं, मंत्री विक्रमादित्य सिंह अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए उत्तर प्रदेश और बिहार के अधिकारियों को अयोग्य बताकर क्षेत्रवाद की राजनीति कर रहे हैं। एनएचएआई के अधिकारियों को प्रताड़ित करने वाले मंत्री का विक्रमादित्य पर कटाक्ष करना यह सिद्ध करता है कि इस सरकार में कानून का नहीं, बल्कि जंगलराज का शासन है। त्रिलोक कपूर ने स्पष्ट किया कि जिस सरकार में केवल मित्र सुखी हों और आम जनता महंगाई व भेदभाव से त्रस्त हो, ऐसी सरकार को सत्ता में रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि सुखविंदर सिंह सुक्खू की सरकार अपने ही अंतर्विरोधों के बोझ से भरभरा कर गिर जाएगी। भाजपा जनता के हितों की रक्षा के लिए चुप नहीं बैठेगी और इस कुशासन के खिलाफ प्रदेशव्यापी आंदोलन छेड़ेगी।

# गढ़ जमूला स्कूल के विद्यार्थियों को दी चिट्टे से बचाव की जानकारी




गढ़ जमूला स्कूल में चिट्टा मुक्त अभियान के चलते बच्चों को जागरूक किया गया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गढ़ जमूला में हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा चिट्टा मुक्त अभियान के चलते, आयुष विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा नशीले पदार्थों के विषय में ज्ञान एवं बचाव (चिट्टे) के बारे में विद्यार्थियों को विशेष तौर पर जानकारी दी गई। जिसमें डॉ. अंकुश परशोग (आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र सालन) और डॉ. रविश वर्मा (आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र रोड़ा) आशीष मिश्रा (ए पीओ आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र सालन) की टीम द्वारा विद्यालय में इस शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही विद्यालय में फ्री स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया गया। इस शिविर में विद्यार्थियों की हीमोग्लोबिन और शुगर की जांच भी की गई। इस कैंप में लगभग 100 लाभार्थी शामिल हुए। इस कैंप को आयोजित करने के लिए विद्यालय की प्रधानाचार्या मीनू सूद ने आयुष विभाग हिमाचल प्रदेश पालमपुर के उपमंडल आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. तनुजा नागपाल का विशेष रूप से धन्यवाद किया।

अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या मीनू सूद ने डॉक्टर्स की पूरी टीम का धन्यवाद किया। इस कैंप को सफल बनाने के लिए एनएनएस स्वंयसेवियों और कार्यक्रम अधिकारी अजय सिंह (राज्य पुरस्कार विजेता), उषा गौतम और विकास नाग ने आयोजन के लिए डॉक्टरों की टीम का सहयोग किया।

## विराट हिंदू सम्मेलन 18 को

**अनंत ज्ञान, कोटला।** विराट हिंदू सम्मेलन, खंड कोटला (मंडल कोटला) का कार्यक्रम 18 जनवरी (रविवार) को सामुदायिक भवन कोटला में होगा। जिसमें मुख्य अतिथि श्रद्धेय स्वामी वेद प्रकाश महाराज होंगे। इस कार्यक्रम में हिमाचली लोकप्रिय गायक राज जैरी अपनी आवाज का जादू बिखेरेंगे। यह जानकारी संयोजक रविंद्र मन्हास, सह संयोजक अरविंद्र व सुभाष चंद ने देते हुए कहा कि रविवार को शोभा यात्रा प्रात: 10 बजे, भजन - कीर्तन प्रात: 10:30 बजे, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रात: 11 बजे से, प्रवचन मार्गदर्शन प्रात: 11:40 बजे और धाम 12:30 बजे से शुरू होगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं।

# पंजाब में लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा, भगवंत मान सरकार तानाशाही पर उतरी : विपिन परमार

अनंत ज्ञान



**डरोह।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व सुलह विधानसभा क्षेत्र के विधायक विपिन सिंह परमार ने प्रेस को दिए बयान में कहा कि पंजाब एक बार फिर इतिहास के उस खतरनाक मोड़ पर खड़ा है, जहां सत्ता के नशे में चूर सरकार ने लोकतंत्र, संविधान और प्रेस की आज़ादी को कुचलने का खुला ऐलान कर दिया है। आम आदमी पार्टी की भगवंत मान सरकार ने अब किसी पर्दे, किसी बहाने और किसी नैतिकता की जरूरत भी नहीं समझी। मीडिया पर हमला अब छिपा नहीं, बल्कि सरकारी ताकत के बल पर खुलेआम किया जा रहा है। पंजाब में आज सरकार नहीं, सत्ता का गिरोह चल रहा है। जो सवाल पूछेगा, उसे कुचला जाएगा। जो सच लिखेगा, उसकी बिजली काटी जाएगी, जो नहीं डरेगा, उसे पीटा जाएगा। उन्होंने कहा कि जो सरकार विज्ञापन रोककर मीडिया को झुकाना चाहती है, वह जनता की आवाज से डरती है। पूरा प्रशासन बदले की मशीन बन चुका है एफएसएसएआई, जीएसटी, आबकारी, फैक्ट्री विभाग, लेबर विभाग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, बिजली विभाग, एक-एक कर नहीं, एक साथ हमला। यह कोई संयोग नहीं, बल्कि सत्ता के शीर्ष से रची गई साजिश है। परमार ने कहा कि जो सरकार कलम से डरकर लाठी उठाए, वह सरकार नहीं, कायर सत्ता होती है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इन कर्मचारियों की एक-एक चोट का हिसाब लिया जाएगा। परमार ने कहा कि पंजाब में आज हालात अघोषित आपातकाल जैसे हैं।

मीडिया डरी हुई है, प्रशासन सत्ता के इशारे पर है, पुलिस राजनीतिक हथियार बन चुकी है। परमार ने राज्यपाल से तत्काल हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा कि अगर संवैधानिक प्रमुख भी चुप रहे, तो यह चुप्पी इतिहास में अपराध मानी जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी, अगर यह दमन नहीं रुका, तो पंजाब की सड़कों पर सरकार के खिलाफ जनआक्रोश फूटेगा।

# शाहपुर में जाइका के तहत खर्च किए जा रहे 6.75 करोड़ रुपए : केवल पठानिया

अनंत ज्ञान



किसान सुविधा केंद्र का लोकार्पण करते केवल सिंह पठानिया। अनंत ज्ञान

**शाहपुर।** शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के गोरड़ा गांव में फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना-2 (एचपीसीडीपी) के अंतर्गत जाइका-ओडीए के सहयोग से 21.30 लाख रुपये की लागत से निर्मित किसान सुविधा केंद्र का लोकार्पण शाहपुर के विधायक एवं उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए केवल सिंह पठानिया ने कहा कि यह किसान सुविधा केंद्र क्षेत्र के किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि इस केंद्र के माध्यम से किसानों को अपनी कृषि उपज के संग्रहण, ग्रेडिंग, पैकेजिंग एवं विपणन के लिए एक संगठित और सुव्यवस्थित मंच मिलेगा, जिससे उनकी आय में सतत वृद्धि सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि जाईका के सहयोग से संचालित एचपीसीडीपी परियोजना किसानों की आजीविका को सशक्त बनाने और कृषि को लाभकारी व्यवसाय के रूप में विकसित करने की दिशा में एक प्रभावी पहल है। केवल सिंह पठानिया ने जानकारी देते हुए बताया कि शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में एचपीसीडीपी परियोजना के अंतर्गत 6 उप-योजनाओं पर लगभग 6.75 करोड़ रुपये की राशि व्यय की जा रही है, जिससे करीब 1500 किसान परिवार प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होंगे। किसान सुविधा केंद्र के माध्यम से भविष्य में कृषि उत्पादों की बेहतर मार्केट लिंकेज, संग्रहण एवं मूल्य संवर्धन को बढ़ावा मिलेगा, जिससे किसानों की बिचौलियों पर निर्भरता कम होगी और उन्हें अपनी उपज का उचित व लाभकारी मूल्य प्राप्त हो सकेगा।

कार्यक्रम में जिला परियोजना प्रबंधक पालमपुर डॉ.योगिंदर पाल कौशल ने उप मुख्य सचेतक का स्वागत किया तथा जिले में जाईका के सहयोग से क्रियान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

## पर्यटकों और लोगों को कचरा न फैलाने के बारे में किया जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** वेस्ट वॉरियर्स संस्था के प्रोजेक्ट इकोदान के अंतर्गत शुक्रवार को मैक्लोडगंज के प्रमुख पर्यटन क्षेत्र में एक अनोखी जागरूकता गतिविधि आयोजित की गई। इस दौरान इकोदान की टीम ने भूत के रूप में वेशभूषा पहनकर पूरे बाजार में घूमते हुए पर्यटकों और स्थानीय लोगों को कचरा न फैलाने एवं सही तरीके से कचरा प्रबंधन करने का संदेश दिया। इस गतिविधि का मुख्य उद्देश्य लोगों का ध्यान आकर्षित कर उन्हें यह समझाना था कि यदि हम आज अपने आसपास गंदगी फैलाते हैं, तो वही गंदगी भविष्य में हमारे लिए भूत बनकर सामने आएगी। टीम के सदस्यों ने पर्यटकों और दुकानदारों से बातचीत कर उन्हें स्वच्छता, कचरा पृथक्करण (सूखा-गीला कचरा अलग करना) और जिम्मेदार पर्यटन के बारे में जागरूक किया। इकोदान प्रोजेक्ट का लक्ष्य पर्यटन स्थलों पर सस्टेनेबिलिटी को बढ़ावा देना, पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना और साफ-सुथरे हिमालय का संदेश देना है। इस अनोखे अभियान को पर्यटकों और स्थानीय लोगों का सकारात्मक सहयोग मिला।

# एससी बहुल बस्तियों की कनेक्टिविटी जरूरी : धीमान

## कहा-जिले में ऐसी सभी अनुसूचित जाति बस्तियों की विस्तृत सूची की जाए तैयार

अनंत ज्ञान



प्रदेश अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष बैठक करते हुए। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार धीमान ने आज कांगड़ा जिला में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अनुसूचित जाति से संबंधित एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित बस्तियों की आधारभूत समस्याओं, विशेषकर सड़क कनेक्टिविटी, कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन तथा लंबित मामलों की प्रगति की समीक्षा करना रहा।

अध्यक्ष कुलदीप धीमान ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि जिले में ऐसी सभी अनुसूचित जाति बस्तियों की विस्तृत सूची तैयार की जाए, जहां अभी तक सड़क संपर्क उपलब्ध नहीं है, और उसे शीघ्र आयोग को भेजा जाए, ताकि संबंधित योजनाओं के माध्यम से 100 प्रतिशत कनेक्टिविटी सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने अधिकारियों का ध्यान इस ओर भी आकृष्ट किया कि कई पात्र परिवारों के पास भूमि उनके नाम न होने के कारण वे आवास योजनाओं का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। ऐसे मामलों में विभागों को समन्वय बनाकर व्यावहारिक समाधान निकालने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, छात्रवृत्ति, लैपटॉप सहायता, उच्च शिक्षा प्रोत्साहन योजनाओं तथा दिव्यांग बच्चों को मिलने वाले लाभों की भी समीक्षा की गई।

अध्यक्ष कुलदीप धीमान ने अनुसूचित जाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत दर्ज मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कई मामलों में पीड़ितों पर समझौते का दबाव डाला जाता है, जो अत्यंत निंदनीय है। उन्होंने पुलिस एवं प्रशासन को निर्देश दिए कि ऐसे मामलों में निष्पक्ष जांच सुनिश्चित की जाए तथा पीड़ितों को समय पर राहत राशि और न्याय उपलब्ध कराया जाए।

उन्होंने कहा कि योजनाओं की जानकारी के अभाव में कई गरीब और वंचित लोग लाभ से वंचित रह जाते हैं। इसके लिए जिला स्तर पर अधिक से अधिक जागरूकता शिविर, कैंप और बैठकें आयोजित की जाएं, ताकि योजनाओं की जानकारी सीधे पात्र लाभार्थियों तक पहुंचे। बैठक में अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य एडवोकेट विजय डोगरा ने कहा कि सभी सम्बन्धित अधिकारी आयोग की बैठकों में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें और आयोग द्वारा अनुसूचित जाति के लाभार्थियों की सूची उपलब्ध करवाना भी सुनिश्चित करें ताकि आयोग अनुसूचित जाति को योजनाओं के लाभ मिलने की समीक्षा कर सके।

इस अवसर पर आयोग के सदस्य एडवोकेट दिग्विजय मल्होत्रा ने भी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन बारे सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये और अधिकारियों का से आह्वान किया कि वे सरकार की योजनाओं को पूरी ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ लागू करें, ताकि अनुसूचित जाति वर्ग के गरीब और वंचित लोगों को उनका वास्तविक लाभ मिल सके।

## स्मार्ट मीटर को लेकर बिजली उपभोक्ताओं से की सहयोग की अपील

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड के विद्युत उप-मंडल जयसिंहपुर की ओर से क्षेत्र में लगाए जाने वाले स्मार्ट मीटरों के संबध में क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं से आह्वान किया है वे इस कार्य में विभाग का सहयोग करें व किसी भी प्रकार का अनावश्यक विरोध न करें। विद्युत बोर्ड जयसिंहपुर के सहायक अभियंता तुलसी राम की और से जारी प्रैस बयान में कहा है कि कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली का बिल उपभोक्ताओं को घर पर नहीं दिया जाएगा। बिल की जानकारी उपभोक्ताओं को ऑनलाइन माध्यम से उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर और ई-मेल के जरिए उपलब्ध करवाई जाएगी। इसके अलावा उपभोक्ता बिजली बोर्ड की आधिकारिक मोबाइल ऐप के माध्यम से भी अपना बिजली बिल देख सकेंगे। सहायक अभियंता ने कहा है कि जिन उपभोक्ताओं का मोबाइल नंबर पंजीकृत नहीं है या बदल चुका है, वे शीघ्र अपने नजदीकी बिजली बोर्ड कार्यालय में जाकर उसे ठीक करवाएं, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा न हो। विद्युत उप-मंडल जयसिंहपुर के सहायक अभियंता की ओर से जारी इस बयान में कहा है कि स्मार्ट मीटर व्यवस्था से पारदर्शिता बढ़ेगी और उपभोक्ताओं को समय पर सही जानकारी मिल सकेगी। बोर्ड ने एक बार फिर क्षेत्रवासियों से सहयोग की अपील की है।

# 40 साल से नहीं बढ़ी कर्मचारी जीआईएस की राशि

## मेडिकल को फिक्स या ओपन करना भी लंबित : राजकीय टीजीटी कला संघ

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश में पिछले 40 साल से कर्मचारी जीआईएस की मासिक कटौती राशि नहीं बढ़ाई गई है। मात्र 2 लाख रुपए का बीमा कवर ही इसमें दे है जिसके लिए हिमाचल प्रदेश सिविल सर्विसेज ग्रुप इंश्योरेंस रूल्स, 1984 के अनुसार यह स्कीम 1 अप्रैल 1985 से लागू कटौती यथावत है। क्लास वन हेतु 36 रूपये बीमा और 84 रूपये सेविंग फंड, क्लास टू हेतु 18 रूपये बीमा और 42 रूपये सेविंग फंड, क्लास थ्री में 9 रूपये बीमा और 21 रूपये सेविंग फंड, क्लास फोर में बीमा 5 रूपये एवं सेविंग फंड 10 रूपये है। इस तरह सरकारी कर्मचारियों के बीमा हेतु 5 रूपये से लेकर 36 रूपये प्रीमियम लिया जाता है। वर्ष 2020 में 200 रूपये देकर 5 लाख रुपए स्वास्थ्य बीमा लाभ देने की अधिसूचना हुई थी। ऐसे में सूबे के लाखों कर्मचारियों का स्वास्थ्य और जीवन बीमा कवर अपर्याप्त है। इस राशि को रिवाइज कर हर कर्मचारी को न्यूनतम 50 लाख रुपए बीमा कवर देने हेतु सरकार प्रावधान करे। सेना के जवानों को केंद्र सरकार द्वारा एक करोड़ का दुर्घटना बीमा कवर दिया जा रहा है। ऐसे में यह राज्य कर्मचारियों हेतु बीमा कवर उच्च होना चाहिए।

### ◆ कैशलैस स्वास्थ्य सुविधा व न्यूनतम 50 लाख बीमा कवर की आवश्यकता

यह मांग राजकीय टीजीटी कला संघ ने मुख्यमंत्री और वित्त सचिव को भेजी है। संघ के प्रदेश महासचिव विजय हीर ने कहा कि कर्मचारियों को मेडिकल फिक्स या मेडिकल ओपन में से किसी एक विकल्प का चयन करने का अवसर शीघ्र प्रदान किया जाए। 31 दिसंबर 2025 को छठे वेतन आयोग का कार्यकाल समाप्त हो चुका है और परंपरा के अनुसार नए वेतन आयोग के प्रचलन के समय यह विकल्प एक बार खोला जाता है, लेकिन इस बार अब तक कर्मचारियों को यह विकल्प नहीं दिया गया है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश, गुजरात और केंद्र सरकार की तर्ज पर कैशलैस उपचार व्यवस्था के लिए पर्याप्त बजटीय प्रावधान किया जाए, ताकि कर्मचारियों और उनके आश्रितों को समय पर बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सके। गुजरात सरकार ने अपने सभी राज्य सरकारी कर्मचारियों और पेंशनरों के लिए कैशलैस हेल्थ सिक्यूरिटी स्कीम को मंजूरी दी है जिसमें पीएम-जय-मा के तहत प्रति परिवार 10 लाख तक कैशलैस इलाज का कवर मिलेगा। केंद्र सरकार ने परिपूर्ण मेडिक्लेम आयुष बीमा हेल्थ इंश्योरेंस प्लान को लॉन्च किया है, जो सरकारी कर्मचारी और परिवार के सदस्यों को नेटवर्केड अस्पतालों में कैशलैस ट्रीटमेंट सुविधा देता है और 10-20 लाख तक कवरेज प्रदान करता है।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना उत्तर प्रदेश सरकार की मुख्य स्वास्थ्य सुविधा है जो राज्य के सेवारत और रिटायर्ड कर्मचारियों तथा उनके परिवारों को स्टेट हेल्थ कार्ड जारी कर 5 लाख रुपए तक कैशलैस इलाज प्रदान करती है।

# 91 साल की अखंड आस्था का साक्षी बना गांव सनौली



बाबा नामदेव महाराज की स्मृति में कैलेंडर का अनावरण किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**शिवम शर्मा, परागपुर।** गांव सनौली में संत शिरोमणि बाबा नामदेव महाराज की पावन स्मृति में आयोजित 91वें वार्षिक उत्सव ने आस्था, परंपरा और सामाजिक एकता की अनुपम मिसाल पेश की। संत शिरोमणि नामदेव मंदिर कमेटी गांव सनौली के तत्वावधान में हुए इस आयोजन में नामदेव समाज महासभा हिमाचल प्रदेश द्वारा बाबा नामदेव महाराज की स्मृति में प्रकाशित वार्षिक कैलेंडर का भव्य अनावरण किया गया। सर्वप्रथम 11 कैलेंडर बाबा जी के चरणों में अर्पित किए गए तथा इसके उपरांत संगत में वितरित किए गए। महासभा की ओर से मंदिर कमेटी को 2100 की श्रद्धा राशि भेंट कर सामाजिक सरोकारों को और मजबूत किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष अंजन केशव, महासचिव अनिल कुमार, संस्थापक सदस्य राजेश नामदेव, बलदेव सिंह नामदेव, चांद रानी, विनोद कुमार, कृष्ण कुमार बिट्टू, सुशील शर्मा सहित कई उपस्थिति रही।

मंदिर कमेटी की ओर से प्रधान रामपाल व जनरल सेक्रेटरी धनीराम सहित समस्त पदाधिकारियों ने आयोजन को ऐतिहासिक बनाने में अहम भूमिका निभाई। भजन-कीर्तन की गूंज व विशाल भंडारे के साथ संपन्न हुआ यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बना, बल्कि गांव सनौली की सांस्कृतिक पहचान को भी नई मजबूती देकर गया। 91 वर्षों से चली आ रही यह परंपरा आज भी समाज को जोड़ने की अपनी शक्ति का सशक्त प्रमाण बनकर सामने आई।

## डाडासीबा फायर चौकी प्रभारी अजय का जवाली तबादला

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** डाडासीबा फायर ब्रिगेड चौकी को शुक्रवार को एक कर्तव्यनिष्ठ, निर्भीक और जनसेवा को समर्पित अधिकारी से विदा लेना पड़ा। करीब 2 वर्ष 3 माह तक चौकी प्रभारी के रूप में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले अजय कुमार का तबादला जवाली कर दिया गया। उनके स्थानांतरण की खबर से क्षेत्र में भावुक माहौल बन गया। अपने कार्यकाल में अजय कुमार ने आगजनी, आपदा और आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई कर डाडा सीबा क्षेत्र में सुरक्षा का भरोसा कायम किया। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने हर चुनौती का डटकर सामना किया और फायर ब्रिगेड की कार्यशैली को नई पहचान दिलाई। तबादले के अवसर पर फायर ब्रिगेड का समस्त स्टाफ, डाडा सीबा व्यापार मंडल प्रधान राजेंद्र सिंह गोगा, कोऑपरेटिव सोसायटी सचिव करनैल, कमल, प्रदीप सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। विदाई समारोह में वक्ताओं ने कहा कि अजय कुमार केवल अधिकारी नहीं, बल्कि जनता के संकट में खड़ा रहने वाला सच्चा प्रहरी बनकर उभरे।

**मीटिंग** कांगड़ा जिले की वार्षिक ऋण योजना 2025-26 की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित

# ऋण-जमा अनुपात बढ़ाने के लिए योजना तैयार करें बैंक: विनय

अनंत ज्ञान




वार्षिक ऋण योजना 2025-26 की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते एडीसी। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला मुख्यालय धर्मशाला स्थित डीआरडीए के सभागार में जिला की वर्ष 2025-26 की वार्षिक ऋण योजना के अंतर्गत सितंबर 2025 तक की उपलब्धियों एवं प्रगति की समीक्षा हेतु जिला स्तरीय सलाहकार समिति, जिला समन्वय समिति तथा जिला स्तरीय समीक्षा समिति की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले में कार्यरत सभी बैंकों द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार की गरीबी उन्मूलन योजनाओं के अंतर्गत की गई प्रगति तथा वार्षिक ऋण योजना 2025-26 के तहत सितंबर 2025 तक निर्धारित लक्ष्यों एवं उपलब्धियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार ने की।

अतिरिक्त उपायुक्त ने सभी बैंकों को ऋण-जमा अनुपात बढ़ाने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करने तथा शिक्षा ऋण और कृषि ऋण के वितरण में वृद्धि के निर्देश दिए। विनय कुमार कहा कि कि बैंक जिले के आर्थिक विकास में अपनी भूमिका को समझते हुए प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों में ऋण प्रवाह को और अधिक बढ़ाएं, जिससे आम जनता का आर्थिक स्तर सुदृढ़ हो सके। इस अवसर पंजाब नेशनल बैंक के अग्रणी जिला प्रबंधक कांगड़ा पृथ्वी रणवीर ने बताया कि जिला कांगड़ा के लिए वार्षिक ऋण योजना 2025-26 (01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026) के अंतर्गत 8945.20 करोड़ रुपये का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसके सापेक्ष सितंबर तिमाही के अंत तक बैंकों द्वारा 4474.68 करोड़ रुपये का ऋण वितरण किया गया, जो लक्ष्य का 50.02 प्रतिशत है।

उन्होंने बताया कि सितंबर 2025 तक जिले में सभी बैंकों द्वारा कुल 47,978.92 करोड़ रुपये की जमा राशि एकत्र की गई है, जबकि 12,183.31 करोड़ रुपये का ऋण वितरित किया गया। इस प्रकार जिले का ऋण-जमा अनुपात 25.39 प्रतिशत रहा है। ऋण-जमा अनुपात में सुधार हेतु सभी बैंकों को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में सितंबर 2025 तक प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में बैंकों ने 36.67 प्रतिशत, जबकि गैर-प्राथमिकता क्षेत्र में 162.04 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया है।

बैठक में बताया गया कि सितंबर 2025 तक कृषि क्षेत्र में 1718.21 करोड़ रुपये तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र में 3577.17 करोड़ रुपये के ऋण वितरित किए गए हैं। इस अवसर पर नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक हिमांशु साहू ने किसानों एवं किसान उत्पादक संगठनों के लिए ऋण प्रवाह सुदृढ़ करने हेतु ई-नेगोशिएबल वेयरहाउस रसीद, ई-किसान उपज निधि तथा एनबीएफसी/एफपीओ के लिए क्रेडिट गारंटी योजना जैसी पोस्ट-हार्वेस्ट एवं डिजिटल ऋण पहलों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने मत्स्य एवं जलीय कृषि अवसंरचना विकास निधि के तहत उपलब्ध अवसरों की जानकारी देते हुए कोल्ड चेन एवं भंडारण सुविधाओं सहित मजबूत अवसंरचना विकसित करने के लिए सभी हितधारकों से सहयोग का आह्वान किया।

## न्यूज ब्रीफ

### सिहूंड में घर में चोरी, मामला दर्ज व जांच शुरू

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** जिला के पुलिस थाना नगरोटा बगवां के अंतर्गत घर में चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार कमलेश कुमारी निवासी डाकघर सिहूंड ने पुलिस थाना नगरोटा बगवां में शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत के अनुसार वह 13 जनवरी को अपने परिवार सहित शादी समारोह में भाग लेने के लिए घर से बाहर गए थे। इसके बाद जब वो वापस लौटे तो उन्होंने देखा का घर के मेन डोर का ताला टूटा हुआ था और 55,000 रुपए नकदी सहित कुल 75,000 रुपए का सामान किसी न मालूम व्यक्ति ने चुरा लिया है। शिकायत के आधार पर पुलिस थाना नगरोटा बगवां में भारतीस न्याय संहिता की धारा 341(4),305 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### परीक्षा केंद्र अधीक्षक के लिए करें आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला ने शैक्षणिक सत्र 2025-2026 के लिए मार्च, 2026 में आयोजित की जाने वाली मैट्रिक व जमा दो कक्षा के नियमित एवं राज्य मुक्त विद्यालय की वार्षिक परीक्षा, कम्पार्टमेंट/अतिरिक्त विषय व श्रेणी सुधार परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु परीक्षा केन्द्र अधीक्षक एवं उप अधीक्षक की प्रतिनियुक्ति के लिए पात्र शिक्षकों से आवेवन आंमत्रित किए हैं। बोर्ड के अध्यक्ष डॉक्टर राजेश शर्मा ने बताया कि इच्छुक एवं पात्र शिक्षक 19 से 27 जनवरी तक केवल ऑनलाइन माध्यम से हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की आधिकारिक वेबसाईट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से स्कूल लॉग इन आई डी पर आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के उपरान्त किसी भी माध्यम से प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। निर्धारित समावधि समाप्त होने के पश्चात उक्त लिंक को वेबसाइट से हटा दिया जाएगा।

### अनमोल शर्मा बना जिला कांगड़ा का गौरव

**सालविया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पीर सलूही के मेधावी छात्र अनमोल शर्मा ने स्वर्ण जयंती मिडिल मेरिट स्कॉलरशिप योजना में शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे जिला कांगड़ा में छठा स्थान हासिल कर शिक्षा के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। अनमोल की इस सफलता ने न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित कर दिया है। यह प्रतिष्ठित छात्रवृत्ति परीक्षा स्टेट काउंसिल फॉर एजुकेशन रिसर्च एंड ट्रेनिंग सोलन द्वारा प्रदेश स्तर पर आयोजित की जाती है, जिसमें हिमाचल प्रदेश भर से केवल 100 मेधावी विद्यार्थियों का चयन किया जाता है। चयनित छात्रों को 50,000 प्रतिवर्ष की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है, जो उनकी शैक्षणिक प्रतिभा और मेहनत की पहचान है। अनमोल शर्मा की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री प्रदीप कुमार डोगरा ने छात्र को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता अनुशासन, निरंतर अध्ययन और शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने विद्यालय के समस्त शिक्षकों के प्रयासों की भी सराहना की।

### ग्रामीणों को बैंकिंग योजनाओं की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** केसीसी बैंक शाखा रैत द्वारा शुक्रवार को वित्तीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। नाबार्ड के सौजन्य से आयोजित शिविर में ग्रामीणों को बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान बैंक के असिस्टेंट मैनेजर पंकज धीमान सहित बैंक स्टाफ व ग्रामीण मौजूद रहे।

### नलसुहा में विशाल जागरण का आयोजन

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** जसवां परागपुर के तहत पड़ते नलसुहा स्थित गांव भरवाडिया बजीर बस्ती में 26वें विशाल महामाई के जागरण का आयोजन बड़ी ही धूम-धाम के साथ आयोजित हुआ। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी यह जागरण उक्त गांव में पुजारी शमशेर शेर सुपुत्र स्वर्गीय हरि सिंह व उनके परिवार द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें मां भगवती जागरण ग्रुप द्वारा महामाई व बाबा जी का गुणगान किया । इस कार्यक्रम में मास्टर संजीव कुमार जोगु,हर्ष ठाकुर,सौरव शर्मा,नीतीश मेहरा द्वारा ने महामाई व बाबा पहाडिया़ जी का गुणगान किया। 26वें विशाल जागरण में पंजाब सहित हिमाचल के विभिन्न स्थान से भक्तजनों ने यहां अपनी हाजरी लगाई। इस दौरान गुरु शमशेर सिंह द्वारा बाबा जी की कृपा से लोगों की समस्याओं का समाधान भी किया। जागरण में विशेष तौर जसवां परागपुर के विधायक व पूर्व मंत्री बिक्रम ठाकुर भी पहुंचे जहां उन्होंने विधिवत रूप से बाबा जी की पूजा अर्चना की। मन्दिर पुजारी ठाकुर शमशेर सिंह ने कहा कि हर वर्ष बाबा जी के दरबार में सैंकड़ों भक्त हाजरी लगाते हैं,इस बार भी भक्तों का हुजूम दरबार में देखने को मिला उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी इलाकवासी व ग्राम वासियों का आभार भी व्यक्त किया है।

### पालमपुर के प्रतिभागियों ने दिखाई प्रतिभा



**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर की रोवर- रेंजर इकाई के तीन रोवर और चार रेंजर्स ने 09 से 13 जनवरी 2026 तक छत्तीसगढ़ के बालोद जिले (ग्राम दुधली) में आयोजित प्रथम रोवर- रेंजर राष्ट्रीय जंबूरी में भाग लिया । राष्ट्रीय जंबूरी में भारत के सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों, रेलवे और केंद्रीय विद्यालय संगठन के लगभग 30,000 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। हिमाचल प्रदेश की ओर से कुल 240 रोवर्स-रेंजर्स और लीडर्स ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। महाविद्यालय पालमपुर की रोवर- रेंजर इकाई के तीन रोवर्स, अभिषेक, रिशव, अंकित तथा रेंजर्स में प्रियंका, पलक, अदिति, व प्रियांशी ने इस राष्ट्रीय शिविर में भाग लिया। महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर पंकज सूद ने इकाई प्रभारी तथा प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के शिविरों का आयोजन प्रतिभागियों में चरित्र निर्माण, आत्मविश्वास, नेतृत्व कौशल ,समाज सेवा तथा राष्ट्रीय एकता की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा साथ ही उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में तैयार करते हैं। महाविद्यालय रोवर्स- रेंजर्स इकाई के लीडर प्रोफेसर किरण तथा डॉ. रविंदर ठाकुर के मार्गदर्शन में शिविर में प्रतिभागियों ने ग्लोबल क्लास, पाइनरिंग, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, एथनिक फैशन शो, युवा संसद, हिमाचली संस्कृतिक नृत्य, बैकवुड कुकिंग जैसी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाई तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

# डाइट धर्मशाला को 637 लाख की पहली किस्त जारी

## सेंटर आफ एक्सीलेंस के तहत हो चुका है संस्थान का चयन

- ऑडिटोरियम, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक का होगा निर्माण
- सुविधाएं बढ़ेंगी और बड़े आयोजनों के लिए उपलब्ध होगा स्थानः राजेश शर्मा

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** डाइट धर्मशाला में ऑडिटोरियम व एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लाक का निर्माण किया जाएगा। साथ ही संस्थान भवनों की मरम्मत भी की जाएगी। यह निर्माण कार्य सेंटर आफ एक्सीलेंस के तहत स्वीकृत राशि से होंगे। इससे जहां संस्थान में सुविधाएं बढ़ेंगी, वहीं बड़े आयोजनों के लिए भी संस्थान पर्याप्त जगह उपलब्ध होगी। गौरतलब है कि सेंटर आफ एक्सीलेंस में डाइट धर्मशाला को स्वीकृति मिली है।



सेंटर आफ एक्सीलेंस के तहत होने वाले कार्य जल्द धर्मशाला में शुरू हो जाएंगे। डाइट धर्मशाला को 14 करोड़ के करीब बजट उपलब्ध होगा, जिससे ऑडिटोरियम, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लाक का निर्माण होने के साथ कुछ पैसा मरम्मत व देखरेख पर खर्च होगा। सेंटर आफ एक्सीलेंस के तहत डाइट धर्मशाला को पहली किस्म के रूप में 637 लाख रुपए प्रदेश सरकार के पास आ चुके हैं। ऐसे में डाइट प्रबंधन को उम्मीद है कि जरूरी औपचारिकताएं पूर्ण होने के साथ एक्सीलेंस सेंटर हेतू जरूरी कार्य जल्द शुरू हो जाएंगे।

डाइट संस्थानों में कुछ सुविधाएं नहीं होती हैं, जबकि सेंटर आफ एक्सीलेंस संस्थानों में सुविधाओं में इजाफा होता है साथ ही जो इंटरवेंशन कार्य होते हैं, उन्हें भी बड़े स्तर पर किया जा सकता है।

उधर, डाइट धर्मशाला के प्रिंसिपल राकेश शर्मा ने बताया कि डाइट की कई इंटरवेंशन होती है, कई राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम होते हैं, ऑडिटोरियम निर्माण होने से डाइट प्रशासन को अन्यत्र जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी, यानी विभिन्न प्रकार के आयोजनों के लिए डाइट धर्मशाला में ही पर्याप्त स्थान उपलब्ध होगा। सेंटर आफ एक्सीलेंस के तहत मिलने वाली 14 करोड़ रुपए की राशि में से 637 लाख रुपए सरकार के पास आ चुके हैं।

# आरोपी प्रोफेसर-दो छात्राओं की अंतरिम जमानत की अवधि आज होगी समाप्त

छात्रा मौत मामला

अनंत ज्ञान फॉलोअप

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला की छात्रा मौत मामले में पुलिस विभाग की ओर से रैंगिंग-यौन उत्पीड़न पर शनिवार को न्यायालय में अहम सुनवाई होनी है। इस मामले में आरोपी प्रोफेसर व दो छात्राओं की अंतरिम जमानत अवधि भी समाप्त हो रही है। सुनवाई में उक्त की जमानत पर भी फैसला होगा। वहीं, पुलिस की ओर से भी 12 जनवरी को न्यायालय में मामले की स्टेटस रिपोर्ट जमा करवाई गई थी। हालांकि मामले में अब तक अहम मानी जा रही मेडिकल बोर्ड व डिजिटल साक्ष्य कुछेक आना बाकि है। जिससे मामले में कई परतें उठ सकती हैं।

मिली जानकारी के अनुसार छात्रा मौत मामले को सुलझाने के लिए शुक्रवार को भी पुलिस द्वारा मामले को लेकर गहन पहलू एकत्रित करने को लेकर आरोपियों, परिजनों व सहपाठियों से पूछताछ का दौर जारी रहा। फोरेंसिक लैब में भी दो अन्य आरोपी छात्राओं के मोबाईल भी जांच को दिए गए हैं, जिससे कि मामले में कोई अहम इनपूट पुलिस के हाथ लग सकें। अब आरएफएसएल से भी बाकी बची डिजिटल रिपोर्ट व मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट का इंतजार है। गौरतलब है कि धर्मशाला कॉलेज की 19 वर्षीय छात्रा की 26 दिसंबर को संदिग्ध अवस्था में हुई मौत के बाद इस मामले ने 31 दिसंबर व एक जनवरी को वीडियो वायरल होने के बाद तूल पकड़ा था। इस मामले में एक ऑनलाईन शिकायत 20 दिसंबर को भी गई थी, जिसमें बिना शिकायत पक्ष को सुने हुए ही निपटाया बताया गया था। अब मामले में आरोपियों, कॉलेज सहपाठियों, शिकायतकर्ता के भी लगातार ब्यान दर्ज करवाए जा रहे हैं। अधिकतर आरोपी अंतरिम जमानत पर चल रहे हैं, जिनकी अब 17 जनवरी को न्यायालय में सुनवाई हो। उधर, इस संबंध में पुष्टि करते हुए पुलिस अधीक्षक कांगड़ा आईपीएस अशोक रत्न ने बताया कि मामले को लेकर पुलिस की ओर से हर पहलू की जांच पड़ताल की जा रही है।

## हैप्पी बर्थडे



झरेट के सिद्धार्थ को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### विधायक सुधीर का कदम कारोबारियों का साथ देने वाला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** स्मार्ट सिटी धर्मशाला के तहत दाड़ी मैदान में लगने वाले ट्रेड फेयर को धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा ने रुकवा दिया है। शहर के सभी व्यापार मंडलों ने इसे सुधीर शर्मा की निडरता और समय पर कारोबारियों का साथ देने वाला कदम बताया है। शुक्रवार को धर्मशाला में जारी बयान में सभी प्रमुख व्यापार मंडलों ने सुधीर शर्मा का आभार जताया है। दाड़ी व्यापार मंडल अध्यक्ष हर्ष ओबराय ने कहा कि धर्मशाला शहर को स्मार्ट सिटी का दर्जा दिलाने वाले सुधीर शर्मा हमेशा गंभीर मसलों पर जनता के पक्ष में बोलते हैं। कचहरी के प्रमुख व्यवसायी सुनीश माटा ने कहा कि ट्रेड फेयर से स्थानीय कारोबारियों को नुकसान हो रहा था। लोकल कारोबारियों का पक्ष रखने वाला नेता सिर्फ सुधीर शर्मा हैं। भाजपा मंडल ग्रामीण के अध्यक्ष भवनेश चौधरी ने कहा कि लोकल दुकानदारों को नुकसान पहुंचाने वाले ट्रेड फेयर को रुकवाकर लोकप्रिय विधायक सुधीर शर्मा ने शानदार काम किया है। भाजपा महासचिव राजेश वर्मा ने कहा कि ट्रेड फेयर को रुकवाकर विधायक ने कारोबारियों का साथ देकर बेहतरीन काम किया है। एमसी धर्मशाला ने निमयों में बदलाव करते हुए 10 दिनों की अनुमति को पूरी तरह से बंद कर दिया है। इसके साथ ही अब मात्र पांच दिन ही कामर्शियल ट्रेड फेयर व मेले धर्मशाला में लगाने की अनुमति दी जाएगी। जिसमें मात्र दो दिन पहले मेला लगाने व दो दिन उखाडऩे के लिए रखे जाएंगे।

## 78वें राइजिंग डे पर कालीधार बटालियन के शौर्य और बलिदान को किया नमन



कालीधार बटालियन ने पपरोला में मनाया 78वां राइजिंग डे। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** नवीं बटालियन पंजाब रेजीमेंट कालीधार द्वारा 78वां राइजिंग डे का जिला स्तरीय कार्यक्रम शुक्रवार को पपरोला में मनाया गया। इसमें लगभग 50 से अधिक भूतपूर्व सैनिकों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बैटरन भूतपूर्व हवलदार जगदीश चंद्र ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि बड़ा हर्ष का विषय है कि आज हम 78वां स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से मना रहे हैं तथा कालीधार बटालियन की इस अमर आत्मा को सम्मान कर रहे हैं जिसने सदियों से वीरता का इतिहास लिखा है। उन्होंने कहा कि इतिहास स्याही से नहीं बल्कि जांबाज जवानों के शौर्य और बलिदान से लिखा गया है। एसोसिएशन के प्रधान सूबेदार मेजर रमेश परिहार ने कहा कि नवीं बटालियन पंजाब रेजीमेंट की 78 वें स्थापना दिवस के अवसर आज जिला स्तरीय कार्यक्रम पपरोला में मनाया गया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में सभी एक्स सर्विसमैन इकट्ठा होकर भाईचारे के रूप में मनाते हैं।

इस कार्यक्रम के दौरान पंजाब रेजीमेंट बटालियन के बारे में विस्तृत जानकारी सांझा करते हैं तथा सर्विस के दौरान किस प्रकार से कार्य किए हैं उसे बारे में भी एक दूसरे की बातों को सांझा किया जाता है। इस अवसर पर सूबेदार दीपचंद, सूबेदार बलवंत सिंह, सूबेदार सुरेश कुमार, हवादार अतुल जमवाल, अजय कुमार आदि के भूतपूर्व सैनिक मौजूद रहे।

### लोक लेखा समिति ने प्रवास के दौरान गुजरात के राज्यपाल से की मुलाकात

## प्राकृतिक खेती को लेकर उठाए कदम बताए

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल विधानसभा की लोक लेखा समिति ने शुक्रवार को अपने गुजरात प्रवास के दौरान गांधीनगर में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत से मुलाकात की तथा हिमाचल में प्राकृतिक खेती को लेकर हुए कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

गौरतलब है कि विधानसभा की लोक लेखा समिति अध्यक्ष अनिल शर्मा सहित सदस्यों केवल सिंह पठानिया, विधायक संजय रत्न, विधायक इंद्र सिंह, बलबीर वर्मा, विधायक जनक राज, विधायक जीतराम कटवाल, विधायक मलेंद्र राजन विधायक कैप्टन रणजीत सिंह विभिन्न विषयों के अध्ययन के लिए गुजरात प्रवास पर है। यह जानकारी देते हुए विधानसभा के उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि गांधीनगर में राज्यपाल देवव्रत के साथ हिमाचल में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के कदमों की विस्तार से जानकारी दी तथा राज्यपाल ने हिमाचल प्रदेश में प्राकृतिक खेती की दिशा में बेहतर कार्य की सराहना भी की गई। केवल सिंह पठानिया ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन, प्रशिक्षण एवं प्रोत्साहन के माध्यम से प्राकृतिक खेती को जन आंदोलन बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे इस दिशा में आगे बढक़र आने वाली पीढियों के लिए स्वस्थ पर्यावरण और सुरक्षित अन्न सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी कृषि जलवायु क्षेत्रों में किसान और बागवान विभिन्न फसलों व फलों को सफलतापूर्वक प्राकृतिक विधि से उगा रहे हैं। प्रदेश में अभी तक 3 लाख 6 हजार किसान बागवानों को प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण दिया गया है। राज्य की 3584 पंचायतों में तीन लाख से अधिक किसान अब 38,437 हेक्टेयर भूमि पर प्राकृतिक तरीके से विविध फसलें ले रहे हैं।



गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत से मुलाकात करते हुए। अनंत ज्ञान

# योल बाजार में तीन वाहनों की टक्कर, मची अफरा-तफरी

## दो कारों में हुई भिड़ंत, पीछे से आ रहा स्कूटर भी टकराया, आवारा पशुओं को बताया जा रहा कारण

अनंत ज्ञान

**मनोज चंदेल, योल।** शुक्रवार सुबह योल बाजार में एक के बाद एक तीन वाहनों की टक्कर से अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पहले दो कारें आपस में पीछे से भिड़ीं, इसी दौरान पीछे से आ रहा एक स्कूटर भी जोरदार टक्कर के साथ इन गाड़ियों से जा टकराया। हादसे में स्कूटर सवार कुछ समय के लिए अचेत हो गया, जिससे मौके पर मौजूद लोग घबरा गए। हालांकि थोड़ी देर बाद उसे होश आ गया और राहत की बात यह रही कि उसे कोई गंभीर चोट नहीं आई। हादसे में स्कूटर को भारी नुकसान पहुंचा है, जबकि दोनों कारों को भी काफी क्षति हुई है। जानकारी के अनुसार, तीनों वाहन चालकों ने आपसी सहमति से मामला निपटाते हुए नुकसान की भरपाई इंश्योरेंस के माध्यम से कराने का निर्णय लिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस दुर्घटना के पीछे मुख्य कारण बाजार क्षेत्र में लंबे समय से जमे हुए आवारा और बेसहारा पशु हैं। आसपास के घरों और दुकानों के लोग अक्सर इन्हें खाने के लिए कुछ न कुछ डाल देते हैं, जिससे ये पशु यहीं डटे रहते हैं। अचानक सडक़ पर पशुओं के आ जाने से वाहन चालकों को ब्रेक लगाने पड़ते हैं और इसी वजह से ऐसी दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

### समस्या गंभीर, गोशाला में जल्द छोड़े जाएंगे आवारा पशु : सुरेश



**वाघनी** पंचायत प्रधान सुरेश पप्पी ने भी माना कि यह समस्या गंभीर है और इसके समाधान के लिए संबंधित विभागों से बात की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन से बात करके बहुत जल्दी इन आवारा पशुओं को किसी गौशाला में छोड़ने की व्यवस्था की जाएगी।

### जीप के आगे अचानक बछड़ा आने से हुआ हादसा : सुमन



**घटना** के प्रत्यक्षदर्शी सुमन कुमार, जो योल बाजार में एक सुनार की दुकान पर काम करते हैं। उसने बताया कि हादसे के समय ट्रैफिक सामान्य दिनों की तरह ही चल रहा था। उन्होंने कहा कि जीप के आगे अचानक एक छोटा बछड़ा आ गया, जिस पर चालक ने तुरंत ब्रेक लगा दिए। उसी दौरान पीछे से आ रही एक अन्य गाड़ी, जो ओवरटेक करने की कोशिश कर रही थी, जीप से टकरा गई। इसके बाद पीछे से आ रहा स्कूटर भी संतुलन न संभाल पाने के कारण गाडिय़ों से जा टकराया।

### बाजार में पशुओं को खाना डालना बन रहा वजह: ताजेश्वर सिंह



**स्थानीय** व्यापारी ताजेश्वर सिंह का कहना है कि बाजार क्षेत्र में आवारा पशुओं को खाना डालने की आदत अब गंभीर समस्या बनती जा रही है। उन्होंने कहा कि यहां पशुओं को खाना न डालें। आज जो हादसा हुआ, वह होना ही था। कुछ दुकानदार रोज़ाना यहीं खाना डाल देते हैं, जिससे पशु यहीं जमा रहते हैं। सुबह के समय बच्चों और आम लोगों के आने-जाने में परेशानी होती है और आसपास कचरा भी फैलता है। सभी को मिलकर साफ़-सफाई और सुरक्षा का ध्यान रखना चाहिए।

### आवारा पशुओं को खुले स्थान पर खाना डालने की अपील : अक्षत



**व्यापार** मंडल योल के अध्यक्ष अक्षत मैनी ने कहा कि इस समस्या को लेकर आम लोगों की भी जिम्मेदारी बनती है। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति आवारा पशुओं को खाना डालना चाहता है तो उसे बाजार या सडक़ किनारे न डालकर किसी खुली जगह में डालना चाहिए। इससे दुर्घटनाओं की आशंका कम होगी। साथ ही हम प्रशासन से भी मांग करेंगे कि इस समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाए, ताकि बाजार क्षेत्र में लोगों को परेशानी न हो।

## पूर्व छात्रा की शादी के लिए स्कूल शिक्षकों ने दिया आर्थिक सहयोग

अनंत ज्ञान



**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** बैजनाथ उपमंडल की बंडीया पंचायत से संबंध रखने वाले आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बेटी शिवानी देवी के विवाह में उसके गुरुजन सहयोग की मिसाल बने। शिवानी देवी ने अपनी 12वीं की शिक्षा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कृष्ण नगर से उत्तीर्ण की है। हाल ही में जब उसकी शादी तय हुई तो सीमित आर्थिक संसाधनों के कारण विवाह संबंधी खर्चों की चिंता उसे सताने लगी।

इस स्थिति में शिवानी देवी ने अपने शिक्षकों से सहायता का आग्रह किया। वर्तमान में कृष्ण नगर स्कूल में इतिहास विषय के प्रवक्ता अनिल राणा, इसी विद्यालय से सेवानिवृत्त हिंदी प्रवक्ता एवं लेखक अनुज आचार्य (पपरोला) तथा सरवन कुमार ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए सहयोग के लिए हाथ बढ़ाया। शुक्रवार को अनुज आचार्य ने अपनी बेटी एवं दामाद शुभम शर्मा और आयुषी के साथ मिलकर 31 हजार रुपये का चेक प्रदान किया। वहीं अनिल राणा ने 40 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी, जबकि उनके ससुर जगदीश चंद गुलेरिया ने 21 हजार रुपये नकद भेंट किए। इसके अतिरिक्त सरवन कुमार ने 15 हजार रुपये का चेक प्रदान किया।

जिला परिषद सदस्य अनिल कटोच तथा बंडीया पंचायत के पूर्व प्रधान तिलक राज डोगरा की उपस्थिति में सभी सहयोगी शिक्षकों ने शिवानी देवी के घर जाकर कुल एक लाख सात हजार रुपये की नकद एवं चेक राशि भेंट की। शिक्षकों के इस सहयोग से आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बेटी का विवाह सम्मानपूर्वक और धूमधाम से संपन्न होने का मार्ग प्रशस्त हुआ। गुरुजनों की यह पहल न केवल सामाजिक संवेदनशीलता का उदाहरण है।

# 35 किसानों को मिला मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण

## पालमपुर में पांच दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

अनंत ज्ञान

**अजय पाल, पालमपुर।** उद्यान विभाग द्वारा पालमपुर में आयोजित पांच दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन हुआ। 12 जनवरी से 16 जनवरी तक आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में चंबा जिला के विकास खंड तीसा और हमीरपुर व कांगड़ा के कुल 35 किसानों को मशरूम उत्पादन की आधुनिक तकनीक, खाद निर्माण (कंपोस्टिंग), मूल्य वर्धन, विपणन (मार्केटिंग) तथा बैंक ऋण सुविधा जैसी अनेक महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं।

समापन समारोह में संयुक्त निदेशक उद्यान डॉ. कमलशील नेगी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में मशरूम उत्पादन कम भूमि में अधिक लाभ देने वाला व्यवसाय है, जिसे समूह बनाकर करने से लागत कम होती है और मुनाफा अधिक होता है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे इस स्वरोजगार को अपनाकर आत्मनिर्भर बनें और अन्य ग्रामीणों को भी रोजगार उपलब्ध कराएं। इस अवसर पर मशरूम विकास परियोजना पालमपुर के विशेषज्ञ डॉ. हितेंद्र पटियाल ने भी किसानों को वैज्ञानिक तरीके से मशरूम उत्पादन की शुरुआत, रखरखाव और विपणन की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही, बागवानी के विशेषज्ञ डॉ. संजीव नारयाल, डॉ. राजेश पटियाल, डॉ. हितेश ठाकुर श्रीमती किरण ने भी विषयवार प्रशिक्षण प्रदान किया और किसानों के सवालों के उत्तर दिए। साथ ही किसानों को उद्यान विभाग द्वारा मशरूम उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्यान्वित की जा रही अनुदान योजनाएं के तहत 20×12×10 फुट के साधारण मशरूम हाउस पर 1 रूपए लाख का अनुदान, जिससे कोई भी लघु किसान 2 से 5 लाख रुपये वार्षिक आय अर्जित कर सकता है। हाईटेक मशरूम यूनिट के निर्माण पर 15 रुपए लाख तक का अनुदान दिया जाता है, जिससे कोई भी उद्यमी 15 से 20 लाख रुपये वार्षिक आय प्राप्त कर सकता है। इस योजना से न केवल किसान बल्कि बेरोजगार युवा भी स्वावलंबी बन सकते हैं और गांवों में ही स्वरोजगार के अवसर पैदा कर सकते हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हंस फाउंडेशन व मशरूम विकास परियोजना पालमपुर द्वारा किया गया, जिसे मशरूम विकास परियोजना, पालमपुर का तकनीकी सहयोग प्राप्त हुआ।



मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण के दौरान सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

**प्रतियोगिता** कांगड़ा जिले के पीएमश्री स्कूलों का जिलास्तरीय बाल मेला डाइट धर्मशाला में किया आयोजित

# भाषण में अक्षिता, साइंस प्रोजेक्ट में आदित्य प्रथम

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा स्थित पीएमश्री स्कूलों का जिला स्तरीय बाल मेला शुक्रवार को डाइट धर्मशाला में आयोजित किया गया। जिला में पीएमश्री प्राइमरी स्कूल 5, हाई स्कूल 2 और सीनियर सेकेंडरी स्कूल 23 हैं, जिनके बच्चों ने बाल मेले में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। डाइट धर्मशाला के प्रिंसिपल राकेश शर्मा ने बताया कि जिला स्तरीय बाल मेले से पहले जोन स्तर पर बाल मेलों का आयोजन किया जाता है, जिनका आयोजन पालमपुर, राजा का तालाब, देहरा व कांगड़ा जोन में किया गया था। जिन बच्चों ने जोन स्तर पर आयोजित बाल मेले में अच्छा प्रदर्शन किया था, उन्होंने जिला स्तरीय बाल मेले में विभिन्न चार कैटागिरी में भाग लिया। उन्होंने बताया कि बाल मेले में फन गेम्स, सोलो सांग, साइंस प्रोजेक्ट, कविता पाठ, फेस पेंटिंग सहित हर कैटागिरी में 10-10 गतिविधियां आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने भाग लिया। जिला स्तरीय बाल मेले की विभिन्न गतिविधियों में पहला स्थान हासिल करने वाले बच्चे राज्य स्तरीय बाल मेले में भाग लेंगे।

डाइट धर्मशाला में धर्मशाला में आयोजित बाल मेले में छठी से लेकर आठवीं तक में भाषण प्रतियोगिता में पालमपुर जोन की अक्षिता प्रथम स्थान रही। साइंस प्रोजेक्ट में धीरा जोन का आदित्य प्रथम, पंचरुखी जोन से अंजलि अराध्या द्वितीय, जबकि राजा का तालाब जोन से पवन तृतीय रहा। ग्रुप डांस में कांगड़ा जोन की अवंतिका एंड फ्रेंडस प्रथम व धीरा जोन से आयुष एंड फ्रेंडस द्वितीय रहे। ग्रुप सांग में धीरा जोन अर्नव एंड फ्रेंडस प्रथम रहे। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में राजा का तालाब जोन से आरुषि व श्रुति संयुक्त रूप से पहले स्थान पर रही, जबकि देहरा जोन से कनिष्का व अभिमन्यू द्वितीय रहे। कांगड़ा जोन से अस्मिता व आर्यन तृतीय रहे। कविता में कांगड़ा जोन से माही प्रथम, राजा का तालाब से सोनाक्षी द्वितीय रही। क्रिएटिव राइटिंग में देहरा से श्रुति प्रथम, पालमपुर से कामाक्षी द्वितीय जबकि कांगड़ा से चंचल ठाकुर तृतीय रही। सोलो डांस में कांगड़ा से दीक्षा प्रथम, देहरा की शेरिन द्वितीय व राजा का तालाब की भान्या तृतीय रही। सोलो सांग में पंचरुखी का शिवांश प्रथम, कांगड़ा की सृष्टि द्वितीय रही।

शतरंज में राजा का तालाब का प्रियांशु प्रथम रहा। स्किट एंड ड्रामा में देहरा की जसप्रीत एंड फ्रेंडस पहले स्थान पर रहे। बाल मेले में नौवीं से लेकर जमा दो तक के बच्चों की प्रतिस्पर्धाओं के तहत भाषण प्रतियोगिता में पालमपुर की आशा ठाकुर प्रथम, साइंस प्रोजेक्ट में कांगड़ा से राधिका, ग्रुप डांस में कांगड़ा की गौरी एंड फ्रेंडस, ग्रुप सांग में अक्षिता, प्रश्नोत्तरी में देहरा से अदिति सागर, सोलो डांस में राजा का तालाब की मन्नत, सोलो सांग में पंचरुखी की अंकिता, कविता में कांगड़ा की श्रुति, क्रिएटिव राइटिंग में देहरा की ईशा, शतरंज में राजा का तालाब का तनिष्क प्रथम रहे।




कांगड़ा जिले के पीएमश्री स्कूलों के जिला स्तरीय बाल मेले के विजेता बच्चों को सम्मानित किया गया। अनंत ज्ञान

## न्यूज ब्रीफ

### भराड़ी में चिट्टे के खिलाफ समितियां गठित

**अनंत ज्ञान, भराड़ी।** संस्कार सोसायटी घुमारवीं द्वारा भराड़ी में आयोजित घुमारवीं अगेंस्ट चिट्टा अभियान की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि भराड़ी क्षेत्र की पंचायतों में गांव स्तर पर समन्वय व जागरूकता समितियों का गठन किया जाएगा। इसका उद्देश्य चिट्टा जैसे घातक नशे के विरुद्ध अभियान को जमीनी स्तर तक मजबूत करना है। बैठक संस्था के अध्यक्ष कुंदन रतवान एवं अभियान संयोजक सुनील शर्मा की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान भराड़ी जोन के अंतर्गत घणडालवी, मरहाना, भराड़ी सलाओ, भपराल, लंझटा, गतवाड़, लैहरी, सरेल और बरोटा पंचायतों की समितियों का गठन किया गया। पृथ्वी सिंह (पूर्व पंचायत प्रधान एवं भराड़ी व्यापार मंडल अध्यक्ष) को भराड़ी जोन का संयोजक नियुक्त किया गया। आईडी शर्मा (जिला परिषद सदस्य) तथा अजय शर्मा (उपप्रधान, गतवाड़) को उप-संयोजक बनाया गया। वहीं गायत्री देवी, कामराज, कृष्ण सिंह ठाकुर, सरोज शर्मा, देशराज, चमन, देवेंद्र, अमित कश्यप और मदन मोहन को सह-संयोजक नियुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त मदन धीमान, करतार चौधरी, वेद प्रकाश, जयकृष्णा, सुनील शर्मा, नीता जसवाल सहित अन्य को समिति का सदस्य बनाया गया। संस्था के संस्थापक महेंद्र धर्मानी ने कहा कि संस्कार सोसायटी वर्ष 2023 से लगातार घुमारवीं अगेंस्ट चिट्टा अभियान चला रही है। गांव स्तर पर समितियों के गठन से नशे के खिलाफ यह अभियान और प्रभावी होगा तथा युवा पीढ़ी को चिट्टा जैसे घातक नशे से बचाने में मदद मिलेगी।

### एम्स निदेशक ने किया ईसीएचएस का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** एम्स बिलासपुर के कार्यकारी निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल दलजीत सिंह, ने ईसीएचएस बिलासपुर का दौरा एवं निरीक्षण भी किया। ईसीएचएस ओआईसी कर्नल रूपेंद्र चंदेल ने निरीक्षण के दौरान एम्स बिलासपुर को ईसीएचएस पैनल में शामिल करने का विषय उठाया और बताया कि प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है, केवल डिजिटल हस्ताक्षर शेष हैं। इस पर लेफ्टिनेंट जनरल दलजीत सिंह ने शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। उनके साथ ब्रिगेडियर जगदीश चंद वर्मा, वीएसएम, ग्रुप कैप्टन आरएस राजपूत, कर्नल राजेंद्र कुमार (घुमारवीं), हिमाचल प्रदेश वेटरन सैनिक कल्याण एवं विकास समिति के प्रदेशाध्यक्ष कैप्टन बालक राम शर्मा, पूर्व सैनिक कल्याण समिति के प्रदेशाध्यक्ष कैप्टन संजय कुमार, जिला सैनिक कल्याण विभाग से कैप्टन रमेश कुमार एवं सुपरिटेंडेंट विनोद कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। ईसीएचएस परिसर में ही लेफ्टिनेंट जनरल दलजीत सिंह ने पूर्व सैनिक प्रतिनिधियों एवं स्टाफ के साथ बैठक कर सैनिकों की स्वास्थ्य सुविधाओं पर चर्चा की।

### सिद्ध सुह में छात्रों को पढ़ाया सड़क सुरक्षा का पाठ

**अनंत ज्ञान, नयना देवी।** सड़क सुरक्षा एवं नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन श्री नयना देवी जी के समीप राजकीय उच्च पाठशाला सिद्ध सुह में सड़क सुरक्षा नियमों एवं नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना तथा नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना था। इस कार्यक्रम की आयोजन सलोआ पंचायत प्रधान चरण सिंह लक्की की अध्यक्षता मे किया गया। गौर हो कि प्रधान लक्की द्वारा इस स्कूल को गोद लिया गया है। वहीं कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को किसी भी प्रकार का वाहन चलाना पूर्णतः प्रतिबंधित है। दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग चालक एवं पीछे बैठने वाले दोनों के लिए अनिवार्य बताया गया। साथ ही चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग अनिवार्य बताया गया तथा बिना सीट बेल्ट वाहन न चलाने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों को नशे से दूर रहकर स्वस्थ, अनुशासित एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों एवं अध्यापकों ने सड़क सुरक्षा नियमों के पालन की शपथ ली। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य मनोज कुमारी अन्य स्टाफ राजिंदर वर्मा, तरसेम सिंह, देविंद्र व अभिभावक उपस्थित रहे। भविष्य में भी इस प्रकार के जन.जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया गया।

### एकल विद्यालयों के आचार्यों का प्रशिक्षण शुरू

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** गेहड़वी क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मां बडोली देवी मंदिर में एकल विद्यालयों के आचार्यों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अमरनाथ धीमान ने किया। यह कार्यक्रम 20 जनवरी तक चलेगा। इस प्रशिक्षण शिविर में झंडूता, घराण और घागस क्षेत्रों के एकल विद्यालयों से आए आचार्यों ने हिस्सा लिया। एकल विद्यालय फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों में संचालित एकल विद्यालयों के शिक्षकों को बेहतर प्रशिक्षण प्रदान करना है, ताकि वे बच्चों को संस्कारयुक्त शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य, स्वावलंबन और विकास संबंधी ज्ञान दे सकें। मां बडोली देवी मंदिर का धार्मिक महत्व क्षेत्र में काफी है और यहां ऐसे आयोजनों से आचार्यों में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार भी होता है।

# किसानों व पशुपालकों की आर्थिकी सुदृढ़ कर रही प्रदेश सरकार : धर्माणी

## तकनीकी शिक्षा मंत्री ने घुमारवीं के लंझता में सड़क कार्य का किया भूमि पूजन

अनंत ज्ञान



ग्राम पंचायत लंझता में मंत्री का स्वागत करते स्थानीय लोग। अनंत ज्ञान

**घुमारवीं।** नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि किसानों, बागवानों एवं पशुपालकों की आर्थिकी को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रदेश सरकार ने कई अहम कदम उठाए हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता में हैं।

धर्माणी शुक्रवार को घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत लंझता में लगभग 30 लाख की लागत से निर्मित हो रही सड़क के भूमि पूजन के अवसर पर एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस संपर्क सड़क को आगामी मार्च माह तक पक्का कर लिया जाएगा, जिससे जहां शिवा प्रोजेक्ट के अंतर्गत लाभान्वित किसानों एवं बागवानों को लाभ मिलेगा तो वहीं लंझता गांव को बेहतर सड़क सुविधा भी सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि लोगों की सहमति होने पर सड़क को मुख्य गांव तक जोड़ने का भी प्रयास किया जाएगा ताकि ग्रामीणों को बेहतर एवं सुलभ आवागमन की सुविधा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने सड़क निर्माण में गुणवत्ता सुनिश्चित बनाने के लिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश भी दिए।

धर्माणी ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए प्रदेश सरकार ने गाय एवं भैंस के दूध के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि की है। प्राकृतिक तौर पर उगाए गए मक्का, गेहूं तथा हल्दी के न्यूनतम समर्थन मूल्य में भी बढ़ौतरी की है ताकि किसानों को उनके उत्पाद के बेहतर दाम मिल सकें। उन्होंने किसानों एवं ग्रामीणों से सरकार के इन महत्वपूर्ण निर्णयों का लाभ उठाने का आह्वान किया है।

उन्होंने कहा कि शिवा प्रोजेक्ट के माध्यम से तैयार फलों के उत्पाद को भी न्यूनतम समर्थन के दायरे में लाने के लिए वह मुख्यमंत्री से विशेष आग्रह करेंगे ताकि आगामी बजट में इस संबंध में प्रावधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि लंझता गांव में शिवा प्रोजेक्ट के अंतर्गत लीची का बागीचा रोपित किया है तथा आगामी दो वर्षों में यह बागीचा फल उत्पादन शुरू कर देगा जिससे भी किसानों एवं ग्रामीणों की आर्थिकी में व्यापक बदलाव होगा। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को शिवा प्रोजेक्ट के तहत प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित करने तथा उत्पाद को बाजार के साथ जोड़ने पर भी बल दिया ताकि किसानों को उत्पाद के बेहतर दाम मिल सकें। इससे न केवल अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी बल्कि नए लोगों को रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। तकनीकी शिक्षा मंत्री ने स्थानीय किसानों की मांग पर विभागीय अधिकारियों को मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण प्रदान करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने किसानों एवं पशुपालकों से वर्तमान समयानुसार कृषि व बागवानी की आधुनिक तकनीकों को अपनाने पर भी जोर दिया।

# एचपी ई-ऑफिस प्रणाली में बिलासपुर प्रदेशभर में अव्वल

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, बिलासपुर। हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा कार्यालयों में कागज रहित और डिजिटल कार्यप्रणाली सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लागू की गई एचपी ई-ऑफिस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन में जिला बिलासपुर ने प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह प्रणाली राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र द्वारा विकसित ई-ऑफिस उत्पाद सूट पर आधारित है, जिसका उद्देश्य सरकारी कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, दक्षता और जवाबदेही को सुदृढ़ करना है।

**◆ डीसी बोले- डिजिटल प्रशासन की दिशा में यह एक बड़ी उपलब्धि**

एचपी ई-ऑफिस के माध्यम से पारंपरिक कागज-आधारित फाइल प्रणाली को इलेक्ट्रॉनिक व्यवस्था से प्रतिस्थापित किया गया है, जिससे न केवल समय और लागत की बचत हो रही है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी सार्थक योगदान सुनिश्चित हुआ है। ई-फाइल प्रणाली के अंतर्गत फाइलों का निर्माण, डायरीकरण, ट्रैकिंग और रिकॉर्ड प्रबंधन पूरी तरह डिजिटल माध्यम से किया जा रहा है, जिससे निर्णय लेने की प्रक्रिया तेज़ और अधिक प्रभावी बनी है। सुरक्षित वेब-आधारित पहुंच के माध्यम से अधिकारियों को कहीं से भी कार्य करने की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। प्रदेश में विभिन्न जिलों के उपायुक्त कार्यालयों द्वारा ई-ऑफिस प्रणाली के उपयोग का मूल्यांकन किया गया, जिसमें बिलासपुर जिला ने 12,887 ई-फाइल्स के साथ पहला स्थान प्राप्त किया। इस क्रम में चंबा जिला दूसरे और मंडी जिला तीसरे स्थान पर रहा। शिमला, सोलन और कांगड़ा जैसे बड़े जिलों को भी इस सूची में पीछे छोड़ते हुए बिलासपुर का शीर्ष स्थान पर रहना जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता और अधिकारियों-कर्मचारियों की कार्यकुशलता को दर्शाता है।

इस उपलब्धि पर उपायुक्त ने जिला प्रशासन के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि ई-ऑफिस प्रणाली को पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी से अपनाने का परिणाम आज प्रदेश स्तर पर देखने को मिला है।

# जुखाला-गंभरोला सिंचाई योजनाएं कांग्रेस की ऐतिहासिक देन : रामलाल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** पूर्व मंत्री राम लाल ठाकुर ने जुखाला और गंभरोला सिंचाई योजनाओं को लेकर फैलाए जा रहे भ्रम पर करारा प्रहार करते हुए स्पष्ट किया कि ये योजनाएं किसी एक सरकार की तात्कालिक कृपा नहीं, बल्कि कांग्रेस सरकार की दूरदर्शी सोच और विकासपरक नीतियों की ऐतिहासिक देन हैं। उन्होंने कहा कि तथ्य झुठलाए नहीं जा सकते और विकास पर राजनीति करने वालों को जनता अब अच्छी तरह पहचान चुकी है।



**◆ कहा-सियासी रोटियां सेंकने वालों को जानती है जनता**

रामलाल ने बताया कि वर्ष 1986-87 में जुखाला, पजैतन, आशा मजारी, रिड़ी-रिहाण और भोली सिंचाई योजनाएं अली खड्ड पर 135 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई के उद्देश्य से यूएस और भारत सरकार के सहयोग से कांग्रेस शासन में स्थापित की गई थीं। दशकों तक किसानों की जीवनरेखा बनी इन योजनाओं की अनदेखी के चलते पाइपलाइन, मोटरें और जल टैंक जर्जर हो चुके थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आते ही जनता की मूलभूत आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी। इसी कड़ी में उन्होंने यह गंभीर मसला मुख्यमंत्री के समक्ष उठाया, जिस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए वर्ष 2024 में 3 करोड़ 1 लाख 80 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई। रामलाल ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि यह स्वीकृति कांग्रेस सरकार की संवेदनशीलता और किसानों के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इस योजना के अंतर्गत चेक डैम, मुख्य जल भंडारण टैंक और नई पाइपलाइन का लगभग 90 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है, जबकि शेष कार्य अप्रैल-मई तक पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह कार्य किसी कागजी घोषणा तक सीमित नहीं, बल्कि युद्ध स्तर पर ज़मीन पर उतारा गया विकास है। गंभरोला खड्ड से जुड़ी शिवा योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि उद्यान विभाग की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत लुहारड़ा, मझेड और अंबार क्षेत्र के लिए 3 करोड़ 97 लाख रुपए की सिंचाई योजना राजस्व व उद्यान मंत्री जगत सिंह नेगी से आग्रह कर स्वीकृत करवाई गई है।

## केंद्र सरकार के सहयोग से तेजी से आगे बढ़ रहा बिलासपुर : त्रिलोक जम्वाल

# 75 लाख के विकास कार्य किए लोकार्पित

अनंत ज्ञान



बिलासपुर शहर में विकास कार्यों का लोकापर्ण करने जाते विधायक जम्वाल। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** सदर विधानसभा क्षेत्र में विकास की रफ्तार को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाते हुए विधायक त्रिलोक जम्वाल ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र का चहुंमुखी विकास और हर जनसमस्या का समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि भले ही प्रदेश की कांग्रेस सरकार राजनीतिक द्वेष की भावना से भाजपा विधायकों के क्षेत्रों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही हो, लेकिन इसके बावजूद केंद्र सरकार के सहयोग से सदर के विकास को रुकने नहीं दिया जाएगा।

शुक्रवार को विधायक ने बिलासपुर शहर के वार्ड-3 और वार्ड-5 में लगभग 75 लाख की लागत से निर्मित विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष कमल गौतम, अन्य जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। विकास कार्यों में टाइल युक्त रास्ते, रिटेनिंग वॉल, निकास नालियाँ, बरसात में क्षतिग्रस्त मार्गों की मरम्मत, डंगों का निर्माण और नालों का चैनेलाइजेशन शामिल है। विधायक ने स्थानीय लोगों की मांग पर भविष्य में और विकास कार्यों के लिए अतिरिक्त बजट उपलब्ध करवाने का आश्वासन देते हुए कहा कि सदर विधानसभा क्षेत्र को एक आधुनिक, सुरक्षित और सुव्यवस्थित शहर के रूप में विकसित किया जा रहा है।

जम्वाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और पूर्व भाजपा सरकार के प्रयासों से हिमाचल जैसे पर्वतीय राज्य ने विकास के नए मानक स्थापित किए हैं। एम्स बिलासपुर, हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज, फोरलेन और भानुपल्ली-बिलासपुर-बरमाणा रेल परियोजना इसका प्रत्यक्ष प्रमाण हैं, जिनका लाभ सदर विधानसभा क्षेत्र को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि बिलासपुर शहर में सभी वार्डों में पार्किंग सुविधाएं, पार्क, सुरक्षित फुटपाथ, विद्युत आपूर्ति सुधार, ट्रांसफॉर्मरों की अपग्रेडेशन और नई बिजली लाइनों का कार्य तेज़ी से किया जा रहा है, ताकि आम जनता को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। विधायक त्रिलोक जमवाल ने चिट्टा मुक्त बिलासपुर के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि इस अभियान में महिलाएं, पूर्व सैनिक और समाज के सभी वर्ग सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। भाजपा की सरकार बनने पर नशे के बड़े सौदागरों पर सख्त कार्रवाई कर उन्हें जेल भेजा जाएगा, ताकि युवाओं का भविष्य सुरक्षित हो और परिवारों को बर्बादी से बचाया जा सके।

# जंगली जानवर व बेसहारा पशु चट कर रहे फसलें

अनंत ज्ञान

**घुमारवीं।** किसान मोर्चा मंडल घुमारवीं के मंडल अध्यक्ष विवेक संख्यान, उपाध्यक्ष केशवानंद, मीडिया प्रभारी पंकज महाजन तथा सचिव कश्मीर सिंह काला ने सरकार से मांग की है कि बेसहारा पशुओं और जंगली जानवरों से किसानों को निजात दिलाई जाए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में आवारा पशु दिन-रात किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिससे किसान बेहद परेशान हैं। उन्होंने बताया कि कोटलू ब्राह्मण, डून, कल्लर, मंडेल, पलासला, तलाई, चडोल, समलोहल, गुगा मोहड़ा सहित अन्य गांवों में स्थिति अत्यंत गंभीर बनी हुई है।



जंगली जानवरों और बेसहारा गायों द्वारा रात के समय खेतों में घुसकर फसलों को नष्ट किया जा रहा है। इसके अलावा आवारा पशुओं से लोगों की जान को भी खतरा बना हुआ है, जिससे रात के समय गांवों में चलना भी जोखिम भरा हो गया है। किसान मोर्चा के पदाधिकारियों ने सरकार से मांग की है कि किसानों के हितों की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाएं तथा आवारा पशुओं और जंगली जानवरों द्वारा जिन किसानों की फसलें नष्ट हुई हैं, उन्हें उचित मुआवजा प्रदान किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो किसान आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# छात्रा वनिशा रिसर्च इंस्टीट्यूट प्रयागराज के लिए चयनित

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर की एमएससी फिजिक्स द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा वनिशा का चयन देश के प्रतिष्ठित हरीश चंद्र रिसर्च इंस्टीट्यूट, प्रयागराज में हुआ है। वनिशा का यह चयन राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में शॉर्टलिस्ट होने के उपरांत विजिटिंग स्टूडेंट प्रोग्राम के तहत किया गया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने इस उपलब्धि को संस्थान के लिए गौरवपूर्ण बताते हुए कहा कि वनिशा की सफलता न केवल महाविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को दर्शाती है, बल्कि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी। उन्होंने बताया कि वनिशा 21 जनवरी 2026 से 21 फरवरी 2026 तक इस शोध कार्यक्रम में भाग लेंगी, जिससे उन्हें अकादमिक एवं अनुसंधान क्षेत्र में महत्वपूर्ण अनुभव प्राप्त होगा। प्राचार्य ने कहा कि यह उपलब्धि वनिशा की मेहनत, लगन और निरंतर प्रयास का परिणाम है। उन्होंने छात्रा, उसके माता-पिता एवं सभी गुरुजनों को इस सफलता के लिए बधाई दी। भौतिकी विभागाध्यक्ष डॉ. सुरजीत सहित डॉ. मोनिका, डॉ. अरुण, डॉ. घनश्याम एवं डॉ. शीतल ने भी वनिशा को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## कांग्रेस के आंतरिक मसलों को सार्वजनिक न करें: हीरापाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रदेश कांग्रेस सचिव हीरापाल सिंह ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी के आंतरिक मामलों को प्रेस और सार्वजनिक मंचों पर उछालना पार्टी और सरकार दोनों की छवि को नुकसान पहुंचा रहा है। मंत्रियों और नेताओं की आपसी बयानबाजी से जनता के बीच कांग्रेस सरकार की किरकिरी हो रही है, जो मुख्यमंत्री की सुशासन और सकारात्मक कार्यशैली के बिल्कुल विपरीत है। उन्होंने कहा कि यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी के कार्य को लेकर कोई शिकायत है, तो उसे पार्टी या सरकार के भीतर आंतरिक रूप से मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाया जाना चाहिए। किसी मंत्री को यह अधिकार नहीं है कि वह अपने कैबिनेट सहयोगी के विरुद्ध सार्वजनिक बयान देकर स्वयं को अधिक समर्पित दिखाने का प्रयास करे। मंत्रियों के बीच तालमेल और संवाद स्थापित करना मुख्यमंत्री का विशेष अधिकार क्षेत्र है। उन्होंने चिंता जताई कि मंत्रियों और नेताओं की बयानबाजी का असर उनके समर्थकों पर भी पड़ता है, जो सोशल मीडिया पर एक-दूसरे के खिलाफ टिप्पणी कर पार्टी की छवि को और कमजोर कर रहे हैं।

# पशु चिकित्सा संस्थानों में पशु मित्रों के 17 पदों पर भर्ती शुरू

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** पशुपालन विभाग बिलासपुर में 17 मल्टी टास्क वर्कर (पशु मित्र) के पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू हो गई है। यह नियुक्तियां जिले के विभिन्न पशु चिकित्सा संस्थानों में मानदेय के आधार पर की जाएंगी। इस संबंध में कार्यालय उपनिदेशक पशु स्वास्थ्य एवं प्रजनन बिलासपुर की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है। अधिसूचना के अनुसार चयनित उम्मीदवारों को प्रतिदिन 4 घंटे कार्य करना होगा, इसके बदले उन्हें 5,000 रुपए प्रतिमाह मानदेय दिया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवार 5 फरवरी को दोपहर 3:00 बजे तक अपने संबंधित उपमंडलीय कार्यालयों में आवेदन जमा करवा सकते हैं।




**◆ 5 फरवरी है आवेदन करने की अंतिम तिथि**

भर्ती के लिए योग्यता 10वीं पास रखी गई है और आयु सीमा 18 से 45 वर्ष निर्धारित है। चयन प्रक्रिया के पहले चरण में शारीरिक परीक्षण लिया जाएगा। इसमें उम्मीदवार को 25 किलोग्राम वजन लेकर 100 मीटर की दौड़ 1 मिनट में पूरी करनी होगी।

बस्सी, घवांडल, नम्होल, स्वारघाट, छकोह, नांगेठाकुर, दुलहेत, पट्टा, चुवाड़ी, कपाहड़ा, बरोटा, डांगर, बेहल नूवाण, भराड़ी, समोह, बाह पदोरी और नखलेहड़ा में यह भर्ती होगी। विभागीय अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि उम्मीदवार उसी ग्राम पंचायत या स्थानीय निकाय का निवासी होना चाहिए, जहां के लिए आवेदन किया जा रहा है। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

# इस बार और अधिक आकर्षक और भव्य होगा नलवाड़ी मेला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर जिला के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व वाले राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेला 2026 का आयोजन इस वर्ष 17 मार्च से 23 मार्च तक किया जाएगा। मेले के सफल और सुव्यवस्थित आयोजन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। इसी कड़ी में मेले के आयोजन को लेकर उपायुक्त राहुल की अध्यक्षता में पहली प्रारंभिक बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।

**◆ 17 से 23 मार्च तक मनाया जाएगा मेला**

बैठक के दौरान उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि नलवाड़ी मेला जिला बिलासपुर का सबसे बड़ा और प्रतिष्ठित मेला है, इसलिए इसके आयोजन में किसी भी स्तर पर कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मेले को पिछले वर्षों की तुलना में अधिक आकर्षक, भव्य और जनोपयोगी बनाने के लिए प्रशासन गंभीरता से कार्य कर रहा है। उपायुक्त राहुल कुमार ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों, खेलकूद प्रतियोगिताओं, पशु मेले, प्रदर्शनी, यातायात व्यवस्था तथा अन्य सभी आयोजनों के लिए अलग-अलग समितियों के गठन के निर्देश दिए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को 15 दिनों के भीतर समितियों का गठन सुनिश्चित करने को कहा, जिसके उपरांत शीघ्र ही एक और समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में मेले को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए सभी अधिकारियों से सुझाव आमंत्रित किए गए। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी आगामी बैठक में ठोस, व्यवहारिक और नवाचारपूर्ण सुझावों के साथ उपस्थित हों, ताकि नलवाड़ी मेले को नई पहचान दी जा सके।

**सहायता** — महर्षि वाल्मीकि कामगार आवास योजना के तहत सरकार देगी मदद

# सफाई कर्मियों को घर बनाने के लिए मिलेंगे तीन लाख

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अंतर्गत संचालित महर्षि वाल्मीकि कामगार आवास योजना-2024 के माध्यम से वाल्मीकि समुदाय के सफाई कर्मियों और वंचित वर्गों को आवास सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य ऐसे परिवारों को स्थायी आश्रय प्रदान करना है, जिनके पास स्वयं का पक्का घर नहीं है, ताकि उनके जीवन स्तर में सुधार हो सके और वे सम्मानजनक जीवन जी सकें। यह जानकारी उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने दी।



उपायुक्त ने बताया कि योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को आवास निर्माण हेतु तीन लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। यह सहायता उन सफाई कर्मियों के लिए है, जो वाल्मीकि समुदाय से संबंधित हैं और हिमाचल प्रदेश के स्थायी निवासी हैं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि योजना का लाभ उन्हीं परिवारों को मिलेगा जिनकी कुल वार्षिक पारिवारिक आय दो लाख पचास हजार रूपए से कम है तथा जिन्होंने पूर्व में किसी अन्य सरकारी आवास योजना का लाभ प्राप्त नहीं किया है। इसके अतिरिक्त, आवेदक के नाम पर पहले से कोई पक्का मकान नहीं होना चाहिए। उपायुक्त ने बताया कि योजना की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और समयबद्ध बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा हाल ही में इसमें संशोधन किया गया है। संशोधित व्यवस्था के तहत अब पात्र एवं अपात्र आवेदकों से संबंधित निर्णय तथा उसके कारणों की सूचना निर्धारित समयावधि में संबंधित अधिकारियों द्वारा अनिवार्य रूप से दी जाएगी, जिससे आवेदकों को समय पर जानकारी मिल सके और प्रक्रिया में जवाबदेही सुनिश्चित हो। उन्होंने यह भी बताया कि योजना के लिए आवेदन संबंधित तहसील कल्याण अधिकारी अथवा जिला कल्याण कार्यालय के माध्यम से किए जा सकते हैं। आवेदन के साथ स्थायी निवास प्रमाण पत्र, वाल्मीकि समुदाय का जाति प्रमाण पत्र, सफाई कर्मचारी के रूप में कार्य करने से संबंधित प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, बैंक खाते का विवरण, भूमि से संबंधित दस्तावेज, आधार कार्ड तथा पासपोर्ट साइज फोटो संलग्न करना आवश्यक होगा। आवश्यकतानुसार विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुसार अन्य दस्तावेज भी मांगे जा सकते हैं।

उपायुक्त ने जिले के सभी पात्र सफाई कर्मियों से आग्रह किया है कि वे इस योजना का लाभ उठाने के लिए समय रहते आवेदन करें, ताकि उन्हें आवास सुविधा उपलब्ध कराई जा सके और वे सुरक्षित व सम्मानजनक जीवन की दिशा में आगे बढ़ सकें।

# चौपहिया वाहन चलाते वक्त सीट बेल्ट पहनना है जरूरी

अनंत ज्ञान

**स्वारघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सलोआ में सड़क सुरक्षा नियमों एवं नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना तथा नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को किसी भी प्रकार का वाहन चलाना पूर्णत: प्रतिबंधित है। दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग चालक एवं पीछे बैठने वाले दोनों के लिए अनिवार्य बताया गया। साथ ही चौपहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग अनिवार्य बताया गया तथा बिना सीट बेल्ट वाहन न चलाने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर कल 55 लोग उपस्थित रहे।

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र
आवश्यकता
बिलासपुर जिले में पत्रकार चाहिए
प्रदेश के तेजी से उभरते दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान को बिलासपुर, बरठी, शाहतलाई, बरमाना, नयनादेवी, नम्होल व भराड़ी में ऊर्जावान, कर्मठ और जुझारू पत्रकारों की आवश्यकता है। निष्पक्ष, निर्भीक और जिम्मेदार पत्रकारिता का जज्बा रखने वाले इच्छुक पत्रकारों के लिए यह सुनहरा अवसर है।
संपर्क करें - अरुण डोगरा रीतू, जिला प्रभारी, बिलासपुर
मो. 7018200490, 9015909310

## न्यूज ब्रीफ

### बोलेरो नाले में गिरी, चालक की मौत, दो घायल

**अनंत ज्ञान, पांगी।** जिला चंबा के थाना पांगी क्षेत्र में उपमंडल पांगी घाटी की पंचायत लुज के मंगलवास स्थित हैंठ नाले के पास शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। लुज से जम्मू जा रही बोलेरो वाहन चालक नियंत्रण खो बैठा और लगभग 400 मीटर नीचे नाले में जा गिरी। हादसे में वाहन चालक विद्या लाल (36 वर्ष) पुत्र हीरा नंद, गांव सम्यास लुणी, जम्मू-कश्मीर की मौके पर ही मौत हो गई। गाड़ी में सवार अन्य दो लोग, अरुण कुमार (15 वर्ष) पुत्र सुरेश कुमार, पांगी और प्रदीप कुमार (26 वर्ष) पुत्र हीरा नंद, सम्यास लुणी, गंभीर रूप से घायल हुए। दोनों घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से सिविल अस्पताल किलाड़ लाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है और हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है और हादसे के कारणों की जांच जारी है।

### सुरक्षा व्यवस्था, अनुशासन की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करियां, जिला चंबा के वोकेशनल शिक्षक अमित ठाकुर ने ऑन जॉब ट्रेनिंग के अंतर्गत एनसीसी डलहौजी स्थित आर्मी बटालियन में सुरक्षा एवं सिक्योरिटी से संबंधित प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस प्रशिक्षण के दौरान उन्हें आर्मी बटालियन में अपनाई जाने वाली सुरक्षा व्यवस्थाओं, अनुशासन, ड्यूटी प्रणाली तथा सुरक्षा प्रबंधन के व्यावहारिक पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के उपायों पर भी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य सुरक्षा के प्रति व्यावहारिक समझ विकसित करना तथा जिम्मेदारी की भावना को सुदृढ़ करना रहा। विद्यालय के वोकेशनल कोऑर्डिनेटर सुरिंदर हांडा और प्रधानाचार्य रेखा शर्मा ने इस प्रशिक्षण को विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी बताया। उन्होंने कहा कि इससे छात्रों में अनुशासन, सुरक्षा जागरूकता और जिम्मेदारी की वास्तविक समझ विकसित होगी, जो उनके भविष्य के लिए उपयोगी सिद्ध होगी।

### पौधरोपण से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**अनंत ज्ञान, चंबा।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा नेहरू युवा केंद्र (युवा भारत-चंबा, हिमाचल प्रदेश) के मार्गदर्शन में 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' अभियान के अंतर्गत युवक मंडल करूईखाला द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे और उनकी नियमित देखभाल का संकल्प लिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने बदलते मौसम पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि समय पर बर्फबारी न होना और तापमान में लगातार वृद्धि होना जलवायु परिवर्तन के गंभीर संकेत हैं। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते पर्यावरण संरक्षण के लिए ठोस प्रयास नहीं किए गए तो आने वाली पीढ़ियों को इसके दुष्परिणाम झेलने पड़ सकते हैं। युवाओं ने वृक्षारोपण को पर्यावरण संतुलन बनाए रखने का प्रभावी माध्यम बताते हुए 'पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ' का संदेश दिया और स्वच्छ, हरित व स्वस्थ पर्यावरण के लिए जनभागीदारी पर बल दिया।

### हेल्पर भर्ती में महिलाओं ने दिखाया उत्साह

**अनंत ज्ञान, भटियात।** प्री-प्राइमरी विद्यालयों में आया/हेल्पर पदों के लिए दस्तावेज़ जमा करने की अंतिम तिथि पर शुक्रवार को अंबेडकर भवन के बाहर महिलाओं की भीड़ ने सभी को हैरान कर दिया। यह केवल भीड़ नहीं थी, बल्कि महिलाओं के बढ़ते आत्मविश्वास और रोजगार के प्रति उनके हौसले की जीवंत तस्वीर थी। सुबह से ही लंबी कतारें लगीं, जिसमें अलग-अलग उम्र और पृष्ठभूमि की महिलाएं अपने दस्तावेजों के साथ पूरी उम्मीद और विश्वास के साथ पहुंचीं। विभाग की ओर से कुल आवेदनों की संख्या अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन भारी उपस्थिति से अनुमान लगाया जा रहा है कि यह रिकॉर्ड तोड़ हो सकती है। इस अवसर ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में सकारात्मक संदेश दिया, यह दिखाते हुए कि महिलाएं अब आत्मनिर्भर बनने और समाज में अपनी मजबूत भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

### सीएमओ ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, चंबा।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जालम भारद्वाज ने शुक्रवार को सिविल हॉस्पिटल चुवाड़ी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिहुंता, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र साडल, मनुता और हेल्थ वेलनेस सेंटर साडल, दाढ़वीयाड़, परसियारा व रुपेणा का निरीक्षण किया। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र साडल के भवन का भी निरीक्षण किया और बताया कि यह भवन असेफ घोषित किया जा चुका है, इसलिए यहां दी जाने वाली सेवाएं सामुदायिक भवन में संचालित की जा रही हैं। डॉ. भारद्वाज ने मरीजों, चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ से बातचीत कर चिकित्सा सुविधाओं, मरीज देखभाल व्यवस्था और स्वास्थ्य गतिविधियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को दूर करने के लिए मौके पर ही दिशा-निर्देश दिए गए और स्वास्थ्य कर्मचारियों से अपने कार्य के प्रति सतर्क रहने और स्वास्थ्य संस्थानों में स्वच्छता बनाए रखने का आग्रह किया गया।

### गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों पर मंथन

**अनंत ज्ञान, भरमौर,** 16 जनवरीः उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर उपमंडल अधिकारी भरमौर विकास शर्मा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एसडीएम ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि गणतंत्र दिवस समारोह से संबंधित सभी तैयारियां निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण की जाएं। उन्होंने जानकारी दी कि उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह भरमौर हैलीपैड में आयोजित किया जाएगा। समारोह के दौरान ध्वजारोहण के उपरांत सांस्कृतिक एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने दायित्वों को लेकर चर्चा की। इस अवसर पर तहसीलदार भरमौर तेज राम भारद्वाज, बीएमओ डॉ. दीपेश, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग संजीव शर्मा, उपमंडल आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. अनुराधा शर्मा, तहसील कल्याण अधिकारी विकास, कृषि विभाग से जितेंद्र वर्धान, सीडीपीओ मुनीश कुमार, जल शक्ति विभाग के कनिष्ठ अभियंता मंगल दास सहित राजकीय आईटीआई एवं राजकीय महाविद्यालय भरमौर के अध्यापक उपस्थित रहे।

### विशेष एंटी चिट्टा ग्राम सभाएं 21-22 को

**अनंत ज्ञान, चंबा।** उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने जिले की सभी विकास खंडों की ग्राम पंचायतों में 21 और 22 जनवरी को विशेष एंटी चिट्टा ग्राम सभाओं के आयोजन का आदेश जारी किया। उनका कहना है कि इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य नशे, विशेषकर चिट्टा, के दुष्प्रभावों के प्रति आम जनता को जागरूक करना है। ग्राम सभाओं में नशे की लत में फंसे स्थानीय युवाओं के पुनर्वास, जागरूकता अभियानों और प्रशासनिक कार्यवाहियों पर भी चर्चा की जाएगी। प्रत्येक खंड विकास अधिकारी को इन ग्राम सभाओं के सुचारु संचालन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा, प्रदेश सरकार द्वारा नशा तस्करों की सूचना देने पर नकद पुरस्कार का प्रावधान है। ग्राम पंचायत प्रधान द्वारा ग्राम को नशा और चिट्टा मुक्त बनाने की शपथ भी दिलाई जाएगी। इस पहल से स्थानीय स्तर पर नशा नियंत्रण और सामाजिक जागरूकता को बल मिलने की उम्मीद है।

### उल्लंघन करने पर वसूला 45 रुपए जुर्माना

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला पुलिस मंडी ने यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ अभियान चलाते हुए मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत 505 चालान किए हैं। इसके अलावा कोटपा अधिनियम के तहत 45 चालान किए गए हैं। इस कार्रवाई के दौरान कुल 4500 रुपए का जुर्माना भी वसूला गया है। पुलिस की ओर से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई है। मामले की पुष्टि पुलिस अधीक्षक मंडी साक्षी वर्मा ने की है।

### जोगिंद्रनगर में मरीजों को फ्री बांटे कंबल

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** नागरिक अस्पताल जोगिंद्रनगर में उपचाराधीन मरीजों को कड़ाके की ठंड से बचाने के लिए अब दानी सज्जन भी आगे आने लगे हैं। सर्द मौसम में ठंड से ठिठुर रहे मरीजों को राहत देने के उद्देश्य से शुक्रवार को भारतीय सेना से कर्नल पद से सेवानिवृत्त कर्नल ओपी शर्मा ने प्रथम चरण में 22 कंबल अस्पताल में भर्ती मरीजों को निःशुल्क उपलब्ध करवाए।

### 10 सामुदायिक वन अधिकार दावों को स्वीकृति

**अनंत ज्ञान, मंडी।** उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय के वीसी रूम में वन अधिकार कानून 2006 के अंतर्गत जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपमंडल स्तरीय समितियों द्वारा सत्यापित कर मंजूरी के लिए भेजे गए मामलों की समीक्षा की गई। विस्तृत चर्चा के उपरांत समिति ने 10 सामुदायिक वन अधिकार दावों को स्वीकृति प्रदान करते हुए उनका निपटारा किया। समिति ने तहसील जोगिंद्रनगर की ग्राम पंचायत सगनेहड़ की फॉरेस्ट राइट कमेटी नागन, तहसील लडभड़ोल की ग्राम पंचायत मतेहड़ की फॉरेस्ट राइट कमेटी काला अंब, ग्राम पंचायत उपरीधार की कफलौन कमेटी, ग्राम पंचायत रोपड़ी की बेला कमेटी तथा ग्राम पंचायत मतेहड़ की जोल, अरला, पनौरू, लाहला और तरिड कमेटियों द्वारा प्रस्तुत सामुदायिक वन अधिकार दावों पर विचार कर उन्हें स्वीकृति प्रदान की।

# जनशक्ति और प्रशासनिक तत्परता से ढकोग–तरेला सड़क व बस सेवा बहाल

## आपदा के कारण बंद पड़े सड़क मार्ग के खुलने से ग्रामीणों को मिली राहत

अनंत ज्ञान

**भरमौर।** पिछली आपदा के कारण लंबे समय से बाधित ढकोग–तरेला सड़क मार्ग पर आखिरकार फिर से जीवन लौट आया है। इस मार्ग पर बंद पड़ी बस सेवा का पुनः संचालन शुरू होना न केवल प्रशासनिक सफलता है, बल्कि यह जनभागीदारी, युवाओं की जागरूकता व सरकार की संवेदनशील कार्यप्रणाली का सशक्त उदाहरण भी है। सड़क और बस सेवा की बहाली से सैकड़ों ग्रामीणों, छात्रों और व्यापारियों को बड़ी राहत मिली है।

इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए एपीएमसी चंबा के अध्यक्ष एवं आदिवासी कांग्रेस हिमाचल प्रदेश के उपाध्यक्ष ललित ठाकुर ने कहा कि इस महत्वपूर्ण समस्या को सबसे पहले ग्राम पंचायत औरा के जागरूक युवाओं ने उठाया और मजबूती से प्रशासन के समक्ष रखा। युवाओं की इस पहल ने व्यवस्था को सक्रिय किया व समाधान की दिशा में निर्णायक कदम बढ़े।



ढकोग–तरेला सड़क पर बस सेवा बहाल होने से ग्रामीणों को राहत। अनंत ज्ञान

इसके उपरांत लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने तत्परता दिखाते हुए सड़क मार्ग के सभी खतरनाक व अनुपयुक्त स्थलों का मरम्मत कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया। विभागीय प्रयासों के सफल समापन के बाद हिमाचल पथ परिवहन निगम ने ढकोग–तरेला मार्ग पर बस सेवा को पुनः सुचारु कर दिया, जिससे वर्षों से चली आ रही आवागमन की समस्या का स्थायी समाधान संभव हो सका।

ललित ठाकुर ने इस सफलता के लिए ग्राम पंचायत के युवा साथियों, लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों एवं कर्मियों व एचआरटीसी के समस्त स्टाफ को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि जब स्थानीय लोग जागरूक होकर अपनी आवाज को सही मंच तक पहुंचाते हैं और प्रशासन सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ कार्य करता है, तो विकास अवश्य साकार होता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भविष्य में भी इसी प्रकार सामूहिक प्रयासों के माध्यम से विधानसभा क्षेत्र के विकास को गति दी जाएगी। स्थानीय जनता की सक्रिय भागीदारी न केवल समस्याओं के समाधान को तेज करती है, बल्कि यह क्षेत्र के लिए एक सशक्त, समृद्ध और विकासशील भविष्य की मजबूत नींव भी रखती है।

# एनएचपीसी से 1.57 करोड़ का सीएसआर बजट मंजूर

अनंत ज्ञान

◆ विधायक जनक राज की पहल से भरमौर को सौगात

**ओपी शर्मा, भरमौर।** भरमौर–पांगी विधानसभा क्षेत्र के लिए एनएचपीसी चमेरा–3 परियोजना से ₹1.57 करोड़ का सीएसआर बजट स्वीकृत होना क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। इस सफलता का श्रेय विधायक डॉ. जनक राज को दिया जा रहा है, जिन्होंने हाल ही में दिल्ली में एनएचपीसी के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर क्षेत्र की लंबे समय से लंबित समस्याओं को प्रभावी ढंग से रखा था।

विधायक डॉ. जनक राज ने बैठक के दौरान भरमौर में केंद्रीय विद्यालय (केवीएस) की स्थापना तथा सीएसआर फंड को शीघ्र जारी करने की मांग प्रमुखता से उठाई थी। उनकी मांगों पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए एनएचपीसी परियोजना प्रबंधन ने ₹1.57 करोड़ का सीएसआर बजट मंजूर कर दिया है। इस स्वीकृत बजट के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चूड़ी में ₹32 लाख की लागत से अल्ट्रासाउंड मशीन स्थापित की जाएगी, जिससे क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी। मणिमहेश यात्रा मार्ग पर ₹25 लाख की लागत से शौचालयों का निर्माण किया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को स्वच्छता की सुविधा मिलेगी। त्रिलोचन महादेव में प्राथमिक स्कूल के लिए ₹11 लाख की लागत से खेल मैदान तैयार किया जाएगा। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत ₹3.30 लाख से अधिक की राशि खर्च की जाएगी।

ग्राम पंचायत लोथल में ₹14 लाख की लागत से पंचायत भवन का नव–निर्माण किया जाएगा, जबकि ₹32 लाख से अधिक की राशि से एक भव्य सामुदायिक भवन का निर्माण भी प्रस्तावित है। गौरतलब है कि क्षेत्र में बजट की कमी के चलते कई विकास कार्य लंबे समय से रुके हुए थे, विशेषकर स्वास्थ्य सुविधाओं में मशीनरी और संसाधनों का अभाव बना हुआ था।

# चुराह में गरजा 'मनरेगा बचाओ संग्राम'

## कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुरजीत भरमौरी का केंद्र सरकार पर तीखा हमला

अनंत ज्ञान

**चुराह।** कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुरजीत भरमौरी ने चुराह विधानसभा क्षेत्र के दौरे के दौरान केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए 'मनरेगा बचाओ संग्राम' को जन–आंदोलन का रूप देने का आह्वान किया। दौरे की शुरुआत उन्होंने लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह कोटी से की, जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

इसके पश्चात सुरजीत भरमौरी मनरेगा संग्राम कार्यक्रम के तहत कलोनी मोड़ पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस पहुंचे। यहां आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने केंद्र सरकार पर ग्रामीण भारत की आर्थिक रीढ़ तोड़ने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मौजूदा नीतियों से सबसे अधिक असर ग्रामीण मजदूरों, किसानों और गरीब तबके पर पड़ा है। मनरेगा जैसी ऐतिहासिक और कानूनी गारंटी वाली योजना को कमजोर करना गरीबों के साथ सीधा अन्याय है। सुरजीत भरमौरी ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे गांव–गांव जाकर जनता को सच्चाई से अवगत कराएं और संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर सदन तक मनरेगा की रक्षा के लिए संघर्ष करती रहेगी। इस अवसर पर चुराह कांग्रेस नेता यशवंत खन्ना, परवेज अली बट्ट, धर्म पाल अत्री, महिंदर पाल राठौर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुरजीत भरमौरी ज्ञापन सौंपते हुए। अनंत ज्ञान

कार्यक्रम के उपरांत कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा उप–मंडलाधिकारी (नागरिक) चुराह के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा अधिनियम 2005 को समाप्त कर VB-G RAM G Act लागू किए जाने के निर्णय का कड़ा विरोध दर्ज किया गया। ज्ञापन में कहा गया कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं, बल्कि संसद द्वारा पारित एक कानूनी गारंटी थी, जो ग्रामीण गरीबों को आजीविका का संवैधानिक अधिकार देती थी। नया कानून काम के अधिकार को सरकार की कृपा पर छोड़ देता है, जिससे संविधान के अनुच्छेद 21 का उल्लंघन होता है। कांग्रेस ने मांग की कि मांग–आधारित रोजगार व्यवस्था को समाप्त कर आपूर्ति–आधारित प्रणाली लागू करना मजदूर विरोधी कदम है। इसके साथ ही नए कानून को पंचायती राज व्यवस्था और 73वें संविधान संशोधन पर सीधा प्रहार बताया गया, जिससे चुराह जैसे दुर्गम क्षेत्रों में स्थानीय स्वशासन कमजोर होगा।

### भरमौर में केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ जनसंपर्क अभियान का ऐलान

# मनरेगा बचाओ संघर्ष को मजबूत करने का लिया संकल्प

अनंत ज्ञान

भरमौर विधानसभा क्षेत्र में केंद्र सरकार की कथित दमनकारी नीतियों के विरोध में 'मनरेगा बचाओ संग्राम' को और तेज करने के उद्देश्य से मैहला में शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता भरमौर विधानसभा के संयोजक कपिल भूषण ने की। इस दौरान मनरेगा को कमजोर करने की केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाने को लेकर विस्तार से विचार–विमर्श किया गया।

कपिल भूषण ने कहा कि मनरेगा देश के करोड़ों ग्रामीण परिवारों की आजीविका का मजबूत आधार है, लेकिन केंद्र सरकार की नीतियों के चलते यह योजना लगातार संकट में है। भुगतान में देरी, बजट में कटौती और नियमों की जटिलता के कारण ग्रामीण मजदूरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इन मुद्दों को लेकर जनता को जागरूक करने और संघर्ष को मजबूत करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर आगामी 20 तारीख को त्रिलोचन महादेव के प्रांगण में आयोजित होने वाली भरमौर विधानसभा स्तरीय बैठक की जानकारी भी दी गई, जिसमें क्षेत्रभर से कार्यकर्ताओं और आम लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया।



भरमौर में केंद्र की नीतियों के खिलाफ जनसंपर्क अभियान जारी। अनंत ज्ञान

बैठक में एपीएमसी चंबा के अध्यक्ष ललित ठाकुर ने कहा कि मनरेगा गरीब, मजदूर और किसान वर्ग के लिए जीवनरेखा है और इसे कमजोर करने का कोई भी प्रयास बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर सदन तक मनरेगा की रक्षा के लिए संघर्ष करती रहेगी।

इस बैठक में युवा कांग्रेस के जिला महासचिव पंकज कहलोत्रा, कांग्रेस किसान सैल मैहला के ब्लाक अध्यक्ष इश्वर कपूर व उपाध्यक्ष सुभाष कपूर, मैहला पंचायत के उपप्रधान भुवनेश्वर कटोच, एनएसयूआई से लक्की ठाकुर एवं ललित ठाकुर सहित कांग्रेस के कई वरिष्ठ व युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर मनरेगा बचाओ संग्राम को जन–आंदोलन का रूप देने का संकल्प लिया।

### चंबा पुलिस ने अवैध शराब व मारपीट के मामले किए दर्ज

**अनंत ज्ञान, चंबा।** शुक्रवार को जिला पुलिस चंबा ने विभिन्न धाराओं के अंतर्गत कुल 5 अभियोग पंजीकृत किए, जिनकी नियमानुसार आगामी कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। पुलिस थाना सदर में संदीप कुमार के खिलाफ अवैध शराब बिक्री के मामले में 2 लीटर शराब बरामद की गई। पुलिस थाना तीसा में बविता निवासी भटारी की शिकायत पर उनकी 17 वर्षीय बेटी के अपहरण का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस थाना किहार में विनोद, टेक चन्द व एक अन्य के खिलाफ भूमि विवाद और मारपीट से संबंधित मामले दर्ज किए गए हैं। इसमें आरोपियों द्वारा शिकायतकर्ताओं के साथ गाली–गलौज और पत्थर फेंककर हमला करने की घटनाएं शामिल हैं। सभी मामलों में अन्वेषण जारी है और पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। यह पहल कानून व्यवस्था बनाए रखने और आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई है।

# घरेड़ में पेयजल समस्या का समाधान जल्द

## गांव के युवाओं ने एपीएमसी चेयरमैन ललित ठाकुर से उठाया था मुद्दा

अनंत ज्ञान

**पांगी।** विधानसभा क्षेत्र भरमौर–पांगी की ग्राम पंचायत घरेड़ में लंबे समय से चली आ रही गंभीर पेयजल समस्या को हाल ही में स्थानीय युवाओं द्वारा संगठित होकर मजबूती से उठाया गया। गांव के युवा साथियों ने सामूहिक रूप से यह मुद्दा एपीएमसी चंबा के चेयरमैन एवं आदिवासी कांग्रेस हिमाचल प्रदेश के उपाध्यक्ष ललित ठाकुर के समक्ष रखा और गांव की विकट स्थिति से अवगत करवाया।

ग्रामीणों ने बताया कि घरेड़ गांव के लिए पूर्व में बनाए गए पेयजल टैंक आज तक उपयोग में नहीं आ पाए हैं। निर्माण के शुरुआती चरण से ही इन टैंकों में गंभीर लीकेज की समस्या बनी हुई है, जिसके कारण करोड़ों रुपये की योजना कागजों तक ही सीमित रह गई और ग्रामीण आज भी शुद्ध पेयजल से वंचित हैं। यह समस्या सीधे तौर पर ग्रामीणों की मूलभूत आवश्यकताओं से जुड़ी हुई है और अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति को दर्शाती है। समस्या को गंभीरता से लेते हुए ललित ठाकुर की पहल पर भरमौर में जल शक्ति विभाग के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।



बैठक में अधिशासी अभियंता एवं सहायक अभियंता सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान अधिकारियों को स्पष्ट और कड़े निर्देश दिए गए कि पेयजल टैंकों की मरम्मत के लिए तुरंत टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाए, ताकि कार्य बिना किसी देरी के समयबद्ध ढंग से आरंभ हो सके। ललित ठाकुर ने बैठक के बाद कहा कि उनका स्पष्ट संकल्प है कि गर्मियों के शुरू होने से पहले घरेड़ गांव के लोगों को पेयजल संकट से पूरी तरह राहत दिलाई जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और मरम्मत कार्य की लगातार निगरानी की जाएगी।

स्थानीय युवाओं द्वारा इस समस्या को संगठित रूप से उठाया जाना क्षेत्र में बढ़ती जागरूकता और जनभागीदारी का प्रतीक माना जा रहा है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि अब वर्षों से चली आ रही पेयजल समस्या का स्थायी समाधान होगा और घरेड़ गांव को उसका हक मिल सकेगा।

### तेज रफ्तार बाइक फिसलने से युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, मंडी।** पधर थाना क्षेत्र के मैगल स्लाइडिंग प्वाइंट, श्मशान घाट के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि टाण्डू से मैगल होते हुए मंडी की ओर जा रही मोटरसाइकिल तेज गति के कारण अनियंत्रित होकर सड़क पर फिसल गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए पहले जोनल अस्पताल मंडी लाया गया, जहां से उसे नेरचौक मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले की पुष्टि पुलिस अधीक्षक मंडी साक्षी वर्मा ने की है।

### टैक्सी चालक को दी जान से मारने की धमकी

**अनंत ज्ञान, मंडी।** पुलिस थाना पधर में गांव नेरी, कमांद निवासी जय सिंह की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता के अनुसार अरंग डिस्पेंसरी के समीप आरोपी नवीन, निवासी खलबूट ने उसकी टैक्सी को जबरन रोक लिया और उसके साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि आरोपी ने टैक्सी चालक के साथ मारपीट का प्रयास भी किया, जबकि वाहन में सवार अध्यापकों के साथ भी अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की पुष्टि पुलिस अधीक्षक मंडी साक्षी वर्मा ने की है।

### अवैध डंपिंग से खाहला क्षेत्र हुआ तबाहः भूपेंद्र

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राष्ट्रीय उच्च मार्ग 03 (हमीरपुर-मंडी) के सरकाघाट-धर्मपुर-कोटली मार्ग पर उच्च स्तरीय निरीक्षण टीम ने बसिहन, कुमाहरडा, लुधियाना, बनेहरडी, बरोटी, हवानी और बनाल रियूर क्षेत्रों का निरीक्षण किया। पूर्व जिला पार्षद भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि खाहला क्षेत्र में पिछली बरसात में हुई तबाही की मुख्य वजह बीआरएन कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा की गई अवैध कटिंग और डंपिंग है। कंपनी ने मलबा नालियों व रास्तों में फेंक दिया, जिससे पूरे क्षेत्र और पुराने धर्मपुर तथा लोक निर्माण कार्यालय प्रभावित हुए। भूपेंद्र सिंह ने मांग की कि समय सीमा में कार्यों की समीक्षा के लिए हर माह एसडीएम स्तर पर बैठकें आयोजित की जाएं, क्योंकि अब तक कंपनी ने अपने वादे अनुसार कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि आवश्यक सुधार नहीं किए गए, तो अगली बरसात में नुकसान और बढ़ सकता है।

### आराध्या, यशवर्धन और आयुष बने विजेता

**अनंत ज्ञान, चंबा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) जिला चंबा ने स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का जिला स्तरीय परिणाम घोषित कर दिया है। एबीवीपी जिला संयोजक ललित वर्मा ने बताया कि यह प्रतियोगिता हर साल हिमाचल प्रदेश स्तर पर आयोजित की जाती है, जिसमें प्रदेशभर से हजारों विद्यार्थी भाग लेते हैं। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामान्य ज्ञान, राष्ट्रबोध और स्वामी विवेकानंद के विचारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। प्रदेश स्तर पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 12 जनवरी 2026 को शिमला में एबीवीपी एवं सुनील उपाध्याय एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा पुरस्कार एवं धनराशि प्रदान की गई। जिला स्तर पर भी अनेक परीक्षा केंद्रों पर सैकड़ों विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिला चंबा के विजेता इस प्रकार रहे: प्रथम स्थान डी.ए.वी. स्कूल चंबा की दसवीं कक्षा की छात्रा आराध्या, द्वितीय स्थान महर्षि दयानंद आदर्श उच्च विद्यालय चंबा के 11वीं कक्षा के छात्र यशवर्धन और तृतीय स्थान पी.एम. श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सलूणी के 12वीं कक्षा के छात्र आयुष ने प्राप्त किया। ललित वर्मा ने सभी विजेताओं और उनके अध्यापकों को बधाई दी और जिला स्तर पर पुरस्कार वितरण के लिए शीघ्र आयोजन करने की जानकारी दी।

# चंबा शहर में 20 वर्षों से लगी अवैध रेहड़ियों पर चला प्रशासन का डंडा

अनंत ज्ञान

**चंबा।** नगर परिषद चंबा की कार्यकारी अधिकारी (ईओ) राखी कौशल पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आईं। शहर में वर्षों से अवैध रूप से लगी रेहड़ियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने बड़ी मुहिम चलाई। इस दौरान लगभग 20 वर्षों से बिना अनुमति संचालित कई अवैध रेहड़ियों को हटाया गया, जिससे शहर में व्यवस्था और सुचारु यातायात की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।



ईओ राखी कौशल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नगर क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिन रेहड़ी–पटरी वालों को हटाया गया है, उन्हें नगर परिषद के नियमों के अनुसार परमिट के लिए आवेदन करने को कहा गया है, ताकि उन्हें विधिवत रूप से व्यवसाय करने का अवसर मिल सके। राखी कौशल ने जानकारी दी कि नगर परिषद द्वारा पहले ही 95 रेहड़ी–पटरी संचालकों को नियमानुसार परमिट जारी किए जा चुके हैं, जिनमें प्रत्येक को 6म8 फीट क्षेत्रफल निर्धारित कर आवंटित किया गया है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के पास वर्तमान में कोई परमिट नहीं है और जिनकी रेहड़ियां हटाई गई हैं, वे सभी नगर परिषद में आवेदन कर सकते हैं। पात्र पाए जाने पर उन्हें नियमानुसार परमिट जारी किए जाएंगे।

ईओ राखी कौशल ने दो टूक कहा कि यह कार्रवाई किसी के खिलाफ नहीं, बल्कि शहर की व्यवस्था, सौंदर्यीकरण और आम जनता की सुविधा को ध्यान में रखकर की गई है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भविष्य में बिना अनुमति रेहड़ी लगाने वालों पर और भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

नगर परिषद की इस सख्त और पारदर्शी कार्रवाई से शहरवासियों ने राहत की सांस ली है और इसे चंबा शहर को व्यवस्थित एवं अतिक्रमण मुक्त बनाने की दिशा में एक अहम कदम बताया जा रहा है।

### कौल सिंह ने चिट्टे व नशे के खिलाफ दिलाई शपथ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड द्वारा निर्माण श्रमिकों के कल्याण से संबंधित योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से द्रंग विधानसभा क्षेत्र के औट में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पूर्व मंत्री ठाकुर कौल सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने की। मुख्य अतिथि ठाकुर कौल सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार वंचित वर्गों के कल्याण के लिए अनेक कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री सुख–आश्रय योजना के तहत अनाथ व असहाय बच्चों को सरकार द्वारा अपनाया गया है और उनके रहन–सहन से लेकर शिक्षा–दीक्षा सहित अन्य व्यय वहन कर रही है। इसके अतिरिक्त कामगार कल्याण बोर्ड के माध्यम से श्रमिक वर्गों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कामगारों से इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आग्रह किया। इस अवसर पर एपीएमसी के अध्यक्ष संजीव गुलेरिया, एचपीएमसी निदेशक जोगिंदर गुलरिया, जिला परिषद सदस्य रीता ठाकुर, मंडल अध्यक्ष सनौर दामोदर नेगी, ग्राम पंचायत कसना के प्रधान गोपाल कृष्ण, जिला श्रम कल्याण अधिकारी अनिल ठाकुर, कामगार बोर्ड संगठन के कोषाध्यक्ष शोभाराम, औट पंचायत के उपप्रधान श्याम वेद्य सहित विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में कामगार उपस्थित रहे।

**व अदालत तहसीलदार प्रथम श्रेणी एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा हि.प्र.।**

क्रमांक-9 रीडर-1
दिनांक 15-01-2026
मिसल न. 09/त./2026
ता.दा.12-01-2026
ता. पेशी 15-02-2026

**अनुमान मुकदमा–** श्री प्रेम लाल पुत्र मुरली पुत्र खैम्वो निवासी गांव लाहड, डाकघर चाहड़ी तहसील नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा हि.प्र.।
....प्रार्थी पक्ष
वनाम आम जनता ....प्रत्यार्थी पक्ष

**विषयः** प्रार्थना पत्र भू राजस्व अधिनियम 1954 की जेर धारा 37 के अन्तर्गत राजस्व रिकार्ड में नाम दरुस्ती करने बारे।

**अखवारी इश्तहार**

प्रार्थना पत्र श्री प्रेम लाल पुत्र मुरली पुत्र खैम्वो निवासी गांव लाहड़ डाकघर चाहडी तहसील नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा हि.प्र., ने अधोहस्ताक्षरी के समक्ष उपस्थित होकर आवेदन किया है कि महाल लाहड मौजा चाहड़ी के राजस्व रिकार्ड में मेरा नाम निक्कू राम मुरली दर्ज है। जो कि गलत हैं। जवकि अन्य कामजात में मेरा नाम प्रेम लाल पुत्र मुरली दर्ज है। दर्ज करने का आग्राह किया है।

अतः इस अदालती नोटिस अखबारी इश्तहार द्वारा आम जनता व सगे सम्बन्धियों को एतद द्वारा सूचित किया जाता हैं कि यदि किसी को भी इस नाम दरूस्ती करने बारे कोई एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन एतराज दिनांक 15-02-2026 को अदालत में पेश कर सकते हैं। हाजिर ना आने की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अम्ल में लाई जाएगी। और नियमानुसार नाम दरुस्ती के आदेश पारित कर दिए जाएगें।

आज दिनांक15-01-2026 को मेरे हस्ताक्षर मोहर सहित जारी हुए।

**कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा हि.प्र.**

**जिस** हरे-भरे वृक्ष की छाया का आश्रय लेकर रहा जाए, पहले उपकारों का ध्यान रखकर उसके एक पत्ते से भी द्रोह नहीं करना चाहिए।

– महाभारत

## संपादकीय

# सुरक्षा और उपचार पर सवाल

नशा एक ऐसी आदत है जो शुरू में केवल शौक या मजे के लिए की जाती है, लेकिन जल्द ही यह व्यक्ति की पूरी जिंदगी पर कब्जा कर लेती है। व्यक्ति नशे का गुलाम बन जाता है और उसे इसका अंदाजा तब तक नहीं होता जब तक उसके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर असर न पड़ जाए। उस समय नशे से छुटकारा पाना लगभग असंभव हो जाता है। माता-पिता जब अपने बच्चों को इस गर्त से निकालने की कोशिश करते हैं, तो उनका पहला और सबसे भरोसेमंद विकल्प अक्सर नशा मुक्ति केंद्र ही होता है।

हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले के संतोषगढ़ इलाके में हाल ही में नशा मुक्ति केंद्र से चार मरीज भाग गए, जिसने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। सबसे पहला सवाल यह है कि क्या इस केंद्र में उनके रहन-सहन और सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा गया था। दूसरा सवाल उनके स्वास्थ्य और जीवन को लेकर है कि क्या भागने के दौरान उनका जीवन खतरे में नहीं था। तीसरा और सबसे महत्वपूर्ण सवाल उनके माता-पिता के मन को झकझोर रहा है, जिन्होंने अपने बच्चों को सही रास्ते पर लाने के लिए बड़ी मेहनत और पैसा लगाया।

इस घटना से यह भी प्रश्न उठता है कि क्या नशा मुक्ति केंद्र में उपचार पर्याप्त और प्रभावी था। क्या वहां के कर्मचारियों ने सही तरीके से काउंसलिंग और देखभाल प्रदान की? या फिर यह चारों युवक स्वयं सुधरना ही नहीं चाहते थे। अगर ऐसा है, तो यह नशे की लत की गंभीरता और उपचार की चुनौती को दर्शाता है। कभी-कभी युवा नशे की गिरफ्त में इतने डूब जाते हैं कि वे किसी भी तरह की मदद लेने से इंकार कर देते हैं।

संतोषगढ़ नशा मुक्ति केंद्र से भागने की घटना केवल स्थानीय समस्या नहीं है, यह पूरे राज्य और देश में नशे के प्रति हमारी सामाजिक और प्रशासनिक दृष्टिकोण पर सवाल खड़े करती है। नशा मुक्ति केंद्रों की जिम्मेदारी केवल उपचार तक सीमित नहीं होती, बल्कि उन्हें यह भी सुनिश्चित करना होता है कि मरीज सुरक्षित और नियंत्रित वातावरण में रहें। इसका अभाव होने पर न केवल मरीज का जीवन खतरे में आता है, बल्कि परिवारों की मेहनत और प्रयास भी व्यर्थ हो जाते हैं।

हालांकि, सुक्खू सरकार ने नशे, खासकर चिट्टे के खिलाफ कड़ा अभियान शुरू किया है। नशा करने वालों और सप्लायरों की जानकारी देने के लिए ईनाम की व्यवस्था और टॉल फ्री नंबर उपलब्ध कराए गए हैं, लेकिन केवल प्रशासनिक कदमों से नशा पूरी तरह से नियंत्रित नहीं हो सकता। इसके लिए लोगों में जागरूकता, शिक्षा और सामाजिक सहयोग बेहद आवश्यक है। यदि जनता नशा रोकने में सक्रिय भागीदारी नहीं करती, तो किसी भी अभियान का प्रभाव सीमित रहेगा।

जो लड़के नशा मुक्ति केंद्र से भाग गए हैं, उन्हें पकड़कर पुन: केंद्र में लाना और उन्हें सही तरीके से काउंसलिंग देना सबसे जरूरी है। उन्हें यह समझाना होगा कि जीवन अनमोल है और इसे नशे की वजह से बर्बाद नहीं करना चाहिए। तभी उन्हें उपचार के लिए तैयार किया जा सकता है। युवा जब स्वयं उपचार के लिए तैयार होते हैं, तभी नशे की लत पर प्रभावी नियंत्रण संभव है।

आज हिमाचल प्रदेश में चिट्टे का चलन तेजी से बढ़ रहा है। यह न केवल युवाओं की जिंदगी को प्रभावित कर रहा है, बल्कि उनके परिवार और समाज को भी नुकसान पहुंचा रहा है। सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग जागरूकता फैलाने, नशे की हानियों को दिखाने और युवाओं को इससे दूर रखने के लिए किया जाना चाहिए। सरकार को चाहिए कि वह हर संभव मंच का उपयोग कर चिट्टे और अन्य नशों के खिलाफ अलख जगाए और जनता को सर्, य रूप से इसमें जोड़ें।

इस पूरी घटना से यह स्पष्ट होता है कि नशा केवल व्यक्तिगत समस्या नहीं है, यह सामाजिक, पारिवारिक और प्रशासनिक दृष्टि से गंभीर चुनौती बन चुका है। नशा मुक्ति केंद्रों की भूमिका, समाज की जागरूकता और परिवार की सतर्कता तीनों मिलकर ही नशे के प्रभाव को कम कर सकते हैं। अगर सभी स्तरों पर सही कदम उठाए जाएं, तो युवा वापस मुख्यधारा में आ सकते हैं और उनके माता-पिता की चिंता भी कम हो सकती है। इस दिशा में सरकार और समाज को मिलकर काम करना होगा। ■

## आज की प्रमुख हस्ती

### प्रसिद्ध कवि एवं गीतकार

**जावेद** अख्तर (जन्म:17 जनवरी 1945, ग्वालियर) भारत के प्रसिद्ध कवि, गीतकार और पटकथा लेखक हैं। उन्होंने सलीम खान के साथ मिलकर कई सुपरहिट फिल्मों की पटकथा लिखी, जैसे जंजीर, शोले, दीवार, त्रिशूल। जावेद की लेखनी ने अमिताभ बच्चन को स्टार बनाया।



जावेद अख्तर
जन्म : 17 जनवरी 1945

उनके गीत और संवाद आज भी याद किए जाते हैं। जावेद अख्तर का जन्म साहित्यिक परिवार में हुआ; पिता जान निसार अख्तर प्रगतिशील कवि और माता सफिया अख्तर शिक्षिका एवं लेखिका थीं। बचपन से ही उन्हें शेरो-शायरी में गहरी रुचि थी। शिक्षा लखनऊ, अलीगढ़ और भोपाल से हुई, और 1964 में उन्होंने मुंबई जाकर फिल्मी करियर की शुरुआत की। शुरुआत में संघर्ष के बावजूद फिल्म 'जंजीर' (1973) से उन्हें सफलता मिली। इसके बाद उन्होंने कई सफल फिल्मों में संवाद लिखे। सलीम-जावेद की जोड़ी ने बॉलीवुड को अनेक हिट फिल्में दीं, जैसे अंदाज, हाथी मेरे साथी, सीता और गीता, यादों की बारात।

जावेद अख्तर ने व्यक्तिगत जीवन में हनी ईरानी से विवाह किया, उनके दो बच्चे फरहान और जोया अख्तर हैं। बाद में उन्होंने शबाना आजमी से विवाह किया। उन्हें पद्मश्री (1999), पद्मभूषण (2007), कई फिल्म फेयर और राष्ट्रीय पुरस्कार मिले हैं। उनके हिट गीतों में शामिल हैं 'एक लड़की को देखा तो ऐसा लगा', 'कल हो ना हो', 'सुन मितवा'। जावेद अख्तर ने भारतीय सिनेमा और साहित्य में अमिट योगदान दिया है। ■



कविता

## डीएम बन तुझे सैल्यूट मारूं

डॉ. कौमार्या मनोज

**जाने** क्यों मुझे सता रहा, परीक्षा के ये डर।
कैसे होऊं पास मैं, अब हो रही फिकर ।।
थी ठंड में ठंडी लगी, गर्मी ने मचाया कहर।
पढ़ नहीं पाया जो मैं, अब हो रही फिकर।।
कैसे मैं पास होऊंगा, क्या बोलूं मां-बाप को।
साल बिना फिर पढ़े निकाला, धोखा दे रहा आपको।।
पिछले साल भी फेल हुआ था, इस बार भी फेल की बारी है।
शिक्षक ने काफी समझाया, पढ़ पढ़ एग्जाम तुम्हारी है।।
अब भाई मैं पढ़ना चाहूं, कल से एग्जाम हमारी है।
किसी और को दोष मैं क्या दूं, गलती ही सारी हमारी है।।
अब चिंता होती पढ़ने की, गुरुवर मुझे पढ़ा दो तुम।
डीएम बन तुझे सैल्यूट मारूं, पढ़ने की चाह जगा तुम।।
करूं ना कोई हंसी ठिठोली, मुझको अब बस पढ़ना है।
कल से शुरू परीक्षा मेरी,आज दिन रात मुझे पढ़ना है।।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# भारतीय लोकतंत्र और पत्रकारिता का बदलता चेहरा

आज विश्व के अधिकांश राष्ट्राध्यक्षों और नेताओं में पत्रकारों के तीखे सवालों को लेकर एक प्रकार का भय दिखाई देता है। यही कारण है कि वे या तो प्रेस से दूरी बनाने लगे हैं या फिर सीधे सवालों के जवाब देने से असहज महसूस करते हैं, जबकि भारत में स्वतंत्रता के बाद से लंबे समय तक यह परंपरा रही कि प्रधानमंत्री और सरकार जनता तक अपनी बात पहुंचाने के लिए नियमित रूप से प्रेस कांफ्रेंस करते थे।



डॉ. अशोक कुमार चौबे
पूर्व कृषि वैज्ञानिक, पालमपुर

स्वतंत्र भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपने कार्यकाल में 191 बार प्रेस कांफ्रेंस कीं। वे पत्रकारों के तीखे सवालों से कभी नहीं घबराए और पूरी बेबाकी से उत्तर दिए। उनके समय में पत्रकारों को न सवाल पूछने का डर था, न सच लिखने में कोई संकोच। कलम न तो रुकी थी और न ही चाटुकारिता के लिए फिसली थी। सच जैसा था, वैसा ही जनता के सामने आता था।

नेहरू के बाद भी यह परंपरा जारी रही। इंदिरा गांधी ने 42 बार, राजीव गांधी ने लगभग 40 बार प्रेस कांफ्रेंस कीं। देश-विदेश के दौरों के बाद प्रधानमंत्री पत्रकारों को बताते थे कि किन समझौतों पर हस्ताक्षर हुए, उद्योग जगत और व्यापार को क्या लाभ मिलेगा। अल्पकालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने भी 38 बार प्रेस से संवाद किया। वे कभी सवालों से भागे नहीं और हर उत्तर जनहित व राष्ट्रहित में दिया।

इसके बाद एनडीए सरकार में अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री बने। उन्होंने अपने छह वर्षों के कार्यकाल में 35 बार प्रेस वार्ताएं कीं। जब उनकी सरकार 13 महीने में गिर गई, तब भी उन्होंने पत्रकारों के सामने स्पष्ट कहा कि वे चाहें तो सरकार बचा सकते थे, लेकिन उन्होंने खरीदने के बजाय ईमानदारी को चुना। सत्ता नहीं, बल्कि नैतिकता उनके लिए अधिक महत्वपूर्ण थी। नरसिम्हा राव के कार्यकाल को आर्थिक उदारीकरण का दौर कहा जाता है। उन्होंने भी लगभग 40 बार प्रेस कांफ्रेंस कीं।

उस समय यह परंपरा थी कि हर विदेशी दौरे के बाद प्रधानमंत्री प्रेस से संवाद करते और राष्ट्रपति को भी देशहित में हुई चर्चाओं की जानकारी देते थे, किंतु 2014 के बाद यह सारी परंपराएं बदलती चली गईं। डॉ. मनमोहन सिंह, जो लगातार दस वर्षों तक प्रधानमंत्री रहे, एक विद्वान और गंभीर अर्थशास्त्री थे।

उन्होंने 114 बार प्रेस कांफ्रेंस कीं, भारत में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी। वैश्विक आर्थिक मंदी के दौर में भी भारत की



अर्थव्यवस्था कैसे आगे बढ़ी, इस पर वे खुलकर सवालों के जवाब देते थे। उन्होंने कभी पत्रकारों को सवाल पूछने से नहीं रोका।

3 फरवरी 2014 को मनमोहन सिंह ने अपने कार्यकाल की अंतिम प्रेस कांफ्रेंस की, जो लगभग एक घंटे चली। उन्होंने बढ़ती महंगाई, वैश्विक चुनौतियों और अपनी सरकार की कमजोरियों को स्वीकार किया। 2जी कोल घोटाला और कॉमन वेल्थ खेलों में भ्रष्टाचार के मामले उठे तो उन्होंने कहा कि जब इतिहास लिखा जाएगा, तो वे बेदाग निकलेंगे-और यह कथन आज काफी हद तक सत्य प्रतीत होता है। उन्होंने मीडिया या जनता को गुमराह नहीं किया। इसके विपरीत, आज का दौर छिपाने और भ्रम पैदा करने का है। 'विकसित भारत 2047' जैसे नारों के जरिए असली मुद्दों से ध्यान हटाया जा रहा है। मीडिया का एक बड़ा हिस्सा सत्ता की भाषा बोल रहा है। कलम अब स्वतंत्र नहीं रही; उसे ऐसी स्याही दी जा रही है जिसमें चाशनी मिली हुई है जो दिखती चलती है, पर वास्तव में एक जगह ठहरी रहती है।

यह भी सच है कि आपातकाल के बाद से ही पत्रकारिता में गिरावट शुरू हो गई थी। सत्ता के करीब रहने वाले पत्रकार लाभान्वित हुए-कोई सांसद बना, कोई विधायक। जिन्होंने विरोध की कलम थामी, वे आज भी सामान्य जीवन जी रहे हैं, लेकिन अपनी लेखनी बचाए हुए हैं। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि वर्तमान प्रधानमंत्री, जो बारह वर्षों से सत्ता में हैं और तीसरे कार्यकाल में हैं, वे कभी नियमित प्रेस कांफ्रेंस क्यों नहीं करते? क्या वे पत्रकारों के सवालों से डरते हैं, या फिर उन्हें इसमें रुचि नहीं? इसके स्थान पर उन्होंने 'मन की बात' जैसा एकतरफा संवाद माध्यम चुना है, जिसमें सवाल पूछने की कोई गुंजाइश नहीं होती। यह आत्मप्रचार का एक सुरक्षित रास्ता है, जहां न असहजता है, न जवाबदेही।

आज प्रेस कांफ्रेंस का स्थान 'मन कांफ्रेंस' ने ले लिया है, जहां सवाल नहीं, केवल भाषण है। यह पत्रकारों के तीखे प्रश्नों से बचने का आसान उपाय है। देश का अधिकांश मीडिया सत्ता से सवाल पूछने की स्थिति में नहीं है। जो पूछेगा, उसकी नौकरी खतरे में पड़ सकती है। इसलिए सवाल केवल विपक्ष से किए जाते हैं। कुछ गिने-चुने समाचार पत्र आज भी सवाल उठाते हैं, लेकिन उन्हें न सरकारी विज्ञापन मिलते हैं, न सरकारी यात्राओं में स्थान। उनकी आवाज आम जनता तक पहुंच ही नहीं पाती। आज न पत्रकार की स्वतंत्र लेखनी बची है, न शब्द। सब कुछ सरकारी है-यहां तक कि संवाद भी। प्रेस कांफ्रेंस अब अतीत की बात हो गई है। शायद किसी दिन 'मन कांफ्रेंस' के नाम से नया निमंत्रण आए। तब तक देश में एकतरफा संवाद चलता रहेगा और सवाल पूछने की परंपरा इतिहास के पन्नों में सिमटती जाएगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# भारत में बढ़ता साइबर अपराध, समाज में जागरूकता जरूरी

आज का युग डिजिटल क्रांति का युग है। भारत में इंटरनेट और सूचना प्रौद्योगिकी ने जीवन के लगभग हर क्षेत्र को प्रभावित किया है। शिक्षा, बैंकिंग, व्यापार, स्वास्थ्य, मनोरंजन और सरकारी सेवाएं तेजी से ऑनलाइन हो रही हैं। 'डिजिटल इंडिया' अभियान ने आम नागरिक को तकनीक से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, लेकिन इस प्रगति के साथ एक गंभीर समस्या भी सामने आई है, और वह है साइबर अपराधों में लगातार हो रही वृद्धि।



प्रो. मनोज डोगरा
राजकीय महाविद्यालय बड़सर

साइबर अपराध से तात्पर्य ऐसे अपराधों से है जो कंप्यूटर, मोबाइल फोन, इंटरनेट या किसी डिजिटल नेटवर्क के माध्यम से किए जाते हैं। भारत में साइबर अपराध के कई रूप देखने को मिलते हैं, जैसे ऑनलाइन ठगी, फिशिंग, हैकिंग, डेटा चोरी, पहचान की चोरी, सोशल मीडिया अकाउंट का दुरुपयोग, साइबर स्टॉकिंग, साइबर बुलिंग, फर्जी वेबसाइट और ऑनलाइन बैंकिंग या यूपीआई से धोखाधड़ी। अपराधी ई-मेल, मैसेज, कॉल और फर्जी ऐप्स के जरिए लोगों को भ्रमित कर उनका पैसा और निजी जानकारी चुरा लेते हैं।

भारत में साइबर अपराध बढ़ने के पीछे कई कारण हैं। सबसे प्रमुख कारण है लोगों में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता की कमी। बहुत से लोग अनजान लिंक पर क्लिक कर देते हैं या ओटीपी, पिन और पासवर्ड जैसी गोपनीय जानकारी दूसरों के साथ साझा कर देते हैं। इसके अलावा, कमजोर पासवर्ड का उपयोग, सार्वजनिक वाई-फाई का असावधानी से प्रयोग और तकनीकी ज्ञान की कमी भी साइबर अपराध को बढ़ावा देती है। ग्रामीण और छोटे शहरों में डिजिटल साक्षरता की कमी के कारण लोग साइबर ठगी का आसान शिकार बन




जाते हैं। साइबर अपराध का प्रभाव बहुत गंभीर होता है। इससे लोगों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है, साथ ही मानसिक तनाव और डर का माहौल बनता है। कई बार पीड़ित को सामाजिक बदनामी का भी सामना करना पड़ता है। छात्र, महिलाएं और बुजुर्ग साइबर अपराधियों के मुख्य निशाने पर होते हैं। सोशल मीडिया पर फर्जी प्रोफाइल बनाकर लोगों को परेशान करना, ब्लैकमेल करना और गलत जानकारी फैलाना आज आम समस्या बन चुकी है। भारत सरकार साइबर अपराध को रोकने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। आईटी अधिनियम को सख्त बनाया गया है, साइबर क्राइम सेल की स्थापना की गई है और राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल शुरू किया गया है, जिससे पीड़ित ऑनलाइन शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

इसके साथ ही पुलिस और प्रशासन को साइबर अपराध से निपटने के लिए विशेष प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। फिर भी, अपराधियों की बढ़ती संख्या और उनके नए-नए तरीकों के कारण यह चुनौती बनी हुई है। साइबर अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के लिए केवल कानून और सरकारी प्रयास ही पर्याप्त नहीं हैं। इसके लिए समाज के प्रत्येक नागरिक को जागरूक और सतर्क होना आवश्यक है। मजबूत पासवर्ड का उपयोग, समय-समय पर पासवर्ड बदलना, किसी भी संदिग्ध कॉल या मैसेज से सावधान रहना और अपनी निजी जानकारी को सुरक्षित रखना बेहद जरूरी है। स्कूलों और कॉलेजों में साइबर शिक्षा को बढ़ावा दिया जाना चाहिए ताकि युवा पीढ़ी डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रह सके। बहरहाल, साइबर अपराध भारत के लिए एक गंभीर चुनौती है, लेकिन सही जागरूकता, सतर्कता और सामूहिक प्रयासों से इस समस्या पर काबू पाया जा सकता है। यदि हम तकनीक का उपयोग समझदारी और जिम्मेदारी से करें, तो डिजिटल प्रगति के साथ-साथ एक सुरक्षित साइबर वातावरण भी बना सकते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# रिश्ते तभी जीवत रहते हैं, जब उनमें सम्मान और संवाद हो

आज का युग हर क्षेत्र में तीव्र गति को ही प्रगति का पर्याय मानने लगा है। ठहराव, संतोष और संवेदनशीलता जैसे मूल्य मानो पीछे छूटते जा रहे हैं। विज्ञान और तकनीक के इस मशीनी दौर ने मानव जीवन को सुविधाजनक तो बनाया है, लेकिन साथ ही मनुष्य को कहीं-न-कहीं असंवेदनशील और कठोर भी बना दिया है।



लता कुमारी धीमान
गांव जेहमत, तहसील बल्द्वाड़ा
जिला मंडी (हि.प्र.)

जीवन का कोई क्षेत्र इससे अछूता नहीं रहा-यहां तक कि हमारे सबसे कोमल और संवेदनशील रिश्ते भी इसकी चपेट में हैं। आज रिश्ते जितनी तेजी से बनते हैं, उससे कहीं अधिक तेजी से टूट भी जाते हैं। माता-पिता, भाई-बहन और पति-पत्नी जैसे निकट संबंधों में भी बिखराव आम होता जा रहा है। परिवर्तनशील वातावरण और बढ़ती आवश्यकताओं ने जीवन को जटिल बना दिया है। वर्तमान परिस्थितियों में परिवार को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए पति-पत्नी दोनों का काम करना आवश्यक हो गया है। यह समय की मांग भी है, किंतु परिवार का अर्थ केवल आर्थिक सहयोग तक सीमित नहीं है। परिवार का वास्तविक स्वरूप तभी सार्थक होता है, जब उसमें मानसिक और भावनात्मक सहयोग भी समान रूप से मौजूद हो। एक-दूसरे का साथ, समझ और सम्मान-यही किसी भी परिवार की नींव होते हैं। जैसे जीवन के लिए सांस जरूरी है, वैसे ही रिश्तों के लिए सहयोग और एकता अनिवार्य है।

दुर्भाग्यवश, आज के समाज में रिश्तों को सहेजना और उनका सम्मान करना एक बड़ी चुनौती बन गया है। यदि हम प्रकृति और जीव-जगत की ओर देखें, तो वहां से हमें रिश्तों को निभाने की अद्भुत सीख मिलती है। यह धरती केवल मानव की नहीं, बल्कि असंख्य जीवों का साझा घर है। चींटियां, बंदर और हाथी जैसे जीव अपने



व्यवहार से सहयोग, एकता और समर्पण का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। चींटियां मिलकर अपना घर बनाती हैं, भोजन का प्रबंध करती हैं और अनुशासन के साथ एक इकाई की तरह कार्य करती हैं। देखने में तुच्छ लगने वाली ये चींटियां हमें सिखाती हैं कि व्यक्तिगत हित, सामूहिक हितों के सामने नगण्य होते हैं।

इसी प्रकार बंदर और हाथी समूह में रहकर एक-दूसरे को सुरक्षा और सहयोग का एहसास कराते हैं। ये जीव अपने निजी स्वार्थ से ऊपर उठकर समुदाय की भलाई को सर्वोच्च मानते हैं, और इसी कारण बड़ी-से-बड़ी चुनौतियों का सामना सहजता से कर लेते हैं।

मानव संबंधों की मजबूती का आधार भी यही मूल्य हैं-सहयोग, समर्थन, स्नेह और देखभाल। कोई भी रिश्ता जीवित रखने के लिए विश्वास, सम्मान और खुला संवाद अत्यंत आवश्यक है। अहंकार रिश्तों के लिए विष के समान है। यदि रिश्तों में संयम और गरिमा बनाए रखी जाए, तो समस्याओं के लिए स्थान ही नहीं बचता। और यदि कभी किसी कारणवश गलतफहमी उत्पन्न हो भी जाए, तो संवाद, आत्ममंथन और अपनी गलती स्वीकार करने से उसे दूर किया जा सकता है।

चाहे पारिवारिक रिश्ते हों, रिश्तेदारी या मित्रता-इनमें दरार आने के मुख्य कारण हैं विश्वास की कमी, स्वार्थ, घमंड और ईर्ष्या। जब प्रभावी संवाद नहीं होता, तो समस्याएं सुलझने के बजाय और उलझ जाती हैं। दोस्ती की भी अपनी सीमाएं होती हैं, उनका अतिक्रमण कड़वाहट को जन्म देता है। बार-बार की शिकायतें, शक और अनावश्यक बंदिशें नकारात्मक वातावरण बना देती हैं, जिससे रिश्ते कमजोर होने लगते हैं।

अत: आधुनिक परिवेश के साथ सामंजस्य बैठाते हुए हमें अपने हर रिश्ते को ईमानदारी से निभाने का संकल्प लेना चाहिए। खामोशी किसी समस्या का समाधान नहीं, बल्कि उसे और गंभीर बना देती है। आत्म-मूल्यांकन और खुले संवाद से ही रिश्तों को संबल मिलता है। हमें रिश्तों की कमजोरी नहीं, बल्कि उनकी ताकत बनना चाहिए।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# लोकगीत सुनिए, उसकी खुशबू और लहजे को समझिए

आज के दौर में हिमाचल प्रदेश का लोक संगीत परिवर्तन और प्रयोग के एक महत्वपूर्ण दौर से गुजर रहा है। मंच बदल रहे हैं, तकनीक बदल रही है और श्रोता भी। ऐसे में लोक संगीत में नए प्रयोग होना स्वाभाविक ही नहीं, बल्कि आवश्यक भी है।



संजय ठाकुर
स्वतंत्र लेखक

किसी भी कला को जीवंत बनाए रखने के लिए समय के साथ चलना जरूरी होता है। नए वाद्य यंत्र, नई रिकॉर्डिंग तकनीक, डिजिटल मंच और युवा पीढ़ी की भागीदारी-ये सभी लोक संगीत को व्यापक पहचान दिलाने में सहायक हो सकते हैं, किंतु इन सबके बीच सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या इन प्रयोगों में हम अपनी जड़ों को संभाल पा रहे हैं?

हिमाचल के लोकगीत केवल सुर और ताल का संयोजन नहीं हैं। वे पहाड़ की हवा, खेतों की मिट्टी, मेलों की रौनक, विरह की पीड़ा और सामूहिक जीवन की स्मृतियों से उपजे हैं। हर लोकगीत की अपनी एक खुशबू है, एक लहजा है और एक भावभूमि है। इन्हें गाने से पहले केवल रियाज़ ही नहीं, बल्कि इन्हें सुनना, समझना और महसूस करना भी उतना ही जरूरी है। लोकगीत तब प्रभावी होते हैं, जब गायक उसके भाव में उतरकर गाता है, न कि केवल उसे प्रस्तुत करता है। आज कई बार यह देखने को मिलता है कि लोकगीतों में ऐसे तत्व जोड़ दिए जाते हैं, जिनका उस क्षेत्र, उस बोली या उस सांस्कृतिक संदर्भ से कोई सीधा संबंध नहीं होता। बाहरी शैलियों की नकल, अत्यधिक इलेक्ट्रॉनिक प्रयोग या केवल 'चौंकाने' के उद्देश्य से किया गया प्रस्तुतीकरण कई बार लोकगीत के मूल स्वरूप को धुंधला कर देता है। प्रयोग और विकृति के बीच की यह रेखा बहुत महीन होती है, जिसे समझना आज के कलाकारों के लिए सबसे बड़ी चुनौती है।

यदि हम 10-15 वर्ष पीछे देखें, तो हिमाचल के लोक संगीत में ऐसे अनेक कलाकार मिलते हैं जिन्होंने अत्यंत सादगी



के साथ लोकगीतों को अमर बना दिया। डॉ. कृष्ण लाल सहगल जी, करनैल राणा जी, पीयूष राज जी, नरेंद्र ठाकुर जी, जीतू संख्यान जी, कुलदीप शर्मा जी, कुशल वर्मा जी जैसे कलाकारों की गायकी में कोई दिखावा नहीं था। न भारी-भरकम साज-सज्जा, न अनावश्यक प्रयोग-बस लोक की सच्चाई, उसका दर्द और उसका आनंद। उनकी आवाज में पहाड़ बोलता था और श्रोता खुद को उस गीत का हिस्सा महसूस करता था। इसका अर्थ यह नहीं कि आज के कलाकारों से यह अपेक्षा की जाए कि वे केवल पुराने ढर्रे पर ही चलें। समय बदल चुका है और कला को भी बदलना पड़ता है, किंतु यह बदलाव तब सार्थक होता है, जब उसकी जड़ें मजबूत हों। पुरानी विरासत अनुभव का एक विशाल भंडार है।

वरिष्ठ कलाकारों के साथ संवाद, उनके गीतों का अध्ययन और उनकी शैली की समझ युवा पीढ़ी को दिशा दे सकती है। जब नई सोच पुरानी समझ से जुड़ती है, तभी सच्चा नवाचार जन्म लेता है। यह भी सच है कि जब किसी शैली के मूल लहजे से अनावश्यक छेड़छाड़ होती है, तो निराशा होती है और यह प्रश्न उठता है कि क्या हमारी सांस्कृतिक पहचान सुरक्षित है। लोकगीतों के साथ प्रयोग जरूरी हैं, लेकिन प्रयोग का अर्थ तोड़ना नहीं, बल्कि निखारना होना चाहिए। हर संगीत शैली का अपना सौंदर्य और अपना स्वभाव होता है, और वही उसकी सबसे बड़ी ताकत भी है।

जरूरत इस बात की है कि हम अपनी पुरानी विरासत पर गर्व करें, उससे सीखें और फिर नए रास्ते बनाएं। लोकगीतों को समझकर, सहेजकर और सम्मान के साथ आगे बढ़ाना ही सच्चा नवाचार है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### लॉर्ड्स स्कूल के बच्चों ने जाना योग का महत्व



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** स्थानीय सुप्रसिद्ध पाठशाला लॉर्ड्स कान्वेंट स्कूल सरकाघाट में पंडित नेक राम शास्त्री ने एक दिन का योग शिविर लगाया। इसमें प्रथम कक्षा से लेकर 12वीं कक्षा के सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसमें नेकराम शास्त्री जी ने बच्चों से अनुलोम विलोम, कपालभाति व अन्य तरह के सभी योग व व्यायाम करवाये। शिविर में गणमान्य व्यक्ति अमृता सेवा समिति अध्यक्षा श्रीमती सोमा राणा जी व रिटायर्ड टीचर सिमी ठाकुर जी उपस्थित रहे। स्कूल प्रधानाचार्य सपना ठाकुर व प्रबंधक कर्नल बलवंत सिंह बरारी जी ने नेकराम शास्त्री जी व सभी गणमान्य व्यक्तियों का धन्यवाद किया जिन्होंने बच्चों को योग का महत्व बताया व योग से होने वाले फायदे भी बताएं और घर में भी सभी को योग करने की सलाह दी।

### विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा पर दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** पीएम श्री सरकारी मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सरकाघाट में रोड सेफ़्टी क्लब की ओर से सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली के दौरान पुलिस विभाग के एएसआई अनिल कुमार, एएसआई राजेंद्र कुमार तथा कॉन्स्टेबल संदीप ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा एवं ट्रैफिक नियमों की विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम के माध्यम से लगभग 410 छात्र जागरूक हुए। इसके अतिरिक्त वाद-विवाद, स्लोगन लेखन, लेख लेखन एवं पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें भाग लेने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य अनीता की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। रोड सेफ़्टी क्लब के प्रभारी डॉ. राहुल सुमन सहित सदस्य राजेश हिमालयन, अरुण उपाध्याय, अनिल परवारी और रोहित शास्त्री की सक्रिय भूमिका रही। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई, जहां विद्यार्थियों ने स्लोगनों के माध्यम से आमजन को जागरूक किया।

### पूर्व डीसी ने बच्चों को दिए पढ़ाई के टिप्स

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय झंगी में करियर गाइडेंस एवं मोटिवेशनल संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व डीसी सोलन अमर सिंह राठौर (आईएएस) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में एसडीएम अमर सिंह राठौर ने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर पूरी लगन से पढ़ाई करने की सलाह दी। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति की मासिक बैठक भी आयोजित की गई। कार्यक्रम में एसएमसी अध्यक्ष राकेश सिंह एवं कार्यकारी खंड विकास अधिकारी के.डी. वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में एसएमसी अध्यक्ष द्वारा मुख्य अतिथि को सम्मान चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### मसौत गांव के अंशुल बने बैंक में पीओ

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** संधोल तहसील की पिछड़ी धलारा पंचायत के मसोत गांव के होनहार युवक अंशुल ने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अंशुल का चयन पंजाब



नेशनल बैंक में प्रोबेशनरी ऑफिसर (पीओ) पद पर हुआ है। उन्होंने यह सफलता आईबीपीएस पीओ परीक्षा उत्तीर्ण कर हासिल की है। अंशुल की प्रारंभिक शिक्षा विपाशा पब्लिक हाई स्कूल, संधोल से हुई। इसके बाद उन्होंने सैनिक स्कूल सुजानपुर टीरा से वरिष्ठ माध्यमिक शिक्षा प्राप्त की। उच्च शिक्षा के लिए अंशुल ने गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी, अमृतसर से बी.टेक (कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग) की पढ़ाई पूरी की। अंशुल के पिता गुरदेव राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला झांगी में राजनीति शास्त्र के प्रवक्ता के पद पर कार्यरत हैं, जबकि उनकी माता विपाशा पब्लिक हाई स्कूल, संधोल में अपनी सेवाएं दे रही हैं। अंशुल की इस सफलता पर परिवार, विद्यालय स्टाफ, पंचायत प्रतिनिधियों और क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है।

### हिंदू समाज की चुनौतियों पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** इस बैठक में हिंदू समाज के सभी वर्गों से आए हुए प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में सेवानिवृत्ति उपनिदेशक कानून विद जीवन लाल शर्मा रहे, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में प्रेम कुमार अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रहे। प्रेम ने कहा कि हिंदू समाज के समक्ष दो प्रकार की चुनौतियां हैं एक बाह्य चुनौती और एक आंतरिक चुनौती लव जिहाद लैंड जिहाद, पश्चिम जीवन शैली का अंधाधुनिकरण चुनौतियों तथा उच्च नीच की भावना छुआछूत तथा हिंदू जीवन मूल्यों का खत्म होना, सामाजिक सद्भाव से ही हम इन चुनौतियों से लड़ सकते हैं। इस अवसर पर विभाग प्रचारक गोपीचंद, जिला संघचालक शालिग्राम, जिला प्रचारक सुशील, नगर कार्यवाह कमलेश परवारी, नगर सद्भावना संयोजक रामचंद्र सहित कई लोगों ने भाग लिया।

### कर्मियों ने काले बिल्ले लगाकर किया प्रदर्शन

**भीम बसेड़ु राजपूत, अनंत ज्ञान, महादेव।** बीएसएल परियोजना बीबीएमबी सुंदरनगर में कर्मचारियों ने भा.व्या.ई.यू. एटक-ऐफी के समर्थन में एकजुटता दिखाते हुए यूनियनों की गेट मीटिंग द्वारा की गई अपील का तथा कर्मचारियों की 7 उचित मांगों को एवं 21 जनवरी 6 को बोर्ड कार्यालय चंडीगढ़ में आमरण अनशन पर पहुंचने का समर्थन करते हुए बीएसएल परियोजना पर समस्त कर्मचारियों ने काले बिल्ले लगाकर रोष प्रदर्शन करके विभागीय कार्य किया।

### करियर प्रगति योजना पुनः लागू करने की मांग

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश पशु चिकित्सा अधिकारी संघ ने राज्य सरकार से आगामी बजट वर्ष 2026-27 में आश्वस्त करियर प्रगति योजना को पुनः लागू करने की मांग की है। संघ के जिला सचिव डॉ. निशांत ठाकुर ने बताया कि संघ की ओर से उपनिदेशक पशुपालन मंडी को ज्ञापन सौंपा गया। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश सिविल सेवा (वेतन) नियम, 2022 लागू होने के बाद 3 जनवरी 2022 से यह योजना समाप्त कर दी गई, जिससे पशुपालन विभाग में कार्यरत पशु चिकित्सा अधिकारियों की पदोन्नति और वेतन प्रगति बाधित हुई है। इस कारण वरिष्ठ अधिकारियों बनने में कई दशक लग जाते हैं और समान सेवा अवधि वाले अधिकारियों के वेतन में असमानता उत्पन्न हो गई है। संघ ने सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू से योजना पुनः लागू करने का आग्रह किया, ताकि ग्रामीण और दुर्गम क्षेत्रों में कार्यरत पशु चिकित्सकों का मनोबल बढ़े और पशुपालन क्षेत्र को आवश्यक सेवाएं मिलती रहें।

### धर्म संघ के हिंदू कैलेंडर का किया विमोचन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** धर्म संघ भूतनाथ मन्दिर मंडी द्वारा विक्रमी संवत 2083 का कैलेंडर जारी किया है। यह कैलेंडर हिन्दू पद्धति पर आधारित है जिसे जनता में मुफ्त में वितरित किया जाएगा। 16 जनवरी 2026 को धर्म संघ के प्रधान भीम चंद सरोच की अध्यक्षता में उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन के कर कमलों द्वारा इस कैलेंडर का अनावरण किया गया। अध्यक्ष ने बताया कि यह कैलेंडर हिंदू पंचांग के अनुसार विद्वान् पंडितों द्वारा तैयार किया गया है तथा हिंदू संस्कृति के अनुरूप सभी धार्मिक कार्यों के निर्वहन में मददगार होगा। उपायुक्त मंडी ने इस पुनीत कार्य के लिए संघ की कार्यकारिणी बधाई दी तथा धर्म संघ द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की। इस कार्यक्रम में हरीश वैद्य वरिष्ठ उप प्रधान, प्रकाश कश्यप उप प्रधान, ज्ञान चन्द सैनी महा सचिव, मुरारी लाल शर्मा, राजेन्द्र ठाकुर, रेवती शर्मा, गीतांजलि शर्मा, शमशेर सिंह मिन्हास, मान सिंह, भगवान सिंह ठाकुर, अनिल सेन, प्रदीप शर्मा, करतार राणा, खेम राज गुप्ता, डॉ जीवा नंद, धर्मेंद्र राणा सहित कई उपस्थित थे।

### संधोल में कल लगेगा हृदय रोग जांच शिविर

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए गौतम अस्पताल हमीरपुर द्वारा संधोल अस्पताल के नए भवन में 18 जनवरी को निःशुल्क हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण व अर्ध-शहरी क्षेत्रों के लोगों को समय पर विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना तथा हृदय रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। शिविर में प्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अखिल गौतम के साथ मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. मोहित एवं डॉ. रजनीश मरीजों की जांच करेंगे। इस दौरान हृदय रोगों की जांच के साथ सामान्य स्वास्थ्य चिकित्सा परीक्षण भी किया जाएगा। मरीजों को निःशुल्क कार्डियक दवाइयां प्रदान की जाएंगी तथा जटिल मामलों में आगे के उपचार हेतु परामर्श दिया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि प्रशिक्षित स्टाफ और स्थानीय स्वयंसेवकों के सहयोग से शिविर संचालित होगा। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से इस शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

# काम रुकने से खंडहर बना संधोल का बहुद्देशीय सैनिक भवन

## 5 करोड़ के सैनिक भवन का 3 साल से रुका है निर्माण, सीएसडी कैंटीन, रेस्ट हाउस व आर्मी अस्पताल बनना था

अनंत ज्ञान

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** संधोल तहसील क्षेत्र के हजारों पूर्व सैनिकों की सुविधा के लिए पूर्व भाजपा सरकार द्वारा युद्ध स्तर पर शुरू किए गए मल्टीस्टोरी बहुद्देशीय सैनिक भवन को वर्तमान कांग्रेस सरकार ने पूरी तरह बिसरा दिया है, जहां 5 करोड़ के इस भवन को तीन साल पहले बनकर तैयार हो जाना था। उस भवन के लिए सरकार 3 वर्षों में फूटी कौड़ी भी बजट प्रदान नहीं कर पाई है। जिसके कारण यह भवन बनने से पहले ही खंडहर में तब्दील होता दिख रहा है।

दरअसल, सैनिक बाहुल संधोल क्षेत्र के पूर्व सैनिकों की मांग पर तत्कालीन मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने बहुउद्देशीय सैनिक भवन के निर्माण को न सिर्फ हरी झंडी प्रदान की थी बल्कि इसके लिए एक ढाई करोड़ बजट भी स्वीकृत कर दिया था। इस भवन का उद्देश्य क्षेत्र में अलग-अलग जगह पर बिखरे सीएसडी कैंटीन और रेस्ट हाउस को एक ही छत के नीचे लाना था। बल्कि इसके बन जाने से इसमें एक आर्मी अस्पताल भी खोला जाना था। सरकार ने 5 करोड़ लागत से बनने वाले इस आलीशान सैनिक बहुउद्देशीय भवन का निर्माण जल शक्ति विभाग के माध्यम से युद्ध स्तर पर शुरू करवा दिया था।

तीन मंजिला इस भवन की धरातल पर पूर्व सैनिकों के लिए सीएसडी कैंटीन के साथ आर्मी अस्पताल दूसरी मंजिल पर रेस्ट हाउस और ऊपरी मंजिल पर मीटिंग हॉल बनाया जाना था। इस भवन के बन जाने से धर्मपुर व संधोल क्षेत्र के हजारों पूर्व सैनिकों को एक ही छत के नीचे अस्पताल कैंटीन बैठक करने और आराम करने के लिए छत नसीब हो जानी थी, परंतु तीन सालों से भवन का निर्माण पूरा नहीं होने से सैनिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

अनंत ज्ञान मुद्दा



### सैनिकों की अनदेखी पर भड़की लीग

**तीन** साल से बंद पड़े निर्माण कार्य को लेकर स्थानीय भूतपूर्व सैनिक लीग भड़क उठी है। पूर्व सैनिक लीग संधोल इकाई के अध्यक्ष कर्नल खेम सिंह मंढोत्रा ने कहा कि सैनिकों, पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों की सहूलियत के लिए खुली कैंटीन किराए के छोटे से कमरे में चल रही है, जिसमें पर्याप्त सामान नहीं आता है। उनका कहना है की संधोल के साथ लगते हमीरपुर व कांगड़ा जिला के भूतपूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए यह कैंटीन पहुंच में पड़ती है, जिस वजह से यहां ज्यादातर भीड़ लगी रहती है, लेकिन जगह के अभाव में इन लोगों को काफी दिक्कत होती है। मंढोत्रा ने बताया कि संधोल क्षेत्र के तहत करीब अढ़ाई हजार भूतपूर्व सैनिक हैं जो यहां सुविधा के लिए आते हैं। उनके रुकने के लिए आसपास कोई भी सुविधा नहीं है। कर्नल खेम चंद मंढोत्रा ने बताया की निर्माणाधीन भवन का करीब 80 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है।

### खुले दरबार में भी नहीं हुई मांग पूरी: पूर्व सैनिक

**पूर्व** सैनिक कैप्टन भगतराम, देशराज, रूपलाल, कर्म सिंह, बलवंत, संजीव, दिनेश ठाकुर, नीलम शर्मा, ऋषभ, ओमचंद व हरिराम ने कहा कि संधोल में आयोजित हुए खुले दरबार में पूर्व सैनिकों ने इसे जल्दी बनाने की गुहार लगाई थी। तब सरकार और प्रशासन ने इस भवन को दिसंबर के अंत तक पूरा करने का आश्वासन भी दिया था, लेकिन आश्वासन के बाद भी कुछ नहीं हुआ।

### कांग्रेस सरकार ने किया सैनिकों का अपमान: महेंद्र सिंह

**पूर्व** सैनिक कल्याण मंत्री महेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने भवन का काम रोक कर क्षेत्र के हजारों पूर्व सैनिकों वीरनारियों और सेना में कार्यरत सैनिकों का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि सरकाघाट सीएसडी कैंटीन में सड़क तक लगी लाइनों और उनमें अपनी बारी का इंतजार कर रहे बुजुर्ग पूर्व सैनिकों की दशा देखने बाद उन्होंने बतौर सैनिक कल्याण मंत्री रहते हुए संधोल में एक ही छत के नीचे सैनिकों को सारी सुविधाएं प्रदान करने के लिए अस्पताल कैंटीन और विश्राम गृह बनाया था। उन्होंने कहा कि ढाई करोड़ देनदारी हो सकती है, परंतु भवन का उनके मंत्रीतत्व। काल में 90 प्रतिशत काम भी पूरा हो चुका था। सरकार बदल गई सिर्फ 20 लाख रुपए फिनिशिंग वर्क का ही काम बचा है, जिसे आज तक सरकार नहीं करवा पाई जो साफ दर्शाता है कि कांग्रेस सरकार सैनिकों की हमेशा विरोध में खड़ी रही है।

### बजट उपलब्ध होते ही शुरू होगा निर्माण कार्य: कमल

सहायक अभियंता कमल कुमार ने बताया कि पिछले काफी अर्से से इस भवन के लिए बजट नहीं आया है। बजट उपलब्ध होते ही इसका निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

### बजट के कारण रुका काम: मदन शील शर्मा

**डायरेक्टर** सोल्जर बोर्ड हमीरपुर मदन शील शर्मा ने कहा कि भवन का निर्माण बजट के कारण रुका है। इस पर अढ़ाई करोड़ खर्च हो चुके हैं। सरकार से अढ़ाई करोड रुपए और बजट मांगा है, जैसे ही बजट मिलेगा काम करवा दिया जाएगा।

# डीएवी मंडी के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी, नई दिल्ली द्वारा डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स टूर्नामेंट का आयोजन देश के विभिन्न स्थानों हरिद्वार, रांची, रायपुर (छत्तीसगढ़), दिल्ली एवं हैदराबाद में किया गया, जिसमें हिमाचल प्रदेश के सभी डीएवी विद्यालयों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रतियोगिता में डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल जवाहर नगर मंडी के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए कुल 19 पदक अर्जित कर विद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया।



खेलकूद प्रतियोगिता में डीएवी मंडी के पदक विजेता खिलाड़ी। अनंत ज्ञान

एथलेटिक्स प्रतियोगिता में विद्यालय के खिलाड़ी सूर्य ठाकुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक प्राप्त किए, जबकि विशाल ने एक कांस्य पदक जीतकर विद्यालय की पदक तालिका को सुदृढ़ किया। एरोबिक्स प्रतियोगिता में अंडर-19 बालिका वर्ग में सांवी, एंजेल, खुशी, अनुष्का, श्रेया, अवनी एवं आरुषि की टीम ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया, वहीं अंडर-17 बालक वर्ग में दिव्यांश, आरव, मानित, अथर्व, दिग्विजय, श्रेयांश, कार्तिकेय एवं विदित की टीम ने रजत पदक जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बॉक्सिंग प्रतियोगिता में अंडर-17 वर्ग में परीक्षित ने रजत पदक तथा अंडर-14 वर्ग में अनिकेत ने कांस्य पदक प्राप्त किया। फुटबॉल अंडर-17 बालक वर्ग में तनीष एवं सिद्धार्थ की टीम ने कांस्य पदक अर्जित कर विद्यालय का नाम रोशन किया। वॉलीबॉल अंडर-19 बालिका वर्ग में मन्नत ठाकुर ने रजत पदक प्राप्त किया, जबकि स्किपिंग रोप अंडर-17 बालिका वर्ग में अमृता ने स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय को गौरव प्रदान किया। टेबल टेनिस अंडर-14 बालक वर्ग में आरव ने रजत पदक प्राप्त किया।

ताइक्वांडो प्रतियोगिता में अंडर-14 बालक व बालिका वर्ग में रिज्वल ने स्वर्ण पदक, अनाइशा ने रजत पदक तथा समीर, अर्नव ठाकुर एवं भव्यांश ने कांस्य पदक प्राप्त किए। अंडर-17 बालिका वर्ग में दान्या ने कांस्य पदक अर्जित किया। वहीं अंडर-19 बालक व बालिका वर्ग में वासुदेव ने स्वर्ण, रोहित ने रजत व मान्या सैनी ने कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का मान बढ़ाया।

इस प्रकार डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल जवाहर नगर मंडी के विद्यार्थियों ने इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कुल 6 स्वर्ण, 5 रजत एवं 8 कांस्य पदक जीतकर विद्यालय को गौरवशाली उपलब्धि दिलाई। इस टूर्नामेंट को सफल बनाने में विद्यालय के शारीरिक शिक्षा के अध्यापकों का पूर्ण योगदान रहा। इस सफलता पर विद्यालय के प्रधानाचार्य केएस गुलेरिया ने सभी को हार्दिक बधाई दी।

# अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव की सांस्कृतिक संध्याओं व वॉयस ऑफ शिवरात्रि के लिए ऑडिशन 3 से 6 फरवरी तक: गुरसिमर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव मंडी 2026 के अंतर्गत आयोजित होने वाले वॉयस ऑफ शिवरात्रि के टॉप-10 प्रतिभागियों के चयन तथा महोत्सव की सांस्कृतिक संध्याओं में भाग लेने के लिए नवोदित कलाकारों के ऑडिशन (गायन) 3 से 6 फरवरी तक आयोजित किए जाएंगे, जबकि नृत्य (शास्त्रीय, लोक एवं समकालीन) के ऑडिशन केवल एक दिन 7 फरवरी को मंडी जिला सहित अन्य सभी जिलों के कलाकारों के लिए आयोजित किए जाएंगे। स्पेशल चाइल्ड हंट के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के लिए गायन और नृत्य दोनों के ऑडिशन 2 फरवरी को होंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम उप-समिति के अध्यक्ष एवं अतिरिक्त उपायुक्त गुरसिमर सिंह ने बताया कि सभी ऑडिशन मंडी के पड्डल मैदान स्थित युवा सेवाएं एवं खेल विभाग के टेबल टेनिस हॉल में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित किए जाएंगे।

2 फरवरी को स्पेशल चाइल्ड हंट में भाग लेने वाले पूरे जिला के दिव्यांग बच्चों के ऑडिशन होंगे। वॉयस ऑफ शिवरात्रि के लिए 3 फरवरी को मंडी सदर, कोटली, बालीचौकी एवं धर्मपुर उप-मंडलों के, 4 फरवरी को बल्ह, सरकाघाट, पधर एवं जोगिंद्रनगर उप-मंडलों के कलाकारों के और 5 फरवरी को करसोग, गोहर, सुंदरनगर एवं थुनाग उप-मंडलों के कलाकारों के ऑडिशन लिए जाएंगे। अन्य जिलों के कलाकारों के ऑडिशन केवल एक ही दिन 6 फरवरी को होंगे जबकि 7 फरवरी को केवल नृत्य सहित अन्य विधाओं के ऑडिशन मंडी जिला सहित अन्य जिलों के कलाकारों के लिए होंगे।

### पूर्व विजेताओं को मिलेगा सीधा मंच

**अतिरिक्त** उपायुक्त ने बताया कि पिछले वर्ष वॉयस ऑफ शिवरात्रि में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को बिना ऑडिशन के शिवरात्रि महोत्सव की सांस्कृतिक संध्याओं में प्रस्तुति देने का अवसर प्रदान किया जाएगा। पिछले वर्ष की प्रतियोगिता में सलापड़ के गुलशन विजेता, लुधियाना के विकास पहले रनरअप और करसोग आनंद अनु दूसरे रनरअप रहे थे।

### आयु सीमा, प्रतियोगिता की शर्तें व आवेदन प्रक्रिया

**वॉयस** ऑफ शिवरात्रि के लिए आवेदक गायक की आयु एक जनवरी 2026 को 16 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी जिलों के प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। इसमें केवल एकल गायन ही मान्य होगा तथा युगल गीत, समूह गान अथवा अन्य सामूहिक प्रस्तुतियां शामिल नहीं होंगी। वॉयस ऑफ शिवरात्रि तथा ऑडिशन के माध्यम से सांस्कृतिक संध्याओं में गायन एवं नृत्य में भाग लेने के लिए इच्छुक कलाकार अपने आवेदन अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय में सीधे जमा कर सकते हैं अथवा ई-मेल adcmandi@gmail.com के माध्यम से भेज सकते हैं। वहीं स्पेशल चाइल्ड हंट के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के ऑडिशन के लिए आवेदन जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास कार्यालय में अथवा कार्यालय की ई-मेल dpowcd.mandi@gmail.com पर जमा करवाए जा सकते हैं।

# शानन पावर हाउस डाकघर बंद होने से लोगों में रोष

अनंत ज्ञान

**जोगिंद्रनगर।** शानन पावर हाउस परिसर में आजादी के बाद से लोगों की सुविधा के लिए संचालित डाकघर को विभाग द्वारा अचानक बंद किए जाने से स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। शुक्रवार सुबह रोजमर्रा के कामकाज के लिए जब लोग डाकघर पहुंचे तो कार्यालय के बाहर ताला लटका हुआ मिला।

लोगों ने काफी देर तक इंतजार किया कि शायद डाकघर खुल जाए, लेकिन करीब एक घंटे तक कोई कर्मचारी नहीं पहुंचा। इससे बुजुर्गों, महिलाओं और ग्रामीणों को मायूस होकर बिना काम किए ही लौटना पड़ा।स्थानीय लोगों दिनेश कुमार, राज कुमार और लाल सिंह ने बताया कि इस डाकघर से आसपास के कई गांव जुड़े हुए हैं। इन गांवों के लोगों की पेंशन, मनरेगा मजदूरी, बचत खाते और अन्य सरकारी लेन-देन इसी डाकघर के माध्यम से होते थे।

### एक घंटे तक इंतजार करने के बाद लौटे बुजुर्ग

डाकघर बंद किए जाने को लेकर न तो पहले कोई सूचना दी गई और न ही यह बताया गया कि इसे क्यों बंद किया गया है। लोगों का कहना है कि अचानक डाकघर बंद होने से उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, खासकर बुजुर्गों और उन लोगों को जो रोजमर्रा के सरकारी कार्यों के लिए इसी डाकघर पर निर्भर थे।

इस मामले में जब सुपरिटेंडेंट पोस्ट ऑफिस मंडी संजय ठाकुर से संपर्क किया गया तो उन्होंने स्पष्ट किया कि शानन पावर हाउस का यह डाकघर बंद नहीं किया गया है, बल्कि इसे मकरीडी शिफ्ट किया गया है। हालांकि, लोगों का कहना है कि यदि डाकघर स्थानांतरित किया गया था तो इसकी पूर्व सूचना आम जनता को दी जानी चाहिए थी, ताकि उन्हें असुविधा न झेलनी पड़े।

# खज स्कूल की महिमा राणा ने रचा इतिहास

## स्वर्ण जयंती छात्रवृत्ति परीक्षा में प्रदेशभर में झटका प्रथम स्थान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** शिक्षा खंड चौंतड़ा प्रथम की राजकीय प्राथमिक पाठशाला खज की छात्रा रही महिमा राणा ने प्रदेशभर में प्रथम स्थान हासिल कर इतिहास रचा है। महिमा ने स्वर्ण जयंती छात्रवृत्ति परीक्षा 2025-26 में हिमाचल प्रदेशभर में प्रथम स्थान प्राप्त कर मंडी जिला सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यही नहीं महिमा ने अपनी काबिलियत के दम पर इसी वर्ष जवाहर नवोदय विद्यालय व सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा भी उत्तीर्ण की है, लेकिन माता-पिता ने छोटी उम्र को ध्यान में रखते हुए उन्हें घर से दूर न भेजने का निर्णय लिया।

महिमा राजकीय माध्यमिक पाठशाला टिकरी मशैहरा में छठी कक्षा में पढ़ रही है। अब स्वर्ण जयंती छात्रवृत्ति योजना के तहत महिमा को कक्षा छठी में 4 हजार, सातवीं में 5 हजार जबकि आठवीं कक्षा में 6 हजार रुपए हर महीने छात्रवृत्ति के रुप में मिलेंगे। बीते चार वर्षों से राजकीय प्राथमिक पाठशाला खज के विद्यार्थी निरंतर इस प्रतिष्ठित छात्रवृत्ति में चयनित हो रहे हैं। स्कूल के शिक्षक मंगत राम ने बताया कि इस वर्ष विद्यालय के छात्र जतिन ठाकुर का चयन सैनिक स्कूल टिहरा जबकि क्षितिज ठाकुर का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए हुआ है। महिमा राणा के पिता लाइक चंद प्लंबर का काम करते है जबकि माता रीता देवी गृहिणी है। शिक्षक मंगत राम पिछले 18 वर्षों से नौनिहालों को नियमित शिक्षण के साथ-साथ नवोदय, सैनिक स्कूल एवं स्वर्ण जयंती छात्रवृत्ति परीक्षाओं के लिए विशेष मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं, जिसके चलते आज तक खज स्कूल के 10 से अधिक नौनिहाल सैनिक स्कूल, जेएनवी व स्वर्ण जयंती छात्रवृत्ति जैसी परीक्षाओं में अपना डंका बजा चुके हैं।



प्रथम स्थान हासिल करने पर महिमा को सम्मानित करते शिक्षक। अनंत ज्ञान

### मेहनती शिक्षकों को मिले पुरस्कार: कपिल

**राजकीय** प्राथमिक शिक्षक संघ चौंतडा प्रथम के अध्यक्ष कपिल राव ने मंगत राम जैसे मेहनती अध्यापकों को शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित करने की बकालत की है। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में शिक्षक नौनिहालों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की भी तैयारी करवाते हैं, जिसके लिए शिक्षा विभाग को मंगत राम जैसे मेहनती शिक्षकों को राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार से नवाजा जाना चाहिए।

# ढेलू पंचायत के वार्ड नंबर-9 में चोरी

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर शहर से सटी ग्राम पंचायत ढेलू के वार्ड नंबर-9 में वीरवार रात को चोरों ने एक और चोरी की वारदात को अंजाम देकर क्षेत्र में दहशत फैला दी है। चोर घर के भीतर घुसकर करीब 5 हजार नकदी चोरी कर ले गए। ढेलू निवासी नानक चंद ने बताया कि वह रात को अपने परिवार के साथ घर में सो रहे थे। एक कमरे में उनकी बहू सोई हुई थी, जबकि दूसरे कमरे में वह स्वयं परिवार के अन्य सदस्यों के साथ थे। इसी दौरान चोरों ने साथ लगते कमरे में रखे ट्रंक को बाहर निकाला, उसका ताला तोड़ा और उसमें रखे शादी के शगुन के पैसे चुरा लिए। पीड़ित नानक चंद ने बताया कि उनके बेटे की हाल ही में शादी हुई है और वह भारतीय सेना में जम्मू-कश्मीर में तैनात है। शादी के बाद मिले सगुण के पैसे ही ट्रंक में रखे गए थे, जिन्हें चोर ले गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में भय का माहौल है और उन्होंने रात की गश्त बढ़ाने की मांग की है।

**अनदेखी** जोगिंद्रनगर शहर के पठानकोट चौक में सालों से जस की तस जल निकासी समस्या

# जल निकासी ठप, बदबू से दुकानदार परेशान

अनंत ज्ञान

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर शहर के पठानकोट चौक क्षेत्र में जल निकासी की गंभीर समस्या से स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के दौरान नालियों और जल निकासी पाइपलाइन में बार-बार ब्लॉकेज होने से गंदा पानी सड़क पर फैल जाता है, जिससे पूरे क्षेत्र में गंदगी और दुर्गंध का माहौल बन गया है। हालात ऐसे हैं कि यहां से गुजरना तक मुश्किल हो गया है और बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि इस समस्या को लेकर वे कई बार नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) और नगर परिषद के अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिले हैं। वर्षों से समस्या जस की तस बनी हुई है,

अनंत ज्ञान मुद्दा



जोगिंद्रनगर शहर के पठानकोट चौक में ब्लॉक नाली का दृश्य। अनंत ज्ञान

जिससे व्यापार पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। दुकानदारों ने रोष जताते हुए कहा कि शहरवासी नगर परिषद को नियमित रूप से सभी प्रकार के शुल्क अदा करते हैं, इसके बावजूद मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी की जा रही है। बारिश होते ही गंदा पानी सड़कों पर भर जाता है, जिससे पैदल चलने वालों और ग्राहकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।स्थानीय दुकानदार दामोदर सिंह ने बताया कि पठानकोट चौक में नालियां लंबे समय से बंद पड़ी हैं, जिसके कारण कूड़ा-कचरा और गंदा पानी सड़क पर इकट्ठा हो जाता है और यह क्षेत्र बीमारी का घर बनता जा रहा है।

वहीं दुकानदार गौरव सूद ने कहा कि पठानकोट चौक के पास उनकी करियाना की दुकान है और भारी बारिश के दौरान नाली का पानी व कूड़ा उनकी दुकान में घुस जाता है, जिससे ग्राहकों का आना-जाना प्रभावित होता है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में कई बार प्रशासन को अवगत करवाया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला। अब क्षेत्रवासियों ने उपमंडलाधिकारी नागरिक मनीश चौधरी से मांग की है कि एनएचएआई और संबंधित विभागों के अधिकारियों को तलब कर इस समस्या का स्थायी समाधान करवाया जाए, ताकि पठानकोट चौक क्षेत्र को गंदगी और बदबू से निजात मिल सके।

# लेखराज अध्यक्ष, विजय कुमार बने वरिष्ठ उपाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, मंडी।** हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग मिनिस्ट्रियल स्टाफ एसोसिएशन ने अपने संगठनात्मक कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने और कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए तदर्थ (अड हॉक) कमेटी का गठन किया। यह बैठक विभाग के प्रमुख अभियंता कार्यालय के सभागार में आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश के लगभग सभी जिलों से 90 पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में मुख्य चुनाव प्रभारी सेवानिवृत्त अधीक्षक रोशन लाल शर्मा उपस्थित रहे। सर्वसम्मति से लेखराज को अध्यक्ष चुना गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय कुमार (चंबा), महासचिव प्रताप सिंह ठाकुर (शिमला), उपाध्यक्ष आशा किमटा (शिमला), उपाध्यक्ष नारायण सिंह (सोलन), उपाध्यक्ष रामचंद्र कपूर (सिरमौर), उपाध्यक्ष श्याम स्वरूप (कांगड़ा), कोषाध्यक्ष लेखराज ठाकुर मंडी, संगठन सचिव नरेश कुमार बिलासपुर, संगठन सचिव ललित किन्नौर, संगठन सचिव रजनीश ठाकुर, कार्यालय सचिव लेखराज जिला शिमला, प्रेमचंद कार्यालय सचिव जिला ऊना, अतिरिक्त महासचिव तरुण सिरमौर, प्रेस सचिव विजय शिमला, प्रेस सचिव रविकांत जिला मंडी, कानूनी सलाहकार प्रेम सिंह शिमला, संयुक्त सचिव सुनील शिमला, संयुक्त सचिव रोशन लाल कुल्लू, संयुक्त सचिव अमित जिला लाहौल-स्पीति व संयुक्त सचिव बलबीर शिमला से चुने गए।

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र
आवश्यकता
मंडी जिले में पत्रकार चाहिए
प्रदेश के तेजी से उभरते दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान को नेरचौक, बासा, डैहर, चैलचौक में ऊर्जावान, कर्मठ और जुझारू पत्रकारों की आवश्यकता है। निष्पक्ष, निर्भीक और जिम्मेदार पत्रकारिता का जज्बा रखने वाले इच्छुक पत्रकारों के लिए यह सुनहरा अवसर है।
संपर्क करें - अनिल शर्मा, जिला प्रभारी, मंडी
मो. 8263880288

## न्यूज ब्रीफ

### विकास समन्वय व निगरानी समिति की बैठक 17 को

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला विकास समन्वय व निगरानी समिति (दिशा) ऊना की त्रैमासिक समीक्षा बैठक का आयोजन 17 जनवरी, शनिवार को प्रातः 10.30 बजे किया जाएगा। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद व दिशा समिति के अध्यक्ष अनुराग ठाकुर बैठक की अध्यक्षता करेंगे। यह बैठक जिला परिषद सम्मेलन कक्ष ऊना में आयोजित होगी। डीसी जतिन लाल ने बताया कि बैठक में जिला ऊना में क्रियान्वित की जा रही केंद्र प्रायोजित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को बैठक में भाग लेना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### एसटी वर्ग के खिलाड़ियों का ट्रायल 19 को

**अनंत ज्ञान, ऊना।** एसटी वर्ग से संबंधित खिलाड़ियों के ट्रायल 19 जनवरी को ऊना के इंदिरा गांधी खेल परिसर में होंगे। ऊना में रेसलिंग, हॉकी, वेटलिफ्टिंग और स्विमिंग के लिए ट्रायल आयोजित किए जाएंगे। जबकि फुटबॉल और एथलेटिक के ट्रायल बिलासपुर में आयोजित होंगे। यह जानकारी जिला खेल अधिकारी प्रिंस पठानिया के द्वारा दी गई है, इस ट्रायल में केवल एसटी वर्ग के खिलाड़ी ही भाग ले सकते हैं, खिलाड़ी को साथ में हिमाचली बोनाफाइड और एसटी वर्ग का सर्टिफिकेट साथ में लाना होगा, एसटी वर्ग की हिमाचल की टीम बनाई जाएगी और वह टीम फरवरी माह में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय खेलों में भाग लेगी, टूर्नामेंट का आयोजन छत्तीसगढ़ में किया जाएगा।

### दंत स्वास्थ्य व सही देखभाल की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** वशिष्ट पब्लिक स्कूल, ऊना में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए कक्षा तीसरी और चौथी के लिए डॉ. सुनीता अग्निहोत्री के सहयोग से निःशुल्क दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला ऊना की अनुभवी चिकित्सकों की टीम ने बच्चों के दांतों की गहन जांच की और उन्हें दंत स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। डॉ. सुनीता अग्निहोत्री, डॉ. रुचिका पराशर, डॉ. गुरविंदर सिंह, डॉ. करण, डॉ. रोहित सैनी और डॉ. अमन पराशर ने प्रत्येक विद्यार्थी की व्यक्तिगत जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। बच्चों को सही ब्रश करने, दिन में दो बार दांत साफ करने, मीठा कम खाने और संतुलित आहार अपनाने के बारे में जागरूक किया गया। प्रधानाचार्य दीपक कौशल और निदेशक अनुज वशिष्ट ने डॉक्टरों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर बच्चों के स्वास्थ्य और जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### मैहतपुर में स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** स्वदेशी जागरण मंच, जिला ऊना के तत्वावधान में मैहतपुर के एक निजी स्कूल में शुक्रवार को 'स्वदेशी संकल्प दौड़' का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के माध्यम से लोगों में स्वदेशी विचारधारा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना था। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने 'स्वदेशी अपनाओ, विदेशी भगाओ' जैसे प्रेरक नारों वाली तख्तियों के साथ रेलवे रोड से मेन बाजार तक अनुशासित दौड़ निकाली, जिससे क्षेत्र में सकारात्मक जन-जागरूकता का संदेश गया। कार्यक्रम में विद्यालय के एमडी सुभाष राणा ने विद्यार्थियों से दैनिक जीवन में स्वदेशी उत्पादों के उपयोग की अपील की। प्रधानाचार्या किरण राणा ने बच्चों को नियमित रूप से स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग और प्रार्थना सभाओं के माध्यम से जागरूक करने का आश्वासन दिया। स्वदेशी जागरण मंच, जिला ऊना के प्रशिक्षक सत्यदेव शर्मा ने कहा कि स्वदेशी केवल आर्थिक आंदोलन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण से जुड़ा विचार है। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, आत्मनिर्भरता और स्वदेशी के प्रति सकारात्मक सोच विकसित की।

### आपदा प्रबंधन के प्रभावी कार्यान्वयन के निर्देश

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना जिला में विद्यालय सुरक्षा परियोजना (एसएसपी) के अंतर्गत आपात स्थितियों और आपदाओं में सुरक्षित विद्यालय कार्यक्रम को प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। अतिरिक्त उपायुक्त ऊना महेंद्र पाल गुर्जर ने बताया कि 31 दिसंबर, 2025 तक ऑनलाइन डेटाबेस में उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2025-26 के लिए विद्यालय आपदा प्रबंधन योजनाओं और उनसे संबंधित गतिविधियों की समीक्षा में पाया गया कि ऊना जिला में अपेक्षित स्तर पर कार्य पूर्ण नहीं हुआ है। एडीसी ने उच्च शिक्षा और प्रारंभिक शिक्षा विभाग के उप निदेशकों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने अधिकार क्षेत्र के सभी विद्यालयों में एसएसपी के दिशा-निर्देशों का समयबद्ध और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन योजनाएं विद्यार्थियों और स्टाफ की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ विद्यालयों को सुरक्षित बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। सभी संबंधित अधिकारियों से 29 जनवरी, 2026 तक विस्तृत कार्यवाही और वर्तमान स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया।

# बारिश न होने से संकट में गेहूं की फसल ऊपर से जंगली जानवरों का हमला

अनंत ज्ञान

**हीना पठानिया, बड़ूही।** इस वर्ष समय पर बारिश न होने के कारण किसानों की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं।

खेतों में खड़ी गेहूं की फसल पानी के अभाव में कमजोर पड़ने लगी है। पीला रतुआ नामक रोग से फसल नष्ट होती जा रही है। सिंचाई के साधन सीमित होने और डीजल-बिजली की बढ़ती लागत के कारण किसान पर्याप्त पानी नहीं दे पा रहे हैं, जिससे पैदावार पर संकट मंडरा रहा है। पहले ही सूखे जैसे हालात ने किसानों को परेशान कर रखा था, अब जंगली जानवरों के आतंक ने उनकी चिंता और बढ़ा दी है। उपतहसील जोल की ग्राम पंचायत खरयालता तलमेहड़ा, पंचायत डीहर, पंचायत टकोली, पंचायत सोहारी, पंचायत चौकी मन्यार व पंचायत अम्बेहड़ा धीरज, पंचायत कठोह के ग्रामीण क्षेत्रों में इस बार सर्दियों के मौसम में अपेक्षित बारिश नहीं हुई। नहरों और तालाबों में पानी का स्तर लगातार गिर रहा है, जिन किसानों के पास निजी ट्यूबवेल नहीं हैं, वे सबसे ज्यादा परेशान हैं। कई जगह फसल



जोल उपतहसील क्षेत्र में जानवरों और मौसम से बर्बाद हुई फसल। अनंत ज्ञान

पीली पड़ने लगी है और दाने कमजोर हो रहे हैं। किसानों का कहना है कि अगर आने वाले दिनों में मौसम का साथ नहीं मिला, तो उत्पादन में भारी गिरावट आ सकती है।

सूखे की इस समस्या के बीच जंगली जानवरों ने किसानों की रही-सही उम्मीदों पर भी पानी फेरना शुरू कर दिया है। रात के समय नीलगाय, जंगली सूअर, बंदर व आवारा पशु खेतों में घुसकर फसल को बर्बाद कर रहे हैं। पानी की कमी से पहले ही कमजोर हो चुकी फसल इन जानवरों के हमलों को झेल नहीं पा रही हैं। कई गांवों में किसानों को रात-रात भर जागकर रखवाली करनी पड़ रही है, फिर भी नुकसान नहीं रुक रहा। किसानों का कहना है कि फसल तैयार करने में इस बार लागत बहुत अधिक आई है। महंगे बीज, खाद व सिंचाई पर भारी खर्च के बावजूद फसल सुरक्षित नहीं रह पा रही है। छोटे व सीमांत किसान सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। उनके पास न तो महंगी तारबंदी कराने के साधन हैं और न ही आधुनिक सुरक्षा उपकरण। स्थानीय किसान रिटायर्ड कर्नल रघवीर सिंह, रिटायर्ड कर्नल टीसी राणा, समाजसेवी योगराज जोगी, जीवन मोदगिल, जोगिंदर सिंह, हरदीप सिंह, पवन कुमार, विनोद कुमार, शंकर दास, रणधीर सिंह, मक्खन सिंह, विजय रायजादा, रणवीर सिंह का आरोप है कि वन विभाग व प्रशासन इस गंभीर समस्या पर ध्यान नहीं दे रहा है। कई बार शिकायत करने के बाद भी जंगली जानवरों से फसल बचाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। किसानों की मांग है कि सरकार खेतों की सुरक्षा के लिए ठोस योजना बनाए, तारबंदी के लिए आर्थिक सहायता दे व प्रभावित किसानों को मुआवजा प्रदान करे।

कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यदि जल्द ही मौसम में बदलाव नहीं हुआ और सिंचाई के वैकल्पिक साधन उपलब्ध नहीं कराए गए, तो इस साल गेहूं के उत्पादन पर बड़ा असर पड़ेगा। इससे न केवल किसानों की आमदनी घटेगी, बल्कि पूरे क्षेत्र की आर्थिक स्थिति भी प्रभावित हो सकती है। कुल मिलाकर, बारिश न होने से पैदा हुए सूखे के हालात व जंगली जानवरों के बढ़ते आतंक ने किसानों को चौतरफा संकट में डाल दिया है। अन्नदाता अपनी फसल बचाने के लिए दिन-रात संघर्ष कर रहा है, लेकिन हालात उसके नियंत्रण से बाहर होते जा रहे हैं, अब किसानों की निगाहें सरकार व प्रशासन की मदद पर टिकी हुई हैं, ताकि उन्हें इस गंभीर संकट से कुछ राहत मिल सके।

## 11वीं व 12वीं में पढ़ रहे होनहार स्टूडेंट्स के लिए छात्रवृति पाने का सुनहरा मौका

अनंत ज्ञान

**ऊना।** उड़ान समूह के मुख्य संरक्षक योगराज भारद्वाज ने बताया कि उड़ान द्वारा 8 फरवरी 2026 को वार्षिक साइंस एप्टीट्यूड टेस्ट 2026 का आयोजन किया जायेगा। यह टेस्ट वर्तमान में 10+1 तथा 10+2 कक्षा में पढ़ रहे विद्यार्थियों के लिए होगा जिन्होंने गत वित्त वर्ष 2024- 2025 में अपनी पिछली कक्षा 85 प्रतिशत अथवा इससे अधिक अंकों के साथ पास की है तथा वर्तमान कक्षा में अब तक 75 प्रतिशत हाजिरी दर्ज करवाई हो ।

इस टेस्ट में गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान तथा जीव विज्ञान प्रत्येक के 40 प्रश्न पूछे जाएंगे। जिसमे से जीव विज्ञान तथा गणित में से किसी एक विषय का चुनाव विद्यार्थी अपनी रुचि के अनुसार कर सकता है। इस तरह कुल 120 प्रश्न इस एग्जाम में पूछे जाएंगे। इस एग्जाम में 50 प्रतिशत प्रश्न 10+1 कक्षा के सिलेबस से तथा 50 प्रतिशत प्रश्न 10+2 कक्षा के सिलेबस से पूछे जाएंगे। 10+1 कक्षा में पढ़ रहे विद्यार्थियों के अंको का मूल्यांकन 60 प्रश्नों में से किया जाएगा। कोई भी छात्र आज से 3 फरवरी 2026 के मध्य में गूगल फॉर्म के लिंक की सहायता इस टेस्ट में प्रतिस्पर्धा हेतु बिना किसी शुल्क के आवेदन कर प्रतिभागी बन सकता है । इस टेस्ट का आयोजन बी आर सी सी ऑफिस ऊना नजदीक बॉय स्कूल ऊना ,राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अंब तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बंगाणा जिला ऊना में होगा। इच्छुक अभ्यर्थी इसमें से किसी भी एक सेंटर के लिए आवेदन कर सकते है। यह टेस्ट विद्यार्थियों को अपने ज्ञान को परखने का सुनहरा अवसर प्रदान करता है और भविष्य के एग्जाम( नीट , जेईई इत्यादि) की तैयारी के लिए अपने आप का आंकलन करने का अवसर भी प्रदान करता है । इसके अतिरिक्त प्रत्येक विषय में भी प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले होनहार विद्यार्थियों को क्रमश : 1500,1000, 800 रुपए तथा प्रशस्ति पत्र पुरस्कार के रूप में दिए जाएंगे इस तरह कुल 15 इनाम 10+1 के छात्रों को दिए जाएंगे। इस टेस्ट में अच्छा प्रदर्शन करने वाले 10+2 के प्रथम 3 विद्यार्थियों को क्रमश 6100,5100 ,4100 रुपए तथा प्रशस्ति पत्र पुरस्कार के रूप में दिए जाएंगे । इसके अतिरिक्त प्रत्येक विषय में भी प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले होनहार विद्यार्थियों को क्रमश : 2000,1500 ,1200 रुपए तथा प्रशस्ति पत्र पुरस्कार के रूप में दिए जाएंगे इस तरह कुल 15 इनाम 10+2 के छात्रों को दिए जाएंगे।

## छात्रों को आग बुझाने की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** अग्निशमन विभाग मुख्यालय बंगाणा में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अंबेहड़ा के लगभग 31 विद्यार्थियों सहित स्कूल स्टाफ के दो अध्यापकों ने अग्निशमन विभाग में जाकर एक दिन का प्रशिक्षण प्राप्त किया। अग्निशमन विभाग के मुख्य इंचार्ज वीरेंद्र शर्मा ने विद्यार्थियों को आग लगने के कारणों, आग को बुझाने का प्रशिक्षण उदाहरण सहित सिखाया। इसमें आपदा प्रबंधन की जानकारी भी दी व फायर वाहन में लगे उपकरणों का उपयोग, लाभ हानि के बारे प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में स्ट्रैचर , पेट्रोल की आग, मेटल की आग को बुझाने का प्रशिक्षण दिया गया,विद्यार्थियों ने बड़ी लगन के साथ अग्निशमन विभाग द्वारा दी गई जानकारियों को समझा व् परखा और आग बुझाने के तरीके भी एक्सपेरिमेंट करके समझे। इस मौके पर अग्निशमन विभाग बंगाणा के मुख्य इंचार्ज वीरेंद्र शर्मा, प्रशासक मनजीत सिंह, अवतार सिंह, करनैल सिंह, नवीन कुमार, दलजीत सिंह, कंवर सिंह उपस्थित रहे।

## 1,43,951 उपभोक्ताओं को उपलब्ध करवाया जा रहा सस्ता राशन: महेंद्र

अनंत ज्ञान



**ऊना।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत 326 उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से जिला के 1,43,951 राशन कार्ड धारकों को लाभान्वित किया जा रहा है। यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर ने आज अपने चैम्बर में आयोजित सार्वजनिक वितरण प्रणाली की त्रैमासिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी।

उन्होंने बताया कि ऊना जिला में एपीएल श्रेणी के 84,283 बीपीएल के 18,790 अंत्योदय अन्न योजना के 9977 तथा प्राथमिक गृहस्थियां के 30,901 उपभोक्ता शामिल हैं। उन्होंने बताया कि जिला ऊना में सभी राशनकार्ड धारकों की केवाईसी की जा चुकी है। एडीसी ने बताया कि जिले में माह अक्तूबर से दिसंबर, 2025 तक 48,954 क्विंटल आटा, 29,981 क्विंटल चावल, 4000 क्विंटल चीनी, 760 क्विंटल नमक, 2015 क्विंटल चना दाल, 1631 क्विंटल मल्का दाल, 2181 क्विंटल उड़द की दाल, 5,73,048 लीटर सरसों का तेल और 32,860 लीटर रिफाइंड ऑयल का वितरण किया गया है। उन्होंने बताया कि माह अक्तूबर से दिसंबर, 2025 तक जिला में खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 696 निरीक्षण किए गए तथा विभिन्न विभागीय आदेशों के तहत 14,969 रुपए सरकारी कोष में जमा करवाए गए।

## उपमुख्यमंत्री ने 15 .37 करोड़ की सड़क का किया शिलान्यास

### बोले-2026 में हरोली हलके में विकास कार्यों पर खर्च किए जाएंगे 2500 करोड़

अनंत ज्ञान

**ऊना।** उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने शुक्रवार को हरोली विधानसभा क्षेत्र के पंजावर में लगभग 15.37 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली सड़क के निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। इस परियोजना के लिए धनराशि विधायक निधि से उपलब्ध करवाई गई है। इनमें 'माढू की निहाली से श्री मदन के घर तक, लोअर पंजावर से सैनी मोहल्ला, मोहल्ला ढक्की से दौलतपुर, तथा नगनोली पेट्रोल पंप (वार्ड नंबर-5) से शिव मंदिर, पंजावर' तक की सड़कें शामिल हैं।

इस परियोजना के लिए धनराशि विधायक निधि से उपलब्ध करवाई गई है। सड़क निर्माण कार्य का लगभग 70 प्रतिशत भाग सीमेंट-कंक्रीट तकनीक से किया जाएगा तथा इसे आठ माह के भीतर पूर्ण कर जनता को समर्पित किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2026 के दौरान हरोली विधानसभा क्षेत्र में लगभग 2500 करोड़ रुपए के



उपमुख्यमंत्री पंजावर में सड़क का शिलान्यास करते हुए। अनंत ज्ञान

विभिन्न विकास कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इन विकास परियोजनाओं के पूर्ण होने से हरोली की विकास की एक नई तस्वीर उभरेगी और यह क्षेत्र प्रदेश के विकास मानचित्र पर एक नए स्वरूप में दिखेगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हरोली विधानसभा क्षेत्र में बेहतर यातायात सुविधाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सड़कों के व्यापक नेटवर्क को और मजबूत किया जा रहा है। इसी क्रम में हाल ही में 11.50 करोड़ रुपये की लागत से पंजावर-पंडोगा सड़क का निर्माण कार्य पूरा किया गया है, जिससे क्षेत्रवासियों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिली है। हरोली विधानसभा क्षेत्र में 11 पुलों के निर्माण पर लगभग 132 करोड़ रुपए व्यय किए जा रहे हैं। इनमें 50 करोड़ रुपये की लागत से पंडोगा-त्यूड़ी पुल का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिसे शीघ्र पूर्ण कर जनता को समर्पित किया जाएगा। पंजावर गांव सहकारिता आंदोलन की जन्मस्थली के रूप में देशभर में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है और आज वही ऐतिहासिक धरती विकास की नई इबारत लिख रही है। यहां 10 करोड़ रुपए की लागत से मियां हीरा सिंह स्टेट कोऑपरेटिव ट्रेनिंग सेंटर एवं सामुदायिक भवन का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा 13 करोड़ रुपए की लागत से सर नाले के तटीकरण का कार्य भी जारी है।

## सहकारी सभाओं के सचिवों को सभाओं के कंप्यूटीकरण की जानकारी दी गई

अनंत ज्ञान

**ऊना।** ऊना व हरोली विकास खंड के प्रथम में सभाओं के कंप्यूटरीकरण के लिए चयनित सहकारी सभाओं के सचिवों का सेमिनार ऊना जिला सहकारी विकास संघ के सभागार में आयोजित किया गया।

इसमें धर्मशाला जोन से उप पंजीयक सहकारी सभाएं राकेश कुमार विशेष रूप से उपस्थित हुए। इनके साथ उनको साथ ऊनकोफैड के अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा व रविन्द्र जसवाल उपाध्यक्ष, जिला अंकेक्षण अधिकारी राजेश कुमार, जिला निरीक्षक कुशल कुमार कांगड़ा बैंक सें गुलशन जी व अतिथे कंपनी से कुमांशु व नीरज ने भाग लिया। ऊना खंड की 11 सहकारी सभाएं व हरोली खंड 7 की सहकारी सभाएं पूर्णता कंप्यूटरीकृत हो चुकी है। इन सभाओं का अंकेक्षण अब इसी सिस्टम किया जाएगा। बाकी बची सभाओं में कंप्यूटीकरण करने की प्रक्रिया चल रही, जबकि जिले में 90 सहकारी सभाओं में पूर्णता कंप्यूटरीकरण हो चुकी है। जिले में कुल 219 सहकारी सभाएं हैं। जिनमें कोई समस्याएं आ रही हैं, उन पर विस्तार से चर्चा की। इन समस्याओं को निवारण करने के लिए संबंधित कंपनी व बैंक के प्रतिनिधियों ने सभाओं के सचिवों के साथ विस्तार से चर्चा की तथा उनका समाधान किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि उप पंजीयक सहकारी सभाएं धर्मशाला राकेश कुमार ने सेमिनार को संबोधित करते हुए कहा कि सभाओं के सचिवों को कंप्यूटरीकरण का संपूर्ण ज्ञान होना, अब उनकी कार्यप्रणाली से जुड़ा है, अब इसी प्रणाली से सभाओं में सिस्टम अंकेक्षण करानें को भी लागू किया जाना है।

## भाजपा मंडल की बैठक में संगठन की मजबूती पर बल

अनंत ज्ञान

**चिंतपूर्णी।** स्थानीय विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत अनुसूचित जाति के दोनों मंडलों की एक संयुक्त बैठक पूर्व विधायक बलबीर सिंह चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी समय में गांव-गांव जाकर अनुसूचित जाति के लोगों को संगठन से जोड़ा जाएगा और उन्हें केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की सही जानकारी दी जाएगी।

इसके अतिरिक्त, ऊना में आयोजित की जा रही अनुसूचित जाति की बैठक में क्षेत्र के लोगों से बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया गया, ताकि संगठन को और अधिक मजबूत किया जा सके। बैठक में कांग्रेस पार्टी द्वारा मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) को लेकर फैलाए जा रहे भ्रम पर भी गंभीर चर्चा हुई। पूर्व विधायक ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस द्वारा यह झूठा प्रचार किया जा रहा है



भाजपा अनुसूचित जाति मंडल चिंतपूर्णी की बैठक में उपस्थित प्रमुख नेता। अनंत ज्ञान

कि केंद्र सरकार ने मनरेगा योजना को खत्म कर दिया है, जो पूरी तरह से निराधार और भ्रामक है। सच्चाई यह है कि केंद्र सरकार ने मनरेगा को और अधिक सशक्त बनाते हुए अब 100 दिन के स्थान पर 125 दिन का रोजगार सुनिश्चित किया है। इसके साथ ही हिमाचल प्रदेश को विशेष श्रेणी राज्य के रूप में रखते हुए मनरेगा के अंतर्गत 90:10 के अनुपात में केंद्र और राज्य की हिस्सेदारी तय की गई है, जिससे राज्य को अधिक लाभ मिलेगा। साथ ही भ्रष्टाचार पर सख्ती से लगाम लगाने की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं। पूर्व विधायक बलबीर सिंह चौधरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 55-60 वर्षों तक शासन करने के बावजूद जनता को केवल कागज़ी योजनाओं और दिखावटी कामों में उलझाए रखा। आज भी कांग्रेस उसी मानसिकता के साथ लोगों को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि अब जनता को कस्सी-कुदाली पकड़ाकर खेतों में नालियां निकलवाने का दौर खत्म हो चुका है। अब समय बढ़िया, टिकाऊ और कारगर विकास कार्यों का है। उन्होंने स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार गरीब, दलित, शोषित और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए पूरी ईमानदारी से कार्य कर रही है और जनता कांग्रेस के झूठे प्रचार में आने वाली नहीं है।

## घायल नंदी को गोशाला भेजकर उपचार कराए प्रशासन

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** दौलतपुर से मुबारिकपुर सड़क पर बीते दिन से चलेट में वाहन की टक्कर से घायल नंदी को प्रशासन से सहायता की दरकार है। दौलतपुर -मुबारिकपुर रोड पर नजदीक लक्की अस्पताल के पास घायल अवस्था में नंदी पड़ा हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कर्ण निवासी तलवाड़ा ने शहीद भगतसिंह क्लब गगरेट सदस्यों को इस बारे जानकारी दी, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए क्लब सदस्यों ने पशुपालन विभाग दौलतपुर की सहायता से बैल को टीके लगवाए। शहीद भगत सिंह क्लब गगरेट के सदस्यों ने जाकर देखा कि घायल नंदी को लगी चोट के चलते उठ पाने में असमर्थ है तथा उसे आवारा कुत्ते नुकसान पहुंचा रहे हैं। सर्दी का मौसम होने के कारण नंदी की परेशानी बढ़ी है। क्लब सदस्यों ने सरकार व जिला उपायुक्त ऊना से मांग की है कि नंदी सुरक्षित गोशाला भेजकर पशुपालन विभाग को इसके उपचार के निर्देश जारी करें ।

## बैंकिंग योजनाओं व डिजिटल लेन-देन की दी जानकारी



वित्तीय साक्षरता शिविर में मौजूद स्थानीय लोग। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ऊना।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक सीमित शाखा धुमाड़ा द्वारा नाबार्ड के सयुक्त तत्वावधान में वित्तीय साक्षरता शिविर गांव धुसाड़ा में आयोजित किया गया।

शिविर की अध्यक्षता कांगडा केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा धुसाड़ा के प्रबंधक पुनीत सिंगला ने की। इस मौके पर उन्होंने लोगों को कृषि कार्ड, यूपीआई, फसल बीमा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, राजीव गांधी स्वरोजगार योजना, एटीएम से लेन-देन करते वक्त क्या-क्या सावधानियां बरतनी चाहिए। साइवर फ्रॉड, आधार कार्ड ओटीपी किसी से साझां न करने के लिए उच्च शिक्षा के लिए ऋण आदि बारे अवगत करवाया। उन्होंने ग्रामीण परिवेश में स्वयं सहायता समूह के गठन बारे भी उपस्थित ग्रामीणों को अवगत करवाया। इस मौके पर बैंक की तरफ से प्रबंधक पुनीत सिंघला व विभा पठानिया, सहायता समूह सदस्य के सदस्य, जसप्रीत, रेनू, राज कुमारी, किरणजीत, रेखा रानी सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

**आयोजन** चिट्टा मुक्त समाज की दिशा में सशक्त कदम थानाकलां स्कूल से जागरूकता रैली का शुभारंभ

# नशे के खिलाफ सरकार व समाज का संयुक्त प्रयास जरूरी

अनंत ज्ञान

**लठियानी।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र की राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थानाकलां में चिट्टा मुक्त समाज अभियान के अंतर्गत एक प्रेरणादायक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवियों, एनसीसी कैडेट्स, स्काउट एंड गाइड तथा विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि विधायक विवेक शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली का शुभारंभ किया।

रैली का उद्देश्य समाज को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना तथा युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव पराशर ने कहा कि कोई भी नशा व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक जीवन को पूरी तरह से नष्ट कर देता है, लेकिन आज के समय में चिट्टे का नशा सबसे अधिक घातक रूप में उभरकर सामने आया है। यह न केवल युवाओं के भविष्य को अंधकारमय बना रहा है, बल्कि पूरे समाज की नींव को भी कमजोर कर रहा है। उन्होंने कहा कि चिट्टे का अवैध कारोबार एक सामाजिक अभिशाप बन चुका है, जिससे लड़ने के लिए सामूहिक जागरूकता और दृढ़




जागरूकता रैली का शुभारंभ करते विधायक विवेक शर्मा। अनंत ज्ञान

संकल्प की आवश्यकता है। प्रधानाचार्य ने कहा कि सरकार ने नशे के विरुद्ध सख्त कदम उठाए हैं और विभिन्न स्तरों पर जागरूकता अभियानों के माध्यम से समाज को नशा मुक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

इन प्रयासों को सफल बनाने के लिए विद्यालय, अभिभावक और समाज के प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। विद्यालय से आरंभ हुई इस जागरूकता रैली के दौरान विद्यार्थियों ने चिट्टे के विरुद्ध जोरदार नारे लगाते हुए समाज को एक सकारात्मक और प्रेरणादायक संदेश दिया। विद्यार्थियों के नारों ने वातावरण को जागरूकता और संकल्प से भर दिया। 'नशे को न, जीवन को हां! चिट्टा छोड़ो, सपने जोड़ो! स्वस्थ युवा, सशक्त भारत! नशा मुक्त समाज, खुशहाल भविष्य! आज संकल्प लें, चिट्टे से दूर रहें! विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि चिट्टा समाज में युवाओं के सुनहरे भविष्य को बर्बाद कर रहा है और यह एक गंभीर सामाजिक चुनौती बन चुका है।

उन्होंने कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति हैं, और यदि यही शक्ति नशे के दलदल में फंस जाए, तो समाज और राष्ट्र दोनों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि वर्तमान सरकार चिट्टे के खिलाफ अभियान को केवल कागजों तक सीमित न रखते हुए धरातल पर पूरी मजबूती के साथ लागू कर दिया है। नशे के कारोबार पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है और समाज को चिट्टा मुक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि सरकार और जनता के संयुक्त प्रयासों से यह अभियान अवश्य सफल होगा।

## किसानों के हितों पर हुआ मंथन

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के माता जमासनी मंदिर परिसर में राष्ट्रीय किसान संगठन का वार्षिक समारोह बड़े ही हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। इस समारोह में कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर राष्ट्रीय किसान संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री देसराज मोदगिल सहित संगठन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने विधायक का पारंपरिक तरीके से भव्य स्वागत किया। मंच पर उन्हें शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में किसान, संगठन के पदाधिकारी, स्थानीय प्रतिनिधि और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों की समस्याओं, उपलब्धियों और भविष्य की रणनीतियों पर चर्चा करना रहा। इस दौरान किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी साझा की गई। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक विवेक शर्मा ने राष्ट्रीय किसान संगठन की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय महामंत्री देसराज मोदगिल किसानों की समस्याओं को मजबूती से सरकार के समक्ष उठाते रहे हैं, जिससे नीतिगत निर्णयों में किसानों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की नीतियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। विधायक ने बताया कि वर्तमान सरकार द्वारा गाय की रखवाली के लिए प्रति गाय 1200 रुपए प्रतिमाह दिए जा रहे हैं।

## केंद्र पर मनरेगा को कमजोर करने का आरोप

अनंत ज्ञान

**ऊना।** जिला मुख्यालय ऊना में शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी ने मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत जोरदार रोष प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कमेटी ऊना द्वारा स्थानीय एमसी पार्क स्थित शहीद स्मारक स्थल में आयोजित इस कार्यक्रम की अगुवाई जिला कांग्रेस अध्यक्ष देसराज गौतम ने की।

धरना-प्रदर्शन में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने केंद्र की मोदी सरकार पर मनरेगा योजना को उसके मूल स्वरूप से कमजोर करने और धीरे-धीरे समाप्त करने की साजिश रचने का आरोप लगाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ऊना कांग्रेस के पूर्व विधायक सतपाल रायजादा ने कहा कि मनरेगा अधिनियम कांग्रेस पार्टी की दूरदर्शी सोच का परिणाम है, जिसे यूपीए सरकार के कार्यकाल में लागू किया गया था। उन्होंने कहा कि मनरेगा कोई साधारण योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण और सुदूर क्षेत्रों में रहने वाले करोड़ों गरीबों, मजदूरों और किसानों के लिए जीवनरेखा है। इस कानून का उद्देश्य प्रत्येक ग्रामीण परिवार को वर्ष में कम से कम 100 दिन का रोजगार देकर आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना था। सतपाल रायजादा ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा सरकार संशोधन और बजट कटौती के



उपायुक्त जतिन लाल को ज्ञापन सौंपते कांग्रेस नेता। अनंत ज्ञान

बहाने मनरेगा की मूल भावना को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि मजदूरों को समय पर काम नहीं दिया जा रहा और मजदूरी के भुगतान में महीनों की देरी की जा रही है, जो पूरी तरह अमानवीय है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या मजदूर का बच्चा स्कूल की फीस के लिए इंतजार कर सकता है और क्या गरीब परिवार का चूल्हा सरकारी फाइलों के भरोसे जल सकता है। पूर्व विधायक ने कहा कि मनरेगा ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, जो गांवों में रोजगार सृजन करती है, पलायन को रोकती है और स्थानीय बाजार को मजबूती देती है। इसे कमजोर करना संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार पर सीधा हमला है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मनरेगा में किसी भी प्रकार का बदलाव मजदूरों और किसानों के हितों के खिलाफ होगा, जिसे कांग्रेस पार्टी किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं करेगी। कांग्रेस नेताओं ने मनरेगा योजना से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाने के फैसले पर भी कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने इसे मोदी सरकार की घटिया मानसिकता करार देते हुए कहा कि महात्मा गांधी का योगदान देश ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में सम्मानित है। रायजादा ने कहा कि महात्मा गांधी का नाम किसी योजना से हटाया जा सकता है, लेकिन देश और दुनिया के दिलों से उनके विचार और योगदान को नहीं मिटाया जा सकता। विदेशों में भी महात्मा गांधी की मूर्तियां और स्मारक उनकी महानता का प्रमाण हैं। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि जिला कांग्रेस कमेटी ऊना द्वारा बीती 11 जनवरी से मनरेगा के मुद्दे को लेकर प्रतिदिन रोष प्रदर्शन किया जा रहा है।

# कांग्रेस कल्चर केवल 'बंदरबांट' तक सीमित : जयराम

अनंत ज्ञान



पूर्व सीएम जयराम ठाकुर कुल्लू में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए। अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान कुल्लू।** पूर्व सीएम व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस कल्चर केवल 'बंदरबांट' तक सीमित है, जहां नेताओं को केवल अपने मित्रों के घर भरने की चिंता है, जबकि आम जनता मूलभूत सुविधाओं और विकास के लिए त्राहि-त्राहि कर रही है। यह बात उन्होंने शुक्रवार को कुल्लू में आयोजित कार्यक्रम में कही।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस ने झूठी गारंटियों के सहारे सत्ता तो हथिया ली, लेकिन आज वही जनता स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रही है। उन्होंने कड़े शब्दों में प्रदेश सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि हिमाचल में आज विकास पूरी तरह ठप है और मंत्री जनसेवा के बजाय केंद्र से मिलने वाली वित्तीय सहायता के बंटवारे को लेकर आपस में ही भिड़ रहे हैं, जो प्रदेश के लिए अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कुल्लू में मीडिया कर्मियों से रूबरू होते हुए सुक्खू सरकार की कार्यप्रणाली पर कड़े प्रहार किए। उन्होंने प्रदेश की प्रशासनिक व्यवस्था को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि सरकार का गठन जनता की समस्याओं को हल करने के लिए होता है, लेकिन यहां स्थिति बिलकुल उलट है। आज हिमाचल में मंत्री और नौकरशाह एक-दूसरे के आमने-सामने खड़े हैं।

जयराम ने आरोप लगाया कि मंत्री काम करने के बजाय अधिकारियों को दोषी ठहरा रहे हैं। वहीं, अधिकारी मंत्रियों की सुनने को तैयार नहीं हैं। यह खींचतान स्पष्ट दर्शाती है कि सरकार का इकबाल पूरी तरह खत्म हो चुका है और शासन में अराजकता का माहौल है। जयराम ने मुख्यमंत्री पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि कुछ प्रभावशाली अधिकारी घंटों मुख्यमंत्री के पास बैठे रहते हैं और अब वे ही पूरी सरकार को अपनी उंगलियों पर नचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और उनके मंत्रिमंडल का नियंत्रण प्रशासन से हट चुका है, जिसके चलते जनहित के कार्य ठप पड़े हैं। सरकार के भीतर बढ़ते असंतोष का अंदाजा मंत्रियों के रोज आने वाले बयानों से लगाया जा सकता है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जो बातें हम पहले दिन से कह रहे थे, अब उनके अपने ही मंत्री सरेआम उन पर मुहर लगा रहे हैं। विरोधाभासी बयानों और प्रशासनिक विफलता के कारण वर्तमान सरकार प्रदेश में एक मजाक बनकर रह गई है, जिससे राज्य का विकास पूरी तरह अवरुद्ध हो गया है।

## 'होली बीतती जा रही, पर 1500 रुपए कहां हैं?

पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता जयराम ठाकुर ने कुल्लू दौरे के दौरान कांग्रेस विधायक सुंदर सिंह ठाकुर पर तीखा जुबानी हमला बोला। गारंटियों के मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए जयराम ने मजाकिया लहजे में कहा कि जनता अब हिसाब मांग रही है। उन्होंने स्थानीय बोली का पुट देते हुए तंज कसा- 'एक होली ता 1500, द्वि होली ता 3000, त्रै होली ता 4500 और अब चौथी होली तक 6000 रुपये हो गए हैं, सुंदर सिंह इसका हिसाब दें।' इसके साथ ही उन्होंने सुंदर सिंह ठाकुर की मंत्री बनने की इच्छा पर चुटकी लेते हुए कहा कि उनकी मंशा तो बड़ी है, लेकिन मौजूदा हालात देखकर नहीं लगता कि उनकी मंत्री बनने की मुराद पूरी हो पाएगी।

## कानून व्यवस्था की उड़ रही धज्जियां

**कुल्लू।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कुल्लू क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचकर मनाली में कांग्रेसी नेताओं द्वारा किए गए कथित जानलेवा हमले में घायल कानूनगो और पटवारी से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा न्याय के लिए हरसंभव सहायता का भरोसा दिया। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रशासन के आदेश पर पैमाइश करने गए अधिकारियों के साथ की गई बर्बरता अत्यंत निंदनीय और प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर सीधा हमला है। जयराम ने कहा कि सत्ता के नशे में चूर कांग्रेस नेताओं की यह अराजकता हिमाचल की संस्कृति और कानून के खिलाफ है। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता संरक्षित लोगों द्वारा इस तरह की गुंडागर्दी पहले कभी देखने को नहीं मिली। नेता प्रतिपक्ष ने मांग की कि मामले में तुरंत मुकदमा दर्ज कर कठोर धाराओं में सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री से निष्पक्ष जांच और कानून का राज स्थापित करने की अपील की।

## कांग्रेस के 'भ्रम' को बेनकाब करने का दिया मंत्र

**कुल्लू।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कुल्लू में आयोजित भारतीय जनता पार्टी के संयुक्त मोर्चा सम्मेलन को संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं में नया जोश भरा। सम्मेलन स्थल पर पहुंचने पर स्थानीय कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। जयराम ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि जनहितैषी नीतियों के कारण ही भाजपा लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटी है। उन्होंने नव-नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी ऊर्जा से संगठन और जनसेवा को नई दिशा मिलेगी। सम्मेलन में एसआईआर और विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन-ग्रामीण पर चर्चा हुई। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कांग्रेस व इंडी गठबंधन द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम को तथ्यों के साथ उजागर करने का आह्वान किया। जयराम ठाकुर ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर केंद्र की जनकल्याणकारी योजनाओं का संदेश पहुंचाएंगे। इस अवसर पर कई वरिष्ठ नेता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# नशा-मुक्त हिमाचल अभियान के अंतर्गत लाहौल स्पीति में विशेष एंटी-चिट्टा ग्राम सभाओं का आयोजन

अनंत ज्ञान

**केलांग।** लाहौल-स्पीति जिले में नशा-मुक्त हिमाचल अभियान को प्रभावी रूप देने के उद्देश्य से डीसी, जिला लाहौल-स्पीति द्वारा हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज अधिनियम, 1994 एवं संबंधित नियमों के अंतर्गत दिनांक 21 व 22 जनवरी को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष एंटी-चिट्टा ग्राम सभाओं के आयोजन की अधिसूचना जारी की गई है। इन विशेष ग्राम सभाओं का मुख्य उद्देश्य नशीले पदार्थों, विशेषकर चिट्टा (हेरोइन) के दुष्प्रभावों के प्रति जन-जागरूकता फैलाना, नशा तस्करों के विरुद्ध सूचना देने हेतु राज्य सरकार की प्रोत्साहन योजना की जानकारी देना, नशा पीड़ित व्यक्तियों के पुनर्वास हेतु राज्य सरकार की पहलों पर चर्चा करना तथा ग्राम पंचायतों को नशा/चिट्टा मुक्त बनाने हेतु सामूहिक शपथ दिलाना है।

ग्राम सभाओं का कार्यक्रम इस प्रकार से है। स्पीति ब्लॉक दिनांक 21-01-2026 को ग्राम पंचायतें, लोसार, खुरिक, ढांकर, ग्यू, काजा, लालुंग, सगनाम तथा दिनांक 22-01-2026 को ग्राम पंचायतें हुल, किब्बर, लंगचा, ताबो, डेमुल, कुंगरी। इसी प्रकार लाहौल ब्लॉक 21-01-2026 ग्राम पंचायतें: जोबरंग, वारपा, तांदी, गोंधला, केलांग, कोलांग, तीनदी, मडग्रां,किशोरी, थिरोट, शांशा, मूलिंग, सिस्सू, कर्दांग, शाकोली, नालडा एवं दिनांक - 22-01-2026 ग्राम पंचायतें: गोहरमा, राणिका, गोशाल, खंगसर, यूरनाथ , दारचा, सालग्रां, उदयपुर, त्रिलोकनाथ, मूरिंग, कोकसर, बारबोग, चिमरेट, जुंडा , टिंगरेट, जाहलमा।

ग्राम सभाओं में उपस्थित सभी नागरिक 'जिंदगी को हाड़ु और चिट्टे को ना' कहते हुए यह शपथ लेंगे कि वे स्वयं कभी नशा नहीं करेंगे, न ही किसी को नशा करने के लिए प्रेरित करेंगे, जलवायु और हरियाली की रक्षा करते हुए नशा-मुक्त हिमाचल के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। मुख्यमंत्री द्वारा घोषित योजना के अंतर्गत चिट्टा तस्करी के संबंध में पुलिस को सूचना देने वाले व्यक्ति को निम्नानुसार नकद इनाम प्रदान किया जाएगा, तथा सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। डीसी ने कहा कि एसडीएम अपने-अपने क्षेत्राधिकार में ग्राम सभाओं के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त करेंगे। संबंधित थाना प्रभारी द्वारा नामित पुलिस अधिकारी नशा निवारण समिति की गतिविधियों तथा नशे के दुष्प्रभावों पर जानकारी देंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### लोकतंत्र व निर्वाचन प्रबंधन सम्मेलन 21 से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा भारत अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र व निर्वाचन प्रबंधन सम्मेलन का आयोजन 21 से 23 जनवरी तक नई दिल्ली स्थित प्रतिष्ठित भारत मंडपम में किया जा रहा है। यह तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन लोकतंत्र व निर्वाचन प्रबंधन के क्षेत्र में वैश्विक सहयोग को सुदृढ़ करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। इस सम्मेलन का आयोजन भारत निर्वाचन आयोग के तत्वावधान में किया जा रहा है। इसमें विभिन्न देशों के निर्वाचन प्रबंधन से जुड़े प्रतिनिधि, विशेषज्ञ व नीति-निर्माता भाग लेंगे। सभी जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने जिलों में इस सम्मेलन का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। साथ ही, भारत निर्वाचन आयोग व मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हिमाचल प्रदेश के सोशल मीडिया हैंडल्स पर प्रसारित समाचार कार्यक्रमों व लाइव कवरेज को अधिकतम साझा किया जाए। इसके अतिरिक्त, सभी निर्वाचक साक्षरता क्लबों को भी निर्देशित किया गया है कि वे अनिवार्य रूप से भारत निर्वाचन आयोग व मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हिमाचल प्रदेश के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को साझा करें, जिससे अधिक से अधिक नागरिक इस महत्वपूर्ण आयोजन से जुड़ सकें।

### डाकघर के स्थानांतरण पर ग्रामीणों में आक्रोश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** लराकेलो पंचायत में 70 वर्षों से संचालित ऐतिहासिक डाकघर को शिफ्ट करने की घोषणा से क्षेत्र में भारी रोष फैल गया है। पंचायत की बैठक में ग्रामीणों ने इस फैसले का विरोध करते हुए जिला प्रशासन को प्रस्ताव भेजा। उपप्रधान ऋषि किशोर, अधिवक्ता चमन चौधरी सहित प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधीश से मिलकर बताया कि इस डाकघर से चार पंचायतों के करीब 4000 लोग जुड़े हैं और यह बुजुर्गों की पेंशन वितरण का मुख्य केंद्र है। जिलाधीश ने मामले को केंद्र सरकार तक भेजने का आश्वासन दिया, वहीं ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि फैसला वापस न होने पर आंदोलन किया जाएगा। दूसरी ओर डाक विभाग ने काम के संतुलन को कारण बताते हुए डाकघर को गुशैनी स्थानांतरित करने की बात कही है। इस बीच पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने स्थानांतरण का कड़ा विरोध करते हुए इसे जनता के साथ अन्याय बताया और सांसद कंगना रनौत व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर को मामले से अवगत कराया।

### लीज डीड प्रक्रिया समयबद्ध करने के निर्देश

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** उपायुक्त तोरुल एस रवीश की अध्यक्षता में शुक्रवार को स्थानीय क्षेत्र विकास समिति (एलडीएएफ) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित एवं निर्माणाधीन मिनी हाइड्रो पावर परियोजनाओं से संबंधित स्थानीय क्षेत्र विकास निधि की समीक्षा की गई। डीसी ने प्रभावित क्षेत्रों, जोन और परिवारों की शीघ्र पहचान करने तथा सभी परियोजनाओं से संबंधित निधि समय पर जमा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एलडीएएफ राशि का उद्देश्य प्रभावित क्षेत्रों में विकास और जनकल्याणकारी कार्यों को सुनिश्चित करना है। लीज डीड न निष्पादित परियोजनाओं को समयबद्ध पूरा करने के भी आदेश दिए गए। सभी परियोजना प्रबंधन स्तर के अधिकारी आगामी बैठकों में भाग लेंगे।

### मतदाता दिवस मनाने की तैयारियों को लेकर की बैठक

**अनंत ज्ञान, केलांग।** 25 जनवरी 2026 को 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के आयोजन की तैयारियों के संबंध में शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। कार्यवाहक उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुनिका एकर्स ने बैठक की अध्यक्षता की। इस वर्ष की थीम 'मेरा भारत, मेरा वोट' तय की गई है। समारोह दीप प्रज्वलन और राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के साथ शुरू होगा। मुख्य अतिथि लोकतांत्रिक मूल्यों और मतदाता अधिकार पर संबोधन देंगे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा भाषण, समूह गान और लोक नृत्य प्रस्तुत किए जाएंगे। नव-पंजीकृत मतदाताओं को ईपीआईसी वितरित किए जाएंगे और विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने वालों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। डीसी ने सभी विभागों को 25 जनवरी को उत्सव मनाने और फोटो-वीडियो 27 जनवरी तक जिला निर्वाचन कार्यालय में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए शॉर्ट फिल्म प्रतियोगिता का आयोजन

अनंत ज्ञान

**केलांग।** कार्यवाहक उपायुक्त लाहौल एवं स्पीति कुनिका एकर्स ने बताया कि परिवहन विभाग, हिमाचल प्रदेश के अंतर्गत लीड एजेंसी रोड सेफ्टी सेल द्वारा सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 'सड़क सुरक्षा फिल्म महोत्सव' नामक राज्य स्तरीय शॉर्ट फिल्म प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।



इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को रचनात्मक माध्यम से सड़क सुरक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करना तथा जिम्मेदार सड़क व्यवहार को प्रोत्साहित करना है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आवेदन 10 दिसंबर से 15 फरवरी 2026 तक आमंत्रित किए गए हैं। इस फिल्म महोत्सव में 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के इच्छुक प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। प्रतिभागी हिंदी अथवा अंग्रेजी भाषा में अधिकतम 5 मिनट अवधि की सड़क सुरक्षा से संबंधित शॉर्ट फिल्म प्रस्तुत कर सकते हैं। प्रतियोगिता में देश के सभी राज्यों से आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। साथ ही एक प्रतिभागी एक से अधिक आवेदन जमा कर सकता है। प्रतिभागी द्वारा जमा की गई फिल्म स्वयं की मौलिक होनी चाहिए तथा किसी भी प्रकार के कॉपीराईट का उल्लंघन न हो।

उन्होंने जिले के युवाओं, विद्यार्थियों एवं रचनात्मक प्रतिभाओं से इस प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं सुरक्षित यातायात को बढ़ावा देने में सामूहिक योगदान सुनिश्चित किया जा सके। फिल्में ऑनलाइन माध्यम से गूगल फॉर्म, ई-मेल departmentoftransporthp@gmail.com के माध्यम से अथवा ऑफलाइन रूप में निदेशालय परिवहन, लीड एजेंसी रोड सेफ्टी सेल, शिमला-171004 में जमा करवा सकते हैं।

# मालरोड में एक साथ थिरकीं 596 महिलाएं



मनाली के माल रोड में महानाटी की रिहर्सल करती हुईं महिलाएं। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**एम बोकटापा, मनाली।** मनाली विंटर कार्निवाल-2026 में होने वाली महानाटी के लिए शुक्रवार को ऊझी घाटी के महिला मंडलों की रिहर्सल हुई।

298 महिला मंडलों की 596 महिलाओं ने एक साथ नाटी डाली तो परिवेश कुल्लवी संस्कृति के रंग में रंग गया। पर्यटक भी नाटी देख झूम उठे। कार्निवल के दौरान दो दिन महानाटी का आयोजन किया जाएगा। इसमें एक दिन लेफ्ट बैंक तो एक दिन राइट बैंक की महिलाएं महानाटी में हिस्सा लेंगी। महानाटी में उझी घाटी के महिला मंडलों की रिहर्सल हुई। इस मौके पर पर्यटक भी नाटी देख झूम उठे। वहीं, राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल की महानाटी की रिहर्सल के लिए पहुंची महिलाओं को घंटों इंतजार करना पड़ा।

लाइनों में खड़ी महिलाएं थक गईं, तो मालरोड में ही नीचे बैठने को विवश हो गईं। महानाटी की रिहर्सल लगभग दो घंटे देरी से शुरू हुई। विंटर कार्निवाल में 21 और 23 जनवरी को होने वाली महानाटी के लिए शुक्रवार को महिला मंडलों की रिहसल की गई। रिहसल शुरू करने का समय 11 बजे निर्धारित किया गया था। जबकि 10 बजे से सभी महिलाओ को रिपोर्टिंग की जानी थी लेकिन दूर दराज की महिलाएं समय पर नहीं पहुंच पाई जिसकी वजह से महानाटी की रिहसल समय पर शुरू नहीं हो पाई। रिहर्सल लगभग एक बजे शुरू की गई। लगभग आधा घंटा की रिहसल के बाद कुछ देर विश्राम हुआ और फिर दूसरे सत्र की रिहर्सल की गई। समय पर रिहर्सल शुरू नहीं होने के कारण महिलाओ को लगभग दो घंटे इंतजार करना पड़ा। 11 बजे से ही महिलाएं मालरोड में लाइन में खड़ी हो गई, लेकिन रिहसल शुरू नहीं हुई।

इस दौरान कुछ महिलाएं अपनी लाइन की जगह ही नीचे बैठ गई तो कुछ मालरोड़ के बीच में बैठने के लिए बनी जगह पर आकर आराम करती हुई देखी गई। हालांकि महिलाओं के लिए मनुरंगशाला में जलपान का भी प्रबंध किया गया था।

# खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के होंगे ट्रायल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** युवा सेवाएं एवं खेल विभाग की ओर से युवा परीक्षण ट्रायल के संबंध में पूर्व में जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में किए गए आंशिक संशोधन के संदर्भ में जानकारी देते हुए बताया गया है कि युवा सेवा एवं खेल विभाग, हिमाचल प्रदेश द्वारा खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 (जिनका आयोजन छत्तीसगढ़ में दिनांक 14 फरवरी से प्रस्तावित है) उसके लिए प्रदेश के जनजातीय खिलाड़ियों की एथलेटिक्स, स्विमिंग भारोत्तोलन, कुश्ती, हॉकी एवं फुटबॉल (महिला एवं पुरुष) खेल स्पर्धाओं की टीमों के चयन के लिए ट्रायल आयोजित किए जा रहे हैं। प्रस्तावित खेलों में से एथलेटिक्स (महिला एवं पुरुष), तीरंदाजी (रिकर्व एवं कंपाउंड) (महिला एवं पुरुष) तथा फुटबॉल (महिला एवं पुरुष) खेलों के ट्रायल जिला खेल कार्यालय, लुहणू ग्राउंड, बिलासपुर में 19 जनवरी 2026 को आयोजित किए जाएंगे। सभी इच्छुक खिलाड़ी अपना हिमाचली प्रमाण पत्र, जनजातीय प्रमाण पत्र (अनिवार्य) तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो सहित परीक्षण केंद्र में समय पर रिपोर्ट करें। अन्य खेलों (स्वीमिंग, भारोत्तोलन, कुश्ती, हॉकी) के ट्रायल पूर्व निर्धारित स्थान (इंदिरा स्टेडियम ऊना) पर ही निर्धारित कार्यक्रमानुसार आयोजित किए जाएंगे। उक्त ट्रायल में भाग लेने हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों को विभाग द्वारा कोई टीए, डीए देय नहीं होगा।

# 'पशु मित्रों' के 3 पद भरने को आवेदन आमंत्रित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** जिला लाहौल एवं स्पीति के लाहौल मंडल में पशुपालन विभाग द्वारा 'पशु मित्र' के 3 पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन पदों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 7 फरवरी, 2026 निर्धारित की गई है। उप निदेशक, पशु स्वास्थ्य/प्रजनन, केलांग डॉ. सुरेंद्र लाल ने जानकारी देते हुए बताया कि विभाग द्वारा लाहौल मंडल में पशु मित्रों के 3 पद भरे जाएंगे, जिनमें से उप मंडल उदयपुर में 2 पद और लाहौल मंडल मुख्यालय केलांग में 1 पद शामिल है। उदयपुर में 1 पद पशु औषधालय करपट और 1 पद पशु औषधालय नालडा लाहौल मंडल में 1 पद पशुऔषद्यालय दारचा में भरा जाना है। इच्छुक अभ्यर्थी विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध दिशा-निर्देशों के अनुसार आवेदन कर सकते हैं।

# एसपी ने गोद लिया कलैहली के अनाथ आश्रम का बच्चा

अनंत ज्ञान



**भुंतर।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बजौरा में नशा मुक्त हिमाचल मुहिम के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक कुल्लू मदन लाल कौशल बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। एसपी ने इस मौके पर सातवीं कक्षा के अमित को गोद लिया। छात्र अमित कलैहली के अनाथ आश्रम में रहता है। कार्यक्रम में स्कूली स्टूडेंट्स को ड्रग एब्यूज अवेयरनेस कैंप का आयोजन किया गया। पुलिस द्वारा नशा मुक्ति के लिए चलाए जा रहे अभियान के साथ ही साइबर क्राइम से बचने की जानकारी दी गई। यातायात नियमों के संबंध में भी स्कूली विद्यार्थियों को विस्तार से अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक कुल्लू ने अपने संबोधन में नशे के दुष्प्रभाव, मोबाइल की बढ़ती लत, एवं नशामुक्ति के लिए पुलिस द्वारा नशे को जड़ से समाप्त करने तथा साइबर अपराध से बचने स्कूल-कालेज में लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। यह कार्यक्रम भी उसी का एक हिस्सा है ताकि विद्यार्थी जागरूक हो सके। साथ ही उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के माध्यम से होने वाले साइबर अपराध, एटीएम फ्रॉड, इंटरनेट मीडिया के सुरक्षा निर्देशों के संबंध में जागरूक किया गया। यातायात नियमों का पालन करने बारे आवश्यक जानकारी दी। इस दौरान स्कूल की प्रधानाचार्य कविता कपूर ,डी ई पी हरदेव सिंह, धीरज कपूर,भुंतर थाना प्रभारी इशांत सेन तथा स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# लंबित प्रकरणों के जल्द निपटारे के निर्देश

अनंत ज्ञान



एसडीएम बंजार बैठक के दौरान चर्चा करते हुए। अनंत ज्ञान

**तीर्थन।** वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की स्थिति की समीक्षा के लिए बंजार उपमंडल स्तर पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता उपमंडल अधिकारी (नागरिक) बंजार पंकज शर्मा ने की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य वन अधिकारों से जुड़े लंबित, जांचाधीन तथा पूर्ण मामलों की प्रगति की समीक्षा करना व उनके जल्द व समयबद्ध निपटारे को सुनिश्चित करना रहा। बैठक के दौरान संबंधित विभागों व समितियों द्वारा अब तक प्राप्त वन अधिकार संबंधी आवेदनों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। इसमें यह बताया गया कि कितने आवेदन अभी लंबित हैं, किन मामलों में दस्तावेजों की कमी के कारण प्रक्रिया अटकी हुई है तथा कितने प्रकरण सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर चुके हैं। उपमंडल अधिकारी बंजार पंकज शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन आवेदनों में दस्तावेजों की कमी है, उन आवेदकों को समय रहते सूचित किया जाए, ताकि वे आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर सकें। उन्होंने कहा कि जिन मामलों की जांच पूरी हो चुकी है, उन्हें बिना देरी के अगली प्रक्रिया के लिए सक्षम स्तर पर भेजा जाए।

एसडीएम ने स्पष्ट किया कि वन अधिकार अधिनियम के तहत सभी मामलों की जांच पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता व नियमों के अनुरूप की जानी चाहिए। पात्र व्यक्तियों को उनके अधिकार समय पर मिलें, यह प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसके लिए विभिन्न विभागों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित कर लंबित मामलों की संख्या कम करने पर विशेष जोर दिया गया।

उन्होंने दो टूक कहा कि वन अधिकारों से जुड़े मामलों में अनावश्यक देरी किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं की जाएगी और सभी संबंधित अधिकारी व कर्मचारी निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करें। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत आने वाले सभी मामलों का निष्पक्ष, पारदर्शी व समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि पात्र लोगों को उनका हक बिना किसी बाधा के मिल सके।

# एसडीएम ने सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के दिए निर्देश

अनंत ज्ञान

◆ गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर बंजार में समीक्षा बैठक आयोजित

**तीर्थन।** भारत के 77वें गणतंत्र दिवस समारोह को भव्य, सुव्यवस्थित व गरिमामय ढंग से आयोजित करने के उद्देश्य से एसडीएम सभागार बंजार में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपमंडलाधिकारी (नागरिक) बंजार पंकज शर्मा ने की।

बैठक में विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों एवं उनके प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान उपमंडलाधिकारी (नागरिक) ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि गणतंत्र दिवस से जुड़ी सभी तैयारियां समय पर पूरी की जाएं और आपसी समन्वय के साथ सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन किया जाए। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस एक राष्ट्रीय पर्व है, इसलिए इसके आयोजन में अनुशासन, स्वच्छता, सुरक्षा व गरिमा का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। बैठक में ध्वजारोहण कार्यक्रम, परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा, विद्यालयों की सहभागिता, स्वच्छता व्यवस्था, सुरक्षा व यातायात प्रबंधन, चिकित्सा सुविधाएं, बिजली एवं पेयजल आपूर्ति, मंच एवं ध्वनि प्रणाली, आमंत्रण पत्र तथा दर्शकों के बैठने की व्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। एसडीएम पंकज शर्मा ने संबंधित विभागों को अपने-अपने कार्यक्षेत्र से जुड़ी तैयारियां शीघ्र आरंभ करने के निर्देश दिए।

उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी विभाग को किसी प्रकार की कठिनाई या अतिरिक्त संसाधन की आवश्यकता हो, तो समय रहते प्रशासन को अवगत कराया जाए, ताकि समाधान सुनिश्चित किया जा सके।उन्होंने सभी विभागों से आपसी तालमेल बनाए रखने और निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने की अपील की, ताकि गणतंत्र दिवस समारोह सुचारु एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। बैठक में उपस्थित सभी विभागाध्यक्षों ने आश्वासन दिया कि उन्हें सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, जिम्मेदारी और ईमानदारी के साथ किया जाएगा। अंत में उपमंडलाधिकारी ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से राष्ट्रीय पर्व को जनसहभागिता और उत्साह के साथ मनाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करने की अपील की है।

**आयोजन** जिला स्तरीय समारोह की तैयारियों की समीक्षा को लेकर बैठक आयोजित

# ढालपुर में मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस समारोह

अनंत ज्ञान



एडीएम कुल्लू बैठक में अधिकारियों से चर्चा करते हुए। अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन 26 जनवरी, को ऐतिहासिक ढालपुर मैदान, कुल्लू में पूरे हर्षोल्लास, राष्ट्रीय गरिमा व उत्साह के साथ किया जाएगा। समारोह की तैयारियों की समीक्षा को लेकर बहुउद्देश्यीय भवन में आयोजित बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त अश्वनी कुमार ने की।

अतिरिक्त उपायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्यातिथि शिक्षा मंत्री, रोहित ठाकुर होंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यातिथि ढालपुर मैदान में ध्वजारोहण के उपरांत मार्च पास्ट का निरीक्षण करेंगे तथा भव्य परेड की सलामी लेंगे। उन्होंने बताया कि समारोह के दौरान विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों व विभिन्न सांस्कृतिक दलों द्वारा देशभक्ति व लोक संस्कृति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित भी किया जाएगा। अतिरिक्त उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां समयबद्ध, समन्वित व सुव्यवस्थित रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग परेड, मार्च पास्ट एवं ध्वजारोहण की सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से सुनिश्चित करे। मार्च पास्ट में पुलिस एवं गृह रक्षा बल के पुरुष एवं महिला जवानों के साथ-साथ आईटीबीपी, विभिन्न शिक्षण संस्थानों के एनसीसी, एनएसएस, स्काउट एंड गाइड से जुड़े विद्यार्थी तथा आपदा मित्र भाग लेंगे। उन्होंने परेड की रिहर्सल समय पर पूर्ण करने पर विशेष बल दिया। अतिरिक्त उपायुक्त ने समारोह में देशभक्ति एवं लोक संस्कृति पर आधारित उच्च गुणवत्ता वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ नशे, विशेषकर चिट्टा, के दुष्प्रभावों पर आधारित एक प्रभावशाली स्किट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने ढालपुर मैदान में स्वच्छता व्यवस्था, मंच की साज-सज्जा, निर्बाध बिजली आपूर्ति, पेयजल तथा दर्शकों के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह हमारे संविधान, लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है।

यह दिवस आने वाली पीढ़ियों को देश की स्वतंत्रता और संविधान निर्माण में योगदान देने वाली महान विभूतियों के प्रति सम्मान एवं प्रेरणा प्रदान करता है। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों से आग्रह किया कि इस दिन को केवल अवकाश के रूप में न लेते हुए अपने-अपने कार्यालयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें। बैठक में सहायक आयुक्त श्री जयबंती ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिले के लिए 227 .64 करोड़ की संभावित ऋण योजना का विमोचन



227.64 करोड़ की संभावित ऋण योजना का विमोचन करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**केलांग।** उपमंडलाधिकारी केलांग द्वारा जिले के लिए 227.64 करोड़ की संभावित ऋण योजना (पीएलपी) का विमोचन भारत सरकार की लीड बैंक योजना के अंतर्गत, उपमंडलाधिकारी केलांग कुनिका एकर्स द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जिला लाहौल-स्पीति की संभावित ऋण योजना का आधिकारिक विमोचन किया गया।

उन्होंने बताया कि नाबार्ड द्वारा तैयार की गई इस योजना के तहत आगामी वित्तीय वर्ष के लिए बैंकों के लिए कुल 227.64 करोड़ का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस योजना के माध्यम से जिले में ऋण प्रवाह को व्यवस्थित किया जाएगा, ताकि कृषि व ग्रामीण विकास से जुड़े क्षेत्रों को पर्याप्त वित्तीय सहायता मिल सके। उन्होंने जानकारी दी कि इस योजना के तहत बैंकों के लिए कृषि, (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम), आवास, शिक्षा, नवीकरणीय ऊर्जा व सामाजिक बुनियादी ढांचे, जैसे प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए वार्षिक लक्ष्य तय किए जाते हैं।

इन लक्ष्यों का मुख्य उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों के विकास के लिए ठोस मापदंड तैयार करना और जिले की आर्थिक प्रगति को गति देना है। उन्होंने इसके लिए नाबार्ड की पूरी टीम को बधाई दी तथा भविष्य में और बेहतर उपलब्धि हासिल करने की शुभकामनाएं दीं। जिला लाहौल-स्पीति की इस पीएलपी रिपोर्ट का निर्माण नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक अनीता देवी द्वारा किया गया है। विमोचन के अवसर पर सुनील कौंडल एलडीएम लाहौल-स्पीति और अन्य बैंकों के प्रबंधक भी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### 18 जनवरी को बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड सोलन से प्राप्त जानकारी के अनुसार आवश्यक रखरखाव के दृष्टिगत 18 जनवरी को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता सोलन राहुल वर्मा ने दी। राहुल वर्मा ने कहा कि 18 जनवरी को प्रातः 10 से सायं 5 बजे तक सेंट्रर प्राइम मॉल (हवेली), शांडिल निवास, सेंट ल्यूक्स स्कूल, एसआईएलबी, जौणाजी मार्ग, शूलिनी नगर, शक्ति नगर, शिल्ली मार्ग, मोहन कॉलोनी, शर्मा बैंगक्विट हॉल, चंबा अपार्टमेंट, चेस्टर हिल्ज, पुलिस चौकी, कल्याण अधिकारी कार्यालय, माया राम डिपो, पुराना डाकघर, मोहन पार्क, अल्पाईन अपार्टमेंट, माता शूलिनी मंदिर, दुर्गा क्लब, चौक बाजार, बाण मोहल्ला, गांधी मोहल्ला, गंज बाजार, मोहन कॉलोनी, लोअर बाजार, कशिश अपार्टमेंट, जिला अस्पताल के कुछ हिस्सो में, पुराना न्यायालय मार्ग, लोक निर्माण विभाग तृतीय वृत्त कार्यालय व आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने कहा कि खराब मौसम व किन्हीं अपरिहार्य कारणों से उक्त तिथि व समय में परिवर्तन किया जा सकता है। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन



**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** डीएवी सिरमौर पब्लिक स्कूल, पांवटा साहिब में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़े ही भव्य और हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। इस वर्ष की थीम 'गुरुकुल से ग्लोबल' रही, जिसमें भारतीय पारंपरिक शिक्षा पद्धति से लेकर आधुनिक वैश्विक शिक्षा तक का सफर प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया गया। समारोह में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश रोल्टा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि एसएचओ कुलवंत सिंह और अन्य गणमान्य अतिथि भी मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुआ। नर्सरी कक्षा के बच्चों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में अपनी मासूमियत से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। कक्षा दूसरी के छात्रों ने उत्कृष्ट नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'गुरुकुल से ग्लोबल' थीम पर आधारित म्यूजिकल स्किट रहा, जिसमें स्कूल की स्थापना, पुरानी गुरुकुल पद्धति और आधुनिक शिक्षा के बीच के विकास को प्रभावशाली ढंग से मंच पर प्रस्तुत किया गया। समारोह में शैक्षणिक, खेल और सांस्कृतिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों सहित शिक्षक गुरबचन सिंह और दिनेश ठाकुर को सम्मानित किया गया। वरिष्ठ शिक्षक पूनम शर्मा, अश्वनी गोयल, सुनील दत्त और मीनाक्षी नेगी, लैब असिस्टेंट काला राम और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी मोहन को उनके बहुमूल्य योगदान के लिए सम्मानित किया गया। एएसपी योगेश रोल्टा ने स्कूल के प्रदर्शन और विचारशील थीम की सराहना की और छात्रों तथा शिक्षकों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### सैनवाला के पास सड़क किनारे लटका ट्रॉला

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पांवटा साहिब-कालाअंब नेशनल हाईवे पर सैनवाला के समीप उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब रेत-बजरी से लदा एक ट्रॉला अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लटक गया। गनीमत रही कि हादसे के समय कोई अन्य वाहन इसकी चपेट में नहीं आया और किसी तरह का जान-माल का नुकसान नहीं हुआ। बताया जा रहा है कि यह हादसा सुबह के समय हुआ, जब ये ट्राला कालाअंब की ओर जा रहा था और एक मोड़ पर चालक का संतुलन बिगड़ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्राले में रेत और बजरी भरी हुई थी। मोड़ पर अचानक नियंत्रण खोने के कारण वाहन सड़क से फिसलता हुआ किनारे जा टिका और लटक गया, यदि उस समय पीछे या सामने से कोई वाहन आ रहा होता, तो बड़ा हादसा हो सकता था। पांवटा साहिब-कालाअंब नेशनल हाईवे पर इन दिनों ओवरलोड ट्रालों की समस्या लगातार सामने आ रही है। तकनीकी खराबी या चढ़ाई न चढ़ पाने के कारण भारी लोड वाले ट्राले जगह-जगह खड़े देखे जा सकते हैं। दोसड़का के समीप शक्तिनगर में एक लोड ट्राला कई दिनों तक खड़ा रहा, जबकि नवोदय स्कूल के पास भी चढ़ाई में एक ट्राला खड़ा होने से यातायात प्रभावित हो रहा है। हाईवे पर खड़े इन बड़े ट्रालों से यह साफ जाहिर होता है कि इनमें जरूरत से ज्यादा रेत-बजरी भरी जाती है। खजूरना में मारकण्डा पुल पार करने के बाद नाहन की ओर चढ़ाई चढ़ना ऐसे ओवरलोड वाहनों के लिए मुश्किल हो रहा है। हालांकि, परिवहन समेत अन्य विभागों की ओर से समय-समय पर इन वाहनों के चालान किए जाते हैं और कई बार बिना नंबर के वाहन भी जब्त किए गए हैं। इनमें से अधिकतर वाहन हरियाणा के बताए जा रहे हैं और अवैध खनन के कारोबार से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

### सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान को किया नमन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सेवानिवृत्त ले. जनरल प्रदीप खन्ना ने कहा कि देश की सेवा में पूर्व सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान के लिए हम सभी उनके आभारी है। सेवानिवृत्त ले. जनरल प्रदीप खन्ना आज यहां पूर्व सैनिक दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व सैनिकों, वीर नारियों व अन्य को सम्बोधित कर रहे थे। सेवानिवृत्त ले. जनरल प्रदीप खन्ना ने कहा कि देश की सेवा और मातृभूमि की रक्षा में अपना सर्वोच्च बलिदान देकर पूर्व सैनिकों ने राष्ट्र के गौरवशाली इतिहास में अपना नाम हमेशा के लिए स्वर्ण अक्षर में अंकित किया है। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा के लिए समर्पित रहना एवं वीर सैनिकों की पुनीत स्मृति एवं शौर्य को सदैव नमन करना हम सभी का कर्तव्य है। सेवानिवृत्त कर्नल सुरेश कुमार अग्निहोत्री ने इस अवसर पर मुख्यातिथि का स्वागत किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि प्रत्येक वर्ष 15 जनवरी को पूर्व सैनिक दिवस के अवसर पर वीर शहीदों की वीरता एवं पराक्रम गाथा की स्मृति को याद किया जाता है। इस अवसर पर जिला सोलन की वीर नारियों को सम्मानित भी किया गया। भूतपूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना के प्रभारी ले.कर्नल राजपाल रोहील, 5 सिख यूनिट के उप कमान अधिकारी ले. कर्नल वाई.के. प्रशांत सहित ज़िला सोलन के 120 पूर्व सैनिक तथा 12 वीर नारियां व अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित थे।

# बागवानी क्षेत्र में सहकारी समितियों का मजबूत नेटवर्क होगा तैयार : नेगी

## फील्ड तक पहुंचेगे बागवानी विभाग के अधिकारी व नौणी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक

अनंत ज्ञान

**सोलन।** राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश में बागवानी क्षेत्र में उत्पाद विपणन प्रणाली को ओर सुदृढ़ करने के लिए सहकारी समितियों का मज़बूत नेटवर्क तैयार किया जाएगा। जगत सिंह नेगी आज सोलन ज़िला के नौणी स्थित डॉ. वाई.एस. परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय में सेब में अल्टरनेरिया और मार्सोनिना पत्ता धब्बा रोग के कारण उपचारात्मक रणनीतियों पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला को सम्बोधित कर रहे थे।

जगत सिंह नेगी ने कहा कि सहकारिता के माध्यम से न केवल उत्पाद का बेहतर मूल्य प्राप्त किया जा सकता है अपितु विपणन अधोसंरचना को गांव-गांव तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भविष्य में सेब सहित अन्य फलों को विपणन की दृष्टि से अच्छा मंच उपलब्ध करवाने के लिए



कार्यक्रम की अध्यक्षता करते मंत्री जगत सिंह नेगी। अनंत ज्ञान

सहकारी समितियों का सुदृढ़ीकरण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियों की कार्य प्रणाली में पारदर्शिता, बेहतर समन्वय तथा विश्वास बढ़ाया जाना आवश्यक है। बागवानी मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार सेब सहित अन्य फलों के रोगों के समुचित प्रबंधन और उपचार के लिए अनेक स्तरों पर कार्य कर रही है। इस दिशा में नौणी विश्वविद्यालय की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने वैज्ञानिकों से आग्रह किया कि कीट प्रबंधन, रोग उपचार और भविष्य में रोग के प्रसार को न्यून करने के लिए डाटा संग्रहण और वैज्ञानिक निष्कर्ष को अत्यंत महत्वपूर्ण समझें। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक विश्लेषण ही प्रबंधन का मुख्य आधार होना चाहिए। जगत सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश सरकार बागवानी को मिशन के रूप में कार्यान्वित कर रही है। यह प्रयास किया जा रहा है कि बागवानों का उत्पाद सही समय तक मण्डियों तक पहुंचे ताकि उन्हें उनकी फसल के बेहतर दाम मिलें। उन्होंने कहा कि इस दिशा में फसल को रोग से बचाकर रखना महत्वपूर्ण है। प्रदेश सरकार ने वर्ष 2025 में मंडी मध्यस्थता योजना के अंतर्गत लगभग 120 करोड़ रुपए का सेब बागवानों से क्रय किया है। बागवानी मंत्री ने कहा कि रोग नियंत्रण एवं उपचार के लिए वैज्ञानिकों द्वारा दिए गए परामर्श एवं बागवानों के सुझावों को अपनाया जाएगा। बागवानी विभाग एवं नौणी विश्वविद्यालय परामर्श के उपरांत आवश्यकता आधारित कीटनाशक उपयोग के विषय में समयसारणी तैयार करने पर विचार करेंगे। बागवानी विभाग के अधिकारियों एवं नौणी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा प्रदेश में चरणबद्ध आधार पर एक-एक गांव को गोद लेकर वहां बागवानी से संबंधित विभिन्न कार्यों की देख-रेख की जाएगी, ताकि बेहतर परिणाम प्राप्त हो सकें। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित बनाया जाएगा कि बागवानी विभाग के अधिकारी नियमित आधार पर गांव तक पहुंचें। उच्च जानकारी प्राप्त कर आने वाले वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों को भी नियमित आधार पर बागवानों तक पहुंचना होगा।

# चंडीगढ़ से नशा सप्लायर 14 ग्राम चिट्टे, सोने की बलियों सहित काबू

अनंत ज्ञान



**सोलन।** पुलिस थाना कंडाघाट के अंतर्गत दर्ज एक मामले में नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है।

इसमें एक चिट्टा के मुख्य सप्लायर को चंडीगढ़ से गिरफ्तार किया गया है। मामले में प्रारंभिक कार्रवाई के दौरान 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था, जिनसे न्यायालय से 4 दिन का पुलिस हिरासत रिमांड प्राप्त कर गहन पूछताछ की गई। पूछताछ एवं तकनीकी साक्ष्यों के विश्लेषण से यह सामने आया कि आरोपियों द्वारा बरामद चिट्टा/हेरोइन चंडीगढ़ निवासी दीपक नामक व्यक्ति से खरीदा गया था। जांच के दौरान यह भी ज्ञात हुआ कि नशीला पदार्थ खरीदने के लिए आरोपियों द्वारा सोने की बालियां बेचकर भुगतान किया गया था। उक्त तथ्यों के आधार पर पुलिस थाना कंडाघाट की टीम मामले में संलिप्त मुख्य चिट्टा सप्लायर दीपक पुत्र डेंगू राम, निवासी सेक्टर-38, डड्डू माजरा कॉलोनी, चंडीगढ़ (यूटी), उम्र 35 वर्ष को बैक वार्ड लिंकज के आधार पर डड्डू माजरा, चंडीगढ़ से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के ठिकाने की तलाशी भी ली गई और आरोपी के कब्जे से करीब 14 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद की, जो इस मामले में चार आरोपियों से 25 ग्राम चिट्टा बरामद किया जा चुका है।

आरोपियों द्वारा बेची गई सोने की बालियां, जिन्हें उसने अपनी गाड़ी में छुपाकर रखा था, बरामद की गई हैं। मामले में प्रयुक्त वाहन को भी जब्त कर पुलिस ने कब्जे में लिया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। आरोपी के पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड की जांच की जा रही है। मामले में जांच जारी है।

# बनकलां पंचायत को मिले दो अहम संपर्क मार्ग

अनंत ज्ञान

**नाहन।** विधानसभा क्षेत्र नाहन की ग्राम पंचायत बनकलां में वर्षों से लंबित चली आ रही संपर्क मार्गों की मांग आखिरकार पूरी हो गई। शुक्रवार को क्षेत्रीय विधायक अजय सोलंकी ने पंचायत को करोड़ों रुपए के विकास कार्यों की सौगात देते हुए दो महत्वपूर्ण संपर्क सड़कों का शिलान्यास किया।

इससे ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा गया। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत प्रधान रजनी, स्थानीय ग्रामीणों और वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की मौजूदगी में विधायक अजय सोलंकी का जोरदार स्वागत किया गया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रामस्वरूप चौहान सहित ग्रामीणों ने विधायक, मंडल अध्यक्ष ज्ञान चौधरी, एसडीएम नाहन राजीव सांख्यान और लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता आलोक जवनेजा को शॉल व टोपी पहनाकर सम्मानित किया।विधायक अजय सोलंकी ने सबसे पहले 88.50 लाख रुपए की लागत से बनने वाले भूडपुर से प्राथमिक पाठशाला भूडपुर



सड़क का लोकार्पण करते विधायक अजय सोलंकी। अनंत ज्ञान

तक लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबे संपर्क मार्ग का शिलान्यास किया। इसके बाद मक्कड़वाली खड्ड से प्राथमिक विद्यालय कून तक 38.11 लाख रुपए की लागत से बनने वाले 650 मीटर लंबे संपर्क मार्ग का शिलान्यास किया गया। ये दोनों सड़कें पंचायत की लंबे समय से प्रमुख मांग रही हैं, जिनके अभाव में ग्रामीणों को रोजमर्रा की आवाजाही में भारी परेशानी उठानी पड़ती थी। ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हुए विधायक ने सिंचाई योजना की राइजिंग मेन लाइन बदलने की मांग पर भी भरोसा दिलाया। उन्होंने बताया कि करीब 800 मीटर लंबी इस लाइन को बदलने पर लगभग 50 लाख रुपये का खर्च अनुमानित है। विधायक ने स्पष्ट किया कि इसे विधायक निधि से नहीं, बल्कि विधायक प्राथमिकता में डालकर जल्द पूरा करवाया जाएगा। इसके अलावा ट्यूबवेल में मोटर लगाने की मांग पर विधायक ने 20 से 25 दिनों के भीतर नई मोटर लगवाने का आश्वासन दिया। बिजली व्यवस्था पर बोलते हुए विधायक ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा आरडीएसएस योजना के तहत बड़े स्तर पर सुधार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि नाहन विधानसभा क्षेत्र के लिए 56 करोड़ रुपये के टेंडर करवा कर कार्य शुरू कर दिया गया है। इस योजना के तहत 90 नए ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे और 250 पुराने ट्रांसफार्मरों को बदला जाएगा। नाहन शहर में अंडरग्राउंड केबल डालने के साथ-साथ पुरानी लाइनों को हटाकर आधुनिक व्यवस्था लागू की जाएगी।

# एचपीएमसी की बदहाल स्थिति कांग्रेस की घोर अक्षमता : डोगरा

अनंत ज्ञान

**नाहन।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राकेश डोगरा ने प्रदेश सरकार को घेरते हुए कहा कि प्रदेश के सेब बहुल जिलों शिमला, मंडी, चंबा, कुल्लू, सिरमौर और किन्नौर में एचपीएमसी की बदहाल स्थिति कांग्रेस सरकार की घोर अक्षमता और किसान विरोधी रवैये को उजागर कर रही है। आज हालात यह हैं कि एचपीएमसी के स्टोरज में स्प्रे ऑयल और आवश्यक बागवानी उपकरण उपलब्ध नहीं हैं, जबकि किसान सैकड़ों की संख्या में सुबह से लाइनों में खड़े होने को मजबूर हैं।



डोगरा ने कहा कि यह दृश्य किसी व्यवस्था का नहीं, बल्कि कांग्रेस सरकार की विफलता की खुली तस्वीर है। आजकल का समय ही सेब की फसल के लिए सबसे महत्वपूर्ण होता है, लेकिन सरकार की लापरवाही के कारण बागवान न तो समय पर स्प्रे कर पा रहे हैं और न ही उन्हें यह भरोसा है कि उन्हें आवश्यक सामग्री मिलेगी भी या नहीं। कांग्रेस सरकार ने न तो समय रहते स्प्रे ऑयल की खरीद की और न ही एचपीएमसी के माध्यम से वितरण की कोई ठोस योजना बनाई। परिणामस्वरूप शिमला से किन्नौर तक बागवान परेशान हैं, हताश हैं और खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। निजी बाजार से महंगे दामों पर सामग्री खरीदने को मजबूर किसान यह सवाल पूछ रहा है कि फिर एचपीएमसी का अस्तित्व ही क्यों? भाजपा स्पष्ट शब्दों में चेतावनी देती है कि यदि जल्द ही एचपीएमसी के सभी स्टोरज में स्प्रे ऑयल व अन्य आवश्यक उपकरण उपलब्ध नहीं कराए गए और इस अव्यवस्था के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो भाजपा किसानों के साथ मिलकर प्रदेशव्यापी आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगी। सेब बागवानों को होने वाले हर नुकसान की सीधी जिम्मेदारी कांग्रेस सरकार की होगी।

### खलग में अधिवक्ता भीम ने दी कानूनों की जानकारी

**अनंत ज्ञान, अर्की।** विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा ग्राम पंचायत खनलग में एकदिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बतौर मुख्य वक्ता के के रूप में अधिवक्ता भीम सिंह ठाकुर ने नशा निवारण कानून, घरेलू हिंसा एवं वरिष्ठ नागरिक योजना 2016 आदि विषयों पर स्थानीय लोगों को जागरूक किया।

उन्होंने मुख्य रूप से आने वाले समय में युवाओं को नशे जैसी गतिविधियों से दूर रखना व परिवार द्वारा उनके सहयोग करने एवं उनके साथ संवाद स्थापित करने की बात कही, ताकि युवाओं में आगे बढ़ने के लिए जिज्ञासा व आत्मविश्वास बना रहे। इस मौके पर ग्राम पंचायत प्रधान गीता देवी, उपप्रधान अनूप चौहान, पंचायत सचिव, सभी पंचायत सदस्य गण एवं स्थानीय लोग शामिल रहे।

# सूरज चौधरी को भारतीय सेना में चयनित होने पर सम्मानित किया

अनंत ज्ञान



**शिलाई।** भारतीय सेना दिवस के पावन अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, कोटरी ब्यास के प्रांगण में एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मान सिंह एवं प्रधानाचार्य रघुवीर सिंह तोमर द्वारा सत्र 2022-23 के छात्र सूरज चौधरी को भारतीय सेना में चयनित होने पर सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए एसएमसी अध्यक्ष ने कहा कि वर्ष 2022 में वरिष्ठ माध्यमिक का दर्जा प्राप्त करने के बाद अल्प समय में ही विद्यालय ने अनेक उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित की हैं। उन्होंने बताया कि जहां प्रतिवर्ष विद्यालय से खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होकर विद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। वहीं, सूरज का देश-सेवा के लिए भारतीय सेना में चयन विद्यालय व कोटरी ब्यास ग्राम के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के समस्त अध्यापक वर्ग को दिया। कार्यक्रम का सशक्त मंच संचालन शशि रानी, प्रवक्ता (हिंदी) द्वारा किया गया। उन्होंने सेना दिवस के अवसर पर सम्मानित छात्र सूरज चौधरी तथा कक्षा 12वीं में 93 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली छात्रा दीपिका को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दीं तथा विद्यालय प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह में विद्यालय स्टाफ, विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

### कांग्रेस को छोड़ भाजपा का दामन थामा

**अनंत ज्ञान, नाहन।** शिलाई विधानसभा चुनाव क्षेत्र के नैनीधार जोन में भाजपा जिला अध्यक्ष धीरज गुप्ता के एकदिवसीय प्रवास के दौरान ग्राम पंचायत शाखोली के उप-प्रधान गोविंद शर्मा ने अपने अन्य साथियों सहित भाजपा की रीति नीति एवं जिलाध्यक्ष की विचारधारा से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी को छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया है। सिरमौर भाजपा के जिला प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत ने कहा कि अध्यक्ष धीरज गुप्ता ने पंचायत उपप्रधान गोविंद शर्मा एवं उनके अन्य साथियों को पार्टी का पटका एवं फूल-मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष धीरज गुप्ता के साथ भाजपा जिला सचिव ज्ञान शर्मा, भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी बिजेंदर तोमर, शिलाई भाजपा मंडल महामंत्री राकेश ठाकुर, शिलाई भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा, शाखोली व नैनीधार के बूथ अध्यक्ष के साथ-साथ अन्य भाजपा कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# नए नियमों के तहत होगा बीपीएल परिवारों का चयन

## दूसरे फेज के सर्वे में पक्के मकान वाले पात्र परिवार भी होंगे शामिल

अनंत ज्ञान

**बीआर चौहान, राजगढ़।** ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग के लिए बीपीएल परिवार का चयन करना गले की फांस बन गया है। बीते वर्ष प्रथम फेज के करवाए गए बीपीएल सर्वे में अधिकांश परिवार सरकार द्वारा निर्धारित मापदंडों से बाहर हो गए हैं।

सूत्रों के मुताबिक राजगढ़ ब्लॉक में पहले बीपीएल परिवारों की संख्या केवल 1740 थी, लेकिन सरकार द्वारा बीते वर्ष करवाई गई प्रथम फेज की चयन प्रक्रिया में बीपीएल परिवारों की संख्या घटकर केवल 143 रह गई है। इससे बीपीएल परिवारों में हड़कंप मच गया है। सरकार ने अब दूसरे फेज के सर्वे के लिए 12 जनवरी को अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसमें कुछ नियमों में राहत प्रदान की गई है। इसमें पक्का मकान वाले परिवारों को भी शामिल किया जाने बारे उल्लेख किया गया है । इसके अतिरिक्त इस अधिसूचना में ऐसे परिवार, जिनमें 27 वर्ष तक की आयु के अनाथ बच्चे सदस्य हो अथवा ऐसे परिवार जिनमें 59 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वृद्धजन सदस्य हो अथवा 27 से 59 आयु वर्ग का कोई भी सक्षम वयस्क सदस्य न हो, ऐसे परिवार को बीपीएल में शामिल किया जाएगा।

इसी प्रकार जिन परिवार में महिला मुखिया हो तथा जिनमें 27 से 59 वर्ष की आयु के मध्य कोई सक्षम पुरूष सदस्य न हो अर्थात जिनमें विधवा, अविवाहिता, तलाकशुदा, परित्यकता महिलाएं सम्मिलित हो। बुद्धीजीवी वर्ग का मानना है कि प्रथम फेज में सर्वे बिलकुल सही हुआ है। अधिकांश परिवारों के पास पक्के मकान, सभी सुख सुविधाएं, दोपहिया और चौपहिया वाहन रखे हुए हैं। केवल कुछ परिवार ही ऐसे हैं, जिनके पास कच्चे मकान हैं अथवा सरकारी स्कीम से बने हुए पक्के मकान है।

इससे पहले बीपीएल के चयन में काफी धांधलियां हुई हैं। साधन संपन परिवारों ने संयुक्त परिवार को राशनकार्ड में पृथक दिखाकर बीपीएल के लाभ लिए हैं। इस वर्ग का कहना है कि पात्र व्यक्तियों को पहले की भांति बीपीएल में आने से वंचित न रखा जाए, बल्कि परिवार की वास्तविक घरेलु परिस्थिति को मध्यनजर रखते हुए पारदर्शिता से चयन किया जाए। नकदी फसलों ने लोगों की किस्मत बदल दी है। अधिकांश परिवार के पास शहर जैसी सुख सुविधाएं उपलब्ध हैं।

> **बीपीएल परिवारों की संख्या में आशातीत बढ़ोतरी होगी**
>
> **खंड** विकास अधिकारी कार्यालय राजगढ़ में जब इस बारे बात की गई, तो बताया कि सरकार की अधिसूचना के अनुसार दूसरे फेज के लिए सर्वेक्षण के लिए पूर्ण तैयारियां कर दी गई हैं। जल्द ही दूसरा फेज आरंभ कर दिया जाएगा। दूसरे फेज में बीपीएल परिवारों की संख्या में आशातीत बढ़ोतरी होगी।

# प्रकाश ठाकुर की अगुवाई में पैसापालो टीम फिर से इतिहास रचने को तैयार

अनंत ज्ञान

**शिलाई।** जिला सिरमौर के शिलाई विधानसभा क्षेत्र के टिम्बी क्षेत्र से सम्बन्ध रखने वाले अंतराष्ट्रीय पैसापालो खिलाड़ी प्रकाश ठाकुर एक बार पुन: अपनी टीम के साथ राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी काबिलियत और हुनर का लोहा मनवाने के लिए बैताब है। प्रकाश ठाकुर एक बेहतरीन खिलाड़ी ही नहीं अपितु क्षेत्र समाज में हर सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका में नजर आते हैं।

इसमें चाहें समाज में नशें की गंभीर समस्या ही क्यों न हो जिसमें प्रकाश ठाकुर की क्षेत्र समाज में विशेष भूमिका नजर आती है तो वहीं विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लेते हैं तो वहीं विभिन्न क्षेत्रों में समय-समय पर युवाओं को नशे से दूर रहने और खेलों के क्षेत्र में अपना सुनहरा भविष्य बनाने के लिए जागरूक करते रहते हैं, तो वहीं प्रकाश ठाकुर की अगुवाई में अनेकों बार अंतराष्ट्रीय पटल पर स्वर्ण पदक जितकर भारत को गौरवान्वित करवा चुके हैं। सुविधाओं की कमी के बावजूद प्रकाश ठाकुर ने यकिनन क्षेत्र के युवाओं के लिए एक मिसाल कायम की है कि अगर हम आपमें किसी भी क्षेत्र में कड़ी मेहनत और जज्बा हो तो कोई भी लक्ष्य और विकट समस्याएं हमारे लक्ष्य की बाधा नहीं बन सकतीं,जिस प्रकार गिरिपार क्षेत्र से विभिन्न खेलों के क्षेत्र में अनेकों अंतराष्ट्रीय स्तर की शख्सियतें देखने एवं सुनने को मिलती हैं जो विश्व स्तर पर वर्षों से देश व प्रदेश को गौरवान्वित करवा रहें हैं।

ठाकुर का कहना है कि सीनियर नेशनल चैंपियनशिप में जो खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करेगा उसको आगे इंडिया कैंप में सिलेक्ट किया जाएगा और इंडिया कैंप से टीम इंडिया में सिलेक्ट किया जाएगा और 2026 जुलाई में ऑस्ट्रेलिया में वर्ल्ड कप होने जा रहा है जिसमें वह खिलाड़ी भारत की टीम का प्रतिनिधित्व करेगा। प्रकाश ठाकुर का कहना है कि हम वर्ल्ड कप को सामने देखते हुए कड़ी मेहनत कर रहे हैं और एक बार भारत को फिर से गोल्ड मेडल दिलाना चाहते हैं इसलिए हम नेशनल चैंपियनशिप इंडिया कैंप में जोरदार प्रदर्शन करेंगे।

**आभार** नौणी विवि में नेपाली कृषि अधिकारियों के अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

# शीतोष्ण फलों की प्राकृतिक व जैविक खेती पर रहा फोकस

अनंत ज्ञान

**सोलन।** नेपाली कृषि अधिकारियों के लिए आयोजित 10 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी में हुआ। यह कार्यक्रम भारत और नेपाल के विदेश मंत्रालयों की संयुक्त पहल के अंतर्गत संपन्न हुआ।

भारतीय विदेश मंत्रालय तथा नेपाल सरकार के संघीय एवं प्रांतीय कृषि मंत्रालयों के सहयोग से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पहल के अंतर्गत यह दूसरा प्रशिक्षण बैच था, जिसका उद्देश्य लगभग 300 नेपाली कृषि अधिकारियों और किसानों की क्षमता निर्माण करना है। कार्यक्रम में नेपाल के चार प्रांतों कर्णाली, लुंबिनी, सुदूरपश्चिम और गंडकी से आए 30 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने भाग लिया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य सेब, अखरोट और कीवी जैसी शीतोष्ण फलों की जैविक एवं प्राकृतिक खेती से संबंधित कौशलों का



प्रशिक्षण शिविर के दौरान नेपाल के किसान। अनंत ज्ञान

विकास करना था। समापन सत्र को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल ने कहा कि भारत और नेपाल, समान कृषि जलवायु परिस्थितियों और समृद्ध पारंपरिक ज्ञान का लाभ उठाकर, मिलकर सतत पर्वतीय कृषि का एक आदर्श मॉडल बन सकते हैं। उन्होंने छोटे और सीमांत किसानों के लिए कम लागत एवं पर्यावरण अनुकूल कृषि पद्धतियों के महत्व पर बल देते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती नाजुक पर्वतीय पारिस्थितिकी तंत्र के लिए एक व्यवहारिक विकल्प के रूप में उभर रही है। प्रो. चंदेल ने हिमाचल प्रदेश के प्राकृतिक खेती के अनुभवों को साझा करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि इन पद्धतियों को नेपाल की परिस्थितियों के अनुरूप सफलतापूर्वक अपनाया जा सकता है। प्रतिनिधिमंडल के टीम लीडर एवं नेपाल के कृषि प्रसार अधिकारी प्रेम बहादुर ओली ने विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा आयोजित इस अत्यंत उपयोगी और व्यवहारिक कार्यक्रम के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक बाग प्रबंधन, जैविक उत्पादन प्रणालियों और प्राकृतिक खेती से संबंधित प्राप्त अनुभव नेपाल के कृषि अधिकारियों और किसानों, विशेषकर पर्वतीय क्षेत्रों में, के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होंगे। निदेशक विस्तार सुदुरपश्चिम प्रांत टीकेन्द्र कुसमी ने आधुनिक कृषि तकनीकों को सीखने का अवसर प्रदान करने के लिए भारत और नेपाल सरकारों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान अर्जित ज्ञान और कौशल को जमीनी स्तर तक पहुंचाया जाएगा, जिसका लाभ अवश्य ही किसानों को मिलेगा।

इससे पूर्व निदेशक विस्तार शिक्षा डॉ. इंदर देव ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत करते हुए भारत और नेपाल के बीच कृषि क्षेत्र में लंबे समय से चले आ रहे सहयोग को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि नेपाल और हिमाचल प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में समानता होने के कारण इस कार्यक्रम के दौरान प्रदर्शित तकनीकें अत्यंत प्रासंगिक और आसानी से अपनाई जा सकने योग्य हैं। संयुक्त निदेशक (प्रशिक्षण) डॉ. अनिल हांडा ने कार्यक्रम के दौरान आयोजित गतिविधियों, जैसे क्षेत्र भ्रमण, व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्र तथा वैज्ञानिकों व प्रगतिशील किसानों के साथ संवाद का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया।

# सिरमौर में चिट्टे की रोकथाम के लिए 21 व 22 को होगी विशेष ग्रामसभा : प्रियंका वर्मा

अनंत ज्ञान

**नाहन।** उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा ने निर्देश जारी करते हुए बताया कि जिला सिरमौर की सभी ग्राम पंचायतों में 21 व 22 जनवरी, 2026 को चिट्टे की रोकथाम के लिए विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा।

उपायुक्त ने बताया कि इस विशेष ग्राम सभा में चिट्टे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया जाएगा तथा चिट्टे तस्करों के बारे में जानकारी देने वाले को राज्य सरकार द्वारा नकद पुरस्कार देने के निर्णय बारे लोगों को जागरूक किया जाएगा। ग्राम सभा में चिट्टे के व्यसन ग्रस्त व्यक्तियों के पुनर्वास के लिए राज्य सरकार की पहल की जानकारी व ग्राम पंचायत प्रधान को चिट्टा मुक्त पंचायत बनाने की शपथ दिलाई जाएगी। डीसी ने एसडीएम को इन ग्रामसभाओं के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त करने के निर्देश दिए है। उन्होंने संबंधित उपमडंलों के पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए है कि वह ग्राम सभा में चिट्टे की जानकारी देने के लिए पुलिस अधिकारी अथवा कर्मचारी की नियुक्ति करें। डीसी ने बताया कि ग्राम सभा के सफल आयोजन के लिए संबंधित खंड विकास अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है तथा पंचायतवार ग्राम सभा की तिथि निर्धारित कर पंचायत की लिखित कार्यवाही के लिए कर्मचारी तैनात करने के भी निर्देश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त ग्राम सभा से पूर्व ग्राम सभा क्षेत्र में व्यापक प्रचार-प्रसार करने व चिट्टे के व्यसन ग्रस्त व्यक्तियों की सूचना पंचायत सचिवों के माध्यम से प्रपत्र पर प्राप्त करना सुनिश्चित किया जाएगा। सहायक आयुक्त (विकास) तथा खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि वह ग्राम सभा के सफल आयोजन के लिए हर संभव प्रयास करें तथा निर्धारित प्रपत्र पर सूचना एकत्रित कर 23 जनवरी तक उपायुक्त कार्यालय को भेजना सुनिश्चित करें। खंड विकास अधिकारी नाहन डॉ. अंजलि गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि विकास खंड नाहन की सभी ग्राम पंचायतों में 21 व 22 जनवरी, 2026 को ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। इस ग्राम सभा में चिट्टा विरोधी विषय पर चर्चा, सरकार से प्राप्त नई दिशा निर्देशों के अनुसार बीपीएल आवेदन लेने तथा बीपीएल चयन हेतु निर्धारित मापदंडों की जानकारी प्रदान करने तथा स्वच्छ भारत मिशन-ग्रा द्वारा अपनाए गए आदर्श उपनियम और उपयोगकर्ता शुल्क बारे चर्चा व वर्ष 2026-27 मनरेगा योजना शैल्फ बारे चर्चा एवं अनुमोदन किया जाएगा।

# चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने लॉन्च की 'जय जवान' डिफेंस स्कॉलरशिप

अनंत ज्ञान




**चंडीगढ़।** 78वें सेना दिवस के अवसर पर चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी (सीयू) ने भारतीय सेना के साहस और बलिदान को समर्पित 'सीयू ऑनलाइन जय जवान डिफेंस स्कॉलरशिप' लॉन्च की। इस स्कॉलरशिप के तहत भारतीय सेना, अर्द्धसैनिक बलों के जवानों, शहीद सैनिकों के परिजनों और बच्चों को सीयू ऑनलाइन के 12 यूजी और पीजी डिग्री प्रोग्राम में आर्थिक सहायता दी जाएगी।

इस अवसर पर मुख्यातिथि लेफ्टिनेंट जनरल अजय चांदपुरिया, ऑफिसर कमांडिंग वज्र कॉर्प्स ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत ने स्पष्ट संदेश दिया है कि आतंकवाद अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह भारत के इतिहास का सबसे बड़ा और सफल आतंकवाद विरोधी अभियान रहा। सीयू के सीनियर मैनेजिंग डायरेक्टर दीप इंदर सिंह संधू ने बताया कि यह पहल मिलिट्री परिवारों को गुणवत्तापूर्ण ऑनलाइन शिक्षा से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के दौरान भारतीय सेना द्वारा हथियारों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जो छात्रों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही।

# हाईवे अंडरपास विवाद पर कृषि मंत्री ने की किसानों से बैठक

## एनएचएआई ने मानी प्रक्रियागत चूक, मुख्यमंत्री स्तर पर होगा फैसला

अनंत ज्ञान



**यमुनानगर।** यमुनानगर में राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़े अंडरपास और ग्रामीण संपर्क मार्ग के मुद्दे पर पिछले छह महीनों से जारी किसान आंदोलन को लेकर शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिला सचिवालय में हुई इस बैठक की अध्यक्षता हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने की।

बैठक में नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के वरिष्ठ अधिकारी और जिला उपायुक्त भी मौजूद रहे। बैठक के दौरान सभागार को मीडिया के लिए पूरी तरह प्रतिबंधित रखा गया और चर्चा बंद कमरे में हुई। बैठक समाप्त होने के बाद कृषि मंत्री और किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष रतन मान ने जानकारी साझा की। किसान नेताओं ने बताया कि लंबे संवाद के बाद यह स्पष्ट हुआ है कि हाईवे निर्माण के दौरान ग्रामीणों के परंपरागत मार्ग को बंद करने में प्रक्रियागत चूक हुई है, जिसे अब स्वयं एनएच अथॉरिटी के अधिकारियों ने भी स्वीकार किया है। हालांकि, अधिकारियों ने यह भी कहा कि वे इस विषय में स्वतंत्र रूप से निर्णय लेने की स्थिति में नहीं हैं।

रतन मान ने कहा कि बैठक की पूरी कार्यवाही को लिखित रूप में संकलित कर मुख्यमंत्री को भेजा जाएगा, ताकि उच्च स्तर पर अंतिम निर्णय लिया जा सके। उन्होंने जोर दिया कि किसानों की मांग न्यायसंगत है और जब तक रास्ते की बहाली सुनिश्चित नहीं होती, तब तक प्रभावित क्षेत्र में निर्माण कार्य आगे नहीं बढ़ने दिया जाएगा। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि अंडरपास और संपर्क मार्ग को लेकर तकनीकी व प्रशासनिक अड़चनें सामने आ रही हैं, जिन पर राज्य सरकार गंभीरता से विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री से इस मुद्दे पर पहले ही चर्चा हो चुकी है और संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समन्वय कर किसानों की समस्या का व्यवहारिक समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा।

# 'आप' नेता स्वर्ण सलारिया की माता सीतो देवी को दी श्रद्धांजलि



अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, पठानकोट।** पठानकोट में 'आप' नेता ठाकुर स्वर्ण सलारिया की स्वर्गवासी माता सीतो देवी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उनका 4 जनवरी को निधन हुआ था। श्रद्धांजलि समारोह दा वाईट मेडिकल कॉलेज बुंगल के प्रांगण में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक, शैक्षणिक और व्यापारिक संगठनों के नेता और सदस्य उपस्थित रहे।

समारोह में आप पंजाब प्रभारी मुनीश सिसोदिया, योगगुरु स्वामी रामदेव, कैबिनेट मंत्री लाल चंद, पूर्व विधायक जोगिंद्रपाल, राजपूत कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष व पूर्व चेयरमैन, और व्यापार मंडल के कई प्रमुख सदस्य शामिल हुए। इसके अलावा लायंस क्लब, प्रेस क्लब, हिंदू-सिख एकता क्लब, किसान संगठन, मार्केट कमेटी और अन्य सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने स्वर्ण सलारिया और उनके परिवार को सांत्वना दी और सीतो देवी के जीवन और योगदान को याद किया। समारोह में फूलों से श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनकी पुण्यतिथि पर विशेष प्रार्थना आयोजित की गई। इस अवसर पर पठानकोट के पूर्व मेयर, भाजपा और आप पार्टी के नेता, समाजसेवी और व्यापारी वर्ग के प्रमुख भी मौजूद रहे, जिन्होंने स्वर्गीय सीतो देवी को याद कर उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया।

## न्यूज ब्रीफ

### गुरुग्राम: साढ़े चार लाख के अवैध मेडिकल उपकरण जब्त

**अनंत ज्ञान, गुरुग्राम।** ड्रग्स कंट्रोल विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर पालम विहार एक्सटेंशन क्षेत्र में एक प्रतिष्ठान पर छापेमारी कर अवैध मेडिकल उपकरणों की बिक्री का खुलासा किया है। बिना वैध लाइसेंस और आयात अनुमति के रखे गए मेडिकल डिवाइस जब्त किए गए, जिनकी कुल अनुमानित कीमत चार लाख 47 हजार 241 रुपये बताई गई है। यह कार्रवाई शुक्रवार को ड्रग्स कंट्रोल अधिकारी अमनदीप चौहान, डॉ. सुरेश कुमार और मुकेश कुमार की संयुक्त टीम ने की। छापेमारी के दौरान दुकान पर मौजूद राजू कुमार से मेडिकल डिवाइस की बिक्री और आयात से संबंधित दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वह कोई वैध लाइसेंस या अनुमति प्रस्तुत नहीं कर सका। जांच में 20 प्रकार के मेडिकल डिवाइस, जिनमें आयातित कॉन्टैक्ट लेंस भी शामिल हैं, अवैध रूप से बिक्री के लिए रखे पाए गए। सभी उपकरणों को फॉर्म एमडी-35 के तहत जब्त कर लिया गया है। ड्रग्स कंट्रोल विभाग ने ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट के तहत आगामी कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### रेवाड़ी में चलती बस में लगी आग

**अनंत ज्ञान, रेवाड़ी।** रेवाड़ी में शुक्रवार को एक चलती बस में अचानक आग लग गई। आग लगने के बाद यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। हादसे के समय बस में करीब 50 यात्री सवार थे। लेकिन गनीमत रही कि आग के ज्यादा फैलने से पहले यात्रियों को सुरक्षित बस से बाहर निकाल लिया गया। सूचना के बाद फायर बिग्रेड और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को एक प्राइवेट बस रेवाड़ी से झज्जर जा रही थी। बस अड्डे से निकलकर सर्कुलर रोड होते हुए बस धारूहेड़ा चुंगी के पास पहुंची तो अचानक तेल लीक होने से बस में आग लग गई। बस से धुआं उठता देख कर राहगीरों ने इसकी जानकारी चालक को दी। जिसके बाद चालक ने बस रोकी। सूचना के बाद फायर बिग्रेड और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और बस में सवार यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। बताया जा रहा है कि हादसे के समय बस में करीब 50 यात्री सवार थे। आगजनी की इस घटना से कोई जानी नुकसान नहीं हुआ, परंतु बस को भारी नुकसान हुआ है।

# पार्किंसंस और सर्वाइकल डिस्टोनिया के मरीजों को डीबीएस से मिली नई जिंदगी

अनंत ज्ञान



**चंडीगढ़।** पार्किंसंस रोग और सर्वाइकल डिस्टोनिया से पीड़ित पंजाब के दो मरीजों को मेदांता द मेडिसिटी, गुरुग्राम में सफल डीप ब्रेन स्टिमुलेशन (डीबीएस) के बाद नया जीवन मिला। गुरमुख सिंह, जिन्हें पार्किंसंस रोग के लक्षणों ने झकझोर दिया था, अब कागजात पर हस्ताक्षर कर सकते हैं, लंबी सैर और पारिवारिक छुट्टियों का आनंद ले सकते हैं। वहीं, 80 के दशक के नौनिहाल सिंह, जो सर्वाइकल डिस्टोनिया से पीड़ित थे, ने भी सर्जरी के बाद दर्द और अनैच्छिक मांसपेशियों की समस्याओं से राहत पाई।

इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरोसाइंसेज, मेदांता के निदेशक डॉ. अनिर्बान दीप बनर्जी ने बताया कि भारत में पार्किंसंस रोग का बोझ बहुत अधिक है और डीबीएस जैसी न्यूरोस्टिम्यूलेशन प्रक्रिया गंभीर न्यूरोलॉजिकल रोगियों की मदद करती है। उन्होंने कहा कि न्यूरोलॉजिकल स्थितियां अब विकलांगता के प्रमुख कारणों में से एक हैं, और इनकी वैश्विक चुनौती लगातार बढ़ रही है।

# आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल ने लॉन्च किया 'प्रू वेल्थ फॉरएवर'

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने एक आसान और कर-मुक्त लाभ देने वाला विरासती समाधान पेश किया है, आईसीआईसीआई प्रू वेल्थ फॉरएवर। यह उत्पाद उन ग्राहकों के लिए तैयार किया गया है जो अपने परिवार और प्रियजनों के लिए लंबी अवधि की वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करना चाहते हैं। इस योजना में लाइफ कवर की राशि ग्राहक की उम्र 99 साल तक बढ़ती रहती है। ग्राहक की मृत्यु होने पर, पूरी लाइफ कवर राशि लाभार्थियों को कर-मुक्त लाभ के रूप में मिलती है। यदि ग्राहक पॉलिसी अवधि पूरी कर जीवित रहते हैं, तो भुगतान की गई पूरी प्रीमियम राशि वापस कर दी जाती है।

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल के मुख्य उत्पाद अधिकारी, विकास गुप्ता ने कहा, 'आज लोग बढ़ती आय और लंबी जीवन प्रत्याशा के बीच अपनी विरासती योजनाओं के महत्व को समझ रहे हैं। आईसीआईसीआई प्रू वेल्थ फॉरएवर इस प्रक्रिया को आसान और प्रभावी बनाता है। उदाहरण के लिए, एक 55 वर्षीय व्यवसायी जो सात साल के लिए सालाना 30 लाख रुपए का निवेश करता है, उसका लाइफ कवर 1.5 करोड़ रुपए से शुरू होता है और उम्र बढ़ने के साथ बढ़ता रहता है। पॉलिसीधारक की 85 वर्ष की उम्र में मृत्यु होने पर, नामित व्यक्ति को कर-मुक्त लाभ के रूप में 10 करोड़ रुपए मिलते हैं, जिससे परिवार की वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित होती है।

# एचडीएफसी बैंक की मुंबई मैराथन में कैंसर जागरूकता की बड़ी पहल

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़/लुधियाना।** एचडीएफसी बैंक अपने सीएसआर प्रोग्राम 'परिवर्तन' के तहत 18 जनवरी को होने वाले टाटा मुंबई मैराथन 2026 में कैंसर जागरूकता बढ़ाने और इसकी जल्दी पहचान को प्रोत्साहित करने के लिए लगभग 1,500 कर्मचारियों की सबसे बड़ी कॉर्पोरेट टीम उतारेगा। बैंक ने इस पहल के लिए इंडियन कैंसर सोसायटी (आईसीएस) के साथ साझेदारी की है। आईसीएस की टीम में 100 से अधिक धावक शामिल होंगे, जिनमें युवा कैंसर सर्वाइवर और संगठन के कर्मचारी भी हैं।

एचडीएफसी बैंक के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर कैजाद भरूचा ने कहा कि हम ऐसे मकसद के लिए दौड़ रहे हैं जो हर परिवार को प्रभावित करता है। हमारी जिम्मेदारी सिर्फ वित्तीय सेवाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि समुदायों की भलाई तक फैली हुई है। यह साझेदारी जागरूकता बढ़ाने और कैंसर की जल्दी पहचान को प्रेरित करने का एक बड़ा कदम है।

बैंक का 'परिवर्तन' कार्यक्रम हेल्थकेयर और हाइजीन पर ध्यान केंद्रित करता है, जिससे स्वास्थ्य इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत हो और विभिन्न समुदायों में स्वास्थ्य-संबंधी जागरूकता बढ़े। इस पहल से कर्मचारियों और समाज दोनों में स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी की भावना मजबूत होती है।

## देश-विदेश

# अमेरिकी राजदूत की ईरान को चेतावनी डोनाल्ड ट्रंप बातें नहीं करते, एक्शन लेते हैं

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

◆ ईरान का जवाब- हमला किया तो छोड़ेंगे नहीं

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की आपात बैठक में अमेरिका ने ईरान को कड़ा संदेश दिया है। अमेरिकी राजदूत माइक वाल्ट्ज ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने साफ कर दिया है कि ईरान में विरोध प्रदर्शनों पर हो रही क्रूर दमनकारी कार्रवाई को रोकने के लिए सभी विकल्प खुले हैं।

उन्होंने ईरान के लोगों की बहादुरी की सराहना की और कहा कि ईरान के लोगों ने इतिहास में कभी भी इतने जोरदार तरीके से आजादी की मांग नहीं की। वाल्ट्ज ने कहा, 'ट्रंप एक्शन लेने वाले इंसान हैं, लंबी-लंबी बातें करने वाले नहीं।' उन्होंने चेतावनी दी कि ईरान के नेतृत्व को पता होना चाहिए कि अमेरिका इस नरसंहार को रोकने के लिए कोई भी कदम उठा सकता है। 15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद की इस बैठक में ईरान के उप-राजदूत ने जवाब दिया कि उनका देश टकराव नहीं चाहता, लेकिन अगर अमेरिका की ओर से कोई आक्रामक कदम उठाया गया तो ईरान जवाब देगा। यूएन में अमेरिका के प्रतिनिधि माइक वॉल्ट्ज ने बैठक में ईरान सरकार की कार्रवाई की आलोचना की।

उन्होंने कहा कि ईरान में इंटरनेट ब्लैकआउट के कारण यह पता लगाना मुश्किल हो गया है कि सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों पर कितनी सख्ती की है। वॉल्ट्ज ने कहा, 'ईरान सरकार का यह दावा कि हाल में हुए प्रदर्शनों के पीछे विदेशी ताकत हैं, यह दिखाता है कि ईरानी सरकार अपने ही लोगों से डर रही है। साथ ही सारा इल्जाम दूसरों के मत्थे मढ़ रही है। (अनंत ज्ञान)

# मादक पदार्थों की तस्करी मामले में ईडी ने कई राज्यों में मारे छापे

**एजेंसी, पणजी/नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े धनशोधन मामले में कई राज्यों में छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। केंद्रीय जांच एजेंसी के गोवा क्षेत्रीय कार्यालय ने धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, ओडिशा और केरल में लगभग 20-25 परिसरों पर छापे मारे। ऐसा माना जा रहा है कि ईडी की जांच गोवा पुलिस की मादक पदार्थ रोधी प्रकोष्ठ (एएनसी) की प्राथमिकी से जुड़ी है। (अनंत ज्ञान)

# ईरान में जुमे की नमाज के बाद तनाव, न्यूजीलैंड दूतावास बंद

**एजेंसी, तेहरान**

◆ अस्थिर हालात के बीच भारतीयों को निकालने की कोशिश

◆ अमेरिका पर ईरानी उप राजदूत ने हिंसा भड़काने का आरोप लगाया

ईरान में हालात लगातार अस्थिर बने हुए हैं। जुमे की नमाज के बाद जारी कत्लेआम के फतवे और सुरक्षा संकट के चलते कई देशों ने अपने अधिकारियों और नागरिकों को सुरक्षित निकालने की तैयारी शुरू कर दी है। इस बीच न्यूजीलैंड ने ईरान स्थित अपना दूतावास अस्थायी तौर पर बंद करने का फैसला लिया और सभी कर्मचारियों को तुरंत देश छोड़ने का आदेश दिया। दूतावास का संचालन अब अंकारा स्थानांतरित कर दिया गया है। अधिकारियों के अनुसार न्यूजीलैंड के सभी कर्मचारियों को वाणिज्यिक उड़ानों के माध्यम से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

ईरान में सुरक्षा हालात को लेकर विदेशी मंत्रालयों का भरोसा कम होता जा रहा है। इसी बीच भारत भी अपने नागरिकों को निकालने के प्रयास में लगा हुआ है। देश में बढ़ती अशांति के बीच कई अन्य देश भी अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कदम उठा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के उप राजदूत गुलाम हुसैन दर्जी ने कहा कि देश में फैली अव्यवस्था और हिंसक प्रदर्शन के लिए अमेरिका जिम्मेदार है। उनका आरोप है कि अमेरिका, ईरानी जनता के बीच अशांति फैलाकर खुद को मित्र दिखाने की कोशिश कर रहा है। (अनंत ज्ञान)

### मणिपुर: चुराचांदपुर में उग्रवाद रोधी अभियान शुरू

**एजेंसी, चुराचांदपुर/इंफाल।** मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को उग्रवाद रोधी अभियान चलाया। अधिकारीयों ने बताया कि 'पैरा स्पेशल फोर्सेज' और असम राइफल्स ने हेंगलेप इलाके में उग्रवादी समूहों के संदिग्ध ठिकानों को निशाना बनाया। एक अधिकारी ने कहा कि यह क्षेत्र यूनाइटेड कुकी नेशनल आर्मी (यूकेएनए) की उपस्थिति के लिए जाना जाता है। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि अभियान में किस समूह को निशाना बनाया गया। अभियान पहाड़ी और वन क्षेत्रों में संचालित किया गया और हेलिकॉप्टरों की मदद से सैनिकों को जंगल वाले इलाके में तैनात किया गया। मणिपुर में मई 2023 से कुकी-जो समुदायों के बीच जातीय हिंसा जारी है, जिसमें अब तक कम से कम 260 लोग मारे जा चुके हैं और हजारों लोग बेघर हुए हैं। वर्तमान में राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू है, जो फरवरी 2025 में तत्कालीन मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद लगाया गया था। (अनंत ज्ञान)

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का जालंधर दौरा रद्द

**एजेंसी, चंडीगढ़।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का शुक्रवार को जालंधर में दीक्षांत समारोह में शामिल होने का कार्यक्रम खराब मौसम के कारण रद्द कर दिया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मुर्मू वीरवार को अमृतसर पहुंची थीं, जहां उन्होंने गुरु नानक देव विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह को संबोधित किया था। वह शुक्रवार को जालंधर में डॉ. बीआर आंबेडकर राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के 21वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने वाली थीं। जालंधर के उपायुक्त हिमांशु अग्रवाल ने फोन पर बताया, ''खराब मौसम के कारण राष्ट्रपति का दौरा रद्द कर दिया गया है।'' पिछले कुछ दिनों से पंजाब के कई इलाकों में सुबह के समय घना कोहरा छाया रहता है। जालंधर के संस्थान में दीक्षांत समारोह निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित किया गया, जिसमें पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया मौजूद थे। (अनंत ज्ञान)

# दूषित पानी से मौतों के बाद राहुल गांधी आज इंदौर दौरे पर

**एजेंसी, इंदौर (मध्यप्रदेश)**

◆ प्रभावित परिवारों से मुलाकात करेंगे, बैठक को नहीं मिली मंजूरी



इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी से 24 लोगों की मौत के बाद कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शनिवार, 17 जनवरी को इंदौर दौरे पर आ रहे हैं। हालांकि, प्रशासन ने शहर में प्रस्तावित कांग्रेस नेताओं और नगरीय प्रतिनिधियों के साथ होने वाली बैठक को अनुमति नहीं दी है।

कांग्रेस ने प्रदेशभर के पार्षदों, महापौरों, नगर पालिका और नगर परिषद अध्यक्षों व उपाध्यक्षों के लिए राहुल गांधी की बैठक आयोजित करने की योजना बनाई थी। कार्यक्रम अभय प्रशाल और आनंद मोहन माथुर सभागार में आयोजित होने वाला था, जिसमें लगभग एक हजार लोगों की मौजूदगी की उम्मीद थी, लेकिन जिला प्रशासन ने सुरक्षा कारणों से बैठक को मंजूरी नहीं दी।

कांग्रेस के संगठन प्रभारी डॉ. संजय कामले ने बताया कि प्रशासन की अनुमति न मिलने के कारण बैठक को रद्द करना पड़ा है। अब राहुल गांधी का दौरा सीमित कार्यक्रम तक ही रहेगा। राहुल गांधी इंदौर पहुंचने के बाद पहले बॉम्बे हॉस्पिटल जाएंगे, जहां वे दूषित जल से बीमार हुए मरीजों और उनके परिवारों से मुलाकात करेंगे। इसके बाद वे भागीरथपुरा पहुंचकर उन परिवारों से मिलेंगे, जिनके परिजनों की दूषित पानी के कारण मौत हुई है। प्रशासन ने राहुल गांधी के दौरे को लेकर अलर्ट जारी किया है। (अनंत ज्ञान)

# हनी सिंह ने विवादित बयान पर मांगी माफी

## कहा-इरादा किसी को आहत करने का नहीं था

**एजेंसी, नई दिल्ली**

रैपर यो यो हनी सिंह एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। दिल्ली में उनके शो का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद उन पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणियां करने का आरोप लगा, जिसके चलते उन्हें ऑनलाइन आलोचना का सामना करना पड़ा।

वायरल क्लिप को अश्लील बताया गया, जिस पर कई यूजर्स ने नाराजगी जताई। हनी सिंह ने इंस्टाग्राम पर माफी वीडियो जारी कर कहा कि वीडियो को संदर्भ से हटाकर एडिट किया गया और कई लोग आहत हुए। उन्होंने स्पष्ट किया, 'मेरा इरादा किसी को ठेस पहुंचाने का नहीं था।' हनी सिंह ने बताया कि शो से पहले उन्होंने स्त्री रोग विशेषज्ञों और सेक्सोलॉजिस्ट्स से मुलाकात की थी, जिन्होंने युवाओं में असुरक्षित संबंधों और एसटीडी के बढ़ते मामलों पर चिंता जताई। शो में बड़ी संख्या में जेन जेड दर्शकों को देखकर उन्होंने सुरक्षित संबंधों का संदेश उसी भाषा में देने की कोशिश की, जैसी ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर प्रचलित है। हनी सिंह ने माना कि प्रस्तुति का तरीका अनुचित था और कहा कि जिन्हें ठेस पहुंची, उनसे दिल से माफी मांगता हूं। (अनंत ज्ञान)

### विश्व हिंदी दिवस पर सिंगापुर की श्वेता ने जीता प्रथम पुरस्कार

**एजेंसी, सिंगापुर।** मॉरीशस में आयोजित प्रतिष्ठित विश्व हिंदी गीत प्रतियोगिता 2026 में सिंगापुर की भारतीय मूल नागरिक श्वेता वर्मा ने एशिया (भारत को छोड़कर) और ऑस्ट्रेलिया क्षेत्र में प्रथम पुरस्कार जीता। विश्व हिंदी सचिवालय (डब्ल्यूएचएस) द्वारा आयोजित यह प्रतियोगिता विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी भाषा के प्रचार और सम्मान के लिए आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने मौलिक हिंदी गीत प्रस्तुत किए, जिनका मूल्यांकन रचनात्मकता, साहित्यिक गुणवत्ता और विषयगत प्रासंगिकता के आधार पर किया गया। वर्मा के गीत 'जा रे, उड़ जा रे हिंदी-तरंग पंछी' को विशेष रूप से उसकी काव्यात्मकता और संगीतमय प्रस्तुति के लिए सराहा गया। गीत में हिंदी को प्रतीकात्मक पक्षी के रूप में दिखाया गया है, जो विभिन्न देशों और संस्कृतियों में उड़ान भरता है और दिलों को जोड़ता है। गीत के बोल श्वेता वर्मा ने लिखे और संगीत उत्तर भारतीय शास्त्रीय संगीतकार जयवर्धन दाधीच ने दिया। गीत को उनकी बेटी कशिश सिंघल ने सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। यह प्रस्तुति डब्ल्यूएचएस समारोह के दौरान रिकॉर्ड की गई वीडियो के रूप में प्रसारित की गई। (अनंत ज्ञान)

# चांदी 2.83 लाख के ऑल टाइम हाई पर, सोना 1.42 लाख पहुंचा

**एजेंसी, नई दिल्ली**



चांदी के दाम में शुक्रवार को लगातार चौथे दिन तेजी है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार चांदी की कीमत 5,208 रुपए बढ़कर 2,82,720 रुपए प्रति किलो के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई है। इससे पहले 14 जनवरी को चांदी की कीमत 2,77,512 रुपए थी।

चार दिन में चांदी 40 हजार रुपए महंगी हो चुकी है। वहीं, सोने के दाम में तीन दिन की तेजी के बाद आज गिरावट है। 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव आज 298 रुपए गिरकर 1,41,717 रुपए पर ओपन हुआ था। 14 जनवरी को इसने 1,42,015 रुपए पर ऑल टाइम हाई बनाया था। आईबीजेए की सोने की कीमतों में 3% जीएसटी, मेकिंग चार्ज, ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता। इसलिए शहरों के रेट्स इससे अलग होते हैं। इन रेट्स का इस्तेमाल आरबीआई सोवरेन गोल्ड बॉन्ड के रेट तय करने के लिए करता है। कई बैंक गोल्ड लोन के रेट तय करने के लिए इसे इस्तेमाल करते हैं। (अनंत ज्ञान)

## मार्केट

# शेयर बाजार आज बड़ी बढ़त के साथ हुआ बंद

## सेंसेक्स 188 अंक चढ़ा, निफ्टी 25,700 के आसपास सिमटी

**एजेंसी, मुंबई**



हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को शेयर बाजार हरे निशान पर बंद हुआ। इंफोसिस के शेयरों में आई तेज उछाल के चलते सेंसेक्स और निफ्टी जैसे शेयर बाजार उच्च स्तर पर बंद हुए। कंपनी ने वित्त वर्ष 2026 के लिए अपने राजस्व वृद्धि अनुमान को बढ़ाया था। रुपया लगातार तीसरे सत्र में गिरकर शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 50 पैसे गिरकर अपने सबसे निचले स्तर 90.84 (अस्थायी) के करीब बंद हुआ। दो दिनों की गिरावट के बाद, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 187.64 अंक या 0.23 प्रतिशत चढ़कर 83,570.35 पर बंद हुआ। दिन के दौरान, यह 752.26 अंक या 0.90 प्रतिशत बढ़कर 84,134.97 पर पहुंच गया।

वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 28.75 अंक या 0.11 प्रतिशत बढ़कर 25,694.35 पर पहुंच गया। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, अल्ट्राटेक सीमेंट और एचडीएफसी बैंक भी लाभ कमाने वालों में शामिल थे। इसके विपरीत, इटरनल, एशियन पेंट्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, सन फार्मा और मारुति पिछड़ने वाली कंपनियों में शामिल थीं। (अनंत ज्ञान)

### ओडिशा: अवैध खदान में पत्थर गिरने से दो मजदूर मरे

**एजेंसी, मलकानगिरी।** ओडिशा के मलकानगिरी जिले में शुक्रवार को एक अवैध पत्थर खदान में खुदाई के दौरान पत्थर गिरने से दो मजदूरों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना तारिणी मंदिर के पास एक पत्थर खदान में घटी। मलकानगिरी मॉडल पुलिस थाना प्रभारी रेगन किंडो ने बताया कि मृतकों की पहचान सत्यमगुडा गांव के टूना गडबा (21) और चंपाखारी गांव के मितु माधी (31) के रूप में हुई है। चंपाखारी गांव के एक अन्य मजदूर बिजय राव भी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। उनका सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने बताया कि टूना गडबा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि माधी ने जिला मुख्यालय अस्पताल में चोटों के कारण दम तोड़ दिया। सहकर्मियों ने बताया कि तीनों लोग मिट्टी खोद रहे थे और खोदी गई मिट्टी को ट्रैक्टर में लाद रहे थे, तभी उन पर पत्थर गिर पड़े। पत्थर गिरने के दौरान ट्रैक्टर चालक और अन्य मजदूर वहां से भाग गए। हालांकि, स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और फंसे हुए मजदूरों को बचाया व पुलिस को सूचना दी। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### कोपा डेल रे: सैंटेंडर को हराकर बार्सिलोना क्वार्टर फाइनल में

**एजेंसी, मैड्रिड।** कोपा डेल रे में बार्सिलोना ने दूसरे डिवीजन की टीम रेसिंग सैंटेंडर को 2-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। पिछले साल के फाइनल में हार का बदला लेने उतरी बार्सिलोना ने 66वें मिनट में फेरान टोरेस और इंजरी टाइम में लामिन यामल के गोल से जीत पक्की की। रेसिंग के दो गोल ऑफसाइड के कारण रद्द किए गए, जबकि स्टॉपेज टाइम में बार्सिलोना के गोलकीपर जोन गार्सिया ने शानदार बचाव किया। मौजूदा चैंपियन रियल मैड्रिड का टूर्नामेंट सपना अल्बासेटे के खिलाफ 3-2 की हार के साथ समाप्त हो गया। इसके अलावा, वालेंसिया ने बर्गोस को 2-0 से हराया, जबकि एटलेटिको मैड्रिड ने डेपोर्टिवो ला कोरुना को 1-0 से मात दी। क्वार्टर फाइनल में अब रियल सोसिदाद, एथलेटिक बिलबाओ, रियल बेटिस और अलावेस भी शामिल हैं। बार्सिलोना की जीत और रियल मैड्रिड का बाहर होना टूर्नामेंट में बड़ा उलटफेर साबित हुआ है। (अनंत ज्ञान)

### कप्तान झिंगन समेत खिलाड़ियों ने वेतन में कटौती की स्वीकार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय कप्तान संदेश झिंगन सहित एफसी गोवा के खिलाड़ियों और सहायक स्टाफ ने आगामी इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) सत्र के लिए वेतन में कटौती स्वीकार कर ली है। क्लब ने इस फैसले को 'निस्वार्थ' करार दिया है। एफसी गोवा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी बयान में कहा कि भारतीय फुटबॉल में जारी अनिश्चितता और वित्तीय चुनौतियों को लेकर खिलाड़ियों और स्टाफ से खुलकर बातचीत की गई। बयान में कहा गया कि इस कठिन दौर में खिलाड़ियों और तकनीकी स्टाफ ने एकजुटता दिखाते हुए वेतन में कटौती पर सहमति जताई। यह आसान फैसला नहीं था, लेकिन क्लब के हित में लिया गया। एफसी गोवा की टीम में उदांता सिंह और बोरिस सिंह जैसे भारतीय खिलाड़ी भी शामिल हैं। यह फैसला ऐसे समय में आया है, जब आईएसएल क्लबों पर बढ़ते वित्तीय दबाव को लेकर चिंता जताई जा रही है। हाल ही में बेंगलुरु एफसी के मालिक पार्थ जिंदल ने भी खिलाड़ियों से 'बलिदान' की अपील करते हुए कहा था कि समर्थन नहीं मिलने पर क्लब का भविष्य संकट में पड़ सकता है। इस बीच पिछले 48 घंटों में कई आईएसएल क्लबों से विदेशी खिलाड़ियों का पलायन जारी रहा। एफसी गोवा के स्पेनिश फॉरवर्ड इकर गुआरोटक्सेना इंडोनेशियाई क्लब पर्सिजाप जेपारा में शामिल हो गए, जबकि डेविड तिमोर और बोरजा हेरेरा पहले ही क्लब छोड़ चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

### चेन्नई सिंघम्स ने फाल्कन राइजर्स हैदराबाद को 38 रन से हराया

**एजेंसी, सूरत।** चेन्नई सिंघम्स ने फाल्कन राइजर्स हैदराबाद को 38 रन से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की जिससे उसकी टीम इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग (आईएसपीएल) टी10 क्रिकेट टूर्नामेंट की अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। चेन्नई सिंघम्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में दो विकेट पर 118 रन बनाए जो वर्तमान सत्र में किसी टीम का सर्वाधिक स्कोर है। उसकी तरफ से उप कप्तान केतन म्हात्रे ने 54 और जगन्नाथ सरकार ने 37 रन बनाए। इसके जवाब में फाल्कन राइजर्स हैदराबाद की टीम सात विकेट पर 80 रन ही बना पाई। जगन्नाथ सरकार ने गेंदबाजी में भी अच्छा प्रदर्शन किया तथा दो ओवर में 13 रन देकर तीन विकेट लिए। चेन्नई सिंघम्स के इस जीत से चार अंक हो गए हैं। (अनंत ज्ञान)

### सारा टेलर का खूबसूरत अंदाज

**इंग्लैंड।** विकेटकीपर बल्लेबाज सारा टेलर इंग्लैंड की महान खिलाड़ी हैं। सारा के खेल और उनकी खूबसूरती को फैंस काफी ज्यादा पसंद करते हैं।




## महिला प्रीमियर लीग — हरलीन देओल की फॉर्म से बढ़ा वॉरियर्स का हौसला

# यूपी वॉरियर्स-मुंबई इंडियंस आज होंगी आमने-सामने

**एजेंसी, नवी मुंबई**

सत्र की अपनी पहली जीत हासिल करके उत्साह से ओतप्रोत यूपी वॉरियर्स की टीम शनिवार को यहां मुंबई इंडियंस के खिलाफ महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) मैच में अपना विजय अभियान जारी रखने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी।

पहले तीन मुकाबलों में जीत हासिल नहीं कर पाने वाली वॉरियर्स ने गुरुवार को मौजूदा चैंपियन मुंबई इंडियंस को सात विकेट से हराकर अपना खाता खोला। यह दोनों टीम तीन दिनों में दूसरी बार एक-दूसरे का सामना करने के लिए तैयार हैं।

वॉरियर्स को हालांकि, अभी भी अपने बल्लेबाजी क्रम को लेकर समस्या का समाधान ढूंढना होगा, क्योंकि सलामी बल्लेबाज किरण नवगिरे लगातार चौथे मैच में नहीं चल पाई। मुख्य कोच अभिषेक नायर और कप्तान मेग लैनिंग अब फोएबे लिचफील्ड से पारी की शुरुआत कराने या श्वेता सहरावत जैसी किसी खिलाड़ी को शीर्ष क्रम में आजमाने के विकल्प पर विचार कर सकते हैं। ऐसे में नवगिरे को मध्यक्रम में या फिनिशर के रूप में खेलने के लिए कहा जा सकता है।




हरलीन देओल ने 39 गेंदों में 64 रन की शानदार पारी खेली और वह अपनी इस लय को जारी रखने की कोशिश करेगी। नायर ने कहा, ''हरलीन एक ऐसी खिलाड़ी है जो टीम के हित को प्राथमिकता देती है। इस टीम में खिलाड़ियों की सोच इसी तरह की है। वह अब हरमनप्रीत कौर के बाद इस सत्र में अर्धशतक बनाने वाली दूसरी भारतीय बल्लेबाज हैं और हम यही चाहते थे।''

हरलीन और क्लो ट्रायोन की शानदार पारियों से वॉरियर्स ने जीत का स्वाद चखा। दीप्ति शर्मा, सोफी एक्लेस्टोन, हरलीन और लिचफील्ड जैसी विश्व स्तरीय खिलाड़ियों की मौजूदगी में वॉरियर्स की टीम काफी मजबूत नजर आ रही है। वॉरियर्स से हार के कारण मुंबई इंडियंस का दो मैच से चला आ रहा जीत का सिलसिला रुक गया। हरमनप्रीत की अगुवाई वाली टीम अब बदला लेने के लिए बेताब होगी।

मुंबई के गेंदबाजों ने अपने पिछले मैच में खासकर हरलीन के खिलाफ वाइड और शॉर्ट गेंदें फेंकने की गलती की और इसका उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ा। बीमारी के कारण एक मैच से बाहर रहने के बाद नैट साइवर ब्रंट ने वॉरियर्स के खिलाफ बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया। निकोला कैरी ने भी अब तक बल्ले और गेंद दोनों से प्रभावित किया है, जबकि हेली मैथ्यूज अपनी जोरदार बल्लेबाजी के लिए जानी जाती हैं। मुंबई के गेंदबाजी आक्रमण में अमेलिया केर और शबनीम इस्माइल जैसी शानदार खिलाड़ी हैं। (अनंत ज्ञान)

**मैच : दोपहर 3.00 बजे से**

**संभावित टीमें**

**मुंबई इंडियंस:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), नैट साइवर ब्रंट, हेली मैथ्यूज, अमनजोत कौर, जी कमलिनी, अमेलिया केर, शबनीम इस्माइल, संस्कृति गुप्ता, सजना सजीवन, राहिला फिरदौस, निकोला कैरी, पूनम खेमनार, त्रिवेणी वशिष्ठ, नल्ला रेड्डी, सैका इशाक, मिल्ली इलिंगवर्थ।

**यूपी वारियर्स:** मेग लैनिंग (कप्तान), हरलीन देओल, डींड्रा डॉटिन, सोफी एक्लेस्टोन, क्रांति गौड़, शिप्रा गिरी, चार्ली नॉट, फोएबे लिचफील्ड, सुमन मीना, किरण नवगिरे, शिखा पांडे, प्रतिका रावल, श्वेता सहरावत, दीप्ति शर्मा, सिमरन शेख, आशा सोभना, गोंगाडी त्रिशा, क्लो ट्रायोन।

# इंदौर वनडे से पहले मां बगलामुखी के दरबार में गंभीर ने टेका माथा



**एजेंसी, आगर मालवा**

**◆ न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे मुकाबले के लिए की टीम इंडिया की जीत की कामना**

भारत के पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी व वर्तमान में टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर नलखेड़ा स्थित विश्व प्रसिद्ध मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे। न्यूजीलैंड के खिलाफ इंदौर में खेले जाने वाले तीसरे एकदिवसीय मुकाबले से पहले गौतम गंभीर ने मां बगलामुखी के दरबार में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर दर्शन किए और देश की सुख-शांति समृद्धि के साथ-साथ भारतीय टीम की जीत और सफलता की कामना की।

मंदिर परिसर में गौतम गंभीर के आगमन से श्रद्धालुओं में खास उत्साह देखने को मिला। पूजा के दौरान पुजारियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार किया गया। इस अवसर पर मंदिर समिति के पदाधिकारी, ट्रस्ट सदस्य व बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। पूजा के बाद गौतम गंभीर ने शांत भाव से मां के दरबार में कुछ समय व्यतीत किया। उल्लेखनीय है कि इस समय टीम इंडिया इंदौर में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना तीसरा वनडे मैच खेलने पहुंची हुई है। ऐसे में टीम के हेड कोच का शक्तिपीठ नलखेड़ा पहुंचना खेल और आस्था के संगम के रूप में देखा जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

# विराट कोहली की रैंकिंग पर आईसीसी ने सुधारी अपनी गलती

**पहले बताया 825 दिन नंबर-1 रहे, अब कहा, 1547 दिन टॉप पर रहे**

**एजेंसी, नई दिल्ली**



आईसीसी ने 14 जनवरी को जारी रैंकिंग में की गई गलती में सुधार किया है। वनडे रैंकिंग में विराट कोहली नंबर-1 बैटर बने थे, लेकिन आईसीसी ने गलती से उनके नंबर-1 रहने के टोटल दिन कम बताए थे।

आईसीसी ने बुधवार को बताया था कि कोहली 825 दिनों तक वनडे रैंकिंग में नंबर-1 पर रहे। शुक्रवार को भूल सुधार करके आईसीसी ने स्पष्ट किया कि विराट वनडे क्रिकेट में कुल 1,547 दिनों तक नंबर-1 बल्लेबाज रहे हैं।

इस सही आंकड़े के साथ विराट अब वनडे रैंकिंग में सबसे ज्यादा दिन तक टॉप पर रहने वाले तीसरे प्लेयर बन गए हैं। उनसे आगे केवल वेस्टइंडीज के सर विवियन रिचर्ड्स (2,306 दिन) और ब्रायन लारा (2,079 दिन) हैं। (अनंत ज्ञान)

**कोहली वनडे में 11वीं बार नंबर-वन**

**विराट** ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे में 93 रन की पारी खेली थी, इसका उन्हें सीधा फायदा मिला। उनके अब 785 रेटिंग पॉइंट्स हो गए हैं। विराट जुलाई 2021 के बाद पहली बार और ओवरऑल अपने करियर में 11वीं बार नंबर-1 वनडे बल्लेबाज बने हैं। पिछले हफ्ते वे नंबर-2 पर थे। उन्होंने रोहित शर्मा को पीछे छोड़ा।

### ऑकलैंड ओपन: शेल्टन बाहर, बाएज-मेनसिक में होगा खिताबी मुकाबला

**एजेंसी, ऑकलैंड।** विश्व रैंकिंग में आठवें नंबर के खिलाड़ी और यहां शीर्ष वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन को एटीपी 250 टेनिस टूर्नामेंट ऑकलैंड ओपन के दो दिन तक चले क्वार्टर फाइनल मैच में हार का सामना करना पड़ा।

शेल्टन अर्जेंटीना के सेबेस्टियन बाएज से 7-5, 6-3 से हार गए, जो गैरवरीयता प्राप्त हैं और विश्व रैंकिंग में 39वें स्थान पर हैं। गुरुवार रात को भारी बारिश के कारण यह मैच स्थगित करना पड़ा था। बाएज ने शुक्रवार को बाद में हुए सेमीफाइनल में अमेरिका के एक अन्य खिलाड़ी मार्कोस गिरोन को 6-1, 6-4 से हराया। बारिश के कारण खेल बाधित होने की वजह से तीन क्वार्टरफाइनल और दोनों सेमीफाइनल एक ही दिन खेले गए। फाइनल में बाएज का मुकाबला तीसरी वरीयता प्राप्त याकूब मेनसिक से होगा, जिन्होंने सेमीफाइनल में फैबियन मारोजसन को 7-6 (9), 4-6, 6-1 से हराया। मारोज़सन ने पहले दौर में मौजूदा चैंपियन गेल मोनफिल्स और दूसरे दौर में दूसरी वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड को हराया था। (अनंत ज्ञान)

# हेनिल पटेल बोले-बहुत पसंद है मुझे डेल स्टेन की आक्रामकता

**एजेंसी, बुलावायो**

अमेरिका के खिलाफ अंडर-19 विश्व कप के पहले मैच में पांच विकेट लेकर भारत की छह विकेट से जीत में अहम भूमिका निभाने वाले तेज गेंदबाज हेनिल पटेल ने कहा कि उन्हें दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज तेज गेंदबाज डेल स्टेन की मैदान पर आक्रामकता से प्रेरणा मिलती है। पटेल ने गुरुवार को यहां खेले गए मैच में 16 रन देकर पांच विकेट लिए जिससे पांच बार के चैंपियन भारत ने अपने अभियान की शानदार शुरुआत की।



यह पुरुषों के अंडर-19 विश्व कप में किसी भारतीय गेंदबाज का तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इससे बेहतर प्रदर्शन केवल कमल पासी (2012 में जिम्बाब्वे के खिलाफ 23 रन देकर छह विकेट) और अनुकूल रॉय (2018 में पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ 14 रन देकर पांच विकेट) ने किया है। पटेल ने आईसीसी डिजिटल से कहा, ''मुझे डेल स्टेन की आक्रामकता बहुत पसंद है। उनकी गेंदबाजी इतनी अच्छी थी कि कोई भी बल्लेबाज उनके सामने खुलकर नहीं खेल पाता था। उनका सामना करना बहुत मुश्किल था।'' पटेल के पांच में से तीन विकेट अपने शुरुआती स्पेल में लिए। इस 18 वर्षीय खिलाड़ी ने खुलासा किया कि गेंदबाजी की शुरुआत करते समय उनकी सफलता की कुंजी विकेट को निशाना बनाकर गेंदबाजी करना था।

पटेल ने कहा, ''मैं हमेशा बल्लेबाज को तीन से चार गेंदों के भीतर आउट करने के बारे में सोचता हूं। मेरा मकसद जल्दी विकेट लेना है। मैं इसी मानसिकता के साथ खेलता हूं और शांति से अपने काम को अंजाम देता हूं। मैं सकारात्मक मानसिकता के साथ अभ्यास करता हूं और मैच में भी यही प्रक्रिया अपनाता हूं।'' (अनंत ज्ञान)

### रायपुर टी-20 मैच के टिकट की बुकिंग आज से

**एजेंसी, रायपुर।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच 23 जनवरी को होने वाले टी-20 मुकाबले की टिकट की ऑनलाइन बुकिंग आज से शुरू हो जाएगी। क्रिकेट फैंस ticketgenie की वेबसाइट से ऑनलाइन टिकट बुक कर पाएंगे। वही दो दिनों बाद यानी 19 जनवरी से फिजिकल टिकट रिडेम्प्शन की सुविधा मिलेगी।

बता दें कि, राजधानी रायपुर में 23 जनवरी को होने वाले भारत और न्यूजीलैंड टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले को लेकर छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) ने गुरुवार को टिकटों की जानकारी साझा की थी। इस संबंध में छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के डायरेक्टर विजय शाह और बलदेव सिंह भाटिया ने प्रेस वार्ता कर मैच से जुड़ी अहम जानकारियां दीं थी। प्रेस वार्ता में बताया गया कि छात्रों के लिए विशेष टिकट की व्यवस्था की गई है। स्टूडेंट टिकट की कीमत 800 रुपए रखी गई है, जो केवल इंडोर स्टेडियम से उपलब्ध होगी। एक छात्र को केवल एक ही टिकट दी जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## ... जिंदगी और मौत से जंग लड़ रहा अफगानिस्तानी क्रिकेटर शपूर जादरान

# 10 साल का करियर और अनगिनत यादें...

**एजेंसी, काबुल**



अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज शपूर जादरान इस समय बेहद मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं। 38 साल के शपूर गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के चलते अस्पताल में भर्ती हैं और उनकी हालत को लेकर क्रिकेट जगत में चिंता बढ़ गई है। युद्ध, संघर्ष और सीमित संसाधनों के बीच अफगानिस्तान क्रिकेट को पहचान दिलाने वाले शपूर जादरान हमेशा मैदान पर जुझारू खिलाड़ी के तौर पर जाने गए, लेकिन अब वह मैदान के बाहर जिंदगी की सबसे बड़ी जंग लड़ रहे हैं। परिवार के सदस्यों के अनुसार, शपूर जादरान पिछले कुछ समय से लगातार अस्वस्थ चल रहे थे।

12 जनवरी 2026 को उनके भाई घमाई जादरान ने सोशल मीडिया के जरिए उनकी हालत की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि शपूर की तबीयत गंभीर है और उनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। इसके बाद अफगानिस्तान क्रिकेट से जुड़े सूत्रों ने भी पुष्टि की कि शपूर की व्हाइट ब्लड सेल काउंट ड्रॉप हो गया है, जिससे उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। हालांकि, उनकी बीमारी को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक मेडिकल डिटेल सामने नहीं आई है। (अनंत ज्ञान)

**क्रिकेट जगत ने जताई चिंता**

**शपूर** जादरान की हालत को लेकर सिर्फ अफगानिस्तान ही नहीं, बल्कि पड़ोसी देशों के पूर्व क्रिकेटरों ने भी चिंता जताई है। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान राशिद लतीफ ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा कि मैदान पर शेर की तरह खेलने वाला यह गेंदबाज आज जिंदगी से लड़ रहा है और उसे सभी की दुआओं की जरूरत है। उनके इस संदेश के बाद कई क्रिकेट फैंस और खिलाड़ी शपूर के जल्द ठीक होने की कामना कर रहे हैं।

**शपूर जादरान का करियर**

**अगर** शपूर जादरान के क्रिकेट करियर की बात करें, तो वह अफगानिस्तान क्रिकेट के शुरुआती दौर के सबसे भरोसेमंद तेज गेंदबाजों में गिने जाते हैं। उन्होंने साल 2009 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कदम रखा था, जब अफगानिस्तान टीम अपनी पहचान बनाने के संघर्ष में थी। करीब 10 साल लंबे करियर में उन्होंने देश के लिए कुल 80 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले, इसमें 44 वनडे और 36 टी20 मुकाबले शामिल हैं। वनडे क्रिकेट में उनके नाम 43 विकेट हैं, जबकि टी20 में उन्होंने 37 बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। शपूर जादरान का सबसे यादगार प्रदर्शन 2015 वनडे वर्ल्ड कप में देखने को मिला था, जब अफगानिस्तान ने स्कॉटलैंड के खिलाफ अपनी पहली वर्ल्ड कप जीत दर्ज की। उस मैच में शपूर ने गेंद से अहम विकेट लिए और बाद में बल्ले से विजयी रन बनाकर इतिहास रच दिया। साल 2025 में उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था।

### ओटनेल बार्टमैन की हैट्रिक से पार्ल रॉयल्स एसए20 के प्लेऑफ में

**एजेंसी, सेंचुरियन।** ओटनेल बार्टमैन ने शानदार गेंदबाजी करते हुए हैट्रिक सहित पांच विकेट लिए जिससे पार्ल रॉयल्स ने प्रिटोरिया कैपिटल्स को छह विकेट से हराकर एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट के प्लेऑफ में जगह पक्की कर ली। बार्टमैन ने 16 रन देकर पांच विकेट लिए जिससे रॉयल्स ने कैपिटल्स को 19.1 ओवर में 127 रन पर आउट कर दिया।

इसके बाद रॉयल्स के बल्लेबाजों ने 4.5 ओवर शेष रहते हुए आसानी से लक्ष्य हासिल कर दिया। उसने 15.1 ओवर में चार विकेट पर 128 रन बनाकर बोनस अंक हासिल किया। इससे वह 21 अंक लेकर पहले स्थान पर पहुंच गया है। बार्टमैन एसए20 के इतिहास में हैट्रिक लेने वाले दूसरे गेंदबाज बन गए हैं। उनसे पहले प्रिटोरिया कैपिटल्स के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी ने पिछले हफ्ते ही किंग्समीड में डरबन सुपर जायंट्स के खिलाफ यह कारनामा किया था।

बार्टमैन ने आंद्रे रसेल, लिजाद विलियम्स और एनगिडी को आउट करके हैट्रिक बनाई। इससे पहले उन्होंने कॉनर एस्टरहुइजन और जॉर्डन कॉक्स को लगातार गेंद पर आउट किया। यह 32 वर्षीय गेंदबाज लीग में अब 57 विकेट ले चुका है जो इस टूर्नामेंट का नया रिकॉर्ड है। उन्होंने मार्को यानसन को पीछे छोड़ा। (अनंत ज्ञान)

# प्रज्ञाननंदा विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करते हैं, तो चेन्नई कर सकता है मेजबानी: आनंद

**एजेंसी, जयपुर**

अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) के उपाध्यक्ष और भारतीय दिग्गज विश्वनाथन आनंद का मानना है कि यदि आर प्रज्ञाननंदा कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश को चुनौती देते हैं, तो इस साल की विश्व शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन चेन्नई में हो सकता है।

20 वर्षीय प्रज्ञाननंदा उन आठ खिलाड़ियों में शामिल हैं जो मार्च-अप्रैल में होने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। इस टूर्नामेंट का विजेता खिलाड़ी विश्व चैंपियनशिप में गुकेश का सामना करेगा। कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के अन्य क्वालीफाई खिलाड़ी फैबियानो कारुआना, हिकारू नाकामुरा, अनीश गिरी, वेई यी, जावोखिर सिंदारोव, एंड्री एसेपेंको और मैथियास ब्लूबाउम हैं।

**◆ कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने पर गुकेश-प्रज्ञाननंदा की ऑल-इंडियन भिड़ंत**



जयपुर साहित्य महोत्सव में अपनी नई किताब 'लाइटनिंग किड: 64' के प्रचार के दौरान आनंद ने कहा कि कैंडिडेट्स जीतने वाला खिलाड़ी विश्व चैंपियनशिप में कड़ी चुनौती देगा। अगर प्रज्ञाननंदा क्वालीफाई करता है, तो गुकेश के खिलाफ मुकाबला भावनात्मक रूप से बेहद चुनौतीपूर्ण होगा।

उन्होंने कहा कि यदि दोनों भारतीय खिलाड़ी आमने-सामने होते हैं, तो यह सामान्य मुकाबला नहीं होगा। ऐसी स्थिति में इस टूर्नामेंट का आयोजन चेन्नई में भी किया जा सकता है। दोनों के लिए परिस्थितियां समान होंगी, लेकिन आसपास के लोगों की भावनात्मक प्रतिक्रिया बहुत गहरी होगी। आनंद ने कहा कि गुकेश का किसी अन्य प्रतिद्वंद्वी से मुकाबला भी दिलचस्प होगा, लेकिन उसमें भावनात्मक पहलू नहीं जुड़ा होगा। कारुआना और नाकामुरा जैसे खिलाड़ी भी प्रबल दावेदार हैं। अगर वे क्वालीफाई करते हैं तो मुकाबला ज्यादा रणनीतिक और मानसिक होगा। प्रज्ञाननंदा को छोड़ किसी अन्य खिलाड़ी के खिलाफ भावनात्मक तत्व नहीं होगा। विश्व चैंपियनशिप की तारीख और स्थान की अभी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। (अनंत ज्ञान)

## अंडर-19 विश्व कप — अमेरिका पर जीत के बाद लय में भारतीय गेंदबाजी आक्रमण

# भारत और बांग्लादेश की 'युवा टक्कर' आज

**एजेंसी, बुलावायो**

पहले मैच में आत्मविश्वास से भरी जीत दर्ज करने के बाद भारतीय अंडर-19 टीम शनिवार को आईसीसी विश्व कप के अपने दूसरे मुकाबले में बांग्लादेश के खिलाफ मैदान पर उतरेगी। मजबूत फॉर्म और संतुलित टीम संयोजन के दम पर भारत इस मैच का प्रबल दावेदार माना जा रहा है, हालांकि बांग्लादेश की चुनौती को हल्के में नहीं लिया जा सकता।

पांच बार की चैंपियन भारत ने अपने पहले मैच में बारिश से प्रभावित खेल में अमेरिका को केवल 107 रन पर समेटा और छह विकेट से आसान जीत दर्ज कर टूर्नामेंट में शानदार आगाज किया। तेज गेंदबाज हेनिल पटेल ने सात ओवर में 16 रन देकर पांच विकेट झटके, जबकि अन्य गेंदबाजों ने भी




अनुशासित प्रदर्शन किया। भारतीय बल्लेबाजी क्रम में कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी शामिल हैं। अमेरिका के खिलाफ लक्ष्य छोटा होने के कारण बल्लेबाजों को क्रीज पर ज्यादा समय नहीं मिला, लेकिन बांग्लादेश के खिलाफ उन्हें लंबी और संयमित पारियों की उम्मीद होगी। सलामी जोड़ी आयुष म्हात्रे और 14 वर्षीय सनसनी वैभव सूर्यवंशी से एक बार फिर ठोस शुरुआत की उम्मीद है। उप कप्तान विहान मल्होत्रा, ऑलराउंडर आरोन जॉर्ज, वेदांत त्रिवेदी और विकेटकीपर अभिज्ञान कुंडू मध्यक्रम संभालेंगे।

गेंदबाजी विभाग में भारत के पास तेज और स्पिन दोनों में मजबूत विकल्प हैं। तेज गेंदबाजी की कमान डी दीपेश, आरएस अंबरीश, हेनिल पटेल, किशन कुमार सिंह और उद्धव मोहन संभालेंगे, जबकि स्पिन की जिम्मेदारी कनिष्क चौहान, खिलन पटेल और मोहम्मद एनान पर होगी।

बांग्लादेश के पास कप्तान अजीजुल हकीम और उप कप्तान जावद अबरार जैसे अनुभवी बल्लेबाज हैं। कलाम सिद्दीकी भी भरोसेमंद विकल्प हैं। गेंदबाजी में इकबाल हुसैन और अल फहद क्रमशः 45 और 43 विकेट लेकर अपनी क्षमता साबित कर चुके हैं, जबकि बाएं हाथ के स्पिनर समीउन बसीर ने 29 विकेट लिए और उनका इकॉनमी रेट चार से कम है। मौजूदा फॉर्म और अनुभव के आधार पर भारत इस मुकाबले में हल्का भारी नजर आता है, लेकिन खेल रोमांचक रहने की पूरी उम्मीद है। (अनंत ज्ञान)

**मैच : दोपहर 1:00 बजे से**

**संभावित टीमें**

**भारत:** आयुष म्हात्रे (कप्तान), आरएस अंबरीश, कनिष्क चौहान, डी दीपेश, मोहम्मद एनान, एरोन जॉर्ज, अभिज्ञान कुंडू, किशन कुमार सिंह, विहान मल्होत्रा, उधव मोहन, हेनिल पटेल, खिलन ए पटेल, हरवंश सिंह, वैभव सूर्यवंशी, वेदांत त्रिवेदी।

**बांग्लादेश:** अजीजुल हकीम तमीम (कप्तान), जवाद अबरार, समिउन बसीर रतुल, शेख परवेज जिबोन, रिजान होसन, शहरिया अल अमीन, शादीन इस्लाम, मोहम्मद अब्दुल्ला, फरीद हसन फैसल, कलाम सिद्दीकी अलीन, रिफत बेग, साद इस्लाम रजिन, अल फहद, शहरयार अहमद, इकबाल हुसैन।